दैनिक
# अयोध्या टाइम्स
समस्या आपकी-आवाज हमारी

RNI NO.: UPHIN/2015/67284

Email:dainikayodhyatimes@gmail.com

www.dainikayodhyatimes.in/.page

वर्ष : 8 | अंक : 128 | पब्लिकेशन स्थानः कानपुर नगर | पृष्ठ : 08, | मूल्य : 2 रुपये, | शुक्रवार 08 जुलाई 2022 | (डाक पंजीयन संख्याः 272/2021–23)


## संक्षिप्त समाचार

### महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने 'मंत्रालय' में संभाला कार्यभार

महाराष्ट्र। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने बृहस्पतिवार को राज्य सचिवालय 'मंत्रालय' में आधिकारिक रूप से अपना कार्यभार संभाल लिया। शिंदे के प्रभार संभालने से पहले भव्य तरीके से



सजाए गए मुख्यमंत्री कार्यालय में पूजा की गयी। उनके कक्ष में शिवसेना संस्थापक बाल ठाकरे की बड़ी तस्वीर लगी है और उसके बगल में शिंदे के मार्गदर्शक आनंद दिघे की तस्वीर लगी है। शिंदे ने सचिवालय इमारत में प्रवेश करते ही मराठा योद्धा छत्रपति शिवाजी महाराज और डॉ. बी आर आंबेडकर को पुष्पांजलि अर्पित की। इस बीच, उद्धव ठाकरे गुट को ठाणे में बड़ा झटका लगा है। ठाणे नगर निगम (टीएमसी) में पार्टी के 67 पार्षदों में से 66 ने महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाले गुट के प्रति समर्थन जताया है। इस नगर निगम को शिवसेना का गढ़ माना जाता है।

### शादी के बंधन में बंधे पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान

पंजाब। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान बृहस्पतिवार को अपने आवास पर एक निजी समारोह में डॉक्टर गुरप्रीत कौर के साथ विवाह के बंधन में बंध गए।




केवल परिवार के सदस्यों और कुछ करीबियों की मौजूदगी में हुई इस शादी से बैंड, बाजा और बारात सभी नदारद थे। टेलीविजन और ट्विटर पर सामने आई तस्वीरों में मान और सुर्ख लाल रंग के जोड़े में सजी उनकी दुल्हन को आनंद कारज (सिख विवाह) की रस्म पूरी करते देखा जा सकता है। आप के सांसद राघव चड्ढा ने मान की शादी की तस्वीरें ट्विटर पर साझा कीं। इन तस्वीरों में मान ने हमेशा की तरह पीली पगड़ी पहन रखी है। सुनहरे रंग का कुर्ता पायजामा पहने मान के साथ आम आदमी पार्टी के अध्यक्ष अरविंद केजरीवाल और अन्य लोग नजर आ रहे हैं। मान पंजाब के पहले ऐसे मुख्यमंत्री हैं, जो इस पद पर रहते हुए शादी के बंधन में बंधे हैं।

### मुंबई में लगातार चौथे दिन भारी बारिश, लोकल ट्रेन सेवाओं में विलंब

मुंबई।मुंबईवासियों को भारी बारिश से बृहस्पतिवार को भी कोई राहत नहीं मिली, बल्कि उनकी परेशानियां बढ़ती जा रही हैं। हम आपको बता दें कि मुंबई में लगातार चार दिन से भारी बारिश हो रही है। इस बीच, मध्य रेलवे मार्ग की एक पटरी पर दीवार का एक हिस्सा गिरने से लोकल ट्रेन सेवाओं में विलंब हुआ। मध्य रेलवे के एक अधिकारी ने बताया कि मुंबई में रेल पटरियों पर कहीं भी पानी नहीं भरा है। दक्षिण मुंबई में मस्जिद और सैंडहर्स्ट रोड स्टेशन के बीच हार्बर लाइन पर एक दीवार का एक छोटा–सा हिस्सा गिर गया, जिससे मार्ग पर ट्रेन संचालन प्रभावित हुआ। उन्होंने बताया कि मुंबई और पड़ोसी जिले ठाणे में भारी बारिश के कारण उपनगरीय सेवाओं में कुछ देर का विलंब हुआ। पश्चिम रेलवे के अनुसार, उसके मार्ग पर ''ट्रेन सेवाएं सामान्य रूप से चल रही हैं'', हालांकि कुछ यात्रियों ने ट्रेनों के कुछ मिनट देरी से चलने और डिब्बों में अत्यधिक भीड़ होने की शिकायत की।

### अखिल प्रांत प्रचारक बैठक 7 जुलाई से होगी प्रारंभ, आगामी कार्यों की होगी योजना

राजस्थान।राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) की अखिल भारतीय प्रांत प्रचारकों की तीन दिवसीय बैठक बृहस्पतिवार को राजस्थान के झुंझुनू में शुरू हुई। इसमें संगठन के विस्तार, संघ के शताब्दी वर्ष से जुड़े कार्यों तथा आगामी वर्ष की कार्य योजना पर




चर्चा होगी। संघ के एक वरिष्ठ पदाधिकारी ने बताया कि हर साल होने वाली संघ की अखिल भारतीय प्रांत प्रचारक बैठक राजस्थान के झुंझुनू के खेमी शक्ति मंदिर परिसर में शुरू हुई। यह बैठक सात से नौ जुलाई तक चलेगी। इससे पहले, संघ के अखिल भारतीय प्रचार प्रमुख सुनील आंबेकर ने अपने बयान में कहा कि यह बैठक संगठन संबंधी विषयों पर केंद्रित होती है, बैठक में प्रांत प्रचारक अपने–अपने कार्य क्षेत्रों की वास्तविक स्थिति की जानकारियां और अनुभव साझा करेंगे।

# शार्टकट से कुछ नेताओं का भला हो सकता है लेकिन देश का नहीं : पीएम मोदी

## पीएम मोदी ने वाराणसी की डा. संपूर्णानंद स्पोर्ट्स स्टेडियम में 1774 करोड़ रुपये से अधिक की कई विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया

राम कृपाल सिंह
नेशनल ब्यूरोचीफ

वाराणसी। प्रधानंत्री नरेंद्र मोदी आज वाराणसी के दौरे पर रहे. प्रवाहमान रही है. अब काशी ने एक तस्वीर पूरे देश को दिखाई है जिसमें विरासत भी है और विकास भी है. काशी की पहचान नेताओं का भला हो सकता है. बनारस में जिधर नजर डालो उधर सुधार की गुजाइंश नजर आती थी. साफ दिखता था कि हम देश के शहरों को धुआं मुक्त करने के लिए सीएनजी से चलने वाली गाड़ियों के लिए सुविधाओं का विस्तार कर रहे हैं. वहीं दूसरी








पीएम यहां कई कार्यक्रमों में शामिल हुए. पीएम मोदी ने पहले एलटी कॉलेज में अक्षय पात्र मिड डे मील किचन का उद्घाटन किया. फिर अखिल भारतीय शिक्षा समागम कार्यक्रम का उद्घाटन किया और कार्यक्रम को संबोधित किया. इसके बाद पीएम मोदी ने डॉ. संपूर्णानंद स्पोर्ट्स स्टेडियम सिगरा में कई परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया. पीएम ने स्टेडियम में मौजूद लोगों को संबोधित भी किया।

पीएम मोदी ने कहा कि 2014 में आने के बाद काशी में बाहर से आने वाले लोग सवाल करते थे कि यहां इतना कुछ अव्यवस्थित है, ये कैसे ठीक होगा. काशी हमेशा से जीवंत, निरंतर यहां की गलियां और घाटों को साफ–सुथरा और सुव्यवस्थित बनाना हो, या फिर गंगा जी को निर्मल बनाने का संकल्प हो, इस पर भी तेज गति से काम चल रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मे कहा कि काशी के जागरूक नागरिकों ने जिस तरह देश को दिशा देने वाला काम किया है, उसे देखकर मैं आनंदित हूं. काशी में सड़क, बिजली, स्वास्थ्य आदि हजारों करोड़ की परियोजनाएं पूरी हो चुकी हैं. हमारा विकास काशी को ज्यादा गतिशील, प्रगतिशील बनाने का है. काशी सबका साथ, सबका विश्वास और सबके प्रयास का बेहतरीन उदाहरण है. काशी के नागरिकों ने पूरे देश को संदेश दे दिया है कि शॉर्टकट से देश का भला नहीं हो सकता, हां कुछ बनारस में दशकों से काम ही नहीं हुआ है।

पीएम ने कहा कि देश और दुनिया से बाबा, भक्त भारी संख्या में काशी आने वाले हैं. विश्वनाथ धाम परियोजना पूरी होने के बाद ये पहला सावन उत्सव होगा. विश्वनाथ धाम को लेकर पूरी दुनिया में कितना उत्साह है ये आपने बीते महीनों में खुद अनुभव किया है. आज हम देख रहे हैं कि जब दूरगामी प्लानिंग होती है, तो किस तरह नतीजे भी निकलते हैं. 8 वर्षों में काशी का इंफ्रास्ट्रक्चर कहां से कहां पहुंच गया है. इससे किसान, मजदूर, व्यापारी सभी को लाभ हो रहा है. व्यापार बढ़ रहा है, कारोबार बढ़ रहा है, पर्यटन में विस्तार हो रहा है।

पीएम मोदी ने कहा कि एक तरफ तरफ हम गंगा जी का ध्यान रखने वाले हमारे नाविकों की डीजल और पेट्रोल से चलने वाली नावों को सीएनजी से जोड़ने का भी विकल्प दे रहे हैं. हमारी सरकार ने हमेशा गरीब की समस्याओं का समाधान करने का प्रयास किया है, उसके सुख–दुख में साथ देने का प्रयास किया है. हमारे लिए विकास का अर्थ सिर्फ चमक–धमक नहीं है. हमारे लिए विकास का अर्थ है गरीब, दलित, वंचित, पिछड़े, आदिवासी, माताएं–बहनें, सबका सशक्तिकरण. बता दें कि, पीएम मोदी ने आज वाराणसी में डॉ. संपूर्णानंद स्पोर्ट्स स्टेडियम 1774 करोड़ रुपये से अधिक की कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन किया है।

## बच्चों ने किया मंत्रोच्चारण व योग करके दिखाया, सरकारी स्कूलों के छात्रों ने जीता मोदी का दिल

राम कृपाल सिंह ने.ब्यूरोचीफ

वाराणसी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज वाराणसी पहुंचे, जहां उन्होंने पूर्वांचल के सबसे बड़े अक्षय पात्र मिड डे मील किचन का उद्घाटन किया. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस दौरान बच्चों के साथ बातचीत भी की. इस दौरन बच्चों ने पीएम मोदी को मंत्रोच्चारण सुनाया और योग करके दिखाया. यही नहीं बच्चों ने प्रधानमंत्री मोदी को ढोल बजाकर उनका मनोरंजन भी किया, जिसे देख पीएम मोदी काफी खुश नजर आए और उन्होंने छात्र की पीठ थप–थपाकर उसका हौसला बढ़ाया. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी काशी के सरकारी स्कूल में पढ़ने वाले छात्रों की प्रतिभा देख काफी खुश हुए. इसके बाद पीएम मोदी ने तीन दिवसीय सम्मेलन अखिल भारतीय शिक्षा समागम का उद्घाटन किया।



इस दौरान पीएम मोदी ने काशी के सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले छात्रों की प्रतिभा के बारे में वहां बैठे अतिथियों से बात की. पीएम मोदी ने कहा कि में काशी के सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले 10–12 साल के छात्रों की प्रतिभा को देखकर हैरान हूं।

पीएम मोदी ने इस दौरान उन छात्रों के शिक्षकों से मिलने की इच्छा भी जाहिर की. प्रधानमंत्री मोदी ने अपने अभिभाषण में कहा कि मैं यहां आने से पहले 10–15 मिनट उन बच्चों के बीच में रहा. इस दौरान मुझे हमारे सामान्य परिवारों के बच्चों की प्रतिभा को देखने का अवसर मिला. उन्होंने कहा काशी के सरकारी स्कूलों में छात्रों की प्रतिभा ने उन्हें काफी प्रभावित किया है।

पीएम मोदी ने इस दौरान राष्ट्रीय शिक्षा नीति की विशेषताओं का बखान करते हुए कहा कि, राष्ट्रीय शिक्षा नीति का मुख्य आधार शिक्षा को संकुचित सोच के दायरे से बाहर निकालना और उसे 21वीं सदी के विचारों से जोड़ना है।

उन्होंने कहा हमारे देश में मेधा की कभी कमी नहीं रही, लेकिन दुर्भाग्य से हमें ऐसी व्यवस्था बनाकर दी गई थी, जिसमें पढ़ाई का मतलब नौकरी ही माना गया। पीएम मोदी ने कहा कि आजादी के बाद शिक्षा नीति में थोड़ा बहुत बदलाव हुआ, लेकिन बहुत बड़ा बदलाव रह गया था. अंग्रेजों की बनाई व्यवस्था कभी भी भारत के मूल स्वभाव का हिस्सा नहीं थी और न हो सकती. प्रधानमंत्री ने कहा कि नई नीति में पूरा फोकस बच्चों की प्रतिभा और चॉइस के हिसाब से उन्हें स्किल्ड बनाने पर है. हमारे युवा स्किल्ड हों, कान्फीडेंट हों, प्रेक्टिकल और कलकूलेटिव हो, शिक्षा नीति इसके लिए जमीन तैयार कर रही है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति के लिए देश के एजुकेशन सेक्टर में एक बड़े इंफ्रास्ट्रक्चर पर भी काम हुआ है. उन्होंने कहा आज देश में बड़ी संख्या में नए कॉलेज खुल रहे हैं, नए विश्वविद्यालय खुल रहे हैं, नए प्प्ज और प्प्ड की स्थापना हो रही है. राष्ट्रीय शिक्षा नीति अब मातृभाषा में पढ़ाई के रास्ते खोल रही है. इसी क्रम में, संस्कृत जैसी प्राचीन भारतीय भाषाओं को भी आगे बढ़ाया जा रहा है।

## योगी का सामाजिक समरसता को लेकर बड़ा कदम अब मौलवियों का भी ख्याल रखेगा पुरोहित कल्याण बोर्ड

राम कृपाल सिंह ने. ब्यूरोचीफ

लखनऊ।सामाजिक समरसता की दिशा में यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ ने एक बड़ा कदम उठाया है. दरअसल, बीजेपी ने चुनाव के दौरान संकल्प पत्र में बुजुर्ग संतों, पुरोहितों और पुजारियों के लिए कल्याण बोर्ड बनाने की बात कही थी. अब इसमें एक बदलाव करते हुए कहा गया है कि बुजुर्ग संतों, पुरोहितों और पुजारियों के लिए बनने वाला पुरोहित कल्याण बोर्ड मौलवियों का भी ख्याल रखेगा।

सरकार द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार पुरोहित कल्याण बोर्ड मौलवियों और फकीरों को भी लाभांवित करेगा. वहीं मंदिर सूचना प्रणाली में बौद्ध, जैन और सिख संप्रदाय के धर्मस्थल भी शामिल होंगे. इसके अलावा मस्जिदों के लिए अलग से विशेष पोर्टल बनाया जाएगा।

विगत चुनाव के दौरान लोक कल्याण संकल्प पत्र में मुख्यमंत्री ने ऑनलाइन एकीकृत मंदिर सूचना प्रणाली और पुरोहित कल्याण बोर्ड बनाने की घोषणा थी. ऑनलाइन एकीकृत मंदिर सूचना प्रणाली प्रदेश में धार्मिक पर्यटन को प्रोत्साहन देने के लिए बनाई गई थी. बताया जा रहा है कि पोर्टल में हिंदू, बौद्ध, जैन और अन्य धर्म संप्रदायों से जुड़े धर्म स्थलों के बारे में विस्तृत जानकारी होगी।



हर जिले के धर्म स्थल का भी पोर्टल में विवरण होगा. जिसमें धर्म, पंथ और संप्रदाय की विशिष्ट परंपरा का भी उल्लेख होगा.

ऑनलाइन एकीकृत मंदिर सूचना प्रणाली और पुरोहित कल्याण बोर्ड को एकीकृत करने का मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया है. सीएम ने मस्जिदों के बारे में संबंधित विभाग को पोर्टल बनाने और दोनों ही पोर्टल्स को एकीकृत करने का निर्देश दिया है. पोर्टल बनने के बाद एक ही क्लिक में धर्म स्थलों के बारे में सभी जानकारी मिलेगी।

## ललितपुर में लव जिहाद का मामला, गुस्साए लोगों ने युवक की दुकान को किया आग के हवाले

ललितपुर। उत्तर प्रदेश के ललितपुर में लव जिहाद का सनसनीखेज मामला सामने आया है. आरोप है कि मुस्लिम युवक हिंदू युवती को भगाकर ले गया. घटना सदर कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत बिरधा चौकी की है. युवती के पिता ने बताया कि बेटी की 8 जुलाई को शादी होनेवाली थी. उन्होंने आरोप लगाया कि शादी से दो दिन पहले ही युवक ने घटना को अंजाम दे दिया. मुस्लिम युवक मोहल्ले में दुकान चलाता है. कथित लव जिहाद का मामला सामने आने के बाद लोगों में गुस्सा फैल गया।

घटना से गुस्साए लड़की पक्ष के लोगों ने कल रात आरोपी मुस्लिम युवक की दुकान में तोड़फोड़ कर आगजनी की और बाइक को भी आग के हवाले कर दिया. संवेदनशील मामले का पता चलने पर पुलिस अधीक्षक निखिल पाठक रात में ही मौके पर पहुंच गए. उन्होंने स्थिति को देखते हुए पूरे बिरधा क्षेत्र में पुलिस की तैनाती का आदेश दिया।



पुलिस अधीक्षक ने बताया कि मामले की तफ्तीश के लिए हमने टीमें गठित कर दी हैं।

## ज्योतिरादित्य सिंधिया ने इस्पात मंत्रालय का अतिरिक्तप्रभार संभाला

राम कृपाल सिंह
नेशनल ब्यूरोचीफ

नई दिल्ली। केंद्रीय नागर विमानन मंत्री ज्योतिरादित्य माधवराव सिंधिया ने बृहस्पतिवार को इस्पात मंत्रालय का अतिरिक्त प्रभार संभाल लिया। राज्यसभा में मध्य प्रदेश का प्रतिनिधित्व करने वाले 51 वर्षीय सिंधिया नागर विमानन मंत्री हैं। मौजूदा नरेंद्र मोदी सरकार में वह तीसरे इस्पात मंत्री हैं।



कामकाज संभालने से पहले सिंधिया ने उद्योग भवन में अपने कार्यालय की मेज पर भगवान गणेश की प्रतिमा रखी। उन्होंने इस्पात सचिव संजय कुमार सिंह और मंत्रालय के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों की मौजूदगी में कार्यभार संभाला। सिंधिया ने ट्वीट किया, ''प्रधानमंत्री के निर्देश के मुताबिक मैं इस्पात मंत्रालय का प्रभार संभाल रहा हूं। इस नई जिम्मेदारी को बखूबी निभाने की मैं पूरी कोशिश करूंगा।

## स्वास्थ्य विभाग में तबादलों से गड़बड़ हुई व्यवस्था अब डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने किया तलब

राम कृपाल सिंह ने.ब्यूरोचीफ

लखनऊ। स्वास्थ्य विभाग में तबादलों पर डिप्टी सीएम बृजेश पाठक ने जवाब तलब किया है. अब एक–एक कर विभागीय अधिकारियों के ही ऐसे लेटर सामने आने लगे हैं जो बताते हैं कि इन तबादलों ने पूरी व्यवस्था गड़बड़ा दी है. ऐसा ही एक लेटर है नेशनल हेल्थ मिशन की डायरेक्टर अपर्णा उपाध्याय का है, जो खुद IAS अधिकारी हैं। उन्होंने 2 जुलाई को अपर मुख्य सचिव स्वास्थ्य अमित मोहन प्रसाद को पत्र लिखकर तबादलों से पैदा हुई समस्या के बारे में बताया है। अपर्णा उपाध्याय ने अपने पत्र में लिखा है कि प्रदेश के 8 जिला स्तरीय अस्पतालों में 3 वर्षीय डीएनबी कोर्स और 2 वर्षीय पोस्ट एमबीबीएस कोर्स चलते हैं. जो डॉक्टर्स के ट्रांस फर हुए उनमें तमाम ऐसे भी हैं जो इन कोर्स में फैकल्टी हैं. जबकि एनबीई की बंदिश है कि इन कोर्स की प्रत्येक विभाग में 2 टीचिंग फैकल्टी अनिवार्य है।

उन्होंने पत्र में ये भी लिखा है कि 2 मई को ही एक पत्र लिखकर इन डॉक्टर्स को तबादले से अलग रखने का अनुरोध किया गया था. अगर इन डॉक्टर्स का तबादला निरस्त नहीं हुआ तो एनबीई की समीक्षा में इन कोर्स के मानक पूरे न होने पर उनकी सीट्स



निरस्त कर दी जाएगी, जो प्रदेश के लिए गंभीर समस्या बन सकती है. मालूम हो की इन कोर्स को करने के बाद विशेषज्ञ डॉक्टर्स मिलते हैं।

आइये अब आपको बताते हैं की किस डीएनबी कोर्स चलाने वाले किस अस्पताल से कितने ट्रान्सफर हुए, जिनकी लिस्ट अपर मुख्य सचिव को मिशन डायरेक्टर ने भेजी है।

बलरामपुर अस्पताल, लखनऊ में डीएनबी कोर्स की फैकल्टी 4 डॉक्टर्स का तबादला

सिविल अस्पताल, लखनऊ में डीएनबी कोर्स की फैकल्टी 4 डॉक्टर्स का तबादला

SSPG अस्पताल, वाराणसी में डीएनबी कोर्स की फैकल्टी 1 डॉक्टर्स का तबादला

महाराणा प्रताप हॉस्पिटल, बरेली में डीएनबी कोर्स की फैकल्टी 3 डॉक्टर्स का तबादला, UHM हॉस्पिटल, कानपुर नगर में डीएनबी कोर्स की फैकल्टी 4 डॉक्टर्स का तबादला, TB सप्रू हॉस्पिटल, प्रयागराज में डीएनबी कोर्स की फैकल्टी1डॉक्टर्स का तबादला।

## विदेश मंत्री जयशंकर ने इंडोनेशिया में अपने चीनी समकक्ष वांग यी के साथ की मुलाकात, सीमा के ताजा हालातों पर हुई चर्चा

राम कृपाल सिंह ने.ब्यूरोचीफ

नई दिल्ली।विदेश मंत्री एस जयशंकर ने बृहस्पतिवार को अपने चीनी समकक्ष वांग यी को पूर्वी लद्दाख में वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर सभी लंबित मुद्दों के शीघ्र समाधान की आवश्यकता से अवगत कराया और कहा कि द्विपक्षीय संबंध परस्पर सम्मान, परस्पर संवेदनशीलता और परस्पर हितों पर आधारित होने चाहिए। बाली में जी20 समूह के विदेश मंत्रियों की बैठक से इतर जयशंकर और वांग ने सीमा मुद्दों के समाधान के लिये दोनों पक्षों के बीच सैन्य स्तर की अगली वार्ता जल्द किसी तिथि पर आयोजित होने की उम्मीद जतायी। जयशंकर ने वांग यी के साथ बैठक के दौरान भारतीय छात्रों की चीन वापसी और दोनों देशों के बीच सीधी उड़ानों को फिर शुरू करने सहित अन्य मुद्दों पर भी चर्चा की। विदेश मंत्रालय के बयान के अनुसार, जयशंकर ने बातचीत के दौरान पूर्वी लद्दाख में वास्तविक नियंत्रण रेखा पर सभी लंबित मुद्दों के जल्द समाधान की बात कही। जयशंकर ने इसके अलावा इंडोनेशिया में जी20 शिखर सम्मेलन से इतर विभिन्न देशों के विदेश मंत्रियों के साथ द्विपक्षीय बातचीत की और इस दौरान आपसी सहयोग बढ़ाने पर जोर दिया गया। जयशंकर ने इंडोनेशिया, अर्जेंटीना, दक्षिण अफ्रीका, मैक्सिको, सेनेगल, सऊदी अरब, संयुक्त अरब अमीरात के विदेश मंत्रियों के साथ द्विपक्षीय वार्ता की। उन्होंने फिजी के प्रधानमंत्री फ्रैंक बैनीमरामा से भी भेंट की और इस दौरान उन्होंने फिजी में भारत की विकास



परियोजनाओं के कार्यान्वयन की समीक्षा की तथा दोनों देशों के संबंधों को आगे बढ़ाने के रास्तों पर चर्चा की। इसके अलावा जयशंकर ने यूरोपीय संघ के विदेश मामलों के उच्च प्रतिनिधि जोसेफ बोरेल के साथ बातचीत की जिसमें यूक्रेन संकट के प्रभावों तथा बहुप्रतिक्षित मुक्त व्यापार समझौते के लिये भारत एवं यूरोपीय संघ के बीच वार्ता शुरू करने के बारे में चर्चा हुई ।

## संक्षिप्त समाचार

### जिलाधिकारी ने केंद्रीय विद्यालय प्रबंध समिति की बैठक, विद्यालय में विभिन्न कार्य कराए जाने पर हुआ विचार-विमर्श

संवाददाता अनुज प्रताप सिंह छायाकार राधा ठाकुर कानपुर देहात। जिलाधिकारी नेहा जैन की अध्यक्षता में केंद्रीय विद्यालय प्रबंध समिति की बैठक केंद्रीय विद्यालय सभागार कक्ष में आयोजित हुई, इस बैठक में सर्वप्रथम जिलाधिकारी ने दीप प्रज्वलित कर बैठक का शुभारंभ किया, इसके पश्चात बैठक में उपस्थित अतिथियों को विद्यालय के छात्रों एवं छात्राओं ने अपने द्वारा बनाई गई ग्रीटिंग एवं पौधा देखकर स्वागत किया गया, इसके पश्चात जिलाधिकारी को छात्रों द्वारा बनाए गए जिलाधिकारी की स्क्रेच फोटो भेंट की गई, इसके बाद बैठक में प्रबंध समिति के सदस्यों का परिचय हुआ। बैठक में केंद्रीय विद्यालय के प्राचार्य एके राय ने बताया कि विद्यालय के मुख्य द्वार से विद्यालय भवन एवं कर्मचारी आवास जाने वाली सड़क की ऊपरी सतह बनवाए जाने, विद्यालय के प्रार्थना स्थल में कोटा पत्थर एवं मंच क्षेत्र पर ग्रेनाइट पत्थर लगवाए जाने, केंद्रीय विद्यालय में आने वाले छात्रों हेतु साइकिल स्टैंड के ऊपर टीन शेड बनवाए जाने, विद्यालय भवन में विद्युत उपकरणों के दिन प्रतिदिन के संरक्षण एवं रखरखाव से संबंधित सामान खरीदे जाने, विद्यालय के मुख्य द्वार के बाहर दोनों तरफ वाहनों की पार्किंग, छात्रों के संगीत शिक्षा एवं संगीत ज्ञान के संवर्धन हेतु हारमोनियम एवं साइड ड्रम खरीदे आदि बिंदुओं में अनुमोदन किए जाने पर बिचार विमर्श किया गया, इसके पश्चात जिलाधिकरी ने विद्यालय में भ्रमण किया, जिसमें उन्होंने छात्रों के कक्षों में पहुंचकर वार्ता की, उन्होंने छात्र छात्राओं द्वारा बनाई गई पेंटिंग का भी अवलोकन किया, खेल मैदान आदि का भी जायजा लिया, इसके पश्चात उन्होंने विद्यालय परिसर में पौधरोपण भी किया, इस मौके पर नवोदय विद्यालय के प्राचार्य सुमन कुमार, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर ए के सिंह, विपिन चंद्र दीक्षित, कंचन मिश्रा, मनोज कुमार साहू, नवीन कुमार दीक्षित, जिला क्रीड़ा अधिकारी प्रदीप कुमार चौहान आदि लोग उपस्थित रहे।

### प्रतिभावान कलाकारों की खोज हेतु आवेदन आमंत्रित

संवाददाता विमल पाण्डेय दैंनिक अयोध्या टाइम्स
औरैया। आजादी का अमृत महोत्सव के अंतर्गत संस्कृति विभाग उत्तर प्रदेश द्वारा सांस्कृतिक प्रतिभा खोज का आयोजन सभी जनपदों में किया जा रहा है। प्रदर्शनकारी सांस्कृतिक विधाओं यथा– लोक गायन, लोक नृत्य, लोक वादन, आदिवासी नृत्य, आल्हा गायन, लोकनाट्य, भजन, ललित कला आदि के प्रतिभावान कलाकारों की खोज हेतु



सांस्कृतिक प्रतिभा खोज का आयोजन 22 जुलाई 2022 तक किया जाना प्रस्तावित है। उक्त प्रदर्शन हेतु कलाकारों को अपना आवेदन निर्धारित प्रारूप में करना होगा, जो जिला सूचना कार्यालय औरैया या संस्कृति विभाग की वेबसाइट upculture.up.nic.in पर भी प्राप्त किया जा सकता है। उक्त आवेदन जिला सूचना कार्यालय औरैया में जमा किए जा सकेंगे। आयोजन में भाग लेने वाले सभी कलाकारों को ई–डायरेक्टी में पंजीकृत किया जाएगा तथा उनको क्यूआर कोड वेस्ट पहचान पत्र उपलब्ध कराया जाएगा। इच्छुक कलाकार/अभ्यर्थी 20 जुलाई 2022 तक प्रत्येक दशा में अपना आवेदन पत्र निर्धारित प्रारूप में भरकर संबंधित कार्यालय में जमा करा दें, उक्त तिथि के बाद प्राप्त आवेदन पत्र पर विचार नहीं किया जाएगा।

### कानपुर में गोद ली हुई बेटी ने ही की थी मां-बाप की हत्या, प्रेमी और उसके भाई ने दिया था साथ

कानपुर नगर।कानपुर से सनसनीखेज मामला सामने आया है. यहां गोद ली हुई बेटी ने प्रेमी के साथ मिलकर मां–बाप की हत्या कर दी. बताया जा रहा है कि बेटी ने पहले मां, बाप और भाई को अनार के जूस में नशीली दवा देकर बेहोश किया और फिर दरवाजे की कुंडी खोल प्रेमी को अंदर बुलाकर मां बाप की हत्या को अंजाम दिया. जानकारी के मुताबिक युवती के प्रेमी का भाई मिलिट्री इंटेलिजेंस में है और उसपर नशीली दवा उपलब्ध कराने के साथ–साथ षड्यंत्र रचने में भी भूमिका निभाने का आरोप है. कहा जा रहा है कि करोड़ों की प्रॉपर्टी को हथियाने के लिए साजिश रची गई। कानपुर पुलिस कमिश्नर विजय सिंह मीणा ने



खुलासा करते हुए बताया कि बीते 5 जुलाई की रात कानपुर साउथ के बर्रा 2 इलाके में बुजुर्ग दंपति की गला रेत कर हत्या कर दी गई थी. सूचना पर आनन–फानन में आला अधिकारी फॉरेंसिक टीम के साथ मौके पर पहुंचे और पड़ताल शुरू की. जब यह घटना हुई, उस समय घर पर बुजुर्ग माता–पिता और बेटा के अलावा उनकी गोद ली हुई बेटी थी. बेटी कोमल ने ही सबसे पहले खून में लथपथ हालत में माता–पिता को देखकर चिल्लाकर छत पर सो रहे अपने भाई को बुलाया था और पड़ोसियों के सहयोग से पुलिस को सूचना दी गई थी।
आपको जानकर हैरानी होगी कि जिस घर में गला रेतकर हत्या की वारदात को अंजाम दिया गया, वह महज 37 वर्गमीटर की ईडब्ल्यूएस कॉलोनी थी. दूसरी तरफ बेटी ने जो कहानी बताई वह किसी के भी गले से नीचे नहीं उतर पा रही थी. इसके बाद पुलिस ने फोरेंसिक टीम के सहयोग से सघन परीक्षण किया तो पता चला कि बेटी ने हत्या के बाद कपड़े चेंज किए थे, जिन्हें धुला भी गया था, उन कपड़ों में ब्लड के धब्बे मिले, साथ ही उसकी नाखून के निशान भी मिले।
पुलिस को इसके बाद से ही शक हो चुका था कि हत्या में कहीं न कहीं बेटी ही राजदार है. फिर पुलिस ने सख्ती से पूछताछ की तो वह टूट गई और उसने पूरी घटना कबूल करते हुए अंजाम देने वाले प्रेमी रोहित उत्तम और उसके मददगार मिलिट्री इंटेलिजेंस कर्मी भाई राहुल उत्तम के नाम का खुलासा कर दिया. फिलहाल राहुल मुंबई में है और कानपुर कमिश्नरेट की एक टीम ने उसे मुंबई में हिरासत में ले लिया है और कानपुर लाया जा रहा है।

## जिला कारागार में किया गया विधिक जागरुकता शिविर का आयोजन व किया गया निरीक्षण



संवाददाता अनुज प्रताप सिंह छायाकार राधा ठाकुर कानपुर देहात। राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के निर्देशों में लालचन्द्र गुप्ता, माननीय जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, कानपुर देहात के निर्देशानुसार संगीता, सचिव– जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, कानपुर देहात के द्वारा जिला कारागार, कानपुर देहात में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर के दौरान जिला कारागार के जेल अधीक्षक, जेलर, डिप्टी जेलर तथा विचाराधीन/सिद्धदोष महिला व पुरुष बंदीगण उपस्थित रहे। सचिव द्वारा उपस्थित बन्दीगण जो 05 वर्ष से अधिक समय से कारागार में निरुद्ध हैं को उनके जमानत सम्बन्धी कानूनी अधिकारों के बारे में बताया गया। सचिव द्वारा उपस्थित महिला/पुरुष बन्दियों से उनकी समस्याओं के बारे में भी पूछा गया तथा उन्हें बताया गया कि जिन बन्दियों के पास उनके प्रकरण में पैरवी हेतु कोई भी अधिवक्ता नहीं है, वे अपने प्रार्थना–पत्र अधीक्षक– जिला कारागार के माध्यम से, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के कार्यालय को प्रेषित करवा सकते हैं। जिस पर उन्हें प्रकरण में पैरवी हेतु जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा निःशुल्क पैनलध्नामिका अधिवक्ता उपलब्ध कराये जाते हैं।
साथ ही जिन बन्दियों की जेल अपील नहीं की गयी है उन्हें जेल अपील से सम्बन्धित कानूनी जानकारियां दी गयी। इस सम्बन्ध में सचिव द्वारा जेल प्रशासन को निर्देशित किया गया कि जिन बन्दियों की जेल अपील होनी है उनकी जल्द से जल्द जेल अपील करवाने की कार्रवाई करवाये। उक्त शिविर में संगीता, सचिव– जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, शिवाजी सिंह– उपजेलर, पैनल अधिवक्ता व कार्यालय कर्मचारी– अंकुर मिश्रा तथा महिला व पुरुष बंदी गण उपस्थित रहे।

## वृक्षारोपण जनान्दोलन महाअभियान 2022 के अंतर्गत हुआ वृक्षारोपण









लखनऊ। प्रभागीय वन अधिकारी अवध वन प्रभाग डॉ0 रवि कुमार सिंह ने बताया है कि वृक्षारोपण जनान्दोलन महाअभियान 2022 व वन महोत्सव के उपलक्ष्य में आज दिनांक 07 जुलाई 2022 को अवध वन प्रभाग, लखनऊ के बी०के०टी० रेंज अन्तर्गत उमरिया वन ब्लाक में अपर मुख्य सचिव, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, उ०प्र०, शासन, श्री मनोज सिंह, प्रधान मुख्य वन संरक्षक और विभागाध्यक्ष, उ०प्र०, श्रीमती ममता संजीव दुबे सहित उ०प्र०, शासन व वन विभाग के उच्चाधिकारियों द्वारा 2000 फलदार प्रजातियों के पौध का कर खाद्य वन की स्थापना की गई, जिसमें मुख्य रूप से बालमखीरा, महुआ, बेर, शरीफा, अमरूद, कथा, खजूर, शहतूत, लसोढ़ा आदि फलदार पौधों का रोपण किया गया। उक्त वृक्षारोपण कार्यक्रम में आये हुए अतिथियों का स्वागत श्रीमती रेणु सिंह, मुख्य वन संरक्षक, लखनऊ मण्डल, लखनऊ द्वारा किया गया। कार्यक्रम का आयोजन अवध वन प्रभाग, लखनऊ द्वारा किया गया। वृक्षारोपण कार्यक्रम में डा० रवि कुमार सिंह, डी०एफ०ओ० लखनऊ एवं श्री आलोक चन्द्र पाण्डेय, उप प्रभागीय वनाधिकारी, लखनऊ तथा श्री आर0एन0 गुप्ता, उप प्रभागीय वनाधिकारी, मोहनलालगंज, श्री आनंद श्रीवास्तव, क्षेत्रीय वन अधिकारी, बी०के०टी० रेंज सहित प्रभाग के अन्य क्षेत्रीय वन अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।


## कार्यालय महाप्रबन्धक
### जलकल विभाग नगर निगम, कानपुर
**निविदा सूचना**

जलकल विभाग नगर निगम, कानपुर में जोन–5 के अन्तर्गत निम्नानुसार निविदायें आमन्त्रित की जाती है–
ई निविदा डबल बिड पद्वति से अन्तर्गत आमंत्रित निविदाओं की संख्या –04
निविदा डालने की अंतिम तिथि 15.07.2022 की अपरान्ह 02.00 बजे
उपरोक्तानुसार आमन्त्रित निविदाओं के कार्यों का पृथक–पृथक विवरण वेबसाइट etender.up.nic.in पर एवं जलकल विभाग की वेबसाइट jalkalkanpur.in पर देखी जा सकती है तथा निविदा से सम्बन्धित नियम एवं शर्तें सम्बन्धित जोन के अधिशाषी अभियन्ता कार्यालय में देखी जा सकती है।

सचिव
जलकल विभाग नगर निगम,
कानपुर

कृपया अपने जलकर/सीवर कर, जल मूल्य के बिलों का आनलाइन भुगतान jalkalkanpur.in पर करें।

**जल ही जीवन है, जल की बचत करें**


## जिलाधिकारी श्री विशाख जी एवं मुख्य विकास अधिकारी डक्टर महेंद्र कुमार ने आज साकेत नगर स्थित पराग डेयरी के प्लांट का निरीक्षण



कानपुर नगर। जिलाधिकारी श्री विशाख जी एवं मुख्य विकास अधिकारी डॉक्टर महेंद्र कुमार ने आज साकेत नगर स्थित पराग डेयरी के प्लांट का निरीक्षण किया।
निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने प्लांट के समस्त प्रोडक्शन सेक्शन का निरीक्षण किया। उन्होंने जीएम पराग को निर्देशित करते हुए कहा कि समस्त प्रोडक्शन अनुभाग का वाटर ट्रायल कार्यदाई संस्था आईडीएमसी से कराना सुनिश्चित किया जाए एवं तत्पश्चात अन्य व्यवस्थाएं सुनिश्चित कराते हुए ट्रायल शुभारंभ किया जा सके। निरीक्षण के दौरान जीएम पराग व अन्य सम्बंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## प्रतिभावान कलाकारों की खोज हेतु, सांस्कृतिक प्रतिभा खोज का होगा आयोजन, कलाकार करें आवेदन

- इसके लिए सूचना विभाग से करें सम्पर्क

संवाददाता अनुज प्रताप सिंह छायाकार राधा ठाकुर कानपुर देहात। 'आजादी का अमृत महोत्सव' के अन्तर्गत 'सास्कृतिक प्रतिभा खोज' आयोजन किये जाने के निर्देश शासन द्वारा दिये गये है, जिसकी जानकारी देते हुए जिलाधिकारी नेहा जैन ने अवगत कराया है कि संस्कृति विभाग, उत्तर प्रदेश द्वारा अपनी विविध स्वायत्तशासी संस्थाओं के माध्यम से विभिन्न प्रदर्शनकारी कलाओं के संरक्षण एवं संवर्धन का कार्य निरन्तर किया जाता है, ऐसी प्रदर्शनकारी संस्कृतिक विधाओं यथा– लोक गायन, लोकनृत्य, लोकवादन, आदिवासी नृत्य, आल्हा गायन, लोकनाट्य, रामलीला, रासलीला, भजन एवं कीर्तन ललित कला आदि के प्रतिभावान कलाकारों की खोज हेतु सांस्कृतिक प्रतिभा खोज का आयोजन जिला स्तर पर किया जाना है। इस आयोजन की नियम व शर्ते– उक्त आयोजन जिला स्तर पर आयोजित किये जायेंगे, आयोजन का निर्णायक समिति जिलाधिकारी की अध्यक्षता में गठित समिति होगी, आयोजन हेतु कलाकारों को प्रदर्शन के लिए कोई शुल्क देय नहीं होगा, निर्णायक मण्डल द्वारा कलाकारों के प्रस्तुति के आधार पर ए0बी0सी0 श्रेणी में पंजीकृत किया जायेगा, जोकि आकाशवाणी एवं दूरर्शन की ग्रेडिंग के समान नहीं होगा, समस्त कलाकारों को अपने वाद्ययंत्र एवं संगतकर्ताओं के साथ आयोजन में भाग लेना होगा, प्रतिभागी कलाकार द्वारा आयोजन स्थल पर उपलब्ध समन्वय अधिकारी से आवेदन पत्र प्राप्त कर भरकर जमा करना होगा, सम्बन्धित जिले के जिला सूचना अधिकारी/उप निदेशक, सूचना एवं जन सम्पर्क विभाग, प्रभारी क्षेत्रीय सांस्कृतिक केन्द्र को समन्वय अधिकारी नामित किया गया है। आयोजन सम्बन्धी जानकारियां सम्बन्धित अधिकारी से प्राप्त की जा सकती है। आयोजन में भाग लेने वाले सभी कलाकारों को सांस्कृतिक विभाग, उत्तर प्रदेश की ई–डायरेक्ट्री में पंजीकृत किया जायेगा तथा उनको क्यू–आर कोड बेस्ड पहचान पत्र उपलब्ध कराया जायेगा। समस्त कलाकारों को पंजीकरण के आधार पर ही आगामी कार्यक्रमों एवं सरकारी आयोजनों में प्रस्तुति का अवसर प्रदान किया जायेगा, आयोजन सम्बन्धी समस्त जानकारियां संस्कृति विभाग की वेबसाइट upcultrure.up.nic.in पर प्राप्त की जा सकती है।
'''"सांस्कृतिक प्रतिभा खोज आयोजन"''
'आवेदन का प्रारूप'
दल नायक का फोटो, 1– विधा का नाम, 2–दल दायक का नाम व पता मोबाइल नम्बर, ई–मेल सहित, 3– दल के सभी सदस्यों के नाम, पता, आवेदन संलग्नक पत्र के साथ पृथक से संलग्न करें, 4– संस्कृति विभाग/पर्यटन/सूचना सहित राज्य संलग्नक सरकार, जिला प्रशासन द्वारा आयोजित कार्यक्रमों में सम्मिलित कार्यक्रमों में शामिल होने का प्रमाण पत्र संलग्न करें, 5– प्रतियोगिता में इस अवसर की सहमति कि आयोजन हेतु निर्धारित नियम शर्ते पूरी तरह पढ़ ली गयी हैं तथा इनका पालन किया जायेगा, दल की प्रस्तुति के क्रम से कम तीन फोटो, बैंक खाता नम्बर, आई0एफ0एस0सी0 कोड सहित, पैन नम्बर, दल नायक के हस्ताक्षर। इसके लिए सूचना विभाग, माती, कानपुर देहात से सम्पर्क कर सकते है।

## मण्डलायुक्त द्वारा जिले में आज प्राथमिक/उच्चप्राथमिक, कम्पोजिट विद्यालयों का औचक निरीक्षण किया गया

- बच्चों की पढ़ाई और प्राथमिक विद्यालयों में सुविधाओं पर ध्यान दिया जाये : मण्डलायुक्त
- शिक्षक द्वारा बच्चों के अभिभावकों से सम्पर्क कर, बच्चों को विद्यालय के यूनीफार्म में भेजने के लिए प्रेरित करने के निर्देश : मण्डलायुक्त



लखनऊ। मण्डलायुक्त डा0 रोशन जैकब ने आज प्राथमिक विद्यालय की गुणवत्ता देखने को लेकर औचक निरीक्षण किया और मौके पर सम्बन्धित अधिकारियों को निम्नवत निर्देश दिये।
मण्डलायुक्त ने सर्वप्रथम उच्च प्राथमिक विद्यालय, गुलाम हुसैन पुरवा जोन–2 नगर क्षेत्र विभूतिखण्ड (गोमतीनगर) का निरीक्षण किया। उन्होंने उपस्थित स्कूली बच्चों से पहाड़ा, गिनती व कविता सुना और बच्चों से बात करके प्रसन्नता भी व्यक्त की। शिक्षक द्वारा बच्चों के अभिभावकों से सम्पर्क कर बच्चों को विद्यालय यूनीफार्म में भेजने के लिए प्रेरित किये जाने हेतु निर्देशित किया गया, साथ ही बच्चों की संख्या की जानकारी ली और बच्चों के बैठने के लिए फर्नीचर व्यवस्था की चर्चा सम्बन्धित अधिकारी से की तथा वहां की लाइब्रेरी का भी निरीक्षण किया और लाइब्रेरी के बजट के बारे में जानकारी ली।
निरीक्षण आख्या निम्नानुसार है– बेसिक विद्यालय गुलाम हुसैन पुरवा, जोन–2 नगर क्षेत्र विद्यालय कक्षा 01 से 08 तक संचालित है, जिसमें कुल नामांकित 276 विद्यार्थी के सापेक्ष निरीक्षण के समय 184 विद्यार्थी उपस्थित पाये गये। विद्यालय में 05 सहायक अध्यापक, 02 अंशकालिक अनुदेशक, 01 शिक्षामित्र कार्यरत है।
उक्त के पश्चात कम्पोजिट विद्यालय, उच्च प्राथमिक स्कूल निराला नगर का भी निरीक्षण किया। यहां पर कितने अध्यापक/ अध्यापिका कार्यरत है और किचन में भोजन की गुणवत्ता को भी देखा और स्कूल में पीने का पानी की व्यवस्था भी देखी, बच्चों के पास स्कूली बैग न होने पर सम्बन्धित अधिकारी को निर्देश देते हुए कहा कि स्कूली बैग जल्द से जल्द उपलब्ध करायें और कैम्पस में ग्रीन पार्क, ओपेन जिम और बच्चों के रूचि के हिसाब से यथावश्यक कार्यवाही की जाये। इंचार्ज शिक्षिका द्वारा अवगत कराया गया कि अद्यतन निःशुल्क पाठ्य पुस्तक आपूर्तिकर्ता द्वारा जनपद स्तर पर पुस्तकों की आपूर्ति नही गयी है। अतः पूर्व के पास आउट विद्यार्थियों के पुस्तकें वितरित कराकर अध्ययन कार्य सुचारू रूप से कराने हेतु निर्देशित किया गया। मण्डलायुक्त ने विद्यालय में कम्पोजिट मद में प्राप्त धनराशि का व्यय नियमानुसार–आवश्यकतानुसार किये जाने हेतु निर्देशित किया गया।
मण्डलायुक्त ने बेसिक विद्यालय लाजपथ नगर–क्षेत्र, वार्ड चौक लखनऊ जोन–4 का निरीक्षण के दौरान समबन्धित अधिकारियों को स्कूल के सभी कक्षाओं में डस्टबिन रखने के निर्देश के साथ ही साथ स्कूली बच्चों का ज्ञान भी परखा, अंग्रेजी बुक पढ़कर बच्चों ने सुनाया और स्कूल में साफ–सफाई को लेकर आवश्यक दिशा–निर्देश। स्कूल में स्थित बाल मित्र पुस्तकालय(लाइबेरी) की अलमारी को खुला रखने के निर्देश दिये और कहा कि जिस बच्चों को, जो भी किताबें पढ़नी हो वो आसानी से निकाल सकें।
उन्होंने कहा कि कक्षा–कक्षों की दीवारें पर बनायी गयी ग्रीन पट्टी पर विद्यार्थियों हेतु स्थान निर्धारित किया जाये, जिसमें विद्यार्थी द्वारा भाषा, गणित, विज्ञान की पाठ्य सामग्री को लिखवाया जाये, जिससे विद्यार्थियों का व्यक्तित्व विकास होगा एवं भयमुक्त शैक्षिक माहौल बनेगा।
मण्डलायुक्त ने रेड क्रास, नगरीय सामुदाय स्वास्थ्य केन्द्र(कैसरबाग) में लगे हेल्थ ए0टी0एम0 का निरीक्षण किया और सम्बन्धित अधिकारी से पूछा कि कौन–कौन सी जांच होती है। कितने पेसेन्ट प्रतिदिन आते है और साथ रिकार्ड बुक भी चेक किया।
इस अवसर पर मण्डलीय सहायक शिक्षा निदेशक (बेसिक), जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी और सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहे।

## भाजपा महिला मोर्चा ने बृक्षारोपण कर किया प्राणरक्षक वृक्षों को बचाने का आवाहन

दैनिक अयोध्या टाइम्स सवांद कानपुर। भारतीय जनता पार्टी कानपुर उत्तर महिला मोर्चा के द्वारा श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी की जयंती के उपलक्ष पर महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष सरोज सिंह की अध्यक्षता में शास्त्री नगर स्थित सेंट्रल पार्क में पौधारोपण का किया गया ।
कार्यक्रम में गोविंद नगर विधानसभा के विधायक सुरेंद्र मैथानी जी मुख्य अतिथि के रूप में कार्यक्रम में उपस्थित हुए एवं लाजपत नगर मंडल अध्यक्ष भी उपस्थित रहे ।
विधायक सुरेंद्र मैथानी ने सभी को संबोधित करते हुए कहा कि हमें पेड़ों की बहुत ज्यादा आवश्यकता है क्योंकि पेड़ों से ही हमें ऑक्सीजन मिलती है अगर ऑक्सीजन नहीं होगी तो हम जीवित भी नहीं रह सकते हैं। इसीलिए इनको प्राणरक्षक बोला जाता है ।
पेड़ों से हमें फल, छाया तथा हमारा वायुमंडल भी इन्हीं के द्वारा ही साफ होता है जहां चारों ओर हरियाली दिखती थी। वहां आज मकान ही मकान दिखते हैं। इसलिए भारतीय जनता पार्टी के माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी ने श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी के जन्म दिवस के अवसर पर पौधारोपण का कार्यक्रम शुभारंभ किया। उसी कड़ी में आज वृक्षारोपण किया जा रहा है। जिला अध्यक्ष सरोज सिंह ने बहनों को संबोधित करते हुए



कहा कि हमें पर्यावरण की रक्षा करनी चाहिए और सब को अधिक से अधिक मात्रा में पेड़ पौधे लगाने चाहिए तथा उनकी देखभाल भी उतनी ही जरूरी है जितने की उस पेड़ को लगाना इसलिए सभी कम से कम एक एक पेड़ जरूर लगाएं और उसकी सुरक्षा की व्यवस्था करें
उपरोक्त कार्यक्रम में महामंत्री अजीत श्रीवास्तव, पूर्व पार्षद प्रेम सिंह, अनस उस्मानी प्रदेश मंत्री, संजय लाला, प्रेम अवस्थी, काशी, दिलीप वार्ड अध्यक्ष, सीमा सिंह, सुधा सिंह, लवली सक्सेना, शोभा शुक्ला, पूनम कंवर, सीमा एमबीए आदि अन्य भाई और बहन में उपस्थित रहे।

# छात्र-छात्राओं को बताये पॉलीथिन के दुष्प्रभाव



लखीमपुर,खीरी। श्री तेज सरस्वती शिशु/विद्या मंदिर इण्टर कॉलेज में भैया/बहिनों ने पूर्व सूचना के आधार पर सिर्फ एक बार प्रयोग की जाने वाली प्लास्टिक पर रोक लगाने वाले सरकार के कार्यक्रम को गति प्रदान करते हुए ईको ब्रिक्स बनाए।

स्कूल के भैया बहनों को सम्बोधित करते हुए सीतापुर सम्भाग के सम्भाग निरीक्षक सुरेश सिंह ने कहा प्रकृति के सभी घटकों को सन्तुलित रखने के लिए यह आवश्यक है कि सभी पदार्थों का अपघटन होता रहे। अनअपघटनीय पदार्थों के कारण प्रकृति के घटकों में असन्तुलन उत्पन्न होता है जो पर्यावरण एवं उसके सभी जीवों के लिए हानिकारक है। विद्या मन्दिर इण्टर कॉलेज पलिया के भैया बहनों के द्वारा इतनी अधिक मात्रा में बनाई गई इको ब्रिक्स एक अभिनन्दनीय पहल है जो समाज के अन्य बन्धुओं के लिए अनुकरणीय होगी। सभी आचार्य एवं सहभागी भैया बहन बधाई के पात्र हैं। प्रधानाचार्य के कुशल निर्देशन में कराया गया यह पुनीत कार्य समाज को एक नई दिशा देगा। जिन भैया बहनों ने इको क्लब सदस्य के रूप में अपना परिचय देते हुए समाज के बन्धुओं से पालीथीन का उपयोग न करने की अपील की है ऐसे सभी भैया बहनों को मेरी शुभकामनाएं वे अपने जीवन में नित नवीन कीर्तिमान स्थापित करें।

प्रधानाचार्य वीरेन्द्र वर्मा ने सम्भाग निरीक्षक को धन्यवाद देते हुए पालीथीन के दुष्प्रभाव पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर प्रबंध समिति के सह प्रबन्धक शिवपाल सिंह, विद्यालय के प्रधानाचार्य वीरेन्द्र कुमार वर्मा के साथ समस्त आचार्य बंधु, आचार्या बहिने उपस्थित रही।

# मनरेगा से सड़क निर्माण में हुआ बड़ा घोटाला बिना काम किए दो फर्म्स को मिला पैसा

योगी सरकार लगातार विकास कार्यों पर जोर देती हुई नजर आ रही है। वहीं जनपद कानपुर देहात में विकास कार्यों के नाम पर सड़क निर्माण घोटाला सामने आया है. यहां ठेकेदारों और विभागीय कर्मचारियों की मिलीभगत के चलते लगभग 3 लाख का सड़क निर्माण घोटाला सामने आया है. मनरेगा के तहत निजी फर्मों को सड़क निर्माण के लिए टेंडर आवंटित किया गया था. जिसमें दो फर्म्स के टेंडर के माध्यम से सड़क निर्माण कार्य कराए जाने की कवायद शुरू कर दी थी। सड़क निर्माण का कार्य कागजों में जोरदार तरीकों से होता नजर आ रहा था. जिसके चलते विभागीय अधिकारियों के द्वारा दोनों फर्मों को सड़क निर्माण का भुगतान नियमानुसार कर दिया गया. लेकिन कुछ समय बाद प्रधान संघ के सभी पदाधिकारियों ने एकजुट होकर विभागीय अनियमितताओं को पकड़कर जिला प्रशासन के सामने उजागर कर दिया।

जिसको लेकर प्रधान संघ के लगभग दो दर्जन पदाधिकारियों ने माती स्थित जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचकर शिकायत पत्र दिया. उन्होंने जांच की मांग की है तो वहीं मनरेगा के तहत फर्जी भुगतान की रकम को प्रशासन को वापस कर दिया. जो इस बात को सिद्ध करता है कि वाकई जिस कार्य का पैसा विभाग द्वारा पास कर दिया गया। हकीकत में वह कार्य धरातल पर हुए ही नहीं हैं. इसके बाद डीसी मनरेगा खुद मौके पर उन सड़कों पर पहुंच गए, जिनके निर्माण कार्य का पैसा पास कर दिया गया था। लेकिन मौके पर पहुंचकर अधिकारियों के होश फाख्ता हो गए। पूरे मामले को लेकर ग्राम प्रधान गौरव कटियार ने बताया कि सामग्री मद का भुगतान 4 जुलाई को हुआ है. शासन के द्वारा एक लेटर जारी किया गया था. जिसमें 2021–22 के पहले के किए गए कार्यों का भुगतान किया जाना सुनिश्चित किया गया था. जबकि उसका भुगतान न करके वित्तीय अनियमितताओं का लेखा अधिकारीओं द्वारा या फिर जिम्मेदार अधिकारियों के द्वारा 2022– 23 में किए गए कार्यो का भुगतान किया गया। जबकि इन कार्यों जिन का भुगतान वर्ष 2022–23 में हुआ है. उनकी फीलि्डंग के महज 4 दिन बाद ही उनका भुगतान कर दिया गया. इसके अनुरूप हमारे द्वारा कराए गए 1 वर्ष पूर्व पिछले



होने वाले इस घोटाले का मामला सामने आते ही अधिकारियों के हाथ–पांव फूल गए. जिसके चलते अधिकारियों ने आनन–फानन में मनरेगा डिप्टी कमिश्नर को मौके पर पहुंचकर मौके पर पहुंच कर जांच करने के आदेश दे दिए।

पूरा मामला कानपुर देहात के संदलपुर विकासखंड का है. मनरेगा योजना के अंतर्गत सामग्री मद का भुगतान किए जाने को लेकर फर्जीवाड़ा सामने निकल कर आया है. जिसमें बिना कार्य किए ही दो फर्मों आस्था ट्रेडर्स, मां गंगा देवी फर्म के नाम से किए जाने वाले कार्यों में धरातल पर कार्य गायब दिखा. वहीं धरातल पर गायब सड़क निर्माण का कार्य कागजों में पूरी तरीके से किए जाने का उल्लेख देखने को मिल रहा है। जिसकी जांच डीसी मनरेगा खुद कर रहे हैं।

जांच की बात सामने आते ही दोनों फर्मों ने किए गए कार्यों के कार्यों का भुगतान अभी तक नहीं किया गया है. इतना ही नहीं ग्राम प्रधान ने यह भी बताया कि ऐसे भी कई कार्य हैं, जिनका धरातल पर कार्य हुआ भी नहीं और उनका भुगतान फर्मों को कर दिया गया है। इस विषय पर डीसी मनरेगा हरिश्चंद्र सिंह ने बताया कि कानपुर देहात जिला अधिकारी और मुख्य विकास अधिकारी को इस प्रकरण की जानकारी मिल चुकी है। अब जांच में जो भी कमियां आएंगी और जो भी दोषी पाए जाएंगे उनके विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी और धनराशि की वसूली की जाएगी। साथ ही उनकी सेवाएं भी खत्म की जाएंगी इस पूरे मामले में जितने भी विकासखंड स्तर के अधिकारी और कर्मचारी ग्राम विकास अधिकारी, ग्राम सेवक, खंड विकास अधिकारी और तकनीकी सहायक अधिकारियों के खिलाफ दोषी पाए जाएंगे उनपर कार्रवाई होगी।

# जिला पंचायत में वृक्षारोपण कर बताए गए उसके फायदे

लखीमपुर,खीरी। जिला पंचायत बालिका इंटर कालेज में वृक्षारोपण अभियान के तहत विभिन्न प्रजातियों के पौधों का रोपण किया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य मनप्रीत सिंह कंडोला ने कहा कि वृक्ष धरा के आभूषण हैं, जो प्राण वायु ऑक्सीजन के संवाहक हैं। इन्हें लगाना व बचना हमारा परम् कर्तव्य है। भाजपा नगर अध्यक्ष उदयवीर सिंह ने कहा कि वृक्षारोपण के माध्यम से तमाम तरह के प्रदूषणों से बचा जा सकता है। वृक्ष ही ग्रीन भारत क्लीन भारत के आधार हैं। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के खंड कार्यवाह विकास दीक्षित ने कहा कि वृक्ष ही ग्लोबल वार्मिंग को रोक सकते हैं, इनके माध्यम से वायुमंडल में ऑक्सीजन का संतुलन बना रहता है। भाजपा जिला कार्यसमिति सदस्य सतीश चौधरी ने कहा कि आज धरा पर पेड़ों की संख्या लगातार घटती जा रही है, जो कि चिंताजनक है। यह मानव जाति के भविष्य के लिये शुभ संकेत नहीं है। प्रत्येक व्यक्ति को अपने जीवन में एक वृक्ष रोपित कर उसे पोषित करना चाहिए। कार्यक्रम का सफल संचालन प्रधानाचार्य कृष्ण अवतार भाटी ने किया। उन्होंने आगन्तुकों का आभार व्यक्त किया।



इस अवसर पर मलिनिया प्रधान राजदीप सिंह, चंदन शुक्ला, तेजपाल सिंह संधू, चतर सिंह, अजय कुमार, अशोक वाजपेयी, नीलम कश्यप व चन्द्रप्रभा सिंह सहित विद्यालय की तमाम छात्राएं उपस्थित रहीं।

# ट्रेजरी में परवान चढ़ रहा भ्रष्टाचार सरकारी रिटायर्ड कर्मचारी और उनके आश्रित हो रहे परेशान

लखीमपुर,खीरी। भ्रष्टाचार पर लगाम लगाने की सरकार की कोशिशें ट्रेजरी ऑफिस में नाकाफी साबित हो रही हैं। यहीं कारण है इस भ्रष्टाचार की भेंट तमाम सरकारी रिटायर्ड कर्मचारी और सरकारी मृतक आश्रित परिवारीजनों को इसका सामना करना पड़ रहा है और इसके चलते भारी मुसीबतों का भी सामना करना पड़ रहा है। हम आपको बता दें कि यहां काम करवाने का सबसे अच्छा तरीका सुविधा शुल्क है जो दे देगा, उसका काम प्राथमिकता पर होगा और जो नहीं देगा उसमें आपत्ति होगी। अगर सिर्फ पिछले वित्तीय वर्ष के दौरान मेडिकल रीइंबर्समेंट के बिलों पर लगी आपत्ति और उनके निस्तारण पर नजर डाली जाए, तो एक बहुत बड़ा भ्रष्टाचार सामने आएगा। हमने जो भी आरोप लगाए हैं उन्हें देखकर आपको ऐसा लग रहा होगा कि यह आरोप तो निराधार है इनका कोई प्रमाण नहीं है तो आप बिल्कुल गलत है, हमारे द्वारा लगाए गए आरोपों की सत्यता जानने के लिए आपको सिर्फ एक बार ट्रेजरी ऑफिस के चक्कर लगाना होगा। आप अपना कोई भी काम लेकर जाइएगा और फिर देखिए यहां क्या होता है! मेडिकल रीइंबर्समेंट में होने वाले खेल की कुछ परतें आज हम यहां पर खोलेंगे। हम आपको बता दें कि मेडिकल रिम्बर्समेंट आखिर है क्या! दरअसल सरकारी कर्मचारियों को शासन द्वारा उनके इलाज में खर्च होने वाली रकम को सत्यापन के साथ सरकार के खजाने से ट्रेजरी विभाग के द्वारा दिया जाता है। इसे चिकित्सा प्रतिपूर्ति भुगतान भी कहते हैं।

दरअसल होता ऐसा है कि सरकारी विभाग वह चाहे सिंचाई विभाग हो, पुलिस विभाग हो, शिक्षा विभाग हो, लोक निर्माण विभाग या राज्य सरकार के अधीन कोई भी सरकारी विभाग। यहां के कर्मचारियों को चिकित्सा (उपचार) के लिए सरकार उनके द्वारा लगाई गई धनराशि को बिल और बाउचर के आधार पर उनके विभाग द्वारा मिली संस्तुति के आधार पर ट्रेजरी के माध्यम से वापस करते हैं। इसे लेने के लिए विभाग की संस्तुति के साथ–साथ ट्रेजरी विभाग के अधिकारी महोदय की भी अनुमति जरूरी होती है यह महोदय दरअसल में कागजों का आकलन कर उसका पेमेंट खाते में भेजवाते हैं।

☒ अब यहीं से शुरू होता है खेल

भ्रष्टाचार का जो खेल ट्रेजरी में शुरू होता है उसकी आधारशिला है विभाग से प्राप्त होने वाला बिल। हम आपको यह भी ही बता दें कि यह बिल इलाज करने वाले डॉक्टर के साथ ही स्वास्थ्य विभाग सबसे बड़े अधिकारी के द्वारा प्रमाणित होने के बाद विभाग द्वारा चेक होने के उपरांत ट्रेजरी पहुंचता है। कई मामलों में इसमें विभाग की मिलीभगत से छोटी सी कमी छोड़ दी जाती है। जिसका फायदा यहां उठाया जाता है और शायद उसका हिस्सा बांट भी होता है। उसी कमी को आधार बनाकर ट्रेजरी का बाबू और अधिकारी आवेदन करता से 10: तक का कमीशन या सुविधा शुल्क लेता है। ऐसा ना करने पर उसी छोटी सी कमी को आधार बनाकर आपत्ति लगा दी जाती है। उसके बाद क्या होता है आप सभी समझ रहे होंगे।

इसके सत्यापन के लिए बहुत कुछ नहीं करना होगा अगर एक साल के सभी मेडिकल रिम्बर्समेंट फार्म पर लगी आपत्तियों और उनके निस्तारण होने की प्रक्रिया को देख लिया जाए तो एक बहुत बड़ा खुलासा सामने आएगा।

# दो बाइकों की आमने-सामने भिड़न्त, दो लोगों की मौत



लखीमपुर,खीरी। कोतवाली मोहम्मदी क्षेत्र के नेशनल हाईवे पर एक गांव के पास दो बाइकों की आमने–सामने भिड़ंत हो गई। राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने सभी घायलों को इलाज के लिए एंबुलेंस से सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां इलाज के दौरान डॉक्टरों ने दो लोगों को मृत घोषित कर दिया। वहीं दो अन्य दोनों घायलों को इलाज के लिए जिला अस्पताल शाहजहांपुर रेफर कर दिया। जानकारी के अनुसार, बुधवार को दोपहर चार बजे के करीब गांव जमुनिया सहवाजपुर थाना मैगलगंज निनवासी नन्हे पुत्र ठाकुर और विजय शर्मा एक बाइक पर पीछे लोहे का पाइप बांधकर नल ठीक करने जा रहे थे। उनकी बाइक एनएच 730ए पर गांव बढखर के पास पहुंची, तभी मोहम्मदी की ओर से बाइक पर सवार होकर विजय पुत्र फत्तेलाल निवासी भावलखेड़ा जिला शाहजहांपुर और उसके साढू संतोष निवासी बरगवां जिला हरदोई चौथी की विदा कराने कस्बा बरबर जा रहे थे। जिनकी बाइक दूसरी बाइक पर बंधे पाइप की चपेट में आ जाने से जोरदार टक्कर हो गई। जिससे दोनों बाइकों पर सवार गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों की सूचना पर निरीक्षक अंबर सिंह ने पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंच कर सभी घायलों को इलाज के लिए एंबुलेंस से सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां इलाज के दौरान विजय शर्मा निवासी जमुनिया सहवाजपुर थाना मैगलगंज और संतोष निवासी बरगवां जिला हरदोई को मृत घोषित कर दिया। वही घायल नन्हे और विजय को इलाज के लिए जिला अस्पताल शाहजहांपुर रेफर कर दिया। दुर्घटना की सूचना मिलते ही उनके घरों में कोहराम मच गया। परिजनों के सरकारी अस्पताल मोहम्मदी पहुंचकर मृतकों के शव की पहचान करने के बाद पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल लखीमपुर भेज दिया है।

# बाढ़ में फंसे लोगों को बचाते दिखे जांबाज

☒ खीरी में रेस्क्यू टीम ने किया मॉक ड्रिल, बाढ़ की स्थिति से बचाने की प्रैक्टिस

लखीमपुर,खीरी। राष्ट्रीय आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण भारत सरकार, उप्र राज्य आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण के निर्देशन में गुरुवार को खीरी में डीएम/अध्यक्ष ज़िला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण महेंद्र बहादुर सिंह व संजीव सुमन के कुशल मार्गदर्शन, नेतृत्व में बाढ़ आपदा प्रबन्धन से सम्बन्धित मॉक एक्सरसाइज संपन्न हुई। इसमें तहसील पलिया, निघासन, धौराहरा, लखीमपुर एवं गोला के राजस्व निरीक्षक, लेखपाल, आपदा मित्र, गाइड मय साजो सामान शामिल हुए। गुरूवार सुबह 9:05 बजे जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण से वार्निंग मिली। 09:10 बजे टीम गांव गूम के लिए निकली। 9:17 बजे पहुंची, 09:35 बजे गांव खाली कराकर गूम से बाहर निकली। 9:50 पर राहत शिविर श्री गजाधर प्रसाद इंटर कॉलेज पहुंचे। 9:58 बजे राहत केंद्र में आग की सूचना मिली। 10:02 आग पर काबू पाने की कार्यवाही शुरू हुई। 10:19 मिनट पर लंगडीपुर में नाव से डूबने की सूचना मिली। टीम रवाना हुई एवं एनडीआरएफ व एसडीआरएफ ने मिलकर रेस्क्यू अभियान चलाया। 10:48 तक सुरक्षित निकालकर प्राथमिक उपचार देने के साथ एंबुलेंस के जरिए हेल्थ शिविर पहुंचाया। यह पूरा मॉक ड्रिल चार किमी के क्षेत्र में चला।

☒ नदी में डूब रहे व्यक्ति को बचाने की मॉक ड्रिल

एनडीआरएफ वाराणसी यूनिट व एसडीआरएफ लखनऊ यूनिट के जवानों ने अपने संसाधनों से ग्राम लंगडीपुर निकट शारदा नदी का तट पर नदी में डूब रहे व्यक्ति को बचाने का कार्य किया। जवानों ने डूबते व्यक्ति को बचाकर श्री गजोधर प्रसाद इंटर कॉलेज में बने चिकित्सा शिविर में लाकर मॉक एक्सरसाइज की। सीएमओ ने ट्रायल बेस पर अपने अधीनस्थ टीम से बचा कर लाए लोगों, बीमार लोगों का उपचार की मॉक एक्सरसाइज की।

☒ रेस्क्यू अभियान में आपदा मित्रों ने निभाया अहम किरदार

डिप्टी इंसीडेंट कमांडर/डिप्टी कलेक्टर रेनू के नेतृत्व में डूब क्षेत्र ग्राम गूम के ग्राम वासियों को रेस्क्यू टीम ने बस के जरिये श्री गजोधर प्रसाद इंटर कॉलेज में बने राहत शिविर में लाया गया, जहां उन्हें लंच पैकेट आदि वितरित कर मॉक ड्रिल प्रकिया पूरी की। इस पूरी



प्रक्रिया के दौरान आपदा मित्रों का किरदार काबिले तारीफ रहा। यह पहला मौका था, जब मॉक ड्रिल प्रक्रिया में आपदा मित्रों को न केवल शामिल किया गया, बल्कि उनकी सराहनीय भूमिका नजर आई।

☒ फायर बिग्रेड ने भी दिखाए करतब, किया रेस्क्यू

फायर बिग्रेड की टीम ने बाढ़ क्षेत्र में फंसे लोगों को पहुंचाई जाने वाली मदद का सजीव प्रदर्शन किया। उन्होंने छत पर से कई लोगों को रेस्क्यू करके चिकित्सीय शिविर में समुचित इलाज हेतु पहुंचाया।

☒ इन वाहन व उपकरणों का हुआ इस्तेमाल

खीरी में रेस्क्यू टीम ने मॉक ड्रिल करके बाढ़ की विभीषिका से बचाने की प्रैक्टिस की। इस पूरी प्रक्रिया के दौरान 03 फायर टेंडर, 02 मिलेट्री वाहन, 01 पीएसी वाहन, 04 मोटरबोट, 20 लाउड हेलर, 20 लाइफ बॉय (रिंग), 30 लाइफ जैकेट, 04 बस, 02 डंफर, 01 जेसीबी, 03 एम्बुलेंस, 30 छोटे वाहन का इस्तेमाल किया गया।

☒ इनकी रही मौजूदगी

मॉक एक्सरसाइज में डीएम महेंद्र बहादुर सिंह, एसपी संजीव सुमन, सीडीओ अनिल सिंह, एडीएम संजय सिंह, एएसपी अरुण सिंह, एसटीओ आनंद कुमार, अधिशासी अभियंता (बाढ़ खंड) राजीव कुमार, एसडीएम श्रद्धा सिंह, रेनू, राजेश कुमार, अविनाश चंद्र मौर्य, तहसीलदार आशीष कुमार सिंह, विनोद गुप्ता, सुशील प्रताप सिंह, अवधेश कुमार, कमांडेंट होमगार्ड, सीवीओ डॉ अजित सिंह, डीएसओ एके सिंह, नायब तहसीलदार अतुल सेन सिंह, सुनील कुमार, जिला आपदा प्रबन्ध प्राधिकरण से एसीआरए दैवीय आपदा राम नरेश, विशेषज्ञ प्रशांत कुमार व पुलिस, सिंचाई, पंचायती राज, पीडब्लूडी, ऊर्जा, कृषि, पशुपालन, चिकित्सा, होमगार्ड, नागरिक सुरक्षा, खाद्य एवं रसद, परिवहन, शिक्षा, 40 आपदा मित्र शामिल हुए।

# संक्षिप्त समाचार

## भारत और चीन के पास सीमाओं पर शांति कायम रखने की क्षमता व इच्छा है : चीन

बीजिंग। विदेश मंत्री एस. जयशंकर की चीनी समकक्ष वांग यी के साथ बृहस्पतिवार को बाली में मुलाकात होने के बीच चीन ने कहा कि सीमा पर स्थिति स्थिर है और दोनों देशों के पास सीमावर्ती क्षेत्रों में शांति और स्थिरता बनाये रखने की क्षमता और इच्छा है। जयशंकर ने इंडोनेशिया के बाली में वांग के साथ बातचीत की और इस दौरान विशिष्ट लंबित मुद्दों पर खास जोर रहा। जी20 देशों के विदेश मंत्रियों के सम्मेलन से इतर बाली में दोनों विदेश मंत्रियों की मुलाकात एक घंटे चली। इस दौरान जयशंकर ने अपने चीनी समकक्ष को पूर्वी लद्दाख में वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर सभी लंबित मुद्दों के शीघ्र समाधान की आवश्यकता से अवगत कराया और जोर दिया कि द्विपक्षीय संबंध परस्पर सम्मान, परस्पर संवेदनशीलता और परस्पर हितों पर आधारित होने चाहिए।

## उदयपुर में कन्हैयालाल के कत्ल का है कानपुर से कनेक्शन कई जगह लगे थे डोनेशन बॉक्स

कानपुर। राजस्थान के उदयपुर में दर्जी कन्हैयालाल साहू के कत्ल के बाद चौंकाने वाले खुलासे सामने आ रहे है. कत्ल के इल्जाम में गिरफ्तार किए गए मोहम्मद रियाज अत्तारी और गौस मोहम्मद का जहां पाकिस्तान में बरेलवी फिरके की तंजीम दावत–ए–इस्लामी के साथ कनेक्शन की बात सामने आई है. वहीं इस मामले में यह भी सामने आया है कि आरोपियों और दावत–ए–इस्लामी के कानपुर से भी गहरे रिश्ते रहे हैं. सोशल मीडिया में वायरल एक वीडियो पर गौर करें तो दावते इस्लामी ने अपने एक वीडियो में कानपुर शहर को बहुत अहम बताया है।

सूफी खानकाह एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष सूफी मोहम्मद कौसर हसन मजीदी की माने तो वो लगातार इस संगठन के खिलाफ बोलते आ रहे है. जिसके एवज में उन्हें लगातार भारत ही नहीं पाकिस्तान से भी जान से मार दिए जाने की धमकियां दी जा रही है. मजीदी की माने तो साल 2021 में सूफी कौसर ने ही कानपुर में जगह जगह दावते इस्लामी के डोनेशन बाक्स लगे होने का मुद्दा उठाया था. उनके शिकायत करने के बाद जब पुलिस ने पड़ताल की तो हर गली नुक्कड़ पे दावते इस्लामी के डोनेशन बाक्स देखने को मिले थे. सूफी कौसर ने आशंका जाहिर की थी कि इस तरह से भारत से कलेक्शन करके इसे पाकिस्तान भेजा जाता है. जो हमारे ही देश के लोगों के खिलाफ गोले बारूद के रूप में इस्तेमाल किया जाता है। कन्हैयालाल हत्या का कानपुर कनेक्शन सामने आने के बाद कई चौंकाने वाले तथ्य देखने को मिले. दावते इस्लामी की कानपुर मे गहरी जड़ें हैं. पाकिस्तान से दावते इस्लामी के दल का कानपुर आना जाना लगा रहता है. ये दल कानपुर में एक दो दिन के लिए नहीं बल्कि हफ्तो के हिसाब से ठहरता रहा है. जिसकी तस्दीक पाकिस्तानी चौनल कर रहा है. फरवरी 2014 में पाकिस्तान से दावते इस्लामी का एक दल कानपुर के मुस्लिम बहुल इलाको में आया था।



सूत्र का दावा है कि तब उस दल ने कानपुर मे बरेलवी फिरके के बड़े बड़े धर्म गुरूओ से मुलाकात की थी. जनवरी 2015 में भी यह दल हाफिज हस्सान रजा अत्तारी की अगुवाई में कानपुर आया था. तब भी यह दल यहां हफ्ते भर से ज्यादा वक्त तक रुका था. तब यह दल डिप्टी पड़ाव इलाके मे गुरबत्तुल्ला पार्क स्थित दावते इस्लामी के मरकज मे रूका था. उस दौरान दल ने घूम घूम कर प्रतिष्ठानों घरों में जाकर लोगों से बरेलवी फिरके के धर्मगुरुओं से मुलाकात की थी। साल 2015 के दावते इस्लामी के दौर में सबसे अहम हस्सान रजा की मौलाना कासिम हबीबी बरकाती से मुलाकात रही थी. हस्सान रजा के साथ दल कासिम हबीबी से मिलने उनके घर गया था. उस वक्त वहां कई धर्मगुरु मौजूद थे। उस दौरान दावते इस्लामी का लिटरेचर भी बांटा गया था. कासिम बरकाती पेशे से सरकारी टीचर है. बासमंडी स्थित बरेलवियों की मस्जिद के सामने सरकारी स्कूल मे पढाते है. बासमंडी की इस मस्जिद को बरेलवियो का गढ़ भी बताया जाता है. यहां बरेलवी फिरके के शहर काजी साकिब अदीब मिस्बाही का अच्छा दखल है. साकिब मिस्बाही का दावत ए इस्लामी को जॉइन करने का वीडियो सामने है जो इसके प्रति उनके नरम रवैया को दिखाता है।बताया जाता है कि साल 2021 में जब दावते इस्लामी के खिलाफ शिकायत की गई थी तब साकिब अदीब ने ही अपने एक दल के साथ पूर्व पुलिस कमिश्नर असीम अरुण से मुलाकात कर दावते इस्लामी की सफाई पेश की थी. उस वक्त मिस्बाही की अगुवाई में बरेलियों का एक दल दावते इस्लामी की जमकर पैरवी कर रहा था।

## स्वास्थ्य विभाग की लापरवाही से हो रहा खून का अवैध धंधा

बहराइच। यूपी के बहराइच में स्वास्थ्य विभाग किस तरह लापरवाह है इसकी मिसाल जिले में स्थित ब्लड बैंक के ऊपर हुई कार्रवाई से देखने से मिल सकती है. एक प्राइवेट ब्लड बैंक वाला बिना किसी हिसाब किताब के पूरे जिले में नर्सिंग होम में खून की सप्लाई कर रहा था. इसकी गुणवत्ता की पोल तब खुली जब लखनऊ (स्नबादवू) में एक नकली खून का सौदागर पुलिस के हत्थे चढ़ा और उसने बहराइच के हसन ब्लड बैंक में खून देने की बात कबूल की। लखनऊ का चिकित्सा विभाग हरकत में आया और चिकित्सा आयुक्त ने जिले के ड्रग इंपेक्टर के साथ ब्लड बैंक पर छापेमारी की. आयुक्त की छापेमारी में ब्लड बैंक के मालिक डा. मारूफ ब्लड बैंक में रखे कुल 39 यूनिट का कोई हिसाब किताब टीम को नहीं दिखा सके. औषधि आयुक्त ने ड्रग इंपेक्टर को फटकार लगाते हुए, ब्लड बैंक को सील कर उसमें रखे ब्लड की गुणवत्ता की जांच के लिए सैंपल लखनऊ के पीजीआई भेजा है। बहराइच में खून का कारोबार पुराना है. चुकि बहराइच–नेपाल की सीमा से सटा जिला होने के साथ यहां श्रावस्ती, बलरामपुर और गोंडा के मरीज अपना इलाज कराने आते हैं. जिसकी वजह से स्वास्थ्य विभाग की व्यवस्थाए चरमराई है और अफसर लापरवाह बने है. सीमावर्ती जिले में प्राइवेट नर्सिंग होम में दलालो और झोलाछाप डॉक्टरों की भरमार है. जिले के थाना रिसिया इलाके में स्थित हसन हॉस्पिटल और ब्लड बैंक इसी की एक पहचान है। स्थानीय लोगों के मुताबित यहां से बड़े पैमाने पर नकली खून नेपाल को सप्लाई किया जाता रहा है. लेकिन इस दो नंबर के व्यापार को एक नंबर में करने के लिए हसन हॉस्पिटल के मालिक डा. मारूफ ने घूसखोर स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों से मिली भगत करके हाल ही में ब्लड बैंक का लाइसेंस ले लिया था। लेकिन मुनाफा खोरी की वजह से डा. साहब ब्लड का हिसाब किताब नहीं रख पाए कि ब्लड कहां से आता है और कहां जाता है. राजधानी में पुलिस के हत्थे एक नकली खून माफिया जब पकड़ा गया तो हसन ब्लड बैंक का नाम सामने आया. इसके बाद चिकित्सा आयुक्त की छापेमारी हुई तो ब्लड बैंक वाले खून के लेन देन का कोई कागज नहीं दिखा पाए तो ब्लड बैंक सील कर दिया गया।

## सम्पादकीय....

### अखिल भारतीय शिक्षा समागम 7-9 जुलाई 2022 शिक्षा का महाकुंभ

• देश के उच्च शैक्षणिक पारिस्थितिकी तंत्र को केंद्र, राज्यों, निजी संस्थाओं में व्यापक कार्यान्वयन, परामर्श के लिए सटीक शिखर सम्मेलन

नई शिक्षा नीति 2020/राष्ट्रीय शिक्षा नीति जब 29जुलाई 2020 से शिक्षा के स्तर में सुधार के उद्देश्य से लाभार्थी सभी छात्र छात्राओंके लिए यह केंद्रीययोजना जब लागू की गई तो इसका 2030 तक सकल नामांकन अनुपात 100 फीसदी लाने का लक्ष्य रखा गया था तथा शिक्षा हेतु पर सकल घरेलू उत्पाद के 6 फीसदी का सार्वजनिक व्यय का लक्ष्य रखा गया था और मानव संसाधन प्रबंधन मंत्रालय का नाम बदलकर शिक्षा मंत्रालय कर दिया गया था। इसमें पांचवी कक्षा तक शिक्षा में मातृभाषाध्स्थानीय क्षेत्रीय भाषा को अपनाने पर बल दिया गया था तथा मातृभाषा को कक्षा आठ और आगे की शिक्षा तक प्राथमिकता देने का सुझाव भी दिया गया था तथा देश भर के उच्च शिक्षा संस्थानों के लिए भारतीय उच्च शिक्षा परिषद यह एकल नियामक की परिकल्पना की गई थी,परंतु मीडिया में आई जानकारी के अनुसार चूंकि देश के उच्च शैक्षणिक पारिस्थितिक तंत्र का केंद्र, राज्यों, निजी संस्थानों में विस्तृत व्यापक स्तर पर आवंटन और नियंत्रण है इसीलिए नई शिक्षा नीति 2020 को व्यापक प्रचार, बल मिलने के में कठिनाई महसूस की जा रही थी इसीलिए ही इसे व्यापक बनानेके लिए अखिल भारतीय शिक्षा समागमध् शिखर सम्मेलन की सोच का उदय हुआ जिसपर आज हम इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे।

साथियों बात अगर हम 7 से 9 जुलाई 2022 तक चल रहे इस समागम की करें तो पीआईबी के अनुसार, यह शिखर सम्मेलन राष्ट्रीय शिक्षा नीति, 2020 को लागू करने में रणनीतियों, सफलता की कहानियों और सर्वोत्तम प्रथाओं पर चर्चा, विचार–विमर्श और अंतर्दृष्टि साझा करने के लिए अग्रणी भारतीय उच्च शैक्षणिक संस्थानों के लिए एक मंच प्रदान करेगा। कई विश्वविद्यालय पहले ही इस कार्यक्रम को अपना चुके हैं, लेकिन अभी भी बहुत से ऐसे हैं जिनके लिए इन परिवर्तनों को अपनाना और उनके अनुकूल होना बाकी है। चूंकि देश में उच्च शैक्षिक पारिस्थितिकी तंत्र केंद्र, राज्यों और निजी संस्थाओं तक फैला हुआ है, इसलिए नीति कार्यान्वयन को और आगे ले जाने के लिए व्यापक परामर्श की आवश्यकता है। परामर्श की यह प्रक्रिया क्षेत्रीय और राष्ट्रीय स्तर पर चल रही है। माननीय पीएम ने पिछले महीने हिमाचल प्रदेश के धर्मशाला में मुख्य सचिवों के एक सेमिनार को संबोधित किया था जहां राज्यों ने इस मुद्दे पर अपनी अंतर्दृष्टि साझा की। इस संबंध में परामर्शों की श्रृंखला में यह शिक्षा समागम की अगली कड़ी है।

साथियों बात अगर हम इस समागम के उद्देश्यों की करें तो, विश्वविद्यालय अनुदान आयोग और बनारस हिंदू विश्वविद्यालय के सहयोग से शिक्षा मंत्रालय द्वारा आयोजित इस तीन दिवसीय सम्मेलन में सार्वजनिक और निजी क्षेत्र के विश्वविद्यालयों के 300 से अधिक कुलपतियों और निदेशकों, शिक्षाविदों, नीति निर्माताओं के साथ–साथ उद्योग के प्रतिनिधियों को भी यह विचार–विमर्श करने के लिए एक साथ एक मंच पर लाएगा कि पिछले दो वर्षों में कई पहलों के सफल कार्यान्वयन के बाद देश भर में राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 के कार्यान्वयन को कैसे और आगे बढ़ाया जा सकता है।

यूजीसी के अध्यक्ष नें मीडिया में बताया कि समागम में 2020 की नई शिक्षा नीति पर विस्तार से चर्चा की जाएगी इस दौरान विद्वान अपने–अपने विचारों को रखेंगे,इसके साथ ही प्राचीनता के समागम को कैसे आधुनिक शिक्षा से जोड़ा जाए, इस विषय पर भी चर्चा की जाएगी। उन्होंने बताया कि इस सत्र में नई शिक्षा नीति के तमाम बिंदुओं के साथ आधुनिक शिक्षा पर भी जोर दिया जाएगा। डिजिटल यूनिवर्सिटी पर चर्चा की जाएगी। मंथन होगा कि मेरिट के अभाव में विद्यार्थी को कैसे इसमें एडमिशन मिल सकेगा। डिजिटल यूनिवर्सिटी विद्यार्थियों की समस्याओं को दूर करेगी। डिजिटल यूनिवर्सिटी शिक्षकों के साथ–साथ विद्यार्थियों के लिए काफी लाभदायक होगी।

साथियों बात अगर हम तीन दिनों तक चलने वाले इस समागम में कई सत्रों में चल रही चर्चा की करें तो, कई सत्रों में बहु–विषयक और समग्र शिक्षा, कौशल विकास और रोजगार, भारतीय ज्ञान प्रणाली, शिक्षा का अंतर्राष्ट्रीयकरण, डिजिटल सशक्तिकरण तथा ऑनलाइन शिक्षा, अनुसंधान, नवाचार और उद्यमिता, गुणवत्ता, रैंकिंग और प्रत्यायन, समान और समावेशी शिक्षा, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए शिक्षकों की क्षमता निर्माण जैसे विषयों पर चर्चा हो रही हैं।इस शिखर सम्मेलन से विचारोत्तेजक चचाओं के लिए एक ऐसा मंच मिल सकने की उम्मीद है जो कार्ययोजना और कार्यान्वयन रणनीतियों को स्पष्ट करने के अलावा ज्ञान के आदान–प्रदान को बढ़ावा देगा और अंत विषय विचारविमर्श के माध्यम से एक नेटवर्क का निर्माण करने के साथ–साथ शैक्षिक संस्थानों के सामने आने वाली चुनौतियों पर चर्चा करेगा और उचित समाधानों को स्पष्ट करेगा। अखिल भारतीय शिक्षा समागम का मुख्य आकर्षण उच्च शिक्षा पर वाराणसी घोषणा को स्वीकार करना होगा जो उच्च शिक्षा प्रणाली के लक्ष्यों को प्राप्त करने में मदद करने के लिए भारत की विस्तारित दृष्टिकृत और नए सिरे से उसकी प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करेगा। शिक्षा मंत्रालय ने यूजीसीऔर अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद के साथ मिलकर कई नीतिगत पहलों को शुरू किया है। इनमें अकादमिक बैंक ऑफ क्रेडिट, मल्टीपल एंट्री एग्जिट, उच्च शिक्षा में बहु अनुशासन और लचीलापन, ऑनलाइन और ओपन डिस्टेंस लर्निंग को बढ़ावा देने के उद्देश्य से विनियम, वैश्विक मानकों के साथ इसे और अधिक समावेशी बनाने के लिए राष्ट्रीय पाठ्यचर्या ढांचे को संशोधित करने, बहुभाषी शिक्षा को बढ़ावा देने तथा भारतीय ज्ञान प्रणाली को बढ़ावा देने और दोनों को शैक्षिक पाठ्यक्रम का हिस्सा बनाने, कौशल शिक्षा को मुख्य धारा में लाने एवं आजीवन सीखने को बढ़ावा देने जैसी पहल शामिल हैं।

पीएम नें बृहस्पतिवार को तीन दिवसीय सम्मेलन अखिल भारतीय शिक्षा समागम का उद्घाटन किया इस सम्मेलन में शिक्षा क्षेत्र से जुड़े विभिन्न पक्षकार उच्च शिक्षा के बदलते परिदृश्य और राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के विविध दृष्टिकोण के बारे में चर्चा हुई हैं।

अतः अगर हम उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन कर उसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे कि अखिल भारतीय शिक्षा समागम 7–9 जुलाई 2022 शिक्षा का महाकुंभ है देश के उच्च शैक्षणिक पारिस्थितिक तंत्र को केंद्र, राज्यों, निजी संस्थाओं में व्यापक कार्यान्वयन परामर्श के लिए सटीक शिखर सम्मेलन है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के कार्यान्वयन की गाथा, सर्वोत्तम प्रथाओं पर परामर्श विचार–विमर्श के लिए शिक्षा समागम मील का पत्थर साबित होगा।

स्तंभकार एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानी
गोंदिया महाराष्ट्र

## योग का वैश्विक विस्तारीकरण, वैदिक युग से आधुनिक युग तक

भारतीय वैदिक योग विद्या ने अंतराष्ट्रीय स्वरूप ले लिया है, योग अब न सिर्फ भारत में बल्कि वैश्विक स्तर पर ख्याति प्राप्त कर चुका है। भारतीय योग गुरुओं के वर्तमान में लाखों विदेशी शिष्य भी बन चुके हैं।योग एक आत्म केंद्रित शारीरिक क्रिया तथा प्रक्रिया है। इसके लिए किसी विशेषज्ञ की आवश्यकता भी नहीं होती ना किसी महंगी सहायक सामग्री की भी। इसीलिए योग एक रोग निवारक उपाय के रूप में धीरे धीरे व्यापक जन समर्थन प्राप्त करता जा रहा है।

योग प्रक्रिया में किसी अनावश्यक धन खर्च की आवश्यकता भी नहीं है और इसमें किसी विशेषज्ञ अथवा स्पेशलिस्ट व्यक्ति को भारी धन खर्च कर उस से ज्ञान लेने की आवश्यकता भी नहीं है। इसीलिए योग रोग निवारक उपाय की तरह ग्रामीण तथा शहरी भारत आदिवासियों महिलाओं के साथ युवाओं, विद्यार्थियों ,गर्भवती माताओं, किशोरियों आदि में नित नई बीमारियों के उन्मूलन में अत्यधिक उपयोगी साबित भी होता जा रहा है।

योग से न सिर्फ शरीर एवं मानसिक शक्ति में वृद्धि होती है बल्कि इससे आर्थिक लाभ प्राप्त होने लगे हैं ।योग से अर्थव्यवस्था सुधारने की क्षमता भी बढ़ती आंकी गई है। योग से अर्थव्यवस्था को सुधारने में अग्रणी भूमिका निभाने में बहु उपयोगी है। योग गुरुओं के रूप में नए रोजगार का अवसर ग्रामीण टूरिज्म, योग टूरिज्म, विदेशी मुद्रा की प्राप्ति व्यक्ति की उत्पादन क्षमता में बढ़ना और योग सामग्री का नया बाजार विकसित धीरे–धीरे होने लगा है। योग के प्रचार प्रसार होने तथा इसके लाभों को जन जन तक पहुंचाने के परिणाम स्वरुप आम लोगों में योग के प्रति रुचि बढ़ने लगी है ।फल स्वरूप स्कूल कालेजों तथा अन्य कॉरपोरेट सेक्टर के संस्थानों में योग शिक्षकों की मांग बढ़ने की संभावना बलवती हो गई है। बाबा रामदेव, अयंगर स्वामी, सतगुरु स्वामी ,विक्रम योगी जैसे गुरुओं की तरह अन्य योग के गुरुओं की मांग बेरोजगारी को कम करने में सहायक होगी तथा युवाओं को रोजगार का सतत एवं स्थापित रोजगार प्राप्त होगा। योग के प्रचार प्रसार बढ़ने से ग्रामीण क्षेत्रों में नवीन अर्थ लाभ की प्रक्रिया शुरू होना शुरू होगी तथा ग्रामीण पर्यटन के इजाफे के साथ साथ अन्य क्षेत्र में समग्र रूप से रोजगार बढ़ने की संभावना दिखाई देने लगी है। योग के अवसर शहर के प्रदूषण से दूर ग्रामीण क्षेत्रों की प्राकृतिक छटा के मध्य योग केंद्र स्थापित होने के साथ–साथ यह धन लाभ की योजनाओं को भी सृजित करते जा रहे हैं। उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री माननीय नरेंद्र मोदी के कूटनीतिक तथा राजनयिक प्रयत्न के फल स्वरुप संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा इसे वैश्विक मान्यता प्रदान करने के लिए 21 जून को प्रतिवर्ष वैश्विक योग दिवस मनाने की महत्वपूर्ण शुरुआत की गई। यह अत्यंत महत्वपूर्ण बात है कि भारत के इस संदर्भ में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस बनाने हेतु प्रस्ताव को संयुक्त राष्ट्र संघ में सबसे शीघ्रता से प्रस्ताव स्वीकृत किया गया और विश्व के सभी देशों पर का पक्षों ने जिस पर आम सहमति दर्शाई थी। योग वैश्विक स्तर पर चर्चित एवं प्रसिद्ध होने से पश्चिम से लेकर पूरब तक योग की महत्ता पर लोगों ने इसे अपने जीवन का अंग बना कर इसे वरीयता प्रदान करना शुरू कर दिया है। अब हर वर्ष 21 जून को न सिर्फ भारत में बल्कि संयुक्त राष्ट्र संघ एवं अन्य देशों में भी वैश्विक योग दिवस के रूप में योग प्रक्रिया तथा प्रक्रिया का प्रदर्शन तथा योग क्रिया की जाने लगी है। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाने के पश्चात योग द्वारा बड़ी मात्रा में विदेशी मुद्रा की प्राप्ति भी होने लगी है तथा इससे फॉरेन एक्सचेंज भी मजबूत होने लगा जिसके फलस्वरूप योग्य के प्रति पश्चिम के लोगों में बढ़ते आकर्षण ने ही बाबा रामदेव देव जैसे योग गुरु को अंतर्राष्ट्रीय मान्यता प्राप्त हुई है। और यही कारण है कि बड़ी संख्या में विदेशी यात्री भी योग सीखने भारत आते हैं तथा भारत की पर्यटन की संभावनाओं को बढ़ावा देने लगे हैं। इससे हमारे देश का विदेशी मुद्रा का संचयन धीरे धीरे बढ़ने लगा है। योग के प्रसिद्ध होने के साथ–साथ इसके अनेक केंद्र भारत तथा विदेशों में खुलने से भारत सरकार को विदेशी मुद्रा से भारी आर्थिक लाभ होना भी सुनिश्चित होने लगा है। अतः योग सिर्फ रोग निवारक ना होकर मानसिक, शारीरिक क्षमता को बढ़ाकर अर्थव्यवस्था की स्थिति को सुधारने में सहायक हो गए हैं। इसके साथ ही योग प्रक्रिया के प्रचार प्रसार से योग से संबंधित समस्त सामग्रियों की मांग बढ़ने के साथ–साथ अनेक रोजगार के अवसर में वृद्धि हुई है। योग वर्तमान में ही नहीं ऐतिहासिक रूप से भी वेदों में भी योग तथा शारीरिक क्रियाओं का विस्तृत वर्णन है।अतः हमें शारीरिक क्षमता को बढ़ाने के साथ–साथ देश की अर्थव्यवस्था में भी सुधार लाने की आवश्यकता होगी। देश में लगभग सभी स्कूलों कॉलेजों में अब योग शिक्षकों की तथा योग कक्षाओं की अनिवार्यता की जाने वाली है। जिससे देश की आने वाली पीढ़ी तथा देश के आने वाले नागरिक भी स्वस्थ मानसिक एवं शारीरिक क्षमता के साथ अपने रोजगार अवसरों में अपना 100: योगदान प्रदान करेंगे, जिससे भारत में उत्पादक क्षमता में बढ़ने की आशा की जा सकती है। योग से शारीरिक क्षमता बढ़ने के साथ–साथ कार्यकुशलता भी विशेषज्ञता के साथ वृद्धि करती रहती है। योग के लिए केंद्र सरकार तथा राज्य सरकारों को बहुआयामी तथा पंचवर्षीय योजनाओं के साथ कार्य योजना तैयार कर किसके कौशल विकास को बढ़ावा देकर तथा कृषि विकास, उद्योग विकास का लघु एवं मध्यम उद्योग की स्थापना के साथ योग को ग्रामीण क्षेत्रों में वैकल्पिक रोजगार सृजित करने की आवश्यकता होगी। योग की प्रक्रिया तथा इसकी योगिक क्रियाओं से ग्रामीण भारत में बीमारी, कुपोषण, गरीबी पिछड़ेपन, भ्रष्टाचार, अल्प विकास जैसी बुराइयों से बाहर निकलना खुलकर योग को प्रचारित प्रसारित करते हुए आय के साधन का बड़ा स्रोत बनाने की परम आवश्यकता है। दूसरी तरफ केवल सरकारी प्रयासों से ही यह संभव न होकर आम जनता और आम नागरिकों को भी इसमें अथक मेहनत करनी होगी। योग को प्रसारित करने के लिए बड़ी संख्या में रोजगार मूलक प्रशिक्षकों की बड़ी संख्या तैयार करनी पड़ेगी तथा योग को शारीरिक विकास विभाग के लाभ से जोड़कर इसका स्वरूप गैर धार्मिक बनाना होगा यह से इसमें संबंधित विवाद रहित कर समाज के सभी वर्ग मैं यह प्रचारित प्रसारित कर समाज की अर्थव्यवस्था के लिए सार्थक लाभ की तरह बहु उपयोगी हो सके तब ही इसकी संपूर्ण सार्थकता होगी। योग की प्राचीन काल से ही ऐतिहासिक तौर पर सशक्त एवं मजबूत विकसित परंपरा रही है अतः योग के इस महत्व और परंपरा को चिकित्सा अर्थव्यवस्था विदेशी मुद्रा की प्राप्ति में अधिकाधिक लाभ उठाने का साधन बनाना होगा।

संजीव ठाकुर, संकलनकर्ता, चिंतक,
लेखक ,रायपुर छत्तीसगढ़

## सुख दुख तो अतिथि हैं, बारी-बारी से आएंगे चले जाएंगे दोनों नहीं आएंगे तो अनुभव कहां से लाएंगे

वर्ष 1971 में आई फिल्म कभी धूप कभी छांव में गायक कवि प्रदीप का मशहूर गीत सुख दुख दोनों रहते जिसमें जीवन है वो गांव, कभी धूप तो कभी छांव, ऊपर वाला पासा फेंके नीचे चलते दांव, कभी धूप तो कभी छांव यह गीत आज हर युवा को सुनना चाहिए क्योंकि आज का युवा हमारे देश का भविष्य है और मेरा माननाहै कि वर्तमान चकाचौंध डिजिटल युग और पाश्चात्य संस्कृति के बढ़ते प्रभाव से वर्तमान पीढ़ी में दुख, कष्ट,परेशानी से संघर्ष करने की क्षमता अपेक्षाकृत कम होती जा रही है। हर कोई चाहता है कि वह सुखों का मालिक बना रहें, दुख उसके पास फटके भी नहीं!! परंतु वास्तविकता से दूर युवकों को हकीकत के नजदीक लाकर सुखों और दुखों को एक दूसरे का पर्यायवाची मानने की चर्चा आज हम इस आर्टिकल के माध्यम से करेंगें हालांकि, अनेक युवा साथी सुख–दुख के चक्रव्यूह को भलीभांति पहचानते भी हैं। साथियों बात अगर हम सुखों की करें तो मेरा मानना है कि आज हर व्यक्ति को दूसरे का सुख और समृद्धि अधिक दिखती है और अपनी कम!! अपनी उपलब्धि से असंतुष्ट रहने वाला व्यक्ति पराई उपलब्धि से जलता रहता है या उस पर हस्तक्षेप करता रहता है। इससे अनेक उलझनें सामने आती हैं। वह हर तरह से सुखी और संपन्न होने पर भी दुखी और दरिद्र प्रतीत होता है। इसी कारण समस्याओं से भी घिरा रहता है। सुखी होने का बहुत सरल फामरूला है–संतुष्ट होना।

साथियों बात अगर हम दुखों की करें तो, जीवन में जितना कष्ट आएगा, उतना ही हममें सहनशीलता आएगी और हम धैर्यवान होते जाएंगे। धैर्य एक ऐसा गुण है, जो व्यक्ति की कार्यक्षमता में वृद्धि करता है, उसे आगे ले जाता है। उसे संपूर्णता प्रदान करता है। बड़ा दुख उपचार कर देता है सभी छोटे–छोटे दुखों का और असंख्य छोटे–छोटे दुखों के उपचार से प्राप्त सुख असीम सुख में परिवर्तित होकर आनंद ही देता है। दुःख, कष्टों से जूझने की क्षमता का विकास कर देता है।जितना बड़ा दुख, उतना ही क्षमतावान मनुष्य। हम कष्टों और समस्याओं से पलायन कर स्वयं अपने सुखों से दूर होते जाते हैं। असीमित उपभोग द्वारा भी हम अपने दुखों को कम कर लेते हैं। शरीर को जितना अधिक आराम और सुविधाएं देते हैं, वह उतना ही निष्क्रिय और जड़ होता जाता है। परिश्रम अथवा व्यायाम करेंगे, तो थोड़ा कष्ट तो जरूर होगा, पर स्वस्थ शरीर का सुख भी मिलेगा। कम खाएंगे तथा भूख लगने पर खाएंगे, तो भोजन के स्वाद का सुख भी मिलेगा। जो सारे दिन खाद्य–अखाद्य का उपभोग करते रहते हैं, उनके लिए भोजन में स्वाद का सुख कहां? इस प्रकार दुख को सहन करने से हमारी ऊर्जा जागती है। हमारी क्षमताओं का विकास होता जाता है।

साथियों बात अगर हम सुख–दुख की करें तो, जब जीवन में सुख आता है हम सुखी हो जाते हैं और जब दुख आता है तो हम दुखी हो जाते हैं। सोचना यह है कि हमारा अपना क्या योगदान रहा। जैसे वे आए हम वैसे हो गए। इसीलिए हमारे ऋषि–मुनियों ने एक नई स्थिति हमें सौंपी है– आनंद। आनंद में हमारी भूमिका आरंभ हो जाती है। दुख कभी किसी के जीवन में कम नहीं होंगे, लेकिन जो आध्यात्मिक व्यक्ति होते हैं वे समझ जाते हैं कि दुख आए तो दुखी नहीं होना है। दुख का आना और हमारा दुखी होना इसमें हम जितना भेद कर देंगे, जितनी दूरी बना देंगे, उतने ही हम आनंद के निकट चले जाएंगे। सुख आता है तो मनुष्य अहंकार में डूब जाता है, दुख आता है तो तनावग्रस्त हो जाता है। ये दोनों ही चीजें भीतर से पैदा की गई हैं।

साथियों बात अगर हम सुख दुख के समान भाव की करें तो अनन्तानीह दुःखानि सुखं तृणलवोपमम् ।
नातः सुखेषु बध्नीयात् दृष्टिं दुःखानुबन्धिषु
इस जगत में दुःख अनंत है और सुख तो तृण की तरह अल्प ! इसलिए जिसमें सुख के पीछे दुःख आता है वैसे सुखमें इन्सान ने आसक्ति नहीं रखनी चाहिए । एक धर्म में समता (समान भाव) का बहुत ही महत्व है। इसका अर्थ होता है सुख और दुख दोनों ही अवस्थाओं में अस्थिर नहीं होना, साम्य भाव रखना। श्रमण शब्द प्राकृत भाषा में समण से बनता है, जिसका अर्थ होता है जो समता को धारण करे। समणो सम सुख दुक्खो का अर्थ है कि श्रमण वही है, जो सुख और दुख में समान रहे। कष्टों में भी समता भाव धारण करने वाला एक महान उदाहरण मिलता है 23 वें तीर्थकर पार्श्वनाथ के जीवन में। साथियों बात अगर हम मन के भावों की करें तो, किसी भाव के कारण ही अभाव का तथा अभाव विशेष के कारण ही भाव विशेष का महत्व है। मृत्यु, अंधकार, विषमता, विरह अथवा अपमान आदि के उपस्थित होने पर ही जीवन की अमरता, प्रकाश, अनुकूलता, मिलन अथवा मान–सम्मान के भाव की अनुभूति की जा सकती है। इसी प्रकार यदि दुख नहीं आएगा, तो सुख भी नहीं आएगा, क्योंकि दुख की अनुभूति के बाद ही संभव है सुख की अनुभूति। व्यक्ति सुख चाहता है, पर हर व्यक्ति सुखी नहीं रहता। कोई सुखी तो कोई दुरूखी है। आखिर सुख और दुरूख क्या है।हमारे शास्त्रकार कहते हैं कि जो इंद्रियों और मन के अनुकूल हो, वह सुख है और जो प्रतिकूल लगे वह दुरूख है। भगवान हमारे हाथ में रोज सुबह एक सोने का सिक्का देते हैं जिसका हमें दिन भर अपने मन के मुताबिक उपयोग करना है, लेकिन इस सिक्के को कोई सुख खरीदने में उपयोग करता है, कोई दुरूख खरीदने में, तो कोई लापरवाही के कारण बिना सिक्का खर्च किए लौट आता है। भगवान का यह सिक्का हमारे रोजाना के दिन हैं। कुछ लोग बाहरी चीजों में अपना सुख खोजते हैं, लेकिन इस चक्कर में वे दुरूख के जाल में उलझकर रह जाते हैं।

साथियों बात अगर हम दलाईलामा की प्रेरणा की करें तो, उन्होंने सुखी होने के लिए दूसरों के प्रति संवेदनशील होने की बात कही है। वह कहते हैं कि हमारी खुशी का स्त्रोत हमारे ही भीतर है और यह स्त्रोत दूसरों के प्रति संवेदना से पनपता है। दूसरे की प्रगति के प्रति जलन और ईर्ष्या मानवीय दुर्बलता है। इसी दुर्बलता ने न जाने कितनी बार मनुष्य को आपसी नफरत और द्वेष की लपटों में झोंका है, अच्छे–भले रिश्तों में इसी कारण दरारें पड़ती हैं और इसी कारण मनुष्य दुखी व अशांत हो जाता है। वस्तुतरू सुख–शांति और आनंद को पाने के लिए कहीं बाहर जाने की जरूरत नहीं है। वह स्वयं के भीतर है।

साथियों प्रकृतिवादी विचारक बुद्धि को विशेष महत्व देते हैं परन्तु उनका विचार है कि बुद्धि का कार्य केवल वाह्य परिस्थितियों तथा विचारों को काबू में लाना है जो उसकी शक्ति से बाहर जन्म लेते हैं। इस प्रकार प्रकृतिवादी आत्मा–परमात्मा, स्पष्ट प्रयोजन इत्यादि की सत्ता में विश्वास नहीं करते हैं।

अतः अगर हम उपरोक्त विवरण का अध्ययन कर उसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे कि अनन्तानीह दुःखानि सुखं तृणलवोपमम् नातः सुखेषु बध्नीयात् दृष्टिं दुःखानुबन्धिषु ॥ सुख दुख तो आते ही हैं बारी–बारी से आएंगे चले जाएंगे दोनों नहीं आएंगे तो अनुभव कहां से लाएंगे। सुख या दुख की निरंतरता नहीं होती, सुख और दुखों को जिसने समभाव से समझ लिय उसने स्वयं को जान लिया।

एडवोकेट किशन सनमुखदास
भावनानी गोंदिया महाराष्ट्र

## शीर्ष अदालत की टिप्पणियां विषैले माहौल को बदलने का प्रयास

• इस समय जबकि देश का सामाजिक सदभाव बिगड़ा हुआ दिखाई दे रहा हैं। धर्म के नाम पर समाज मे हिंसा बढ़ गयी है। शब्द बेलगाम हो गए है। कडवें बोल ओर शाब्दिक हिंसा का सरेआम प्रदर्शन हो रहा हैं। साम्प्रदायिकता का यह वातावरण बोलचाल से बर्बर हत्या की घटनाओं में परिवर्तित होता जा रहा हैं। इस विषैले माहौल नें देश की अमन चौन ओर शांति व्यवस्था को गहरा प्रभावित किया हैं। लगातार साम्प्रदायिक तनाव से देश का बड़ा नुकसान हो रहा हैं। भड़काऊ ओर बेलगाम बोल वातावरण को विषैला बना रहे, इन बिगड़े बोलो से हिंसा भड़क रहीं हैं। नूपुर शर्मा पर की गई टिप्पणियों के बहाने देश की शीर्ष कोर्ट ने बेलगाम ओर घृणा फैलाने वाले उन सारे तत्वों को फटकार लगाई हैं जो अपना नाम चमकाने के लिए देश के सदभाव को बिगाड़ रहें है। इस दौर में देश के नामचीन चौनलों की बहस ओर सोश्यल मीडिया को देख ऐसा प्रतीत होता हैं कि देश का सामाजिक सदभाव आजादी के बाद सबसे बुरे दौर से गुजर रहा है। देश को इस राह पर आगे बढ़ने से रोकना हम सभी भारतीय नागरिकों का परम दायित्व हैं। यह दायित्व हमारी संवैधानिक संस्थाओं, राजनैतिक दलों और न्यायपालिका का भी हैं। इस राष्ट्रीय दायित्व के निर्वहन में जब राजनैतिक दल भी पक्ष–विपक्ष के रूप में खड़े दिखाई दे रहें हो, तब सुप्रीम कोर्ट का नूपुर शर्मा के बहाने इस विषैले माहौल को सुधारने के लिए टिप्पणी करना न्यायसंगत, उचित ओर राष्ट्रीय मूल्यों को सुरक्षित, संरक्षित ओर प्रतिपादित करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम हैं। सुप्रीम कोर्ट की यह सख्त टिप्पणी देश के जहर भरे वातावरण को बदलने के प्रयास के रूप में देखी जाना चाहिए। नूपुर के साथ–साथ न्यायालय ने टीवी चौनलों की उन्मादी बहसों को भी कठघरे में खड़ाकर इन बहसों के उदेश्यों पर सवाल खड़े किए। टीवी चौनलों की बहस मात्र टीआरपी बटोरने का साधन नहीं हैं। इन बहसों से प्रगति और रचनात्मकता की झलक होना चाहिए, किन्तु अधिकांश राष्ट्रीय चौनल इन उदेश्यों के विपरीत विषैले माहौल को ओर अधिक जहरीला बनाने की कोशिश करतें दिखाई देतें हैं। ऐसी अवस्था में अदालत की फटकार माहौल को सुधारने की दिशा में उठाया हुआ कदम प्रतीत होता हैं। न्यायालय की सख्त टिप्पणी नूपुर शर्मा, टीवी चौनल और पुलिस के खिलाफ तो हैं ही यह टिप्पणी उन सभी कडवें बोल ओर शाब्दिक हिंसा के माध्यम से माहौल को खराब करने वाले असामाजिक तत्वों, घटना के बाद तोड़–फोड़ कर हिसंक गतिविधियों में शामिल रहने वाले अराजक तत्वों, तालिबानी तरीके से बर्बर हत्या की घटना को अंजाम देने वाले वहशी दरिंदो के खिलाफ भी मानी जानी चाहिए। अदालत की सख्त टिप्पणी उन सभी के खिलाफ हैं जो भारत राष्ट्र के माहौल को सांप्रदायिक की आग में झोंककर राष्ट्र को क्षति पहुचाने का प्रयास कर रहें हैं। ऐसे समय जब देश के राजनैतिक दलों के दलीय हित साम्प्रदायिक भावनाओं को भड़काकर वोटों की फसलों को काटने का प्रयास कर रहे हो, पक्ष–विपक्ष में बटें इन दलों के समर्थक भी सोश्यल मीडिया के जरिए विभाजन की दीवार खड़ी करने की कोशिश करने में लगे दिखाई दे रहे हों, तब सर्वोच्च अदालत की इन सख्त टिप्पणियों को माहौल के सुधार की कोशिश के रूप में देखा जाना चाहिए। ऐसे वातावरण में जब राष्ट्र धर्म के पहले जातीय धर्म को सर्वोपरि माना जा रहा हो तब न्यायालय के कठोर वचन राष्ट्र धर्म को उच्च पायदान पर स्थापित करने की दिशा में बढ़ते कदम हैं। धर्म, जाति, भाषा की दीवारें दिनों–दिन ऊंची होती जा रहीं हैं। धार्मिक कट्टरपन की इन ऊंची होती दीवारों के समक्ष राष्ट्र धर्म गौण होता दिखाई दे रहा हैं। न्यायालय की फटकार इस विषैले और हिंसक वातावरण से देश को निजात दिलाने में सफल होगी। राष्ट्रीय प्रगति के लिए शांति सदभाव ओर अमन का होना जरूरी है। अपनी सख्त टिप्पणियों से देश की शिर्ष अदालत ने बेलगाम ओर भड़काऊ भाषण, टीवी चौनलों पर चल रहीं साम्प्रदायिक बहसों ओर पुलिस की निष्क्रिय कार्यप्रणाली को लताड़ा हैं।

शीर्ष न्यायालय की लताड़ का व्यापक असर होगा और माहौल में परिवर्तन होगा ऐसी आशा की जानी चाहिए। जब नेता संगठन और संस्थाएं अपने मूल कर्तव्य से भटककर राष्ट्र की शांति व्यवस्था से लगातार खिलवाड़ की कोशिश कर रहें हो, सोश्यल मीडिया से विभाजित समाज भी पक्ष–विपक्ष में बट गया हो, सियासी दल भी अपनी राजनैतिक महत्वाकांक्षाओं की पूर्ति मे अपने मूल उदेश्य से भटक गए हो, तब देश की शीर्ष अदालत की फटकार साम्प्रदायिकता के दमघोटू माहौल में शीतल बयार के सामान हैं। साम्प्रदायिक तनाव का लम्बा चलता माहौल एक प्रगतिशील राष्ट्र के लिए उचित नहीं हैं। इससे निजात के सामूहिक प्रयास की जरूरत हैं। नरेंद्र तिवारी पत्रकार

अयोध्या टाइम्स के लिए **मुद्रक, प्रकाशक एवं स्वामी बृजेश कुमार मौर्य** द्वारा किशोर प्रिन्टर्स 124/659 बी ब्लाक गोविन्द नगर, कानपुर नगर से मुद्रित व संजय नगर, गोविन्द नगर, कानपुर उत्तर प्रदेश से प्रकाशित

**राम कृपाल सिंह**
मुख्य संपादक/नेशनल ब्यूरोचीफ
**मो. : 9956096265**
सम्पादक : डॉ अनवेश सिंह
मो. : 9918523251
आर.एन.आई. नं. : यूपीएचआईएन 2015/67284
**DAVP CODE 133691**
डाक पंजीयन सं.: 272/2021–23
E-mail : dainikayodhyatimes@gmail.com
Website: dainikayodhyatimes.page

### आवश्यक सूचना

समाचार पत्र से संबंधित समस्त प्रकार के विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर न्यायालय ही होगा। – संपादक

### : प्रसारित :

**दिल्ली, लखनऊ, औरैया, इटावा, चित्रकूट, फर्रुखाबाद, कन्नौज, कानपुर देहात, कानपुर नगर, उन्नाव, लखीमपुर खीरी, रायबरेली, सीतापुर, आगरा, मथुरा, हाथरस, कासगंज, प्रयागराज, फतेहपुर, प्रतापगढ़, पीलीभीत, संत कबीर नगर, बांदा, हमीरपुर, ललितपुर, मैनपुरी, बहराइच, बलरामपुर, गोंडा, श्रावस्ती, अमेठी, गाजीपुर, बाराबंकी, अयोध्या, सुल्तानपुर, देवरिया, बरेली, भदोही, आजमगढ़, गोरखपुर, महाराजगंज, जालौन, बिजनौर, सोनभद्र, मुरादाबाद, रामपुर, संभल, सहारनपुर, शामली, अन्य स्टेट : मध्य प्रदेश, बिहार, असम/त्रिपुरा, पश्चिम बंगाल, महाराष्ट्र**

# संक्षिप्त समाचार

## तहसील सभागार में कोटेदारों को सीएससी डिस्ट्रिक्ट मैनेजर ने दी ट्रेनिंग



नन्द कुमार गुप्ता श्रावस्ती( दैनिक अयोध्या टाइम्स)। जनपद श्रावस्ती के तहसील सभागार भिनगा में कोटेदारों को सीएससी डिस्ट्रिक्ट मैनेजर आमिल अंसारी द्वारा दिया गया ट्रेनिंग आपको बताते चले कि दर्जनों कोटेदार इस ट्रेनिंग में शामिल हुय। डिस्ट्रिक्ट मैनेजर आमिल अंसारी द्वारा कोटेदारों को ट्रेनिंग के दौरान ई सेवाओ के बारे में पूरी जानकारी दी जैसे एडिस्ट्रिक्ट के बारे में, आधार संशोधन ,बैंकिंग ,इंसोरेंस इत्यादि।इस अवसर पर सन्तराम शुक्ला अनोखेलाल, रफीउल्ला खां, बृजेश प्रताप सिंह, शिव प्रसाद, सुनील कुमार आदि कोटेदार उपस्थित रहे।

## 5 शातिर अपराधियों पर गैंगेस्टर की कार्यवाही व 2 गैंगस्टर एक्ट में नामित अभियुक्तगिरफ्तार



नन्द कुमार गुप्ता श्रावस्ती (दैनिक अयोध्या टाइम्स)। जनपद श्रावस्ती के थाना मल्हीपुर पुलिस द्वारा अभियुक्तगण वसीम उर्फ बटेर पुत्र सुल्तान निवासी महजिदिया, धीसू अली पुत्र दोस्त मोहम्मद, मगते उर्फ नजीर पुत्र सद्दीक निवासीगण सलारूगांव, वसीम पुत्र इदरीश निवासी जानूगांव, वारिस अली पुत्र उकत्नाम निवासी बनकटवा थाना मल्हीपुर जनपद श्रावस्ती के विरुद्ध धारा 3(1) उ0प्र0 गैंगेस्टर एक्ट की कार्यवाही की गयी। इनका एक संगठित गिरोह है जिसका लीडर वसीम उर्फ बटेर है। अभियुक्तगणों द्वारा आर्थिकध्भौतिक लाभ गोवंश की चोरी कर उनका वध करके उनकी खाल व मांस बेचने की घटनाए कारित की जाती रही है। उपरोक्त कार्यवाही के पश्चात 02 गैंगस्टर एक्ट के नामित अभियुक्त : मंगते उर्फ नजीर पुत्र सदीक खान निवासी शलारू गांव, वारिस उर्फ वारिस अली पुत्र उकलाम अली निवासी बनकटवा महुली थाना मल्हीपुर जनपद श्रावस्ती को गिरफ्तार किया गया।

## बकरीद पर विद्युत, पेयजल एवं साफ सफाई का बेहतर प्रबन्ध करें सम्बन्धित अधिकारीगण : डीएम

ब्यूरो चीफ श्रावस्ती ओंकार नाथ चौधरी श्रावस्ती। जनपद में आगामी त्योहार ईदुज्जुहा (बकरीद) शान्तिपूर्ण माहौल में सम्पन्न कराये जाने के मद्देनजर कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी नेहा प्रकाश की अध्यक्षता में जिला शान्ति समिति की बैठक सौहार्दपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुई। इसमें प्रशासनिक अधिकारियों के साथ मौजूद सभी संभ्रान्त नागरिकों ने आशा जताई कि पूर्व वर्षों की भांति इस वर्ष भी जनपद में ईदुज्जुहा (बकरीद) का त्योहार भाई–चारे के साथ मनाया जायेगा। बैठक को सम्बोधित करते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि साम्प्रदायिक सौहार्द के लिए जनपद अपनी अलग पहचान रखता है। उन्होने जनपद वासियों से अपील करते हुए कहा कि सभी लोग शान्तिपूर्ण ढंग से हिल–मिल कर त्योहार मनायें। त्योहार में कोई भी नई परम्परा न कायम की जाए, जिससे अमन–चौन का खतरा हो। उन्होने सभी लोगां से अपील की है त्योहार के अवसर पर कोई ऐसा कार्य न करें, जिससे एक–दूसरे की भावनाएं आहत हो। साथ ही यह भी स्पष्ट किया कि जिले के अमन–चौन से खिलवाड़ करने वालों के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही की जायेगी। जिला प्रशासन द्वारा बकरीद त्योहार पर विद्युत, पेयजल एवं साफ सफाई आदि के माकूल बन्दोबस्त कराये जायेंगे। जिले में बिना अनुमति के कोई भी जुलूस नही निकलेगा, और प्रतिबन्धित जानवरों की कुर्बानी नही की जायेगी। सामूहिक एवं खुले स्थानों पर कुब्बानी पूर्णतया प्रतिबन्धित रहेगा। यदि किसी भी ्यक्ति द्वारा शान्ति समिति बैठक में तय हुए बिन्दुओं की अनदेखी करके कोई भी ऐसा कार्य जिसमें अमन–चौन में बाधा उत्पन्न होने की सम्भावना हो, करने की कोशिश करेगा तो निश्चित ही उनके विरूद्ध विधिक कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी। उन्होने यह भी कहा कि आगामी 14 जुलाई से पवित्र श्रावण मास का प्रारंभ हो रहा है। 26 जुलाई को श्रावण शिवरात्रि का पर्व है। श्रावण मास में परंपरागत कांवड़ यात्रा निकाली जाती है। ऐसे में श्रद्धालुओं का उत्पीड़न न किया जाए । साथ ही यह भी ध्यान रखा जाए कि डीजे, गीत–संगीत आदि की आवाज निर्धारित मानकों के अनुरूप हो। धार्मिक यात्राओं/जुलूसों में अस्त्र– शस्त्र का प्रदर्शन नहीं होना चाहिए। ऐसी कोई घटना न हो, जिससे दूसरे धर्म के लोगों की भावनाएं आहत हो। उन्होने आगामी त्योहारों को देखते हुए नगर निकाय एवं ग्रामीण क्षेत्रों में बेहतर साफ–सफाई एवं बिजली की मुकम्मल व्यवस्था हेतु सम्बन्धित अधिकार अधिकारियों को निर्देश दिया है। उन्होने यह भी कहा कि व्यवस्थाओं से जुड़े सम्बन्धित अधिकारी अपने दायित्वों का बाखूबी निर्वहन करके तीज–त्योहारों को शान्तिपूर्ण वातावरण में सम्पन्न करायें। जिन क्षेत्रों में अभी तक शान्ति समिति की बैठक नही हुई है। सम्बन्धित उपजिलाधिकारी, पुलिस क्षेत्राधिकारी, तहसीलदार एवं थानाध्यक्षगण आपस में समन्वय बनाकर शान्ति समिति की बैठक कर लें। शान्ति समिति की बैठक के दौरान यदि कोई समस्या या शिकायत आती है तो उनका सूचीबद्ध कर निराकरण भी करायें, ताकि शान्तिपूर्ण ढंग से त्योहारों को सम्पन्न हो सके। बैठक में पुलिस अधीक्षक अरविन्द कुमार मौर्य ने कहा कि सभी लोग बकरीद का त्योहार एक–दूसरे की भावनाओं का आदर करते हुए मिल–जुल कर मनाये। उन्होने कहा कि त्योहार के अवसर पर गुड पुलिसिंग की व्यवस्था रहेगी। उन्होने संभ्रान्तजनों व बुजुगों से अपील करते हुए कहा कि त्योहार के अवसर पर संयमित आचरण करके हिल–मिलकर त्योहार मनायें। कोई भी ऐसा कार्य न किया जाए, जिससे एक–दूसरे को ठेस पहुंच रही हो। त्योहारों के दौरान खूफिया के भेस में पुरूष एवं महिला आरक्षी भीड़ –भाड़ स्थानों पर मुस्तैद रहेंगे। यदि किसी भी व्यक्ति द्वारा अमन–चौन में बाधा उत्पन्न करने की कोशिश करता है तो तत्काल उन्हें गिरफ्तार कर जेल भेजा जायेगा। बैठक का संचालन अपर जिलाधिकारी कमलेश चन्द्र ने किया। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक केशव चन्द्र गोस्वामी, उपजिलाधिकारी क्रमशरू भिनगा प्रवेन्द्र कुमार, इकौना आर0पी0 चौधरी, जमुनहा सौरभ शुक्ला, उपजिलाधिकारी रोहित, उपजिलाधिकारी आशुतोष, मुख्य चिकित्साधिकारी डा0 शारदा प्रसाद तिवारी, पुलिस क्षेत्राधिकारी अतुल कुमार चौबे, जिला पंचायत राज अधिकारी आनन्द प्रकाश, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका भिनगा यदुनाथ, अभिसूचना इकाई निरीक्षक राकेश कुमार चन्द्र, सहायक अभियंता विद्युत, सहित अधिकारी/ कर्मचारीगण, थाना प्रभारीगण तथा दोनों संगठनों के पदाधिकारीगण, बुद्धिजीवी वर्ग एवं सम्भ्रांत नागरिकगण उपस्थित रहें।



## आंगनबाड़ी केंद्र जमुनहा तृतीय पर लाभार्थियों को वितरित किया गया ड्राई राशन



नन्द कुमार गुप्ता श्रावस्ती (दैनिक अयोध्या टाइम्स)। अनुपूरक पुष्टाहार योजना के तहत प्रदेश सरकार के द्वारा चलाये जा रहे अभियान के क्रम में जनपद श्रावस्ती के विकास खण्ड जमुनहा अन्तर्गत ग्राम पंचायत जमुनहा भवनियापुर में संचालित तृतीय आंगनबाड़ी केंद्र पर बाल विकास परियोजना के अंतर्गत अनुपूरक पुष्टाहार योजना के तहत लाभार्थियों को पुस्टाहार के रूप में ड्राई फूड राशन वितरण किया गया।

इस अनुपूरक पुष्टाहार योजना के अंतर्गत ड्राई राशन में चना दाल,दलिया,रिफाइंड तेल व अन्य सामग्री पुष्टाहार के रूप में वितरित किया गया है। इस मौके पर प्रभारी बाल विकास परियोजना अधिकारी जैबुननिशा व आंगनबाड़ी कार्यकत्री पुतुल जायसवाल द्वारा अतरिक्त प्रभार पाकर मय सहायिका निर्मला देवी के साथ सभी पात्र लाभार्थियों को ड्राई फूड राशन वितरित किया गया। इस दौरान गांव की पात्र लाभार्थी महिलाएं मौजूद रही।

## राप्ती नदी मधवापुर घाट पर आपदा से बचाओ के लिए किया गया मॉक ड्रिल




नन्द कुमार गुप्ता श्रावस्ती (दैनिक अयोध्या टाइम्स) तहसील जमुनहा के अंतर्गत मधवापुर घाट पर बाढ़ की आपदा से बचाने के लिए एनडीआरएफ व स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा पूर्वाभ्यास किया गया। इस दौरान राप्ती नदी में आई भीषण बाढ़ के पानी से घिरे गांव के लोगों को बचाने, हर संभव मदद पहुंचाने के लिए तथा नदी में डूब रहे व्यक्ति को बचाने के लिए एनडीआरएफ टीम के गोताखोरों ने राप्ती नदी में कूदकर डूब रहे व्यक्ति को सकुशल निकाला गाया।और उसके स्वास्थ की देखभाल के लिए तत्काल प्रभाव से एंबुलेंस द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मल्हीपुर पहुंचाया गया जहां पर इलाज किया जा रहा है। इस मौके पर अपर जिला अधिकारी ने मौजूद ग्रामीणों को बताया कि बाढ़ के खतरे से बचाने के लिए सभी चौकियां सतर्क कर दी गई है। गांव में पानी के भरने या बाढ़ की विभीषिका से बचाने के लिए प्रशासन पूरी तरह से तैयार है किसी प्रकार से कोई दिक्कत ना हो जिसके लिए कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है। इस कार्यक्रम के दौरान उपजिलाधिकारी जमुनहा सौरभ शुक्ला, नायब तहसीलदार शुभम तिवारी, तहसीलदार अहमद फरीद खान, सीएचसी मल्हीपुर अधीक्षक रविंद्र कुमार सोनकर, पशु चिकित्सा अधिकारी मल्हीपुर नरेंद्र कुमार वर्मा, पुलिस क्षेत्राधिकारी भिंनगा अतुल चौबे, थाना मल्हीपुर प्रभारी हर्षवर्धन सिंह, लोकनिर्माण विभाग के अधिकारी कर्मचारी सहित राजस्व विभाग के कानूनगो अनंत राम, सहित भारी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

## SSB और APF जवानो के बीच वालीबाल प्रतियोगिता का हुआ आयोजन



नन्द कुमार गुप्ता श्रावस्ती (दैनिक अयोध्या टाइम्स) इंडो नेपाल भारतीय सीमा पर तैनात 62 वी वाहिनी भिनगा जी कंपनी के कैम्प प्रांगण में एक दिवसीय वालीबाल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें ककरदरी जी कंपनी के एसएसबी जवानों व नेपाल राष्ट्र जिला बांके एपीएफ गंगापुर के जवानों के मध्य वालीबाल गेम खेला गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि SSB कंपनी कमांडर मान बहादुर व नेपाल गंगापुर APF स्पेक्टर के वृजेंद्र जी रहे। इस मैच को दोनों देशों के जवानो ने मित्र मंडली का नाम दिया गया। जिसमें पांच राउंड गेम मे काटे की टक्कर देते हुए नेपाल APF के जवानों ने 24 और भारतीय सशस्त्र सीमा बल के जवानो को 22 रन प्राप्त हुआ। खेल रोमांचक दौर से गुजरता हुआ आखिरी समय पर नेपाल के जवानो ने 2 रन से जीत प्राप्त की। इस मौके पर नेपाल ASI वीरबर रोकया, हेड कांस्टेबल लक्ष्मन राणा, कांस्टेबल प्रकाश, हरी कृष्णा व SSB के उपनिरीक्षक सेस राम, कांस्टेबल भूपेंद्र, प्रकाश, प्रमोद,जयकृष्ण आदि जवान मौजूद रहे।

## पेड़-पौधों का हमारे जीवन में है महत्वपूर्ण योगदान : मा0 अध्यक्ष जिला पंचायत




ब्यूरो चीफ श्रावस्ती ओंकार नाथ चौधरी। जनपद श्रावस्ती आजादी के अमृत महोत्सव के अवसर पर ष्वन महोत्सवश कार्यक्रम के अन्तर्गत जनपद में वृहद वृक्षारोपण अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में गुलरा रेंजरी में मा0 अध्यक्षा जिला पंचायत दद्दन मिश्रा ने पौधरोपण कर लोगों को वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम में सहभागी बनकर अधिक से अधिक वृक्ष लगाने हेतु प्रेरित किया। इस अवसर पर मा0 अध्यक्ष ने कहा कि पेड़–पौधों का हमारे जीवन में महत्वपूर्ण योगदान है। वृक्षों के कारण ही पृथ्वी पर ऋतु चक्र बना रहता है। ऋतु चक्र को संतुलित बनाए रखने के लिए हमें अधिक से अधिक पेड़–पौधे लगाना चाहिए, और उनका संरक्षण करना भी अनिवार्य है। हमें पौधे का पेड़ बनने तक बच्चों की तरह संरक्षण करना चाहिए। एक पेड़ सैकड़ों जिंदगियां बचाने में सक्षम होता है। उन्होंने कहा कि कुछ लोग अज्ञानता और स्वार्थ के चलते पेड़ों की कटाई कर देते हैं। जिससे पर्यावरण को नुकसान होता है। इस अवसर पर रेंजर राकेश कुमार तिवारी, डिप्टी रेंजर बलराम कुमार, वन दरोगा परिक्रमा मिश्र, सदस्य जिला पंचायत प्रतिनिधि अशोक यादव, मुंशीराम तिवारी, लालजी पासवान, रामक्षविले मिश्र, बघेल सिंह, अनुपम प्रधान सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## बकरीद व अन्य त्योहारों के दृष्टिगत सेंट्रल पीस कमेटी की बैठक संपन्न



दैनिक अयोध्या टाइम्स
हमीरपुर।आने वाले ईदुज्जुहा/ बकरीद पर्व ,कावड़ यात्रा, सावन के सोमवार तथा अन्य त्योहारों के दृष्टिगत जिला स्तरीय पीस कमेटी की बैठक जिलाधिकारी डॉ चंद्र भूषण की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार कक्ष में संपन्न हुई।

बैठक में जिलाधिकारी ने आने वाले ईदुज्जुहाध् बकरीद पर्व की सभी को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि बकरीद तथा अन्य त्यौहार शांतिपूर्ण व भाई चारे के साथ मनाया जाए, जनपद में भाईचारे का गौरवशाली इतिहास रहा है, अतः इसको कायम रखा जाए। उन्होंने कहा कि सड़कों पर किसी भी दशा में नमाज न अदा की जाए । प्रतिबंधित पशुओं की कुर्बानी नहीं की जाए, कुर्बानी निर्धारित चिन्हित स्थल पर ही बन्द स्थान पर होगी, कहा कि खुले में कुर्बानी न की जाय । कुर्बानी के पश्चात उसके कचरे का समुचित ढंग से निस्तारण किया जाए । कहा कि त्योहारों के समय में लाउडस्पीकर की ध्वनि सीमा सीमित रखी जाए ताकि किसी दूसरे को असहजता का सामना ना करना पड़े। उन्होंने कहा कि विभिन्न समुदाय के लोगों द्वारा सामाजिक सौहार्द एवं भाईचारा इसी प्रकार बनाए रखने के लिए सोशल मीडिया तथा अन्य माध्यमों से अपील की जाय।

जिलाधिकारी ने कहा कि त्यौहार में पेयजल एवं विद्युत की आपूर्ति में किसी भी प्रकार का व्यवधान नहीं होना चाहिए इसके लिए कमियां पहले से ही दुरुस्त कर ली जाएं तथा ढीले तारों को दुरुस्त कर लिया जाए। उन्होंने कहा कि पर्याप्त मात्रा में टैंकर की भी व्यवस्था रखी जाए । कहा कि नगरीय क्षेत्रों में अधिशासी अधिकारियों द्वारा तथा ग्रामीण क्षेत्रों में जिला पंचायत राज अधिकारी द्वारा साफ सफाई की बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित की जाए पुलिस अधीक्षक श्री शुभम पटेल ने कहा कि सभी त्योहारों को परंपरागत ढंग से मनाया जाए सौहार्दपूर्ण वातावरण में भाईचारे के साथ मनाया जाए ,कोई भी नई परंपरा ना डाली जाए। यदि परंपरागत ढंग से कोई जुलूस निकलता आया है तो उसकी वीडियोग्राफी कराई जाए। त्योहारों के समय में अस्त्र शस्त्रों का प्रदर्शन किसी भी दशा में ना किया जाए । पुलिस की नजर सोशल मीडिया पर विशेष तौर पर रहेगी तथा सोशल मीडिया पर अफवाह फैलाने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

इस मौके पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व रमेश चंद्र ,अपर जिलाधिकारी न्यायिक डॉ नागेंद्रनाथ यादव, अपर पुलिस अधीक्षक , एसडीएम सदर रवींद्र सिंह, एसडीएम सरीला, समस्त सीओ व थाना प्रभारी ,समस्त अधिशासी अधिकारी नगर पालिका/नगर पंचायत ,पीस कमेटी के अन्य सदस्य, संबंधित विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी एवं अन्य प्रबुद्ध व गणमान्य नागरिक मौजूद रहे ।

## थाना परिसर मे संभ्रांत लोगों के साथ की बैठक



संवाददाता विमल पाण्डेय
दैनिक अयोध्या टाइम्स
फफूंद,औरैया। गुरुवार देर शाम को फफूंद थाना परिसर में बकरीद के त्योहार को लेकर पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई। थाना परिसर में नगर के संभ्रांत लोगों के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक में आगामी बकरीद समेत पड़ने वाले त्योहारों को आपसी सौहार्द के साथ मनाए जाने की अपील की गई। साथ ही शांति बनाए रखने के लिए प्रशासन का सहयोग करते रहने का थानाध्यक्ष राकेश शर्मा ने आग्रह किया। इसके अलावा उन्होंने कहा कि असामाजिक तत्वों पर पुलिस नजर बनाए हुए है। व क्षेत्र के धर्मगुरुओं और संभ्रांत नागरिकों की एक बैठक का आयोजन किया गया। इसमें सभी से आगामी बकरीद के त्योहार समेत पड़ने वाले अन्य त्यौहारों को आपसी सौहार्द व भाईचारा के साथ मनाने की अपील की गई। कस्वा व क्षेत्र में अमन चौन कायम रखने के लिए क्षेत्र के धर्मगुरुओं और संभ्रांत नागरिकों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है।थानाध्यक्ष राकेश शर्मा ने कहा कि आगामी बकरीद के त्योहार पर कोई भी नई पंरपरा न डालें और आपसी भाईचारे के साथ इस त्यौहार को मनाएं ताकि एकता बनी रहे। उन्होंने कहा कि शरारती तत्वों पर पुलिस प्रशासन की पैनी नजर रहेगी , प्रशासन ने ऐसे लोगों को चिन्हित कर रखा है। किसी भी तरह का महौल बिगाड़ने वालों पर सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाएगी इस मौके पर जीत कुमारी दुबे, शिव कुमार, सुरेश अवस्थी, प्रबल शर्मा वसीम प्रधान, कुदरत उल्ला खाँ,बैचेलाल कोरी, बालकृष्ण मिश्रा, अंकित रंजन त्रिपाठी, प्रदीप पांडेय,इजहार मेव, निर्मल त्रिपाठी, बबलू शर्मा, आसिफ राईन, सहित आधा सैकड़ा नागरिक मौजूद रहे।

## फर्जी जन्म प्रमाण पत्र बनाने वाले गिरोह का पुलिस ने किया पर्दाफाश



नन्द कुमार गुप्ता श्रावस्ती (दैनिक अयोध्या टाइम्स) आवेदक डा0 जेता सिंह मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, संयुक्त जिला चिकित्सालय भिनगा श्रावस्ती के द्वारा पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र प्रेषित कर अवगत कराया गया कि अज्ञात हैकर द्वारा मेरे डिजीटल हस्ताक्षर का प्रयोग कर फर्जी जन्म प्रमाण पत्र बनाया जा रहा है।
प्रकरण के संज्ञान में आते ही पुलिस अधीक्षक अरविन्द कुमार मौर्य ने तत्काल थाना को0 भिनगा में मु0अ0स0 295/2022 धारा 419, 420, 467, 468, 471 भादवि व 66(ब), 66(क) IT Act पंजीकृत करा कर अपराध शाखा/साइबर सेल/सर्विलांस सेल/स्वाट टीम की संयुक्त टीम बनाकर घटना के सफल अनावरण के निर्देश दिए थे। पुलिस अधीक्षक के दिए गए दिशा निर्देशो के फलस्वरुप संयुक्त टीम ने दिनांक 6 जुलाई 2022 को फर्जीवाडा कर जन्म प्रमाण पत्र बनाने वाले गैंग के 4 शातिर अभियुक्तों को गिरफ्तार कर गिरोह का पर्दाफाश करने में सफलता प्राप्त की है। जिनके कब्जे से 4 अदद मोबाइल, 20 अदद कूट रचित भिन्न भिन्न नामों से जन्म प्रमाण पत्र व रू– 1010 नगद बरामद किया गया।
अपराध करने का तरीका
गिरफ्तार किए गए अभियुक्तों द्वारा पुछताछ के दौरान बताया गया कि हमारे द्वारा फर्जी वेबसाइट का प्रयोग कर किसी भी व्यक्ति का चाहे वह कही का निवासी हो जन्म प्रमाण पत्र बनाया जाता है व उसका इस्तेमाल किया जाता है।
इस दौरान गिरफ्तार अभियुक्तगणों में तनवीर खॉ पुत्र मो0 इक्बाल नि0– सेखनपुरवा, अशीष कुमार पाठक पुत्र स्व0 मिश्रीलाल नि0 पण्डित पुरवा मथुरा बाजार थाना ललिया जिला बलरामपुर, रतन जायसवाल पुत्र निबरे जायसवाल नि0 मथुरा बाजार थाना ललिया जिला बलरामपुर,नियाज उर्फ रियाज उर्फ नियाज उर्फ मुकेश पुत्र रईस अहमद निवासी बंठिहवा थाना को0 भिनगा जनपद श्रावस्ती के खिलाफ मु0अ0सं0 295/2022 धारा 419,420,467, 468,471 भादवि व 66(ब), 66(क) आईटी एक्ट के तहत मुकदमा पंजीकृत किया गया।
इस दौरान गिरफ्तार करने वाली टीम में निरीक्षक रामपाल यादव स्वाट टीम प्रभारी, चौथीराम यादव अपराध शाखा, कांस्टेबल अंकित सिंह साइबर सेल, अभिषेक कमार सिंह सर्विलांस सेल सहित अन्य पुलिस कर्मी मौजूद रहे।

## दीवार फांद कर घर में घुसे चोरों ने लाखों की नगदी समेत सोने चांदी के जेवरात पर किया हाथ साफ




नन्द कुमार गुप्ता श्रावस्ती (दैनिक अयोध्या टाइम्स)। अज्ञात चोरों ने एक ही परिवार के घर के पीछे दीवार फांद कर घर में रखें नगदी सोने चांदी के जेवरात को लेकर हुए फरार। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस जांच में जुटी। मामला जनपद श्रावस्ती के थाना मल्हीपुर क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पंचायत भगवानपुर भैसाही के मजरा मैकूपुरवा निवासी छोटकऊ पुत्र फैज खां के घर में बीती रात अज्ञात चोरों ने घर के पीछे की दीवार फांद कर कमरे में रखे बक्से से 3 लाख 25 हजार रुपए नगदी समेत सोने चांदी के जेवरात पर हाथ साफ कर दिया। पीड़ित के मुताबिक घर के सभी लोग छत पर सोए हुए थे। की बीती रात अज्ञात चोरों ने घर के दक्षिण की तरफ से दीवार को कूदकर घर में दाखिल हुए। और घर में रखी गोदरेज अलमारी का लाक तोड़कर बक्शे में रखा जेवर और नगदी को उठा ले गए। वहीं पास में बने मुर्गी के फॉर्म से एक मोबाइल और एक टार्च पर भी चोरों ने हाथ साफ किया। चोरों ने घर में रखे बक्शे को गांव के बाहर खेत में ले जाकर कुंडे को तोड़कर बक्से में रखा सारा किमती समान निकाल कर बक्शे को वहीं छोड़कर भाग निकले। पीड़ित ने बताया कि मैसर जहां पत्नी रईस की 4 जोड़ी नथुनी, 3 जोड़ी बाला,3 पायजेब चांदी 2 जोड़ी, हार चांदी 1 मंगल सूत्र सोने का तथा 30 हजार रुपए नगद।
कमरूल निशा पत्नी फैज खां की : 4 चांदी की चूड़ी, 12 हजार रुपए नगद। बहन बड़कन्ना पत्नी ईदु की 3 नथुनी सोने की, पायल 2 जोड़ी,1 मंगल सूत्र सोने का, 2 बाला सोने का,1 फोफी सोने की, 2 पायल, 4 सोने की चौन, 3 जंजीर चांदी की 1 क्लिप चांदी की गायब हुई है। पीड़ित की सूचना पर पहुंची थाने की पुलिस जांच पड़ताल में जुट गई है। इस संबंध में थाना प्रभारी मल्हीपुर हर्षवर्धन सिंह ने बताया की पीड़ित द्वारा दिए गए प्रार्थनापत्र पर अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है जल्द ही चोरी की घटना का खुलासा किया जाएगा।

## जलजीवन मिसन के तहत प्रशिक्षण सम्पन्न



दैनिक अयोध्या टाइम्स हमीरपुर कुरारा। ब्लाक सभागार में पेयजल की गुणवत्ता जांच हेतु महिलाओं के प्रशिक्षण का शुभारम्भ जलजीवन मिसन के तहत ब्रजकिशोर गुप्ता जिला अध्यक्ष भाजपा द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। प्रशिक्षण में ब्लाक के सभी गांवो से पाँच –पाँच महिलाओं का चयन कर सबसे पहले जे जे एम पोर्टल पर पंजीकरण करके प्रशिक्षण की प्रक्रिया पूरी की गई।
प्रशिक्षण में खंड विकास अधिकारी दिब्या त्रिपाठी ने पानी बचाने , बृक्षारोपण और ब्लाक की पेयजल एवम स्वच्छता की योजनाओं की जनकारी दी, ब्लाक प्रमुख आशीष पालीवाल जी ने पानी की जांच और क्षेत्र की जल से संबंधित समस्याओं के निदान पर प्रकास डाला , इसी क्रम में अपर जिलाधिकारी राजेश कुमार जी ने जलजीवन मिसन के उदेश्यों हर घर जल योजना की जानकारी दी , कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे ब्रजकिशोर गुप्ता जी ने पेयजल श्रोतों की जाँच कराने सभी घरो तक अतिशीघ्र नल से जल पहुचाने और जिले के सभी ब्लॉकों में प्रशिक्षण आयोजित कर जल जाँच कराने तथा वृक्षारोपण कर पर्यावरण को बचाने का आवाहन किया, इसी क्रम में यूनोप्स के जिला सलाहकार सिद्धगोपाल त्रिवेदी ने बायोलॉजिकल व केमिकल से पानी जांच की जनकारी दी तथा यूनोप्स द्वारा बनाये जा रहे कम्यूनिटी सोक पिट की जानकारी देकर एक वर्ष में कराए गए कार्यो की जानकारी दी प्रशिक्षण के अंत मे महिलाओं को पानी जाँच करने के लिए टेस्ट किट वितरित की गई ।प्रशिक्षण में शिवनरेश सहा.खंड विकास अधिकारी, धर्मेंद्र कुमार एडीओ पंचायत और प्रशिक्षण का आयोजन यूपिकान संस्था द्वारा किया गया तथा संस्था की ओर से मृदुल प्रकाश दीक्षित , पी एम सी से संतोष कुमार तथा ब्लाक की आशा, आँगनवाड़ी, समूह सदस्य व गाँव की महिलाएं और ग्राम पेयजल एवम स्वच्छता समिति के सदस्य उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### जुलाई माह में होने वाले विधिक साक्षरता शिविर तिथियां हुई घोषित

दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो
उरई (जालौन)। तहसीलदार/सचिव विधिक सेवा प्राधिकरण तहसील कालपी ने विधिक साक्षरता शिविर/जागरूकता के संबंध में बताया कि सचिव/न्यायाधीश कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जालौन स्थान उरई के पत्र के द्वारा माह जुलाई 2022 में विधिक सेवा कार्यक्रमों/विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का आयोजन तहसील कालपी के ग्राम भडरा डेरा परासन के प्राथमिक विद्यालय में 08 जुलाई को सायं 04:00 बजे उ.प्र. मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना एवं दैवीय आपदा/कोविड–19 के पीड़ितों के अधिकार के विषय पर एवं ग्राम महेबा के प्राथमिक विद्यालय में 18 जुलाई को सायं 04:00 बजे ट्रांसजैण्डर के हितों के सम्बन्ध में सर्वोच्च न्यायालय द्वारा दी गयी विधि व्यवस्था का प्रचार प्रसार के विषय पर आयोजन किया जाना है।

### ब्लॉक कदौरा के अंतर्गत ग्राम पंचायत चमारी में दिख रहा है ग्राम प्रधान व सचिव के माध्यम से विकास

दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो
आटा (जालौन)। चमारी ग्राम प्रधान ने विधायक निधि वह सांसद निधि के प्रयास से ग्राम पंचायत में कई सीसी निर्माण व खड़ंजा निर्माण पुलिया निर्माण तालाब का शुद्धीकरण पंचायत भवन की मरम्मत सामुदायिक शौचालय कंप्लीट वह गरीब समाज के व्यक्तियों को वृद्धा पेंशन का लाभ देने का कार्य किया भारत सरकार की चलाई गई अन्य योजनाओं का लाभ ग्राम पंचायत के लोगों को देने का काम किया जा रहा है चर्चा का विषय बने ग्राम प्रधान चमारी ब्रजेश कुमार गौतम सचिव कुनाल सिंह ग्रामवासी चमारी के लोगों ने बताया है कि जब से प्रधान बृजेश कुमार गौतम बने हैं तब से गांव में काफी बदलाव हुआ है साफ–सफाई से लेकर गरीब मजदूरों को मजदूरी मिली है व बुजुर्ग महिलाओं को पेंशन उपलब्ध हो रही है लंबे समय से पढ़े गांव में नाली की समस्या को लेकर प्रधान बनते ही बृजेश कुमार गौतम ने नाले की साफ सफाई कराकर एक बड़ा काम किया है जो गांव में सराहनीय माना जा रहा है।

### पुलिस अधीक्षक सुल्तानपुर ने अपनी कमान को संभालते ही अपराधियों पर कसे शिकंजे जो निम्नवत है

दैनिक आयोध्या टाइम्स सुल्तानपुर ब्यूरो चीफ घनश्याम वर्मा
सुलतानपुर। पुलिस अधीक्षक सुलतानपुर, श्री सोमेन बर्मा द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत, अपर पुलिस अधीक्षक श्री विपुल कुमार श्रीवास्तव के पर्यवेक्षण में क्षेत्राधिकारी लम्भुआ श्री सतीश चन्द्र शुक्ला के नेतृत्व में थाना चांदा पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर कर्बला वाली बाग रमपुर मोढ पीपी कमैचा से संदिग्ध लग रहे बोलेरो सवार व्यक्तियो को चेक करने पर 05 नफर अभियुक्त के पास से 05 अदद अवैध नाजायज शस्त्र बरामद हुआ । जिस सम्बंध में थाना स्थानीय पर अभियोग पंजीकृत कर अभियुक्तो को न्यायालय भेजा जा रहा है ।

गिरफ्तार व्यक्ति का नाम –
1.नरसिंह पुत्र रामसिंह निवासी ग्राम शाहपुर थाना बदलापुर जनपद जौनपुर
2.संतोष कुमार पुत्र लालजी निषाद निवासी ग्राम मिरसादपुर थाना बदलापुर जनपद जौनपुर
3.कमलेश निषाद पुत्र चौथीराम निवासी ग्राम मिरसादपुर थाना बदलापुर जनपद जौनपुर
4.अनिल कुमार पुत्र बलिराम निषाद निवासी ग्राम उदपुर गेलवा थाना बदलापुर जनपद जौनपुर
5.इन्द्रजीत कुमार विन्द पुत्र फूलचन्द्र विन्द निवासी भालुआही थाना बदलापुर जनपद जौनपुर




गिरफ्तारीकर्ता अधिकारी कर्मचारीगणः–
रवि कुमार सिंह थानाध्यक्ष थाना चांदा सुलतानपुर
उ0नि0 श्री दिनेश चन्द्र थाना चांदा सुलतानपुर
का0 अनुराग पाल थाना चांदा सुलतानपुर
का0 वीरेन्द्र कुमार यादव थाना चांदा सुलतानपुर
का0 अभितेश कुमार थाना चांदा सुलतानपुर

बरामदगी का विवरण
1. एक अदद पिस्टल अवैध 32 बोर मय 02 जिन्दा कारतूस अभियुक्त सन्तोष के पास से बरामद
2. 02 अदद तमंचा देशी अवैध 32 बोर मय 02 जिन्दा कारतूस अभियुक्त कमलेश कुमार व अनिल कुमार के पास से बरामद
3. एक अदद तमंचा देशी अवैध 315 बोर मय एक जिन्दा कारतूस अभियुक्त नरसिंह के पास से बरामद
4. एक अदद चाकू अवैध अभियुक्त इन्द्जीत के पास से बरामद
5. एक बोलेरो नं0 DL4CAV4723 अन्तर्गत धारा 207 एमवी एक्ट

पंजीकृत अभियोग का विवरण
1. मु0अ0सं0 234/2022 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट विरूद्ध नरसिंह
2. मु0अ0सं0 235/2022 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट विरूद्ध सन्तोष कुमार
3. मु0अ0सं0 236/2022 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट विरूद्ध कमलेश निषाद
4. मु0अ0सं0 237/2022 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट विरूद्ध अनिल कुमार
5. मु0अ0सं0 238/2022 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट विरूद्ध इन्द्रजीत कुमार।

## शेखपुर बुजुर्ग, कालपी, जालौन एवं उरई में अनु. छात्र-छात्राओं निशुल्क मिलेगा आवास

दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो
उरई,जालौन। जिला समाज कल्याण अधिकारी लालजी यादव ने बताया कि समाज कल्याण विभाग द्वारा शेखपुर बुजुर्ग, कालपी, जालौन एवं रामनगर उरई में स्थापित राजकीय अनु. जाति बालक छात्रावासों में अनुसूचित जाति के छात्रों के लिए निःशुल्क आवासीय सुविधा उपलब्ध है। उक्त छात्रावास में प्रवेश हेतु आवेदन पत्र विज्ञापन तिथि से पन्द्रह दिवस तक छात्रावास कार्यालय, जिला समाज कल्याण अधिकारी कार्यालय, जालौन स्थान उरई से प्राप्त कर सकते हैं तथा दिनांक 30 जुलाई तक समस्त अभिलेख, औपचारिकतायें पूर्ण कर आवेदन पत्र सम्बन्धित छात्रावास में अवश्य जना कर दें। उक्त दिनांक के पश्चात आये आवेदन पत्रों पर विचार किया जाना सम्भव नहीं होगा। अन्य जानकारी के लिये कार्य दिवसों में छात्रावास कार्यालय ध जिला समाज कल्याण अधिकारी कार्यालय, जालौन स्थान उरई में सम्पर्क स्थापित करे।

## छुट्टा पशु छोड़ने पर होगी पशु पालकों के खिलाफ कार्यवाही : जिलाधिकारी चांदनी सिंह

दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो
उरई (जालौन)। जिलाधिकारी चांदनी सिंह ने बताया कि जनपद के विभिन्न अंचलों से निरन्तर छुट्टा गोवंश छोड़े जाने के कारण फसलों एवं जनमानस को नुकसान पहुंचाने की शिकायतें लगातार बड़ी संख्या में प्राप्त हो रही है। छुट्टा गोवंश छोड़ने पर रोक लगाने संबन्धी शासनादेश के प्रस्तर सं. 7 में प्राविधान है कि नगर पालिका अधिनियम–1916 की धारा–255 के अन्तर्गत कार्यवाही करते हुये उ. प्र. पंचायतराज मैनुअल के अध्याय–4 के अन्तर्गत धारा–15 ष्छुट्टा पशु और पशुधनष के विरूद्ध निवारक कार्यवाही की जाए। उ. प्र. पंचायतराज अधिनियम की धारा–37 की उपधारा (1) सपठित उ. प्र. पंचायतराज मैनुअल नियम 220 एवं 224 के अन्तर्गत एवं शासनादेश के प्रस्तर सं–3 पशु अतिचार अधिनियम 1871 (संशोधित 21 अगतस्त, 1996) में दिये गये प्राविधानों व पशुओं के प्रति क्रूरता निवारण अधिनियम–1960 की धारा–4 के अधीन स्थापित भारतीय जीव जन्तु कल्याण बोर्ड पर्यावरण बन और जलवायु मंत्रालय भारत सरकार द्वारा निर्गत दिशा निर्देश पत्रांक–9–3/2018–19/पीसीए 12 जुलाई तथा पशु क्रूरता निवारण अधिनियम–1960 की धारा 10 (1) के अनुसार गोवंश छुट्टा/लावारिस छोड़ जाने पर आईपीसी की धारा 428 एवं 429 के अन्तर्गत किसी भी जानवर को छोड़ने पर 03 माह तक का दंड भुगतना पड़ सकता है। जनपद के समस्त पशुपालकों से अपील है कि कोई भी व्यक्ति अपना पालतू गोवंश किसी भी दशा में छुट्टा न छोड़े, यदि कोई पशुपालक गोवंश छोडता पाया जाता है तो उस व्यक्ति के विरूद्ध उक्त सुसंगत धाराओं में संबंधित क्षेत्र के थाने में थानाध्यक्ष द्वारा अभियोग पंजीकृत करते हुए कार्यवाही अमल में लायी जायेगी।

## सांसद मेनका संजय गांधी ने फरियादियों की समस्याओं को गंभीरता से लिए




दैनिक अयोध्या टाइम्स सुल्तानपुर ब्यूरो चीफ घनश्याम वर्मा सुलतानपुर। पूर्व केंद्रीय मंत्री व सुल्तानपुर की सांसद मेनका संजय गांधी ने आज अपने सुल्तानपुर दौरे के चौथे व अंतिम दिन इसौली विधानसभा क्षेत्र के बल्दीराय ब्लॉक में अगई, दरियापुर, नंदरई व बीही निदूरा सहित आधे दर्जन ग्राम पंचायत में जनचौपाल लगाकर समस्याओं का निस्तारण किया।श्रीमती गांधी ने इसके पूर्व अपने नगर स्थित आवास पर 4 घंटे तक बड़ी संख्या में जन शिकायतों का निस्तारण किया।सांसद श्रीमती गांधी ने भाजपा नेता बलवीर यादव के संयोजन में आयोजित बीही निदूरा ग्राम पंचायत में जन चौपाल को संबोधित करते हुए कहा जिले का चतुर्मुखी विकास करना हमारी प्राथमिकताओं में है।उन्होंने कहा मैं अपने संसदीय क्षेत्र को लड़ाई झगड़ों से मुक्त करना चाहती हूं।उन्होंने कहा लोग मिलजुलकर खुशहाल रहे इसीलिए मैं गांव में जाकर लोगों की समस्याओं का निस्तारण कराती हूं। उन्होंने अपने तमाम बड़ी उपलब्धियों की चर्चा करते हुए कहा मेरे लिए लोगों की व्यक्तिगत दिक्कतें प्राथमिकताओं में होती हैं। मैं जानती हूं कि लोगों की छोटी– छोटी परेशानी परिवारों के दुःख दर्द का कारण बनती हैं। उन्होंने दो टूक कहा मुझे किसी के ऊपर भी हो रहा अन्याय बर्दाश्त नहीं होता है। सांसद मीडिया प्रभारी विजय सिंह रघुवंशी ने उक्त जानकारी देते हुए बताया कि सांसद श्रीमती गांधी ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के द्वारा सामान्य परिवार की आदिवासी महिला द्रौपदी मुर्मू को राष्ट्रपति का उम्मीदवार बनाने का निर्णय सराहनीय है।पार्टी द्वारा निर्धारित किए गए 250 कमजोर बूथों की मजबूती के लिए आयोजित कार्यशाला पर संतोष व्यक्त करते हुए सांसद मेनका ने कहा कि अल्पसंख्यक समुदाय के लोग बड़ी संख्या में बीजेपी से जुड़ रहे हैं। उन्होंने कहा कमजोर बूथों को जीतना हमारा लक्ष्य होगा। जनता दर्शन में फरियादियों की बढ़ती भीड़ पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए सांसद मेनका संजय गांधी ने कहा कि मुझे लगता है कि जिला प्रशासन के लोग अपना काम नहीं कर रहे हैं खासकर 90 प्रतिशत शिकायतें जो आ रही हैं वह लेखपालों की व राजस्व की ही आ रही हैं। लेखपाल अपना काम ईमानदारी से नहीं कर रहे हैं जमीन की लड़ाई बढ़ती जा रही है। मैंने सोचा था विधायक आएंगे यह काम करेंगे आज 100, 200 से बढ़कर 400 शिकायतें रोज के रोज आ रही हैं यह बहुत खतरनाक है।उन्होंने कहा डीएम को लेखपालों के साथ बैठक कर कुछ इसका उपाय ढूंढना होगा। उन्होंने कहा एक इंसान के ऊपर सब कुछ छोड़ना ठीक नहीं है। उन्होंने कहा जब मैं इंस्पेक्शन जाती हूँ तो देखती हूं अधिकांश गांवों में सार्वजनिक शौचालय बंद पड़े है और स्थिति भी बहुत दयनीय है जो चिंता का विषय है।उन्होंने कहा सरकार का आईडिया बहुत अच्छा है।श्रीमती गांधी ने कहा प्रधानों ने सामुदायिक शौचालयों में अपने रिश्तेदारों को केयरटेकर बना दिया है बजाय के कोई इंसान सफाई जो आकर सचमुच में करके जाए।उन्होंने कहा इसको बहुत गौर से देखना पड़ेगा नहीं तो यह प्रोग्राम भी फेल हो जाएगा। कार्यक्रम के अंत में बहुरांवा में पार्टीजनों द्वारा वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम किया गया।आज सांसद के साथ प्रमुख रूप से सांसद प्रतिनिधि रणजीत कुमार,ब्लाक प्रमुख शिव कुमार सिंह, शशिकांत पांडे,श्याम बहादुर पांडे, विकास शुक्ला, राजेश पांडे, अरुण द्विवेदी, राजधर शुक्ला,बब्बू फाइटर, रामचंद्र दुबे,बद्री यादव, बलवीर यादव, मुकेश अग्रहरी,गौरव मिश्रा, जयप्रकाश मिश्रा,मनीष सिंह आदि मौजूद रहे।

## जिलाधिकारी चांदनी सिंह ने कुरसेडा गाव का निरीक्षण किया



दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो
माधौगढ़ जालौन। डीएम चाँदनी सिंह ने गुरुवार को माधौगढ़ विकासखंड के कम्पोजिट उच्च प्राथमिक विद्यालय, सामुदायिक शौचालय, पंचायत भवन व ग्राम कुरसेंडा का निरीक्षण किया। उन्होंने सर्वप्रथम उच्च प्राथमिक विद्यालय में पहुंचकर बच्चों की कम उपस्थिति देख फटकार लगाई बच्चों का उपस्थिति रजिस्टर न दिखाने पर प्रधानाध्यापक को स्पष्टीकरण के निर्देश दिए। यूनिफॉर्म में बच्चे न मिलने पर नाराजगी जाहिर की और निर्देशित करते हुए कहा कि बच्चों के यूनिफॉर्म के लिए सरकार रुपए दे रही है अभिभावकों से वार्ता कर सभी बच्चों की यूनिफॉर्म बनवाएं। जिलाधिकारी ने स्कूल में ब्लैक बोर्ड पर बच्चों को पढ़ाया उन्होंने बच्चों से जवाब सवाल भी किए जिस पर बच्चों ने बखूबी से प्रश्नों के उत्तर दिए जिस पर जिलाधिकारी ने प्रसन्नता जाहिर की। उन्होंने कहा कि बच्चे देश का भविष्य है इन्हें उच्च शिक्षा प्रदान करें इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। उन्होंने सामुदायिक शौचालय का निरीक्षण किया निरीक्षण के दौरान ग्रामीणों द्वारा शिकायत की है कि यह सामुदायिक शौचालय अक्सर बंद ही रहता है और सामुदायिक शौचालय का निर्माण करा दिया लेकिन अभी तक गड्ढे नहीं खोदे गए। जिस पर जिलाधिकारी ने सामुदायिक शौचालय का निरीक्षण किया और ग्रामीणों द्वारा बताई गई कमियों को भी देखा। उन्होंने कहा कि सामुदायिक शौचालय का कार्य पूर्ण हो चुका है अभी तक गड्ढे नहीं खोदे गए हैं और संबंधित का भुगतान भी करा दिया है जिससे आप की संलिप्तता प्रतीत होती है उन्होंने सचिव के साथ संबंधित अधिकारियों के खिलाफ जांच के निर्देश दिए और इनके कार्यकाल में कराए गए कार्यों की भी जांच की जाए साथ ही सचिव के खिलाफ स्पष्टीकरण के निर्देश दिए। उसके पश्चात उन्होंने पंचायत भवन का भी निरीक्षण किया। उन्होंने पंचायत सहायक को निर्देशित करते हुए कहा कि अपने कार्यालय में समय से उपस्थित रहकर ग्राम वासियों की समस्याओं का निराकरण करें। उन्होंने कहा कि पंचायत सहायक कार्यालय में उपस्थित नहीं रहता है तो इसकी सूचना तत्काल दी जाए ताकि संबंधित के खिलाफ विधिक कार्यवाही अमल में लाई जा सके। ग्राम पंचायत में कराए गए कार्यों का लेखा–जोखा न दिखाने पर सचिव इंद्रपाल को कड़ी फटकार लगाई और निर्देशित किया कि 2 दिन के अंदर कराए गए कार्यों की आख्या प्रस्तुत करें। इसके पश्चात गौशाला का निरीक्षण किया गौशाला में एक भी पशु न मिलने पर सचिव इंद्रपाल सिंह को जमकर फटकार लगाई उन्होंने कहा कि आसपास घूम रहे सभी पशुओं को गौशाला में संरक्षित करें इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इसके बाद जिलाधिकारी ने ग्राम कुरसेंडा में घूम घूम कर हर गली का निरीक्षण किया ग्रामीणों के साथ वार्ता कर जो समस्याएं बताई गई उसका निराकरण के निर्देश दिए। उन्होंने निर्देशित करते हुए कहा कि गांव की साफ सफाई पानी की निकासी की व्यवस्था सुचारू रूप से होनी चाहिए उन्होंने कहा कि कहीं भी ऐसा ना हो कि बारिश में जलभराव की स्थिति पैदा हो उसके लिए पहले से ही गांव का भ्रमण कर सभी व्यवस्थाएं दुरुस्त कर ली जाए। उन्होंने निरीक्षण के दौरान देखा के कर्मचारियों ने नालियों की सफाई की और सड़क पर ही कूड़ा डाल रखा था जिस पर जिलाधिकारी ने संबंधित फटकार लगाते हुए चेतावनी दी कि आगे से इस प्रकार सड़क पर कोई भी कूड़ा नाली के निकालकर नहीं डाले। उन्होंने कहा कि नालियों से निकला हुआ कूड़ा बस्ती से बाहर डंपिंग स्थल पर ही इसको एकत्रित करें। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की गलतियां अब क्षम्य योग्य नहीं होगी। इस दौरान गांव में साफ सफाई व्यवस्था ठीक न होने पर नाराजगी जताई इंद्रपाल को कड़े निर्देश दिएऔर आदि नियमों को फटकार लगाते हुए गांव में साफ सफाई व्यवस्था दुरुस्त रखने के निर्देश दिए। उन्होंने ग्राम पंचायत सचिव, लेखपाल व एडीओ पंचायत को निर्देशित किया कि अपने–अपने क्षेत्रों में भ्रमण करते रहे ग्राम वासियों की शिकायतों का मौके पर ही निराकरण करें। उन्होंने कहा कि ग्राम वासियों की समस्याओं का निराकरण ब्लॉक स्तर पर ही होना चाहिए। इस दौरान गांव में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत बनाए गए घरों का भी निरीक्षण किया उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत बनाए गए मकान को योजना का नाम व लाभार्थी का नाम अवश्य अंकित किया जाए। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत बनाए जा रहे आवास के पात्र लाभार्थियों की सूची पंचायत भवन पर चस्पा की जाए। ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि परिवार रजिस्टर की नकल में सचिव रुपए लेते हैं, इस अवसर पर उप जिलाधिकारी पुष्कर नाथ चौधरी, विकास खंड अधिकारी दीपक यादव एडीओ पंचायत छेदा लाल दोहरे सचिव शिवसागर अवस्थी संजय श्रीवास पवन तिवारी देवेंद्र सिंह ग्राम प्रधान कमलेश कुमार आदि सहित संबंधित अधिकारी व ग्रामवासी मौजूद रहे।

## महाराणा प्रताप पार्क में उरई विकास प्राधिकरण ने किया वृक्षारोपण

दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो
उरई (जालौन)। उत्तर प्रदेश सरकार प्रदेश के सभी जिला अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि अपने–अपने क्षेत्र में पर्यावरण सुरक्षित रखने के लिए अधिक से अधिक वृक्षारोपण करे जिसको देखते हुए वन उत्साह के अंतर्गत आभियान चलाया गया जिला मुख्यालय उरई से लेकर गांव तक वृक्षारोपण अभियान में लोगों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया जिला मुख्यालय उरई के बघौरा बाईपास पर बने महाराणा प्रताप पार्क में उरई विकास प्राधिकरण के सहयोग से वृक्षारोपण किया गया वरिष्ठ कोषाधिकारी आशुतोष चतुर्वेदी के नेतृत्व में सहायक अभियंता प्रमोद कुमार पटेरिया अवर अधिवक्ता विजय कुमार उरई विकास प्राधिकरण के अधिवक्ता बृजराज सिंह रिछरा ड्रीम हाउस कंस्ट्रक्शन के प्रतिनिधि राजेश कुमार आनंद देवेंद्र और राम जी पटेल शंकर बाबू अभिषेक बाबू और अन्य लोगों द्वारा वृक्षारोपण किया गया वरिष्ठ अधिवक्ता बृजराज सिंह ने रिछरा ने कहा कि हम सब लोगों को मिलकर खाली पड़ी भूमि व खेतवा खलियान वह अपने घर में एक एक वृक्ष का पौधा लगाना चाहिए जिससे ऑक्सीजन की कमी ना रहे क्रोना काल में बढ़ती ऑक्सीजन को कमी को देखते हुए हाहाकार मची हुई थी पर्यावरण की कमी से ही ऑक्सीजन की उत्पत्ति होती है इसी को ध्यान में रखते हुए



सभी लोगों को अपने आसपास खाली पड़ी जगहों पर वह घर पर एक वृक्ष लगाना चाहिए।

## आगामी त्योहारों को लेकर बैठक हुई संपन्न

दैनिक अयोध्या टाइम्स सुल्तानपुर ब्यूरो चीफ घनश्याम वर्मा। सुल्तानपुर पुलिस अधीक्षक ,सोमेन बर्मा द्वारा सभी थाना प्रभारियों को आगामी बकरीद त्यौहार को सकुशल सम्पन्न कराने हेतु अपने–अपने थाना क्षेत्रान्तर्गत पीस कमेटी की मीटिंग लेने हेतु निर्देशित किया है। इसी क्रम में बकरीद त्यौहार को सकुशल व सौहार्द के साथ सम्पन्न कराने के लिए सुलतानपुर पुलिस ने अपनी तैयारियां पूरी कर ली हैं। जनपद के विभिन्न थानों में थाना क्षेत्रान्तर्गत मौलवियों, धर्मगुरुओं, संभ्रांत व्यक्तियों के साथ गोष्ठी आयोजित कर बकरीद को शान्ति एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने तथा कानून–व्यवस्था बनाये रखने हेतु पुलिस प्रशासन की मदद करने की अपील की गयी तथा किसी प्रकार के अफवाह एवं भ्रामक खबरों पर ध्यान न देते हुए अफवाह फैलाने वालों की सूचना तत्काल स्थानीय पुलिस को देने की अपील की गयी।

इस दौरान उन्हें विश्वास दिलाया गया कि जनपदीय पुलिस शांति, सौहार्द एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पूर्णतः कटिबद्ध है। इसके साथ ही धर्मगुरुओं से वार्ता



करते हुए आवश्यक दिशा–निर्देश दिये गये। साथ ही पुलिस एवं प्रशासन का सहयोग करने की अपील की गयी। इस दौरान मौजूद सदस्यों ने अन्य वर्ष की भांति त्यौहार को शांतिपूर्वक मनाने का संकल्प लिया।

## बुंदेलखंड में सूखा(आपदा) चिंताओं लेकर बैठक



- सूखा के सहभागी आंकलन के लिए बनाई रणनीति,जारी की जायेगी रिसर्च रिपोर्ट : कुलदीप बौद्ध

दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो
उरई(जालौन)। देश मे होने बाले जलवायु परिवर्तन प्रेरित जोखिम और अनुकूलन की रणनीतियाँ एवं बुंदेलखंड में सूखा(आपदा) के सहभागी मूल्यांकन के लिए नेशनल दलित वॉच, एन.सी.डी.एच. व बुंदेलखंड दलित अधिकार मंच दुवारा बुंदेलखंड के 3 जिलों – जालौन, झांसी व ललितपुर के 5 ब्लॉक के 25 समुदाय लीडरों के साथ दो दिवसीय बैठक/कार्यशाला का आयोजन होटल आनंदी इन उरई में किया गया। कार्यशाला में बुंदेलखंड में लगातार पढ़ने बाले सूखे व उससे होने बाले प्रभावों पर चर्चा हुई,जिसमे अलग जिलों से आये समुदाय के लीडरों सूखा से होने बाले प्रभावों को रखा, झांसी जिले से आये राजेन्द्र ने कहाँ की हमने बुंदेलखंड में पढ़ने बाले सूखे के दंश को झेला है, हम दलित समुदाय से आते है सूखा में हमारा बहुत नुकसान हुआ था, सरकार की ओर से भी हमें मुआवजा भी नही मिल पाया था,जमीन है नही, रोजगार है नही तो अब हम इन आपदाओं से कैसे निपटें, ललितपुर से आये महिला लीडर – रामेश्वरी ने कहां की सूखा पढ़ने पर सबसे ज्यादा प्रभाव हम महिलाओं पर पढ़ता है , आज हमारे गावँ में पानी नही, हम लोग पीने के पानी के लिए संघर्ष कर रहे है, जालौन जिले से रबिन्द्र ने कहां की बुंदेलखंड सूखा की मार हमेशा से झेलता आया है लेकिन सरकार की जो मदद है वो हम लोगों तक नही पहुंचती है, आपदा से हमारा पूरा परिवार बुरी तरह प्रभावित होता हैं, कई सालों तक उबरना मुश्किल होता है।

कार्यशाला में नेशनल दलित वॉच से आई ली मेकक्युवीन व प्रसाद चाको ने पूरे में जलवायु परिवर्तन के परिदृश्य को रखा, की देश मे होने बाले जलवायु परिवर्तन व बुंदेलखंड होने बाले सूखा जैसे हालातों से निपटने केलिए सबको साथ मिलकर सोचना होना व इस मुद्दे पर हर स्तर पर पहल करनी होगी।

बुंदेलखंड दलित अधिकार मंच के संयोजक – कुलदीप कुमार बौद्ध ने कहां की बुंदेलखंड में दशकों से सूखा की मार झेली है और इससे सबसे ज्यादा प्रभावित हमारे दलित, बंचित व गरीब समुदाय के लोग होते है, इसलिए हम सब मिलकर बुंदेलखंड के सूखे प्रभाव पर एक रिसर्च/स्टडी करेंगे, समुदाय लीडरों के साथ सूखा का सहभागी मूल्यांकन कर समुदाय की मांगों को लेकर सरकार के साथ मिलकर पैरवी करेंगे ताकि आने बाले समय मे यदि सूखा पड़ता है तो उसके प्रभावों से लोगों को बचाया जा सकें। इसके लिए जिला बार टीम बनाई गई व जिम्मेदारी दी गयी, जिमसें इस कार्य को लेकर जालौन में मधु अनुरागी, ललितपुर में नत्थी चौधरी, झांसी व यूपी बुंदेलखंड के अन्य जिलों में जितेंद्र कुमार गौतम कॉर्डिनेट करेंगे , ब्लॉक स्तर पर कमेटी का गठन कर कार्य किया जाएगा।

## अमृत सरोवर योजना में चयनित हुआ तालाब बिजेथुआ महावीरन

दैनिक अयोध्या टाइम्स सुल्तानपुर रिपोर्ट अरविंद पांडे। सूरापुर क्षेत्र के अंतर्गत राजित राम बाबा के कर कमलों द्वारा उद्घाटन समारोह और ग्रामप्रधान प्रतिनिधि श्री संदीप चौधरी द्वारा उद्घाटन संपन्न हुआ। और आजादी के अमृत महोत्सव के अवसर पर प्रत्येक ग्राम सभा पंचायत में अमृत सरोवर का विकास किया जा रहा है। ग्राम सभा बिजेथुआ महावीरन अमृत सरोवर का उद्घाटन आज संपन्न हुआ कहा जाता है। इस अमृत सरोवर योजना में ग्राम सभा के तालाबों का चयन हुआ तालाब में बच्चे नौका विहार कर सकेंगे। तालाबों को योजना में चयनित करने की हरी झंडी भी दे दी गई है। और इन तालाबों तालाबों के किनारे तालाबों को संतुलित रखने के लिए उनके किनारों पर वृच्छारोपण का कार्य होगा पर्यावरण संचरण को ज्यादातर फलदार पौधे लगाए जाएंगे इसमें आम, जामुन ,इमली, पीपल ,नीम ,आदि के पौधे लगाए जाएंगे। गर्मियों के दिनों में इन पौधों को पानी तालाब से मिलेगा और इस अमृत सरोवर उद्घाटन में समस्त ग्रामवासी सेक्रेटरी नवनीत कुमार ,लेखपाल सुधीर मिश्रा, रितेश दुबे, शशांक दुबे, फौजी दुबे,प्रमोद, मोहित, रासू रजक, नितिन दुबे,



संदीप दुबे, रामबरन नेता,धर्मेंद्र पाठक,बब्बू पाठक,राजमणि वर्मा ,राजित राम वर्मा सम्मानित गण मौजूद रहे।

## मोहम्मद शफी अनुमंडल ब्यूरो चीफ अयोध्या टाइम्स रक्सौल पूर्वी चंपारण को अयोध्या टाइम्स बिहार परिवार से निष्कासित किया गया



का आई कार्ड किसी ग्रुप में जारी किया गया था। उस आई कार्ड को मोहम्मद शफी के व्हाट्सएप आईडी पर भेज कर सत्यापित कराया गया जिसे उन्होंने अपने वॉइस टोन के जरिए स्वीकार किया।

(रवि कुमार भार्गव राज्य को आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार)। राष्ट्रीय हिंदी दैनिक अयोध्या टाइम्स बिहार के राज्य कोऑर्डिनेटर श्री रवि कुमार भार्गव के अनुशंसा पर मोहम्मद शफी पिता मोहम्मद मुख्तार ग्राम सुकुल पाकर बेलवरिया पोस्ट शुकुल पाकर थाना प्रखंड सुगौली जिला पूर्वी चंपारण को रक्सौल अनुमंडल का ब्यूरो चीफ नियुक्त किया गया था। आज अचानक मोहम्मद रफी के द्वारा द सन एक्सप्रेसवे मीडिया

एक व्यक्ति एक ही मीडिया में कार्य करने के आधार पर अयोध्या टाइम्स अपने बिहार परिवार में संवाददाताओं के नियुक्ति करती आ रही है। इसके आलोक में मोहम्मद शफी को दूसरे मीडिया में कार्य करते पाए जाने पर उन्हें अनुमंडल ब्यूरो चीफ अयोध्या टाइम्स रक्सौल के पद से वंचित करते हुए अयोध्या टाइम्स बिहार परिवार से निष्कासित कर दिया गया है।

## कोरोना की पहली लहर में 300 घरों पर चलवा दिए बुलडोजर, हाईकोर्ट ने बेगूसराय डीएम को किया तलब

(रवि कुमार भार्गव राज्य को आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार)। कोरोना की पहली लहर के दौरान करीब 300 सौ घरों को तोड़े जाने के मामले में पटना हाईकोर्ट ने नाराजगी जताते हुए बेगूसराय के डीएम से जवाब तलब किया है। न्यायमूर्ति संदीप कुमार की सरकार ने घरों को तोड़ने सहित कई अन्य मामलों में रोक लगा दी थी। कोर्ट ने बेगूसराय डीएम को सोमवार को हाजिर होने का आदेश दिया। मोकामा–बेगूसराय राजेंद्र ब्रिज सिक्स लेन के निर्माण के लिए सिमरिया घाट बिंद टोली के पास करीब तीन सौ घरों को



एकलपीठ ने कई केसों पर एक साथ सुनवाई करते हुए यह आदेश दिया। कोर्ट ने कोरोना काल के दौरान पदस्थापित डीएम अरविंद कुमार वर्मा को इस केस में प्रतिवादी बनाने का आदेश दिया। साथ ही कोर्ट ने जानना चाहा कि कोरोना के दौरान ऐसी कौन सी जरूरत आ पड़ी थी कि तीन सौ घरों को तोड़ दिया गया। जबकि राज्य

कोरोना की पहली लहर के दौरान तोड़ दिया गया था, जबकि सरकार ने 16 मार्च 2020 को एक आदेश जारी कर कोरोना काल में किसी भी घर को तोड़ने पर रोक लगा दी थी। लेकिन बेगूसराय के तत्कालीन डीएम ने 20 मार्च 2020 को सिमरिया घाट बिंद टोली के तीन सौ घरों को ध्वस्त करवा दिया।

## अधिकारियों ने लिया पंचायतों का जायजा

दलसिंहसराय (विकास कुमार पाण्डेय) ! अनुमंडल क्षेत्र के विभिन्न पंचायतों में चल रहे विकास योजना की समीक्षा के लिए अधिकारियों ने बुधवार को स्थलीय निरीक्षण किया इस दौरान दलसिंहसराय उजियारपुर एवं विद्यापतिनगर प्रखंड के चयनित पंचायतों का जायजा अधिकारियों ने लिया ! एसडीओ प्रियंका कुमारी ने दलसिंह सराय प्रखंड के सुल्तानपुर घटहो पंचायत पहुंच कर वहां चल रहे विभिन्न योजनाओं की जांच की ! एसडीओ ने पंचायत में चल रहे नल – जल योजना, पक्की नाली – गली, कस्तूरबा विद्यालय, आंगनबाड़ी केंद्र, जन वितरण प्रणाली की दुकान, विद्यालय, आदि का निरीक्षण किया तथा संवेदक एवं अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया! इस दौरान जनप्रतिनिधियों ने वार्ड संख्या 6 तथा 16 में मोटर जल जाने के कारण जलापूर्ति बाधित रहने की शिकायत अनुमंडलाधिकारी से की, एसडीओ प्रियंका कुमारी ने पंचायत सचिव को अविलंब मोटर ठीक करा कर जल आपूर्ति प्रारंभ करने का निर्देश दिया! उजियारपुर प्रखंड के मालती एवं परोरिया पंचायत का भी अधिकारियों ने बुधवार को जायज लिया! अंचलाधिकारी अजीत कुमार झा ने मालती पंचायत का निरीक्षण किया, सी.ओ. ने बताया कि इस पंचायत में दर्जनों लोगों को नल जल योजना का कनेक्शन अब तक नहीं मिल सका है साथ ही सोखता निर्माण की राशि निकासी के बावजूद सोखता का निर्माण नहीं कराया गया है ! परोरिया पंचायत में योजनाओं की समीक्षा प्रखंड विकास पदाधिकारी भृगुनाथ सिंह ने की , श्री सिंह ने बताया कि पंचायत में चल रही योजनाएं संतोषप्रद है तथा आम जनता से किसी प्रकार की शिकायत नहीं मिली है! विद्यापति नगर में बीडियो ने की समीक्षा विद्यापतिनगर प्रखंड कै मऊधनेशपुर उत्तर पंचायत में प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रकृति नयनन ने विकास योजनाओं की समीक्षा की, इस दौरान सुश्री नयनन ने पंचायत में चल रहे हैं सात निश्चय योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, नल जल योजना, आंगनबाड़ी केंद्र, जन वितरण प्रणाली आदि का निरीक्षण कर अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया, वीडियो ने बताया कि वार्ड संख्या 8 में नल जल योजना के तहत टंकी का निर्माण नहीं कराया गया है जिससे जलापूर्ति में परेशानी होती है, वार्ड संख्या एक में चल रहे आंगनबाड़ी केंद्र संख्या 101 में बच्चों की उपस्थिति संतोषजनक नहीं थी, आंगनबाड़ी सेविका से बच्चों की संख्या बढ़ाने तथा पठन–पाठन कार्य ठीक करने का निर्देश बीडियो में दिया ! प्राथमिक विद्यालय दमदमा में शैक्षिक गतिविधि से प्रखंड विकास पदाधिकारी नाराज दिखी, उन्होंने प्रभारी प्रधानाध्यापक को विद्यालय में आवश्यक सुधार लाने का निर्देश दिया ! इस अवसर पर पंचायत के मुखिया विवेकानंद सिंह, पंचायत सचिव शिव नारायण झा समेत कई वार्ड सदस्य मौजूद थे !!

## बिहार राज्य पुल निगम की मनमानी लोगों पर पड़ रही भारी ओवरब्रिज हादसे-लूटपाट समेत कई समस्याओं से जूझ रहे लोग

(रवि कुमार भार्गव राज्य को आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार)। बिहार राज्य पुल निगम की मनमानी व लापरवाही से मोतिहारी जिला मुख्यालय का एकमात्र बलुआ ओवरब्रिज हादसों का सबब बनता जा रहा है। एक ओर विभाग को इस पुल के रख रखाव की जिम्मेवारी दी गई है। इसका मेंटेनेंस कार्य विभाग को ही देखना है और यात्री सुविधाओं को बहाल रखना इसकी महती जिम्मेवारी है। वहीं दूसरी ओर विभाग इसको लेकर पूरी तरह से लापरवाही दिखा रहा है और इसे देखने सुनने वाला कोई नहीं है। पुल के निर्माण के साथ ही इस विभाग ने इस पुल पर बिजली की व्यवस्था की थी लेकिन आपको जानकर आश्चर्य होगा कि विभाग की लापरवाही से इसपर लगे आधे से अधिक वेपर लाइट बन्द पड़े हुए हैं, जिसके कारण लोगों को खास परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। पुल पर अंधेरा होने के कारण यहां हमेशा दुर्घटनाएं तो होती ही रहती है साथ में लाइट के अभाव में यहां लगातार लूट व छिनतई की घटनाएं होती रहती है। लोगों के मोबाइल व अन्य चीजें लूटने का ये सेफ जोन बनता जा रहा है। बिजली नहीं रहने के कारण इस पुल पर लगातार घटनाएं घटित होती रहती है लेकिन विभाग चिर निद्रा में सोई रहती है। उनकी लापरवाही के कारण ही इस पुल पर कचरे का अंबार भी लगा रहता है और बरसात के दिनों में यहां जलजमाव भी बना रहता। जिसके कारण भी दुर्घटनाएं होती रहती हैं।



बिजली के पोल पर बल्ब व वेपर लाइट तो है लेकिन ये जलती नहीं हैं जिसके कारण यहां हमेशा मोबाइल व अन्य चीजों की लूट होती रहती है। खास बात ये भी है कि इस पुल से जिले के सभी वरीय से लेकर कनीय अधिकारी सभी के सभी रोजाना सफर करते हैं लेकिन किसी भी अधिकारी ने इस समस्या के प्रति आज तक अपनी दिलचस्पी नही दिखलाई है। जिसके कारण अब ये पुल अपराधियो का सेफ जोन बनता जा रहा है। वही इस संबंध में जब हमने इसकी जानकारी जिलाधिकारी शिर्षत कपिल अशोक को दी तो उन्होंने तत्काल नगर निगम व पुल विभाग को इस समस्या का जल्द से जल्द निराकरण करने का निर्देश दिया व इसके लिए उन्होनो जिम्मेवार अधिकारियों को हड़काया भी है।

## कल्याणपुर प्रखंड के शीतलपुर मध्य विद्यालय में बाल विवाह और बाल श्रम रोकने के लिए बाल संसद व मीना मंच का बैठक किया गया





(रवि कुमार भार्गव राज्य को आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार) पूर्वी चम्पारण। कल्याणपुर प्रखंड के शीतलपुर मध्य विद्यालय में बाल विवाह और बाल श्रम रोकने के लिए बाल संसद व मीना मंच का बैठक किया गया। बाल श्रम और बाल विवाह मुक्त समाज बनाने के लिए आज राजकीय मध्य विद्यालय शीतलपुर के बच्चों ने लिया संकल्प। समाज कल्याण विभाग, महिला एवं बाल विकास निगम, यूनिसेफ के सहयोग से सेव द चिल्ड्रेन द्वारा संचालित उड़ान प्रोजेक्ट के तहत आज शीतलपुर मध्य विद्यालय में बाल संसद और मीना मंच की बैठक की गई। इस बैठक में प्रेम प्रसंग में हो रहे पलायन को रोकने के लिए विद्यालय के बच्चों को जिम्मेदारी दी गई कि समाज मे खासकर किशोर किशोरियों को इसके दुष्परिणाम के प्रति सचेत करे। इस अवसर पर उड़ान प्रोजेक्ट के जिला समन्वयक हामिद रजा ने कहा कि थोड़ी देर की खुशी के लिए बच्चे भटक जाते हैं, और प्रेम प्रसंग में पलायन कर जाते हैं, उसका बहुत बड़ा दुष्परिणाम समाज में देखने को मिलता है। इसका सबसे ज्यादा खामियाजा लड़के को झेलना पड़ता है , करीब 10 वर्षों तक जेल में रहने को विवश होना पड़ सकता है। इस को लेकर जागरूकता की बात की गई। उन्होंने ने विद्यालय से वंचित बच्चों और खासकर छिजित बच्चे को विद्यालय से जोड़ने के लिए बच्चों से आह्वान किया। इस अवसर पर उड़ान प्रोजेक्ट के प्रखंड समन्वयक कृष्णा कुमार ने बच्चों के अधिकार और उसका संरक्षण के बारे में बताया। साथ ही बाल कल्याण समिति, बाल गृह, बालिका गृह सहित किशोर न्याय परिषद के कामों के बारे में बताया। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक सतीश कुमार साथ ही ने बच्चों को बाल विवाह बाल श्रम से मुक्ति के लिए जो संकल्प दिलाया गए हैं उसको दोहराते हुए कहा कि सभी बच्चों को स्कूल में लाना हम लोगों की पहली प्राथमिकता होनी चाहिए। विद्यालय प्रबंधन की ओर से कल्याणपुर और चकिया प्रखंड में बाल संरक्षण पर काम कर रहे उड़ान प्रोजेक्ट, यूनिसेफ सेव द चिल्ड्रेन के प्रखंड समन्वयक कृष्ण कुमार को प्रखंड लोकप्रिय शिक्षक डॉक्टर सतीश कुमार साथी द्वारा मेडल देकर सम्मानित किया गया।

## जिले में चला कोविड 19 टिकाकरण महाअभियान

☒ महाअभियान के लिए पूरे जिला में 131 टीकाकरण केंद्र बनाये गए, डीआईओ ने कहा–कोविड–19 टीका के सभी डोज लेना जरूरी

(रवि कुमार भार्गव राज्य को आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार) सीतामढ़ी। वैश्विक महामारी कोविड–19 से बचाव हेतु जिले में टीकाकरण का महाअभियान चलाया जा रहा है। गुरुवार को भी जिले में महाअभियान चलाकर ग्राम पंचायत, शहरी क्षेत्र के साथ स्कूलों में टीका लगाया गया।

शत प्रतिशत टीकाकरण का लक्ष्य हासिल करने के लिए यह महाअभियान चलाया गया, जिसमें अब तक छूटे हुए लाभार्थियों का टीकाकरण किया गया। जिला प्रतिरक्षण पदाधिकारी डॉ. एके झा ने बताया कि महाअभियान के लिए पूरे जिला में 131 टीकाकरण केंद्र बनाये गए थे। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों, आंगनबाड़ी केंद्रों, अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों, विद्यालयों आदि जगहों पर लोगों का टीकाकरण सुनिश्चित किया गया। दिन के तीन बजे तक जिले में 11531 लाभार्थियों को कोविड टीका लगाया गया। शतप्रतिशत टीकाकरण के लिए विभाग संकल्पित– जिला प्रतिरक्षण पदाधिकारी डॉ. एके झा ने कहा कि सुबह से ही सभी टीका केंद्रों पर वैक्सीनेशन का कार्य शुरू कर दिया गया। सभी केंद्रों पर वैक्सीन लेने वाले पहुंचने लगे थे।

जिसमें बूस्टर डोज लेने वालों की भीड़ अधिक रही है। सभी सेंटर पर 12 वर्ष से 14 वर्ष के बच्चों को, 15 वर्ष से 17 वर्ष के किशोर तथा 18 वर्ष से ऊपर के व्यक्तियों को प्रथम द्वितीय एवं बूस्टर डोज दी गयी। उन्होंने कहा कि 12 वर्ष से 14 वर्ष तक के छात्र–छात्राओं को कोरोना टीका देने के लिए स्कूलों में विशेष रूप से कैम्प लगाया गया। वैसे बच्चे जिन्होंने कोरोना टीका की एक भी डोज नहीं ली है, उन्हें विशेष रूप से टीका दिया लगाया गया। डॉ. झा ने कहा कि टीकाकरण से वंचित लोगों की सूची हर अस्पताल को उपलब्ध कराई गई है। इसी आधार पर टीकाकरण किया गया। उन्होंने बताया कि जिले में शतप्रतिशत टीकाकरण हो जाये, इसके लिए लगातार काम चल रहा है। डॉ. एके झा ने लोगों से अनुरोध किया कि कोरोना के बढ़ते मामले को देखते हुए जो भी लोग अभी तक वैक्सीन की प्रथम डोज भी नहीं लिए हैं। वह अवश्य वैक्सीन की डोज ले लें। क्योंकि



वैक्सीनेशन ही कोरोना से बचाव का एकमात्र साधन है।

तभी आपका परिवार, समाज सुरक्षित रहेगा। जिन्होंने टीका की कोई भी डोज नहीं ली है, वे अपनी पहली डोज जरूर लें। पहला डोज प्राप्त कर चुके लोग समय पर दूसरी डोज लें, और दूसरी डोज ले चुके लोग ससमय प्रीकॉशनरी डोज अवश्य लें।

## इलाज की जानकारी और शांति की जागरूकता फाइलेरिया रोगियों के लिए बन रही मिसाल



(रवि कुमार भार्गव राज्य को आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार) मुजफ्फरपुर। नीम हकीम और निजी चिकित्सकों का लोभ किस कदर किसी मरीज को मुसीबत में डालता है यह मीनापुर प्रखंड के नंदना गांव की शांति से बेहतर कोई नहीं बता सकता। पिछले 20 वर्षों से वह इसका खामियाजा भुगत रही थी। कभी किसी चिकित्सक ने पेन किलर तो किसी ने बीपी की दवा भी खिलाई, जबकि उसका मर्ज कुछ और था। उनके सही बीमारी फाइलेरिया का पता तब चला जब वह मीनापुर स्वास्थ्य केंद्र में आकर दिखाती हैं। कुछ महीनों की दवा से ही सूजन और दर्द में आराम मिला। इसके बाद तो जैसे शांति उन जैसी सभी महिलाओं और पुरुषों के लिए प्रेरणा बन गयी जिन्हें फाइलेरिया था। अब वह एक ग्रुप बनाकर लोगों को फाइलेरिया के लक्षण और उसके उपचार के लिए सही जगह के बारे में बता रही हैं। शांति देवी अब 60 की हैं। बीस साल पहले की बात बताते हुए वह कहती हैं कि खेत में काम करते हुए उन्हें अपने पैर में कुछ चुभन हुई। समझा कि किसी कीड़े ने काटा होगा। एक दो दिन बाद ही शरीर में दर्द और बुखार हुआ। उस वक्त यह ठीक हो गया। उसके बाद फिर से बाएं पैर में दर्द हुआ। दवा खाने पर ठीक हो गया। उसके कुछ वर्षों बाद ही शांति को उठने –बैठने में भी दिक्कत होने लगी। प्राइवेट डॉक्टरों का चक्कर लगाकर वह थक चुकी थी। खाने में ठंडी चीज को भी छोड़ दिया, पर शरीर में राहत नहीं मिली। जैसे –तैसे पांच बच्चों का पालन पोषण और घर गृहस्थी सभांलती शांति को एक किसी सरकारी अस्पताल के कर्मी ने ही मीनापुर स्वास्थ्य केंद्र जाने की सलाह दी।

दूसरे फाइलेरिया रोगी की खुद कटवाती हैं पुर्जा –

शांति कहती हैं कि जब मुझे फाइलेरिया में आराम हुआ तब मैंने यह बात अपने ही गांव में कुछ महिलाओं को बताया। धीरे –धीरे मेरे पास एक बार 8 महिलाएं आयी। फिर 4 आयी। सबने कहा कि आप चलकर दिखाइए। मैं गयी और सबों के पुर्जे कटवाकर जांच और उपचार कराया। मैंने अब फाइलेरिया की जागरूकता के लिए एक ग्रुप भी बनाया है। जिसके माध्यम से आंगनबाड़ी और जीविका दीदियों सहित गांव की महिलाओं को फाइलेरिया पर जागरूक करती हूं।

# संक्षिप्त समाचार

### जिलाधिकारी श्री शीर्षत कपिल अशोक के द्वारा जिला आपदा प्रबंधन शाखा के तत्वधान में नूरहसन आलम एवं नुरैशा खातून को 4-4 लाख रुपए अनुग्रह अनुदान राशि का चेक प्रदान किया गया

(रवि कुमार भार्गव राज्य को आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार) पूर्वी चम्पारण। जिलाधिकारी,श्री शीर्षत कपिल अशोक के द्वारा जिला आपदा प्रबंधन शाखा के तत्वधान में दिनांक 24 जून 2022 को वज्रपात से मृतक जोलरेखा खातून और



हसमुल्लाह आलम, ग्राम सिसवा मलदहिया,प्रखंड पहाड़पुर,जिला पूर्वी चंपारण के आश्रित निकटतम परिजन नूरहसन आलम एवं नुरैशा खातून को 4–4 लाख रुपए अनुग्रह अनुदान राशि का चेक प्रदान किया गया।

### जिलाधिकारी महोदय,मोतिहारी द्वारा भूमि सुधार उप समाहर्ता, रक्सौल,चकिया, पकडीदयाल सिकरहना को निर्देश जारी किया गया

(रवि कुमार भार्गव राज्य को आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार) पूर्वी चंपारण। जिलाधिकारी महोदय, मोतिहारी द्वारा भूमि सुधार उप समाहर्ता, रक्सौल ,चकिया ,पकडीदयाल सिकरहना को निर्देश जारी किया गया है। जिसमें कहा गया है कि बिहार लोक सेवाओं का अधिकार अधिनियम 2011 की सुसंगत धाराओं के अधीन आपके द्वारा 41 राजस्व कर्मचारियों पर अर्थदंड आरोपित किया गया है, परंतु अधिरोपित अर्थदंड के जमा करने संबंधी प्रतिवेदन अप्राप्त है। अतः निर्देश दिया जाता है कि संबंधित राजस्व कर्मचारियों से अधिरोपित अर्थदंड की वसूली कर सुसंगत शीर्ष में जमा कराना सुनिश्चित करेंगे , साथ ही वसूली की गई राशि से संबंधित प्रतिवेदन उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे।

### जिला पदाधिकारी मनेश कुमार मीणा की अध्यक्षता में विभागों में लंबित सीडब्ल्यूजेसी, एमजेसी वादों की स्थिति की समीक्षात्मकबैठक समाहरणालय के परिचर्चा भवन में आयोजित की गई

(रवि कुमार भार्गव राज्य को आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार) जिला पदाधिकारी मनेश कुमार मीणा की अध्यक्षता में विभागों में लंबित सीडब्ल्यूजेसी, एमजेसी वादों की स्थिति की समीक्षात्मक बैठक समाहरणालय के परिचर्चा भवन में आयोजित की गई। बैठक में जिला स्तरीय पदाधिकारी, अनुमंडल स्तरीय पदाधिकारी एवं प्रखंड स्तरीय पदाधिकारी से उनके लंबित वादों पर विभागवार समीक्षा की गई एवं आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। जिला पदाधिकारी द्वारा निर्देश दिया गया कि कोई केस को गंभीरता से लें साथ ही सीडब्ल्यूजेसी में माननीय उच्च न्यायालय के पारित आदेश का अनुपालन ससमय करें ताकि एमजेसी वाद दायर करने की स्थिति उत्पन्न ना हो। एमजेसी वाद को प्राथमिकता के आधार पर निष्पादन करते हुए कारण पृक्षा दाखिल करने का निर्देश दिया गया साथ ही अपने कार्यालय में लंबित मामलों का समीक्षा कर



15 दिनों के अंदर अनुपालन करते हुए ओथ नंबर समर्पित करने हेतु निर्देशित किया गया। उक्त बैठक में उप विकास आयुक्त विनय कुमार, अपर समाहर्ता जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी महेश कुमार दास, जिला पंचायती राज पदाधिकारी अविनाश कुमार, प्रभारी पदाधिकारी विधि प्रशाखा संजय कुमार सिन्हा, नगर आयुक्त मुमुक्षु चौधरी, जिला जन संपर्क पदाधिकारी विजय कुमार पांडे, डीएसपी मुख्यालय राम कृष्णा, अनुमंडल पदाधिकारी सदर राकेश कुमार के साथ संबंधित विभागों के पदाधिकारी एवं वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सभी प्रखंड स्तरीय पदाधिकारी उपस्थित थे।

### जनसंख्या नियंत्रण को लेकर ई-रिक्शा प्रचार वाहन को डीएम ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

दैनिक अयोध्या टाइम्स सुमित सिंह शिवहर अनुमण्डल ब्यूरो चीफ शिवहर,सीतामढ़ी। जिला पदाधिकारी मुकुल कुमार गुप्ता एव सिविल सर्जन डॉक्टर शैलेंद्र कुमार झा ने जनसंख्या स्थिरीकरण के संबंध में जागरूकता लाने के उद्देश्य से ई–रिक्शा प्रचार–प्रसार वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया है। सिविल सर्जन डॉक्टर शैलेंद्र कुमार झा द्वारा बताया गया कि वर्तमान परिपेक्ष्य में जनसंख्या नियंत्रण अथवा विश्व में स्थिरता लाना आवश्यक है ,इसी परिपेक्ष्य में 11



जुलाई 2022 को विश्व जनसंख्या दिवस के अवसर पर 11 से 31 जुलाई 2022 तक परिवार नियोजन सेवा पखवारा का आयोजन किया जा रहा है। इसके अंतर्गत आमजनों को जनसंख्या स्थिरीकरण के प्रति जागरूकता उत्पन्न करना, उपलब्ध सेवाओं की जानकारी पहुंचाना तथा योग्य दंपति को इच्छित सेवा प्रदान किया जाना है। 11 जुलाई 2022 से प्रारंभ होने वाला पखवाड़ा के तहत 425 महिला बंध्याकरण ऑपरेशन तथा 30 पुरुष नसबंदी करने का लक्ष्य रखा गया है।बंध्याकरण कराने वाली महिला तथा नसबंदी करने वाले पुरुषों को इस योजना के तहत प्रोत्साहन राशि भी दिया जाता है। इस पखवारा में महिला बंध्याकरण और पुरुष नसबंदी के साथ–साथ परिवार कल्याण के वैकल्पिक साधन कॉपर–टी, गर्भनिरोधक गोली तथा अंतरा सुई का वितरण किया जाएगा। कार्यक्रम में अपर समाहर्ता शंभू शरण, सिविल सर्जन डॉ शैलेंद्र कुमार झा, प्रबंधक जिला स्वास्थ्य समिति पंकज कुमार मिश्रा, अपर अनुमंडल पदाधिकारी विनीत कुमार ,जिला योजना पदाधिकारी आदि पदाधिकारी उपस्थित थे।

## महेन्द्र सिंह धोनी के जन्मदिन पर गुरुवार को नेपाल में भी कई कार्यक्रम आयोजित किये गये



डा मनीष कुमार सिंह संवाददाता अयोध्या टाईम्स मोतिहारी पूर्वी चम्पारण। महेन्द्र सिंह धोनी के जन्मदिन पर गुरूवार को नेपाल में भी कई कार्यक्रम आयोजित किये गये। महेन्द्र सिंह धोनी फैन क्लब वीरगंज के तत्वावधान में अलग–अलग कार्यक्रमों के माध्यम से महेन्द्र सिंह धोनी का जन्मदिन मनाते हुए उनके प्रशंसकों ने उनके लंबी उम्र की कामना की। महेन्द्र सिंह धोनी फैन क्लब वीरगंज के अध्यक्ष विक्की सर्राफ ने बताया कि एम एस धोनी के जन्मदिन पर पहले कार्यक्रम की शुरूआत ब्लड डोनेशन कैंप के साथ हुयी। क्लब के साथ सात सदस्यों ने ब्लड डोनेट किया।जबकि कुल 21 लोगों ने इस कार्यक्रम के दौरान रक्तदान किया।इसी प्रकार पर्सा जिला नेपाल के सात सरकारी स्कूलों के बच्चों में खेल–कुद के प्रति अभिरूची बढ़ाने को लेकर सात सरकारी स्कूलों में बैट, बॉल और विकेट का वितरण किया गया। वहीं पर्यावरण संरक्षण के उदेश्य से वीरगंज के सात कॉलेजों में पौधारोपण कार्यक्रम का भी आयोजन महेन्द्र सिंह धोनी फैन क्लब के द्वारा किया गया। मौके पर पवन यादव, निखिल मेहता, राज यादव, पूजा शर्मा, अनिशा हमला, गौरव अग्रवाल, अंकेश पौडेल, सुशिल पटेल, विवेक गुप्ता, मनोज यादव सहित एम एस धोनी फैन क्लब के सदस्य मौजूद थे।

## दिव्यांग जनों को संबल और सक्षम बनाने को सरकार संकल्पित : सांसद



☒ ट्राई साइकिल, व्हीलचेयर, दिव्यांग जनों को जरूरत के हिसाब से दी जाने वाली सहायक उपकरण का हुआ वितरण

(गोपाल कुमार ठाकुर ब्यूरो चीफ शिवहर दैनिक अयोध्या टाइम्स) शिवहर। सांसद रमा देवी ने जिला प्रशासन शिवहर द्वारा आयोजित मुख्यमंत्री सामर्थ्य संबल योजना अंतर्गत जिले के 43 लाभुकों जो चिन्हित थे उनमें से उपस्थित 25 दिव्यांग जनों को सहायक उपकरण वितरण करते हुए केंद्र सरकार की मंशा को स्पष्ट करते हुए कही है कि दिव्यांग जनों को संबल और सक्षम बनाना सरकार का मुख्य उद्देश्य है। स्थानीय गांधी नगर भवन में आयोजित कार्यक्रम को दीप प्रज्वलन कर सांसद रमा देवी, डीएम मुकुल कुमार गुप्ता, एडीएम शंभू शरण,शिवहर विधायक चेतन आनंद, बेलसंड विधायक संजय कुमार गुप्ता , अपर अनुमंडल पदाधिकारी विनीत कुमार, सहायक निदेशक दिव्यांगजन आफताब करीम सहित अन्य ने शुभारंभ करते हुए सहायक उपकरण का वितरण किया है। कार्यक्रम का संचालन पत्रकार हरिकांत सिंह ने की है, सभी आगंतुक अतिथियों को फूल का गुलदस्ता भेंट कर स्वागत किया गया। जिला पदाधिकारी मुकुल कुमार गुप्ता के द्वारा कार्यक्रम के मुख्य उद्देश्य को बताते हुए कहा है कि शिवहर जिले में 43 चिन्हित दिव्यांग लाभुकों मैं से 43 उपस्थित लाभुकों के बीच उनके अनुसार ट्राई साइकिल, व्हीलचेयर, आदि उपकरणों का वितरण किया गया है। डीएम ने बताया है कि भारत सरकार एवं बिहार सरकार दिव्यांग जनों को आर्थिक लाभ देने को लेकर कृत संकल्पित है। राष्ट्रीय सहारा न्यूज नेटवर्क की टीम ने इस खबर को प्रमुखता से ली है। डीएम ने बताया है कि इसको लेकर जिले में दिव्यांग जनों को प्रमाण पत्र बनाने को लेकर कैंप लगाकर कार्य किया जा रहा है। जिले में 16000 दिव्यांगजन चिन्हित है। जिनमें से 10000 दिव्यांग जनों को प्रमाण पत्र है, 6000 दिव्यांग जनों को प्रमाण पत्र बनवाने के लिए कैंप लगाकर कार्य किया जा रहा है। डीएम ने कार्यक्रम में बताया है कि जिले के सभी सरकारी स्कूलों में 2067 छात्र–छात्राएं दिव्यांगता से प्रभावित है। जिन्हें 600 का प्रमाण पत्र है, जबकि 7 कैंप आयोजित कर 1300 दिव्यांग छात्र छात्राओं को प्रमाण पत्र बना दिया गया है ,कुछ ही दिनों में शेष बचे को प्रमाण पत्र बनवा दिया जाएगा। ताकि सभी को भारत सरकार एवं बिहार सरकार से मिलने वाली दिव्यांग जनों को आर्थिक लाभ दिलाया जा सके। वहीं शिवहर विधायक चेतन आनंद, बेलसंड विधायक संजय कुमार गुप्ता ने भी अपने अपने विचार रखें। मौके पर जिला परिषद उपाध्यक्ष प्रतिनिधि राम बहादुर गुप्ता, डॉ रामाधार शाह, मनोज कुमार, अशोक चंद्रवंशी, सांसद प्रतिनिधि राजेश कुमार राजू, राजद जिला अध्यक्ष मोहम्मद इश्तियाक अहमद खां, सतीश कुमार, ऋतुराज कुमार, रामबाबू गुप्ता सांसद प्रतिनिधि पिपराही, जयप्रकाश गुप्ता नगर मंडल अध्यक्ष भाजपा, सहित प्रशासनिक पदाधिकारी मौजूद थे।

## सांसद रमा देवी ने किया नाले निर्माण का उद्घघाटन



(गोपाल कुमार ठाकुर ब्यूरो चीफ शिवहर दैनिक अयोध्या टाइम्स) शिवहर। सांसद रमा देवी ने व्यवहार न्यायालय कोर्ट के मुख्य गेट से लेकर अनुमंडल कार्यालय तक सड़क के दोनों साइड नाले का निर्माण कार्य का उद्घघाटन फीता काटकर किया है। मौके पर नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी राम आशीष तिवारी मौजूद थे। सांसद रमा देवी ने बताया है कि जिला शिवहर तेजी से प्रगति की ओर है। प्रधानमंत्री नरेंद्र भाई मोदी का सपना है कि सभी जगह आम जनता को हर सुविधा उपलब्ध हो। इस दिशा में नगर परिषद शिवहर अंतर्गत जिला न्यायालय कोर्ट से अनुमंडल कार्यालय तक सड़क के दोनों साइड नाला निर्माण प्राक्कलित राशि 7,49 की लागत से कराई गई है। सांसद रमा देवी ने बताया है कि कुछ दिन पहले इस रोड पर नाले का पानी आ जाने के कारण गंदगी भरा रहता था जिस से निजात मिला है। उन्होंने बताया है कि कल ही हमने शिवहर जिले के 3 सड़कों का शिलान्यास किया है। जब सड़क बन जाएगा तो गांव की दूर्दीन स्थिति से निजात मिलेगी आम लोगों को। मौके पर जिला परिषद उपाध्यक्ष पार्वती देवी के पति राम बहादुर गुप्ता, डॉ रामाधार साह, रामबाबू गुप्ता, सांसद प्रतिनिधि राजेश कुमार राजू, मीडिया प्रभारी संजय तिवारी, अधिवक्ता सुमन जी, संवेदक रोशन कुमार सिंह, कनीय अभियंता रजनीश कुमार, सहित भाजपा की टीम मौजूद थे।

## बिहार माध्यमिक शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष सुरेन्द्र चन्द्र एवं जिला सचिव दिलीप कुमार निर्विरोध निर्वाचित



(गोपाल कुमार ठाकुर ब्यूरो चीफ शिवहर दैनिक अयोध्या टाइम्स) शिवहर। श्री राम खेलावन जंगी उच्च विद्यालय कुशहर में सम्पन्न बिहार माध्यमिक शिक्षक संघ के जिला सांगठनिक चुनाव में अध्यक्ष, सचिव, राज्य कार्य समिति सहित सभी पदों का निर्वाचन निर्विरोध हुआ।
अध्यक्ष पद के लिए सुरेन्द्र चन्द्र, उपाध्यक्ष पद के लिए मो. कमरे आलम एवं अजित कुमार सिंह जिला सचिव पद के लिए दिलीप कुमार, संयुक्त सचिव पद पर आलोक कुमार,अर्जुन प्रताप,मो. शम्स आलम,रतीश कुमार, संगीता कुमारी, कोषाध्यक्ष पद पर राम औतार सहनी,अध्यक्ष परीक्षा समिति के पद पर उमेश कुमार बैठा, सचिव परीक्षा समिति के पद पर वीरेन्द्र कुमार सुमन, सदस्य,प्रमण्डल कार्य समिति राधेश्याम पासवान एवं शिव शक्ति कुमार तथा सदस्य, राज्य कार्य समिति के पद पर मो.शकील अख्तर को निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया गया। मतदान पदाधिकारी अजय कुमार आनन्द, सहायक मतदान पदाधिकारी रवि रंजन पासवान एवं राज्य पर्यवेक्षक आलोक रंजन उच्च विद्यालय कुशहर स्थित मतदान स्थल पर उपस्थित होकर मतदान प्रक्रिया का संचालन किया। इस अवसर पर प्रमण्डल अध्यक्ष वागेश्वरी नन्दन सिंह, प्रमंडलीय संयुक्त सचिव अतुल कुमार,अनुमण्डल अध्यक्ष शत्रुधन कुमार राय, अनुमण्डल सचिव मो.मुमताज अहमद सहित सभी मतदाता एवं सदस्य शिक्षकगण एवं कर्मी सैकड़ों की संख्या में मौजूद थे।

## बारात जाने के क्रम मे सड़क दुर्घटना में दो युवक की दर्दनाक मौत, अन्य तीन युवक गंभीर रूप से घायल

दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो चीफ समस्तीपुर निरंजन जायसवाल समस्तीपुर,ताजपुर। ताजपुर थाना क्षेत्र के मोतीपुर सब्जी मंडी के पास बीते रात कार एवं ट्रक के आमने–सामने की भीषण टक्कर में दो लोगों की मौत एवं अन्य तीन गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना देर रात करीब 12 बजे रात्रि की बताई गई है। मृतक की पहचान पूसा थाना के सेढ़ा बथुआ निवासी नागेश्वर राय के पुत्र



राजीव राय (28) एवं युगल राय के पुत्र विजय राय के रूप में हुई। गंभीर रूप से घायलों में सहदेव राय के पुत्र मुनिन्दर राय (25) व अन्य शामिल है जिनकी पहचान नहीं हो सकी। घटना के बाद सड़क जाम होने पर दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई। मौके पर पहुंची स्थानीय थाने की पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया वहीं घायलों को भी परिजनों ने अस्पताल में भर्ती कराया जहां उनका इलाज जारी है। बताया जा रहा है कि सभी कार सवार बारात जा रहे थे तभी यह घटना हो गई। घटना पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए भाकपा माले प्रखंड सचिव सुरेन्द्र प्रसाद सिंह एवं किसान नेता ब्रहमदेव प्रसाद सिंह ने दोषी ट्रक चालक पर कारबाई करने करने की मांग कर रहा है और मृतक के परिजन को 10–10 लाख रूपये मुआवजा देने एवं घायल का ईलाज सरकारी स्तर पर कराने

## 15 जुलाई से जिला में सघन दस्त पखवाड़ा पखवाड़ा के दौरान घर-घर जाकर पांच वर्ष तक के बच्चों के बीच बंटी जाएगी ओआरएस पैकेट



(रवि कुमार भार्गव राज्य को आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार)सीतामढ़ी। डायरिया से बचाव के लिए जिले में 15 से 30 जुलाई तक सघन दस्त पखवाड़ा का आयोजन किया जायेगा। पखवाड़ा के दौरान संबंधित क्षेत्र की आशा कार्यकर्ता अपने पोषक क्षेत्र में घर–घर जाकर पांच वर्ष तक के सभी बच्चों के बीच ओआरएस पैकेट का वितरण करेंगी। इसके साथ ही 5 वर्ष की उम्र तक के ऐसे बच्चे, जो दस्त रोग से ग्रसित होंगे, उन्हें लक्षित कर उनका समुचित उपचार किया जाएगा। जिला प्रतिरक्षण पदाधिकारी डॉ. एके झा ने बताया कि सघन दस्त नियंत्रण पखवारा को लेकर एएनएम एवं आशा फैसिलिटेटर को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इस कार्यक्रम के दौरान आशा कार्यकर्ता अपने क्षेत्र में डोर टू डोर भ्रमण कर माइक्रो प्लान तैयार करेंगी। जिसमें पांच वर्ष से कम उम्र के बच्चों की सूची बनाई जानी है। पखवाड़ा के दौरान पांच वर्ष से कम उम्र के बच्चों के घरों में प्रति बच्चा एक–एक ओआरएस पैकेट का वितरण किया जाएगा। उन्होंने कहा कि पखवाड़े में प्रयास किया जायेगा कि किसी भी बच्चे में निर्जलीकरण की स्थिति में घर में ही तत्काल ओआरएस तथा जिंक टैबलेट के माध्यम से प्रबंधन हो सके। जिला प्रतिरक्षण पदाधिकारी डॉ. एके झा ने बताया कि सघन दस्त नियंत्रण पखवाड़ा को हर हाल में सफल बनाने को लेकर जिले के सभी स्वास्थ्य संस्थानों के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी को आवश्यक और जरूरी निर्देश दिए गए हैं। साथ ही अपने–अपने स्तर से एक्शन प्लान तैयार कर उक्त पखवाड़ा के सफल संचालन के लिए सारी तैयारियाँ पूरी करने को कहा गया है। ताकि हर हाल में में निर्धारित समय पर पखवाड़े का शुभारंभ और सफलतापूर्वक समापन सुनिश्चित हो सके।
पखवाड़े के दौरान अति संवेदनशील क्षेत्र शहरी झुग्गी झोपड़ी, कठिन पहुंच वाले क्षेत्र, बाढ़ प्रभावित क्षेत्र, निर्माण कार्य में लगे मजदूरों के परिवार, ईंट भट्टे वाले क्षेत्र, अनाथालय और ऐसे चिह्नित क्षेत्र, जहां दो–तीन वर्ष पहले तक दस्त के मामले अधिक संख्या में पाए गए हैं उनको विशेष प्राथमिकता दी जाएगी। उन्होंने बताया कि मौसम में लगातार बदलाव के कारण डायरिया की संभावना बढ़ गई है। ऐसे में हमें विशेष सावधान और सतर्क रहने की जरूरत है। डायरिया से बचाव को लिए लोगों को स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहना चाहिए। डायरिया होने पर लगातार 14 दिनों तक जिंक का सेवन करें। 02 माह से 06 माह तक के बच्चों को जिंक की 1ध्2 गोली 10 मिग्रा. पानी में घोलकर या मां के दूध के साथ घोलकर चम्मच से पिलाएं। 06 माह से 05 साल के बच्चों को एक गोली साफ पानी के साथ मां के दूध में घोलकर पिलाएं। जबकि, दो माह से कम आयु के बच्चों को 05 चम्मच ओआरएस प्रत्येक दस्त के बाद पिलाएं। 02 माह से 02 वर्ष तक बच्चे को 1/4 ग्लास से 1/2 ग्लास प्रत्येक दस्त के बाद पिलाएं। 02 से 05 वर्ष तक के बच्चों को 1ध्2 से ग्लास प्रत्येक दस्त के बाद पिलाएं। जिंक सेवन से दस्त और तीव्रता दोनों कम होता है। मल का ज्यादा पतला या पानी जैसा होना ही डायरिया (दस्त) का पहला लक्षण है। इसके अलावा बच्चा बेचैन व चिड़चिड़ा रहा हो, अथवा सुस्त या बेहोश हो, बच्चे को बहुत ज्यादा प्यास लगना अथवा पानी नही पीना. चिकोटी काटने पर पेट के बगल की त्वचा खींचने पर धीरे–धीरे पूर्वावस्था में आना अर्थात त्वचा के ललीचेपन में कमी आना आदि डायरिया का ही कारण और लक्षण है।

## प्रखंड स्तरीय जनसुनवाई कार्यक्रम में उमड़ी भीड़



दैनिक अयोध्या टाइम्स सुमित सिंह शिवहर अनुमण्डल ब्यूरो चीफ शिवहर। सामाजिक अंकेक्षण सोसाइटी ग्रामीण विकास विभाग के द्वारा शिवहर जिले के पूरनहिया प्रखंड के विभिन्न पंचायतों में मनरेगा, आवास, जन वितरण प्रणाली दुकान , हर घर नल का जल सहित अन्य योजनाओं का सामाजिक अंकेक्षण के दौरान जनसुनवाई कार्यक्रम का आयोजन किया गया है, जिसमें जनता की भीड़ उमड़ पड़ी है। जनसुनवाई में अधिक से अधिक हितग्राही उपस्थित हुए हैं। जनसुनवाई कार्यक्रम में डीआरपी (सोशल ऑडिट), प्रखंड प्रमुख प्रमोद साह , प्रखंड विकास पदाधिकारी आशीष कुमार, कार्यक्रम पदाधिकारी, सहायक अभियंता (पीएचईडी), आवास पर्यवेक्षक, जीविका कर्मी, पंचायत रोजगार सेवक, आवास सहायक, डीलर एवं अन्य उपस्थित है। तथा मामलों का निष्पादन किया जा रहा है।

## अब समस्तीपुर में भी शुरू हुई गुरुवार से इमरजेंसी 112 डायल नंबर सेवा, आपके एक डायल पर पहुंचेगी पुलिस



दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो चीफ समस्तीपुर निरंजन जायसवाल समस्तीपुर। अब जिले में कहीं भी किसी भी तरह की दुर्घटना हो या कोई क्राइम, आपकी एक कॉल पर 15 से 20 मिनट में पुलिस आपके पास होगी । अब आगजनी, दुर्घटना, पुलिस सहायता, मेडिकल इमरजेंसी समेत किसी भी आपात स्थिति में सहायता के लिए सिर्फ 112 नंबर डायल करना होगा। यह सेवा निशुल्क है। दरअसल पूरे बिहार में शुरू हुई इमरजेंसी डायल नंबर 112 सेवा गुरुवार को समस्तीपुर जिले में भी शुरू हो गई है। सामान्य किसी भी फोन से भी मदद के लिए 112 नंबर डायल कर के मदद ले सकते है। इस नंबर को डायल करते ही पुलिस की गाड़ी के अलावा फायर ब्रिगेड और एम्बुलेंस सेवा मदद के लिए हाजिर होगी। समस्तीपुर एसपी हृदयकांत के द्वारा कलेक्ट्रेट परिसर से 112 नंबर युक्त आपातकालीन अनुक्रिया सहयोग प्रणाली वाले वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इससे पहले एसपी के द्वारा नारियल फोड़कर व फीता काटकर कार्यक्रम का उद्घाटन किया गया। बता दें कि बिहार सरकार के द्वारा समस्तीपुर जिले को ऐसे 9 पुलिस वाहन प्रदान किए गए हैं जो आपकी एक कॉल पर जिले में कहीं भी पहुंचेगी। इन गाड़ियों में अलग से पदाधिकारी व जवान को तैनात किया गया है। तीन शिफ्ट में प्रशिक्षित अधिकारी व जवानों की ड्यूटी लगाई जाएगी। जरूरत पड़ने पर स्थानीय थाना से भी मदद दी जाएगी। गाड़ियां मोबाइल डेटा टर्मिनलों और जीपीएस नेविगेशन सिस्टम से लैस है। इसपर समस्तीपुर के एसपी ने बताया कि बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के द्वारा बुधवार को विधिवत 112 डायल नंबर की शुरुआत की गई थी जिसके बाद गुरुवार से समस्तीपुर जिले में भी यह सेवा शुरू कर दी गई है। उन्होंने कहा कि फिलहाल नगर थाना, मुफ्फसिल थाना, मुसरीघरारी थाना व दलसिंहसराय थाना को दो–दो गाड़ी और मथुरापुर ओपी को एक गाड़ी उपलब्ध कराई गई है, आगे अन्य थानों में भी 112 डायल की गाड़ियां उपलब्ध कराई जाएगी। मौके पर प्रभारी डीएम विनय कुमार राय, डीडीसी अखिलेश कुमार सिंह, मुख्यालय डीएसपी अमित कुमार, नगर थानाध्यक्ष अरुण कुमार राय, मुफ्फसिल थानाध्यक्ष प्रवीण कुमार मिश्रा एवं सदर अंचल पुलिस निरीक्षक विक्रम आचार्य सहित अन्य पुलिस बल के जवान मौजूद थे।

# संक्षिप्त समाचार

## पुलिया उद्घघाटन सामारोह



(मो० अरशद अयूब गोगरी प्रखंड रिपोर्टर (महेशखुंट) दैनिक अयोध्या टाइम्स। उद्घाटन समारोह बिहार ग्राम पंचायत राज झिकटिया के अंतर्गत वार्ड नंबर 16 में एक पुलिया का उद्घाटन मुखिया प्रतिनिधि डॉक्टर भोलाराम के द्वारा दिनांक 7.7. 2022 को सुबह 9:40 में वार्ड नंबर 16 की जनता के समक्ष किया गया।

## विद्युत चोरी करते लोगों पर प्राथमिकी दर्ज



साकेत राज दैनिक अयोध्या टाइम्स बेलछी बेलछी प्रखंड अंतर्गत मसतथु गांव में विद्युत चोरी करते 24 लोगों पर प्राथमिकी दर्ज ! विद्युत कनीय अभियंता नीतीश कुमार के द्वारा बताया गया कि गुप्त सूचना मिल रही थी की विद्युत की चोरी की जा रही है तो कनीय अभियंता द्वारा टीम गठित कर छापेमारी की गई जिसमें 24 लोगों के विरुद्ध विद्युत चोरी करते हुए पकड़े गए उनके विरुद्ध बेलछी थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई गई! गठित दल मैं मंदिरीका साह दिनेश कुमार मानव बल विद्युत शाखा नवीन कुमार मानव बल विद्युत शाखा राज किशोर प्रसाद मानव बल विद्युत शाखा उपस्थित थे! सभी 24 लोगों पर जुर्माना लगाकर प्राथमिकी दर्ज कराई गई।

## कोविड-19 टीकाकरण 2nd dose एवं प्रिसक्रिप्शन डोज का महा अभियान



साकेत राज दैनिक अयोध्या टाइम्स बेलछी। बेलछी प्रखंड अंतर्गत बेलछी स्वास्थ्य केंद्र के द्वारा 2दक कवेम एवं प्रिसक्रिप्शन डोज का महा अभियान का शुरुआत कर लोगों को कोविड–19 टीकाकरण उच्च माध्यमिक विद्यालय छौरिया मैं दिया गया! जिसमें एनएम अमपु कुमारी इंदु कुमारी के द्वारा लोगों को टीका देकर कोविड–19 से सुरक्षित रहने का सुझाव भी दिया गया!

## कर्मियों का वेतन भुगतान पूर्ववत बैंक से होगा

वीरेन्द्र कुमार सिंह अयोध्या टाइम्स ब्यूरो चीफ सीतामढ़ी। जिला कार्यक्रम पदाधिकारी स्थापना सीतामढ़ी ने प्रस्वीकृत 1128 एवं 205 मदरसा के सभी प्रधान मौलवी को 6 जुलाई 2022 को पत्र प्रेषित कर वेतन भुगतान के लिए भारतीय स्टेट बैंक में खाता खुलवाने के आदेश को स्वैच्छिक करार दिया है। पूर्व में डीपीओ स्थापना ने पत्रांक 1841 के द्वारा 16 जून 2022 को सभी प्रधान मौलवी को निर्देशित किया था कि भारतीय स्टेट बैंक में खाता खुलवाये। परंतु अब निर्देश दिया है कि स्वेच्छा के अनुसार कोई भारतीय स्टेट बैंक में खाता खुलवाना चाहते है तो वर्तमान बैंक से एनओसी प्राप्त कर मुझे सूचित करेंगे। शेष कर्मियों का भुगतान पुर्ववत बैंक से होगा। मालूम हो कि डीपीओ के 16 जून 2022 के आदेश के बाद आल मदरसा युवा शिक्षक संघ, सीतामढ़ी के जिलाध्यक्ष मो मोतिउर रहमान कासमी एवं सचिव मो सैफुल्लाह राजी कासमी ने संयुक्त रूप से डीपीओ स्थापना को आवेदन दे पूर्व संचालित खाता बरकरार रखने की मांग की थी तथा इस संबंध में संशोधित पत्र निर्गत करने की मांग की थी। अध्यक्ष एवं सचिव ने कहा था कि हम लोगों का खाता बैंक आफ इंडिया एवं केनरा बैंक में संचालित है। इन बैंकों से मदरसा में कार्यरत कर्मियों एवं शिक्षकों द्वारा बैंक से लोन लिया गया है। लोन किस्तों का संधारण ससमय किया जाना होता है। इसलिए बैंक द्वारा एनओसी नहीं दिया जा रहा है। जिससे हम सभी को भारतीय स्टेट बैंक में खाता खोलने में कठिनाई हो रही है। इसको गंभीरता से लेते हुए डीपीओ स्थापना ने खाता खोलवाने को स्वैच्छिक बना दिया है। संघ के अध्यक्ष एवं सचिव ने कहा कि डीपीओ स्थापना का वर्तमान आदेश स्वागत योग्य है।

## प्राचार्य और शिक्षकों के बीच मारपीट के बाद गुरुवार को महदेवा हाई स्कूल में पठन-पाठन का कार्य बाधित रहा

(डा मनीष कुमार सिंह संवाददाता अयोध्या टाईम्स मोतिहारी पूर्वी चम्पारण) मोतिहारी। प्राचार्य और शिक्षकों के बीच मारपीट के बाद गुरूवार को महदेवा हाई स्कूल में पठन–पाठन का कार्य बाधित रहा।जहां एक तरफ विद्यालय के प्राचार्य मंकेश्वर कुमार ने स्कूल के अन्य शिक्षकों को कमरे में बंद कर पिटाई करने और जबरदस्ती चाभी लेकर अलमीरा से आवश्यक कागजात गायब करने का आरोप लगाया है। साथ ही, पढ़ाई में कोताही करने की बात कहीं है तो वहीं अन्य शिक्षकों का कहना है कि प्राचार्य उनका वीडीओ बना रहे थे।इसी को लेकर विवाद हुआ है। इस पूरे मामले में प्राचार्य मंकेश्वर कुमार ने रक्सौल थाना को आवेदन देकर बताया है कि बुधवार को ही शाम में जबरदस्ती गोदरेज का



चाभी लेकर उसमें से आवश्यक फाइल निकाल लिया गया। गुरूवार को प्रार्थना के बाद जब वर्ग में जाने की बारी थी तो मो. फैयाज, मदन कुमार व विक्रम यादव मुझसे झगड़ा करने लगे।मुझे कार्यालय में बंद कर मेरे साथ मारपीट की गयी।उन्होंने बताया कि शिक्षक पढ़ाने के बाद बजाय अधिकांश समय स्कूल में सोने लगते थे। जिसका मैं विरोध करता हूं।इस स्कूल के अन्य शिक्षक गुरूवार को बीआरसी पहुंचे और बीइओ से मिलकर मामले की जानकारी दी है। प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी रंजना कुमारी ने बताया कि किसी परिस्थिती में विद्यालय का बंद रहना शिक्षा के अधिकार अधिनियम का उल्लघंन है।मामले में जांच कर उचित कार्रवाई की जायेगी।

# सहार खंड शिक्षा अधिकारी रहे कृपा शंकर यादव की हुई विदाई

संवाददाता विमल पाण्डेय दैंनिक अयोध्या टाइम्स

• किया गया भव्य विदाई सम्मान समारोह का आयोजन

सहार,औरैया। निवर्तमान खंड शिक्षा अधिकारी कृपा शंकर यादव



का विदाई समारोह का आयोजन उच्च प्राथमिक विद्यालय सहार बीआरसी कैंपस में उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ ब्लॉक इकाई सहार और शैक्षिक गुणवत्ता प्रकोष्ठ के एस आर जी सुनील दत्त राजपूत,नोडल ए आर पी अरुण कुमार,सुबोध बौद्ध,ए आर पी विश्वनाथ सिंह उर्फ वी एन सर द्वारा किया गया जिसमें।मुख्य अतिथि के रूप में वरिष्ठ जिला कोषाधिकारी एवं अतिरिक्त प्रभार वित्त एवं लेखाधिकारी प्रदीप कुमार यादव और विशिष्ठ अतिथि उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष अखिलेश चंद्र यादव मौजूद रहे।विकास खंड सहार के शिक्षकों द्वारा खंड शिक्षा अधिकारी कृपाशंकर यादव के विदाई समारोह में भावभीनी विदाई दी गयी सर्वप्रथम शिक्षकों द्वारा आये हुए अतिथियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया तत्पश्चात स्मृति चिन्ह देकर नम आंखों से विदाई दी।

इस मौके पर प्राथमिक शिक्षक संघ जिलाध्यक्ष अखिलेश चंद्र यादव,ब्लॉक सहार संयोजक पंकज कठेरिया,सह संयोजक पंकज त्रिपाठी,सतीश गौतम, कोषाध्यक्ष कमलेश्वर बाजपेई,अटेवा जिलाध्यक्ष अमन यादव,आशुतोष शुक्ला , गौरव सक्सेना,नीलम राजपूत, संध्या शर्मा,दीपा यादव,रश्मि,एस आर जी सुनील दत्त राजपूत,नीरज चक,हरियोगेंद्र अजय,संदीप धर्मेंद्र लालाराम दिवाकर ब्लॉक सहार के समस्त एआरपी सहित सैकड़ों शिक्षक,शिक्षिकायें, शिक्षामित्र, अनुदेशक उपस्थित रहे।कार्यक्रम के आयोजक नोडल ए आर पी अरुण कुमार यादव की महती भूमिका रही।और कार्यक्रम का सफल संचालन प्रीती त्रिपाठी ने किया।

# अपना दल (एस) की मासिक बैठक हुई सम्पन्न,बूथ स्तर के गठन पर की गई चर्चा

दैनिक अयोध्या टाइम्स सुल्तानपुर ब्यूरो चीफ घनश्याम वर्मा। सुल्तानपुर। अपना दल (एस) की मासिक बैठक जिला पार्टी कार्यालय पर सम्पन्न हुई,बैठक के दौरान अपना दल (एस) के जिलाध्यक्ष अविनाश पटेल ने पार्टी



पदाधिकारियों के साथ बूथ स्तर पर कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी देने पर विचार विमर्श किया। जिलाध्यक्ष ने पार्टी पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि अब बूथ स्तर पर सक्रिय सदस्य बनाने की मुहिम को तेज किया जाएगा। जिससे बूथ स्तर तक पार्टी में सक्रिय कार्यकर्ताओ की मौजूदगी हो सके जब बूथ स्तर के कार्यकर्ता पार्टी में होंगे तो पार्टी मजबूत होने के साथ साथ नए आयाम पर जाएगी। वही आगे जिलाध्यक्ष ने बताया कि पार्टी में नाइ समाज और प्रजापति समाज सहित धोबी समाज के व्यक्तियों के सम्मान करने पर भी चर्चा की गई है। जल्द प्रदेश यूनिट के दिशा निर्देश बाद इस पर काम शुरू कर दिया जाएगा। इस बैठक में जिलाउपाध्यक्ष दिनेश कुमार श्रीवास्तव, राज कुमार शर्मा जिला मीडिया सचिव, जिला महासचिव जुबेर अहमद,अध्यक्ष विधि मंच सत्य प्रकाश पटेल,युवा मंच जिलाध्यक्ष राम सिंह वर्मा,जिला सचिव में राकेश पटेल,शिवलाल यादव, खालिद अंसारी,राम सिंघासन,युवा मंच उपाध्यक्ष इंद्रेश वर्मा,सक्रिय सदस्यों में केदारनाथ,बबलू चौरसिया, मनोज वर्मा,गुफरान अहमद सहित दर्जनों पार्टी पदाधिकारी मौजूद रहे।

# बारात पर हमला करने के आरोप में पांच आरोपी गिरफ्तार

सिकंदराराऊ । कोतवाली क्षेत्र के गांव गंगागढी में एक बारात को रोककर मारपीट व जानलेवा हमला करने के आरोप में कोतवाली पुलिस ने गुरुवार को पांच नामजदों को गिरफ्तार कर जेल भेजा है ।

प्रभारी निरीक्षक अशोक कुमार सिंह ने बताया कि 6 जून 2022 को नत्थू सिंह पुत्र दीप सिंह निवासी गांव गंगागढ़ी थाना सिकंदराराऊ ने कोतवाली में रिपोर्ट



दर्ज कराई थी कि अभियुक्त गणों द्वारा लाठी–डंडों से लैस होकर पीड़ित की पुत्री गीता की बारात को रोका गया । दूल्हे के भाई गंगाराम द्वारा बारात रोके जाने का कारण पूछने पर उसकी आंख के पास तमंचे की बट से गंभीर चोट पहुंचाई तथा जान से मारने की नियत से फायर किया। जिससे गंगाराम पुत्र कालीचरण, लाल सिंह पुत्र कालीचरण निवासी नई बस्ती कस्बा व थाना सादाबाद जिला हाथरस घायल हो गए जिनका चिकित्सकीय परीक्षण व उपचार उनके द्वारा 5 जुलाई 5 जून 2022 को कराया जा चुका है। मेडिकल रिपोर्ट के आधार पर धारा 147,148,149 , 323 , 324, 307,341 के तहत राहुल पुत्र राम अवतार, वीरेश पुत्र रामअवतार, अवनींद्र , अवनीश पुत्र राकेश कुमार, विकास पुत्र रमेश चंद्र , पुष्पेंद्र साहू पुत्र विजय सिंह समस्त निवासीगण गांव गंगागढ़ी थाना सिकंदराराऊ जनपद हाथरस एवं एक अन्य व्यक्ति के विरुद्ध अभियोग पंजीकृत कराया गया था। पुलिस द्वारा लगातार अभियुक्तों की तलाश थी की जा रही थी।

गुरुवार को सुबह 7रू00 बजे करीब अगसौली चौराहा कासगंज जाने वाले रोड से पुलिस द्वारा कार्रवाई करते हुए पांच अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया है। जिनमें वीरेश, अवनींद्र, अवनीश, विकास एवं पुष्पेंद्र की गिरफ्तारी की गई है पुलिस द्वारा गिरफ्तार अभियुक्तों को न्यायालय में पेश किया गया ,जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया। गिरफ्तारी करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक अशोक कुमार सिंह , उप निरीक्षक राजेश कुमार सरोज एवं दिनेश बाबू, राहुल कुमार, दलवीर सिंह, हरेंद्र सिंह, अजय कुमार आदि पुलिसकर्मी शामिल थे ।

# कोई सामान बाजार से खरीदारी करने निकलें तो अपने साथ कपड़े का थैला अवश्य लेकर जाएं

दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो रिपोर्ट बजरंगी गुप्ता



उतरौला(बलरामपुर) कस्बे के प्रतिष्ठित चिक्त्सिक एंव समाजसेवी डा०एहसान खां ने बाजार में आये सभी ग्राहकों से अनुरोध किया है कि यदि वह सब्जी या अन्य कोई सामान बाजार से खरीदारी करने निकलें तो अपने साथ कपड़े का थैला अवश्य लेकर जाएं।उन्होंने कहा है कि पालीथीन बंद हो चुकी है और हम सरकार के इस फैसले का स्वागत करते हैं पालीथीन बंद करने के लिए व्यापारी काफी समय से मांग उठा रहे थे,पालीथीन से जहां गोवंश खाकर उनके मौत का कारण बनती है, वहीं पालीथीन से अक्सर नालियां चोक हो जाती हैं।जिससे पानी भर जाता है जिसका इस्तेमाल किसी कीमत पर नहीं होना चाहिए ।उन्होंने बाजार में आए सभी ग्राहकों से अनुरोध किया कि यदि सामानों की खरीदारी के लिए बाजार को निकलें तो अपने साथ कपड़े का थैला अवश्य लेकर चलें।

# संचारी अभियान सिर्फ नाम का स्वास्थ उपकेंद्रों में नही हो रही है सफाई

दैनिक अयोध्या टाइम्स अमित कुमार द्विवेदी की रिपोर्ट

डेरापुर कानपुर देहात संचारी रोग रोकथाम अभियान में सफाई के नाम पर खानापूर्ति की जा रही है। स्वास्थ्य केंद्रों पर गंदगी पसरी पड़ी है। लोगों को संक्रामक बीमारियां फैलने को लेकर आशंका है। स्वास्थ्य उपकेंद्र जिनई पर सफाई न होने से स्वच्छ भारत मिशन मजाक बनकर रह गया है। दूसरी ओर हैंडपंप भी खराब पड़ा है न ही कोई लाइट की व्यवस्था की गई उपकेंद्र के अंदर पंखे लगवा दिए गए हैं लेकिन लाइट न पहुंचने के कारण छत में लगे हुए पंखे खराब हो रहे हैं झींझक विकासखंड क्षेत्र के गांव जिनई में लोगों को स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए स्वास्थ्य उपकेंद्र बनाया गया है। यहां पर गंदगी है। परिसर के इर्दगिर्द घासफूस और कचरे के ढेर लगे हैं। उपकेंद्र पर टीकाकरण आदि के लिए आने वालीं गर्भवती एवं बच्चों के अलावा एएनएम, सीएचओ, आशा आदि को भी संक्रमण फैलने का डर बना रहता है ग्रामीणों का आरोप है कि ग्राम प्रधान द्वारा स्वास्थ्य उपकेंद्र पर सफाई के समुचित इंतजाम नहीं किए गये हैं। उपकेंद्र पर गंदगी की समस्या को लेकर कई बार



प्रशासन को अवगत कराया है, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं होती है। गंदगी अधिक होने से आम जनमानस के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ हो रहा है। लोग घरों का कूड़ा उपकेंद्र के पास फेंक देते हैं। सफाईकर्मी कई–कई दिन नहीं आता है। उपकेंद्र पर कचरे के ढेर लग जाते हैं।

# जिलाधिकारी ने केंद्रीय विद्यालय प्रबंध समिति की बैठक विद्यालय में विभिन्न कार्य कराए जाने पर हुआ विचार-विमर्श

कानपुर देहात 7 जुलाई 2022

जिलाधिकारी नेहा जैन की अध्यक्षता में केंद्रीय विद्यालय प्रबंध समिति की बैठक केंद्रीय विद्यालय सभागार कक्ष में आयोजित हुई, इस बैठक में सर्वप्रथम जिलाधिकारी ने दीप प्रज्वलित कर बैठक का शुभारंभ किया, इसके पश्चात बैठक में उपस्थित अतिथियों को विद्यालय के छात्रों एवं छात्राओं ने अपने द्वारा बनाई गई ग्रीटिंग एवं पौधा देखकर स्वागत किया गया, इसके पश्चात जिलाधिकारी को छात्रों द्वारा बनाए गए जिलाधिकारी की स्क्रेच फोटो भेंट की गई, इसके बाद बैठक में प्रबंध समिति के सदस्यों का परिचय हुआ। बैठक में केंद्रीय विद्यालय के प्राचार्य एके राय ने बताया कि विद्यालय के मुख्य द्वार से विद्यालय भवन एवं कर्मचारी आवास जाने वाली सड़क की ऊपरी सतह बनवाए जाने, विद्यालय के प्रार्थना स्थल में कोटा पत्थर एवं मंच क्षेत्र पर ग्रेनाइट पत्थर लगवाए जाने, केंद्रीय विद्यालय में आने वाले छात्रों हेतु साइकिल स्टैंड के ऊपर टीन शेड बनवाए जाने, विद्यालय भवन में विद्युत उपकरणों के दिन प्रतिदिन के संरक्षण एवं रखरखाव से संबंधित सामान खरीदे जाने, विद्यालय के मुख्य द्वार के बाहर दोनों तरफ वाहनों की पार्किंग, छात्रों के संगीत शिक्षा एवं संगीत ज्ञान के संवर्धन हेतु हारमोनियम एवं साइड ड्रम खरीदे आदि बिंदुओं में अनुमोदन किए जाने पर बिचार विमर्श किया गया, इसके पश्चात जिलाधिकरी ने विद्यालय में भ्रमण किया, जिसमें उन्होंने छात्रों के कक्षों में पहुंचकर वार्ता की, उन्होंने छात्र छात्राओं द्वारा बनाई गई पेंटिंग का भी अवलोकन किया, खेल मैदान आदि का भी जायजा लिया, इसके पश्चात उन्होंने विद्यालय परिसर में पौधरोपण भी किया, इस मौके पर नवोदय विद्यालय के प्राचार्य सुमन कुमार, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर ए के सिंह, विपिन चंद्र दीक्षित, कंचन मिश्रा, मनोज कुमार साहू, नवीन कुमार दीक्षित, जिला क्रीड़ा अधिकारी प्रदीप कुमार चौहान आदि लोग उपस्थित रहे।

# ओईएफ के संयुक्तचिकित्सालय की पूर्व चिकित्सक डा.अनुभा सिंह चंदेल का आत्मीय व्यवहार और सरल स्वभाव के साथ उनकी अलौकिक छवि उनके व्यक्तित्व को बनाती है महान

कानपुर।डॉक्टर्स डे डा. बिधानचंद रॉय की याद और सम्मान में प्रतिवर्ष एक जुलाई को पूरे देश में मनाया जाता है। ताकि इस दिन धरती का भगवान कहे जाने वाले डाक्टरों का सम्मान कर उनका उत्साहवर्धन किया जा सके। आयुध उपस्कर निर्माणी फूलबाग कानपुर के संयुक्त चिकित्सालय में कार्यरत रही पूर्व चिकित्सक डा. अनुभा सिंह चंदेल भी एक ऐसा नाम है, जिन्होंने समाज के लोगों की सेवा करने के उद्देश्य से डॉक्टर बनने की जिद ठानी। बचपन से ही पढ़ाई में तेज डा. अनुभा पढ़ लिखकर आईएएस अफसर भी बन सकती थीं। चूंकि उनके पिता भी कानपुर मेडिकल में डाक्टर के पद पर थे। इसलिए डा. अनुभा के अंदर भी लोगों की सेवा करने के लिए एक जुनून था और वे अक्सर अपने पिता से डॉक्टरों को धरती का भगवान कहे जाने की बात सुना करती थीं। इसलिए उन्होंने इस बात को यथार्थ में सच कर दिखाने की जिद पकड़ी और कानपुर मेडिकल कॉलेज से एमबीबीएस किया। उसके बाद डा. अनुभा ने स्त्री एवं प्रसूति रोग में एमएस की पढ़ाई के लिए वर्ष 2003 में नई दिल्ली के हिंदूराव मेडिकल कॉलेज में दाखिला लिया। जहां से उन्होंने ने वर्ष 2006 तक अपनी एमएस की पढ़ाई पूरी करी। उसके बाद उन्होंने नेपाल में लगभग चार वर्ष रहकर अपनी मेडिकल प्रैक्टिस करते हुए लोगों का उपचार करने का कार्य किया। वर्ष 2015 में डा. अनुभा ने बतौर फिजीशियन ओईएफ फूलबाग कानपुर के संयुक्त चिकित्सालय में ज्वाइन किया। लगभग 2 वर्ष तक ओईएफ में अपनी सेवाएं देने के बाद उन्होंने कानपुर के रीजेंसी अस्पताल में ज्वाइन किया और तब से अभी तक डा. अनुभा बतौर स्त्री एवं प्रसूति रोग सर्जन के रूप में वे मरीजों का उपचार करने का काम कर रही है। वर्ष 2020 में आई कोरोना महामारी के संकट के दौरान जहां उन्होंने बिना अपनी परवाह किए डाक्टरों को धरती का भगवान कहे जाने वाली बात को सच कर दिखाते हुए लोगों की दिन रात देखभाल करने के साथ उनका जीवन बचाने का काम किया। किला मजदूर यूनियन के पूर्व महामंत्री समीर बाजपेई ने बताया कि डा. अनुभा बहुत ही शांत, सौम्य और सरल स्वभाव की हैं। उनके आत्मीय व्यवहार से ही मरीज की आधी तबीयत ठीक हो जाती है। उन्हें आज के समय में सच में धरती का भगवान कहा जाए तो इसमें



कोई अचरज की बात न होगी। पूर्व महामंत्री समीर बाजपेई ने कहा कि उनका आत्मीय व्यवहार, अलौकिक छवि और सरल स्वभाव ही उनके व्यक्तित्व को महान बनाता है।

# अमन के साथ मनाये ईदुल अजहा का त्यौहार:समीर मोहम्मद

संवाददाता विमल पाण्डेय दैंनिक अयोध्या टाइम्स

कुदरकोट/औरैया । ईद उल अजहा का त्यौहार देश भर में 10 जुलाई को मनाया जाएगा ये त्यौहार तीन दिन तक मनाया जाता है इस दिन मुसलमान सूरज निकलने के बाद दो रकात नमाज वाजिब अदा करता है उसके बाद साहिबे निसाब ( शरई मालदार ) मर्द और औरत तीन दिन तक अपने रब की रजा की खातिर जानवरों की कुर्बानी देते है ये सिलसिला 10 जिलहिज्जा ( 10 जुलाई ) से 12 जिलहिज्जा ( 12 जुलाई ) तक सूर्यास्त सूरज डूबने से पहले तक चलेगा । मुस्लिम सेवा संघ के प्रदेश सचिव समीर मोहम्मद ने बताया कि ईद उल अजहा का त्यौहार हजरत इब्राहीम अलैहिस्सलाम की याद में मनाया जाता है कुर्बानी उन्ही की सुन्नत है देश भर का मुसलमान इस सुंन्नत की खुशदिली के साथ अदा करते है।उन्होंने लोगो से अपील कि की ऐसे जानवरों की कुर्बानी करें जिसकी हमे भारतीय कानून से इजाजत है ऐसे जानवरों की कुर्बानी बिल्कुल न करें जिन पर हुकूमत–ए हिन्द द्वारा प्रतिबंध है । कुर्बानी के दिनों में साफ सफाई का खास ख्याल रखें क्योंकि इस्लाम में साफ सफाई को आधा ईमान करार दिया गया है अमन व सुकून के साथ ईद उल अजहा का त्यौहार मनाएंद्य कहा कि अच्छा मुसलमान अच्छा शहरी होने की जिम्मेदारी निभाते हुए कुर्बानी देते वक्त दूसरे मजहब की भावनाओं का खास ख्याल रखते हुए कुर्बानी को खुले में न करें किसी बंद जगह में कुर्बानी कर उसके अवशेष किसी गड्ढे में दफन कर दें, खून को नालियों में न बहने दें कुर्बानी के फोटो या वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल न करें और बिरादराने वतन के जज्बात का ख्याल रखें ।



# अवैध कालोनियों पर चला यमुना प्राधिकरण का बुलडोजर, करोडों रुपये की जमीन कराई गई कब्जा मुक्त

नोएडा। उत्तर प्रदेश के नोएडा में यमुना प्राधिकरण ने भू माफियाओं की अवैध कॉलोनियों पर बुलडोजर चलाकर 51,000 वर्ग मीटर जमीन को अतिक्रमण मुक्त कराया है. यह जमीन करोड़ों रुपए की बताई जा रही है जिस पर माफियाओं का कब्जा था. इस जमीन पर लोगों ने शराब की दुकानें, ढाबा और अन्य तरीके से अवैध कब्जा कर लिया था. इन लोगों के खिलाफ कोतवाली में भी शिकायत दी गई।

यमुना प्राधिकरण के एसीईओ रविंद्र कुमार ने बताया, प्राधिकरण का अधिसूचित क्षेत्र मथुरा और आगरा तक है. उक्त जमीन पर प्राधिकरण की अनुमति के बिना कोई भी व्यक्ति निर्माण नहीं कर सकता है लेकिन 10 से 12 लोगों द्वारा जमीन पर अवैध रूप से शराब की दुकान और ढाबे बने हैं. टीम ने इन पर नोटिस जारी करते हुए चेतावनी दी थी लेकिन उन्होंने अतिक्रमण नहीं हटाया. प्राधिकरण के अतिक्रमण हटाओ दस्ते के नोडल अफसर वैं शैलेंद्र कुमार सिंह के नेतृत्व में बुलडोजर चलाया गया और 51,000 वर्ग मीटर जमीन को कब्जा मुक्त करा लिया गया।

एसीईओ रविंद्र कुमार ने आगे बताया कि, यह कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी. कई ऐसे भू माफियाओं को चिन्हित किया गया है जिनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जा रही



है. माफियाओं ने जमीन पर कब्जा कर लिया था. इन लोगों को कई बार नोटिस दिया गया लेकिन इन लोगों ने नोटिस का जवाब नहीं दिया जिसको लेकर आज कार्रवाई की गई है. अवैध कालोनियां काटी जा रहीं थीं, टीम ने जाकर कब्जा मुक्त कराया है।

# गुरुवार को कम्पोजिट विद्यालय बभनी बुजुर्ग में शिक्षक संकुल बैठक का आयोजन

दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो रिपोर्ट बजरंगी गुप्ता/उतरौला (बलरामपुर)।

गुरुवार को कम्पोजिट विद्यालय बभनी बुजुर्ग में शिक्षक संकुल बैठक का आयोजन किया गया। निर्धारित एजेंडा स्वागत एवं परिचय, गत माह में की गई पूर्व मीटिंग के आधार पर चर्चा की गई।

बैठक में खंड शिक्षा अधिकारी सतीश कुमार ने स्कूल रेडिनस के विषय मे विस्तृत चर्चा, गतिविधि के माध्यम से बच्चों के मानसिक व भावनात्मक रूप से जुड़ना, समय विभाजन तथा स्कूल छोड़ चुके बच्चों को फिर से शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़े जाने पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि ऐसे बच्चों को चिह्नित करना बहुत जरूरी है जो नाम लिखवाने के बाद विद्यालय नहीं आ रहे हैं। वहीं कुछ ऐसे बच्चे भी हैं जो विद्यालय आते ही नहीं हैं। शिक्षा अधिकार के तहत ऐसे बच्चों को उनकी उम्र के अनुसार कक्षा में नाम लिखकर नोडल शिक्षक अपने अपने विद्यालयों में प्रशिक्षित करें।

एआरपी मलिक मुनव्वर, विजय यादव, कृष्ण कुमार , विक्रम एवं अनवार अहमद ने क्रमवार विभिन्न विषयों पर आधारित टीएलएम प्रस्तुतीकरण और निर्माण, बाल वाटिका के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए आंगनबाड़ी से संपर्क, डीबीटी, एमडीएम, प्रेरणा तालिका, टीचिंग प्लान, शिक्षक डायरी, मैथ किट, खेल सामग्री, स्कूल रेडिनस का शत प्रतिशत संचालन, सभी मॉड्यूल का प्रयोग, नोडल संकुल द्वारा शिक्षक शिक्षिकाओं का शिक्षण योजना को



प्रभावी बनाने संबंधी महत्वपूर्ण दिशा निर्देश, शिक्षण योजना को प्रभावी बनाने हेतु अपनाई जा रही गतिविधियां, स्कूल चलो अभियान, स्कूल रेडीनेस क्रियान्वयन, शारदा सर्वे, खेलकूद उपभोग की स्थिति, कम्पोजिट धनराशि उपभोग, वित्तीय पंजिका के अभिलेखों पर विस्तार से चर्चा किया।

# संक्षिप्त समाचार

## अपने करियर के आखिरी मैच में हारीं सानिया मिर्जा, विम्बलडन से लिया विदा

नई दिल्ली। भारतीय टेनिस स्टार सानिया मिर्जा ने मिश्रित युगल सेमीफाइनल में गत चौम्पियन नील कुपस्की और डेसिरे क्रॉजिक से मिली हार के साथ विम्बलडन से विदा ली। सानिया और क्रोएशिया के मेट पाविच की छठी वरीयता प्राप्त जोड़ी को ब्रिटेन के कुपस्की और अमेरिका की डेसिरे ने 4.6, 7.5, 6.4 से हराया। 35 वर्ष की



सानिया छह ग्रैंडस्लैम खिताब जीत चुकी हैं जिनमें तीन मिश्रित युगल खिताब हैं हालांकि वह विम्बलडन मिश्रित युगल कभी नहीं जीत सकीं।

## समाज पौधारोपण करते हुए पर्यावरण को स्वच्छ बनाए रखने का कर्तव्य निभाए-विभवनाथ भारती

**यमुनापार जिला मे पौधारोपण के साथ अभियान सम्पन्न**

करछना (प्रयागराज)। भारतीय जनता पार्टी यमुनापार जिलाध्यक्ष विभव नाथ भारती ने गुरुवार को रामपुर में पौधारोपण कर डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के समर्पण दिवस से चालू पौधारोपण अभियान का यमुनापार मे कार्यकर्ताओं द्वारा हजारों पौधारोपण करवा कर समापन करते हुए कहा



समाज आगे भी पौधारोपण करते हुए पर्यावरण को स्वच्छ बनाए रखने के कर्तव्यों का निर्वहन करें। इस अवसर पर जिला कार्यक्रम संयोजक अनुज सिंह परिहार, सरदार पतविन्दर सिंह, जिला मीडिया प्रभारी दिलीप कुमार चतुर्वेदी आदि भारी संख्या में कार्यकर्ता पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## सदर विधायक पल्टू राम द्वारा गुमड़ी कक्ष संख्या 1 बी भाग 2 में वन महोत्सव मनाया

दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो रिपोर्ट बजरंगी गुप्ता।

उतरौला(बलरामपुर) सदर विधायक पल्टू राम द्वारा गुमड़ी कक्ष संख्या 1 बी भाग2में वन महोत्सव मनाया गया।वन महोत्सव का शुभारंभ विधायक ने पौध रोपड़ कर किया। पौधरोपण कार्यक्रम पर उपस्थित लोगों ने



पौधरोपण कर धरा को हरित करने का संकल्प लिया। इसके साथ ही उन्होंने कई अन्य कालेज वह स्कूलों ग्राम सभाओं में भी पौधरोपण किया, और छात्र छात्राओं को भी पौधरोपण के लिए प्रेरित किया।

विधायक ने कहा कि आज हरे पेड़ों के कटान से धरती की हरियाली नष्ट होती जा रही है। यही हरे पेड़ हमें जीवन दायनी शुद्ध वायु प्रदान करते हैं। हमारा उत्तरदायित्व है कि हम सब पौधरोपण कर धरती मां शृंगार करें। लोग विकास की दौड़ में पृथ्वी को कंक्रीट, पत्थर एवं बजरी से लादकर हरियाली नष्ट करते जा रहे है।

विधायक ने उपस्थित लोगों को वृक्ष लगाने और वृक्ष बचाने का संदेश दिया। क्षेत्रीय वन अधिकारी बी एस सेगंर, वन दरोगा गौरव सिंह राकेश कुमार तिवारी वनरक्षक दिनेश सिंह, बालकराम प्रधान गिध्दौर ,कालिंजर ग्रिंट मौजूद रहे।

## जिलाधिकारी ने आगामी श्रवण मास के दृष्टिगत शिवगढ़ धाम मंदिर पचपेड़वा में तैयारियों का लिया जायजा, दिए आवश्यक दिशा निर्देश

दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो रिपोर्ट बजरंगी गुप्ता पचपेड़वा (बलरामपूर)



गुरुवार को जिलाधिकारी श्रुति द्वारा शिवगढ़ धाम पचपेड़वा तहसील तुलसीपुर पहुंचकर दर्शन किया गया एवं आगामी श्रवण मास के दृष्टिगत जल अर्पण एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया एवं संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। श्रावण मास के दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं द्वारा सिसई घाट से जल लेकर शिव मंदिर शिवगढ़ धाम पचपेड़वा में जल अर्पण किया जाता है।

## त्यौहारों के मद्देनजर जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने की पीस कमेटी बैठक, त्यौहारों को शांतिपूर्वक मनाये जाने की अपील

कानपुर देहात 7 जुलाई 2022

हमारे देश में त्यौहार न केवल खुशियों के पर्याय है, अपितु हमारी संस्कृति एकता के प्रतीक भी है, इन्ही त्यौहारों को जनपद में सद्भावपूर्वकमनाने हेतु पीस कमेटी की बैठक का आयोजन कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में किया गया, इस बैठक में हर धर्म के धर्मगुरूओ और प्रतिष्ठितजनों ने अपनी शिरकत की, इस महत्वपूर्ण बैठक में बोलते हुए पुलिस अधीक्षक सुनीति ने कहा कि इन त्यौहारों को सद्भावपूर्वक मनाने के लिए आपका सहयोग आपेक्षित है, प्रशासन आपका सहयोगी है, इसलिए आपका भी दायित्व है कि आप युवा वर्ग को भ्रमित न होने दे और अपने स्तर से उत्पन्न छोटी समस्याओं को दूर करने का प्रयास करें। इस अवसर पर बोलते हुए जिलाधिकारी नेहा जैन ने कहा कि हमारा जनपद शान्तिपूर्ण जनपद है, मेरी इच्छा है कि आप सब अच्छे से सौहार्दपूर्वक त्यौहार मनाये, साथ ही इस बात का ध्यान रखे कि त्यौहार प्लास्टिक फ्री हो, पर्यावरण हितैषी हो, इस त्यौहार में सार्वजनिक स्थानों पर आप कुर्वानी न करे, त्यौहारों के उपरान्त कचरे का उचित निस्तारण करें, इस बैठक के दौरान थानाबार स्थितियों का जायजा लिया गया, साथ ही उपस्थित धर्मगुरूओं से भी वार्ता की गयी। शहरकाजी ने इस अवसर पर कहा कि हम इस बात का ध्यान रखेंगे कि ऐसा कोई भी जानवर जो प्रतिबन्धित है उसकी कुर्वानी न होने पाये, साथ ही उन्होंने कहा कि हमारी अपील है कि लोग अफवाहों पर ध्यान न दे, जिलाधिकारी ने कहा कि त्यौहारों के दौरान साफ सफाई, पानी, विद्युत इत्यादि व्यवस्थाओं को अधिकारी भली प्रकार सुनिश्चित कर ले। इस मौके पर मुख्य विकास अधिकारी सौम्या पाण्डेय, अपर जिलाधिकारी प्रशासन गरिमा सिंह, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व जेपी गुप्ता, सभी एसडीएम, क्षेत्राधिकारी, सभी थाना प्रभारी, ईओ आदि उपस्थित रहे।

## ईद उल अजहा का त्यौहार शांति पूर्वक ढंग से मनाने हेतु जिलाधिकारी से मुलाकात की

नगीना दैनिक आयोध्या टाइम्स संवाददाता सलाउद्दीन सिद्दीकीनगीना। मनोज पारस (पूर्व मंत्री) विधायक नगीना, राम अवतार सैनी विधायक नूरपुर, माननीय नईमउल हसन पूर्व विधायक नूरपुर, राशिद हुसैन निवर्तमान जिलाअध्यक्ष, अनिल यादव पूर्व जिला अध्यक्ष, सरफराज अंसारी निर्वतमान जिलाउपाध्यक्ष, अहमद खिजर निवर्तमान जिला प्रवक्ता,लोगों ने आने वाली ईद उल अजहा पर शांति पूर्वक ढंग से मनाने हेतु जिलाधिकारी से मुलाकात कर



जिस पारंपरिक तरीके से ईद उल अजहा पर कुर्बानी होती आई है उसी तरह कुर्बानी कराने के दिशा निर्देश देने का अनुरोध किया जिस पर जिलाधिकारी ने कहां की लोगों को किसी के बहकावे में आने की जरूरत नहीं है जिस तरह से पूर्व में प्रतिबंधित पशुओं एवं प्रतिबंधित स्थलों को छोड़कर पारंपरिक तरीके से बंद जगह पर कुर्बानी होती आई है उसी तरीके से कुर्बानी करें खुलें में कुर्बानी ना करें ईद उल अजहा के इस त्यौहार को प्यार और मोहब्बत से मनाएं मनोज पारस पूर्व मंत्री विधायक नगीना ने कहा ईद उल अजहा पर बिजली आपूर्ति, पानी आपूर्ति, तथा सफाई व्यवस्था, का विशेष ध्यान रखा जाए जिस पर जिलाधिकारी ने उपरोक्त सभी व्यवस्था सुनिश्चित कराने का अधिकारियों को निर्देश दिए और कहां कि किसी भी व्यवस्था में अगर कोई परेशानी होती है तो आप मुझसे संपर्क करें ।

## आर्मी ने माकड्रिल कराकर दिया प्रशिक्षण

(रिपोर्ट अहसान अली सैफी) ब्यूरो चीफ दैनिक अयोध्या टाइम्स जनपद शामली कैराना। लेफ्टिटेन्ट कर्नल मोहित बैरी, फील्ड रेजिमेंट सुदर्शन गवारे व कैप्टन विवेक के नेतृत्व में आर्मी जवानों ने प्रशासन के साथ मॉकड्रिल की और आपदा के दौरान





होने वाली घटनाओं के रेस्क्यू का प्रशिक्षण दिया।गुरुवार को हरियाणा–यूपी सीमा पर स्थित यमुना नदी के घाट पर बाढ़ आपदा मेगा मॉकड्रिल का अभ्यास किया गया। इस दौरान सप्लाई,पशुपालन, ड्रेनेज,सिंचाई,स्वास्थ्य ,अग्निशमन दल,राजस्व व आपदा प्रबन्ध विभाग



सहित अन्य विभागों के अधिकारी एंव कर्मचारियो ने उपस्थित होकर प्रशिक्षण लिया आर्मी टीम ने एक परिदृश्य तैयार कर यमुना में डूबने के दौरान डूबते लोगों का रेस्क्यू करने व लापता लोगों को खोजने का प्रदर्शन किया।इसके बाद आर्मी व जिला प्रबन्ध प्राधिकरण सहित अन्य विभगों को युवक के यमुना नदी में डूबने की जानकारी मिलती है,जिसके बाद आर्मी टीम प्रशासन के साथ अन्य विभागों से पूरी जानकारी प्राप्त कर अत्याधुनिक उपकरण मोटरबो, इंसिडेंट,कमांड पोस्ट, मेडिकल पोस्ट को एक्टिव करते हुए यमुना नदी में लाइफ बॉय,लाइफ जैकेट के सहयोग से युवक को बाहर निकालती है और उसे स्ट्रैचर पर रखकर हार्टबीट चेक कर स्वास्थ्य विभग द्वारा उसे प्राथमिक उपचार दिया गया और एम्बुलेंस के माध्यम से उसे अस्पताल पहुँचाया। मौके पर मौजूद प्राइवेट गोताखोरों के साथ–साथ सरकारी विभगों के अधिकारी एंव कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिया गया। इस दौरान



एडीएम संतोष कुमार,एसएसपी ओपी सिंह,एसडीएम कैराना शिव प्रकाश यादव, तहसीलदार प्रियंका जायसवाल,एसएसआई राधेश्याम, आपूर्ति निरिक्षक दीपा वर्मा,बीडीओ जितेंद्र मिश्र,नेहा दुबे सहित अन्य अधिकरी एंव कर्मचारियों के साथ भारी पुलिस बल मौजूद रहा।

आर्मी के चालीस जवानों ने लिया भागः आपदा बढ़ा मेगा मॉकड्रिल अभ्यास के दौरान लेफ्टिटेन्ट कर्नल मोहित बैरी, फील्ड रेजिमेंट सुदर्शन गवारे व कैप्टन विवेक मेरठ रेजिमेंट के नेतृत्व में आर्मी के चालीस जवान मॉकड्रिल कराने के लिए पहुंचे,जिन्होंने शासन से जिला प्रशासन को बाढ़ आपदा से निपटने को मिले उपकरणों को सेट कर स्थानीय प्राइवेट गोताखोरों व सरकारी कर्मचारियों को प्रयोग को प्रयोग करने का प्रशिक्षण दिया।

## भारतीय किसान यूनियन अंबावता का तेजी से बढ़ता परिवार



दैनिक अयोध्या टाइम्स मुजफ्फरनगर भारतीय किसान यूनियन अंबावता के अंबा बिहार कैंप कार्यालय पर मीटिंग संपन्न हुई जी हां आप को बता दे जिला अध्यक्ष मोहम्मद शाह आलम ने जानकारी देते हुए बताया की भाजपा सरकार में किसान व मजदूर का शोषण दिन प्रतिदिन बढ़ता जा रहा है महिलाओं का उत्पीड़न भी पनप रहा है इसी के मद्देनजर महिलाओं को आगे आना चाहिए और किसी भी तरह के शोषण के खिलाफ आवाज को बुलंद करना चाहिए इसीलिए संगठन में महिला मोर्चा पर बल देते हुए संगठन में विस्तार किया जा रहा है मीटिंग में मौजूद दर्जनों महिलाओं ने संगठन की सदस्यता ग्रहण की तो सभी की सहमति से जिला अध्यक्ष मोहम्मद शाह आलम ने महिला मोर्चा में श्रीमती कमर जहां को सदर ब्लाक अध्यक्ष वह अंजुम को सदर ब्लॉक उपाध्यक्ष महिला मोर्चा नियुक्त किया इस मौके पर जिला महासचिव मोहम्मद अजीम नगर उपाध्यक्ष नौशाद काजी नगर सचिव मोबिन खान व शाहजहां अमीर जहां रूबी अस्मा शकीला दरक्षा नूर मलिक इंतजार साबिर मोहसिन जफर अबरार शौकीन तैहसीन आदि मौजूद रहे जिलाध्यक्ष मोहम्मद शाह आलम जय जवान जय किसान।

## कांवड़ यात्रा से पूर्व करें हाइवे निर्माण पूरा- एडीएम व एसपी ने निर्माणाधीन हाईवे का किया निरीक्षण कर हाइवे आथोरिटीज को दिए जल्द निर्माण पूर्ण करने के निर्देश

(रिपोर्ट अहसान अली सैफी) ब्यूरो चीफ दैनिक अयोध्या टाइम्स जनपद शामली कैराना। कांवड़ यात्रा को लेकर पुलिस प्रशासन गंभीर नजर आ रहा है। आला अधिकारी सड़कों पर उतर कर मार्ग को सुरक्षित करने में लगे हैं। हाइवे ऑथोरिटीज को भी निर्माणाधीन कार्य को जल्द निपटाने के आदेश दिए गए हैं। डाक कांवड़ के लिए ट्रैफिक व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए निरन्तर प्रयास जारी हैं। गुरुवार को एडीएम संतोष कुमार व एएसपी ओपी सिंह ने यमुना पुलिस चौकी के समीप निर्माणाधीन एडी 709 हाईवे का निरीक्षण कर हाईवे पर कार्यरत कर्मचारियों को निर्देश देते हुए कहा कि कांवड़ यात्रा से पहले ही कार्य पूरा करें, जिससे शिवभक्तिं को आने–जाने में कोई समस्या उतपन्न न हो। उधर डाक कावड़ियों के वाहनों की भारी संख्या रहने के कारण मार्ग पर भीड़ को देखते हुए प्रशासन खास तैयारिया कर रहा है। यात्रा को सुगम बनाने के लिए यमुना नदी पर निर्माणाधीन हाईवे कम्पनी की ओर से बनाए गए पुल कार्य लगभग पूर्ण हो गया है। एएसपी ओपी सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि पुल का कार्य लगभग पूरा होने में है। इसी के साथ पुल के



सामने मार्ग को जल्द बनवाने के लिए निर्देश दिए गए है। जिससे आगामी कांवड़ यात्रा को सुगमता से पूरा किया जा सके। इस दौरान एसडीएम शिव प्रकाश यादव व कार्यवाहक कोतवाली प्रभारी निरीक्षक राधेश्याम, उपनिरीक्षक राजकुमार चंदेल व पवन सिंह यादव मौजूद रहे।

## ईद-उल-अजहा व आगामी त्योहारों को लेकर थाना परिसर मे अमन कमेटी की बैठक का किया गया आयोजन

दैनिक अयोध्या टाइम्स संवाददाता हैदर राजा नूरपुर थाना परिसर में अमन कमेटी की बैठक आयोजित की गई। बैठक में थानाध्यक्ष धीरज सिंह सोलंकी ने क्षेत्र में शांति व्यवस्था कायम रखने तथा सौहार्दपूर्ण वातावरण बनाए रखने में सहयोग करने की अपील की। थानाध्यक्ष ने अशांति फैलाने का प्रयास करने वाले शरारती तत्वों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की चेतावनी भी दी। उन्होंने ईद उल अजहा का त्यौहार नगर व देहात क्षेत्र में शांतिपूर्ण ढंग से मनाए जाने, आपसी भाईचारा कायम रखने की अपील की।

बैठक को सम्बोधित करते हुए एसपी ग्रामीण राम अर्ज जी ने कहा कि बकरीद पर कुर्बानी के बाद अवशेषों को गड्ढे में दबाएं, सफाई का ध्यान रखें। किसी झूठी अफवाह पर ध्यान न दें और शांति व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस का हर संभव सहयोग करें। चांदपुर सीओ सुनीता दहिया जी ने कहा कि कुर्बानी का फोटो सोशल मीडिया पर अपलोड न करें, कहीं भी कोई ऐसी गतिविधि नहीं होनी चाहिए जिससे नगर व क्षेत्र का माहौल खराब हो। सीओ ने त्यौहार को शान्ति से मनाने के साथ कुर्बानी से किसी को परेशानी न होने देने की बात कही। साथ ही कुर्बानी के अवशेष जमीन में दबाने की अपील की।





चांदपुर एसडीएम मांगेराम चौहान जी ने कहा श्रवण मास के चलते एहतियात बरते। उन्होंने कहा की ईदुल अजहा पर कोई नई परम्परा शुरू नही होने दी जाएगी शरारती तत्वों को किसी भी हाल में बख्शा नहीं जाएगा सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी। बैठक को सम्बोधित करते हुए शहर इमाम मौलाना मोहम्मद अली ने सभी लोगों से ईदुल अजहा का त्यौहार भाईचारे के साथ मनाने की अपील की और पुलिस प्रशासन को सहयोग करने का भरोसा दिलाया। इस मौके पर थानाध्यक्ष धीरज सिंह सोलंकी के अलावा थाने का समस्त स्टाफ मौजूद रहा

। वृक्षारोपण जन अभियान को आगे बढ़ाते हुए एसपी ग्रामीण राम अर्ज एवं चांदपुर एसडीएम मांगेराम चौहान वे सी ओ सुनीता दहिया ने वृक्षारोपण किया ।

एसपी ग्रामीण राम अर्ज ने जानकारी देते हुए कहा कि अगर अधिक से अधिक वृक्ष लगाए जाएंगे और उनकी देखभाल की जाएगी तो वृक्षों से प्रदूषण दूर होता है एवं मनुष्य को शुद्ध हवा मिलती है । छाया मिलती है , फल मिलते हैं । मनुष्य के जीवन में वृक्षों का बहुत बड़ा महत्व है । वाटर लेवल बहुत नीचे पहुंच चुका है ।

वृक्षों के लगने से इस पर भी असर पड़ता है ।

## हज और ईद उल अजहा ( बकराईद) खुदा की इताअत आज्ञा पालन समर्पण कामिल बंदगी का बेमिसाल मंजर हज दरहकीकत खुदा के सामने उस सर जमीन में हाजिर होकर जहां नबियो रसूलों और नेक लोगों ने हाजिर होकर अपने अल्लाह ईश की आज्ञा पालन का अतराफ किया

दैनिक अयोध्या टाइम्स। जनपद शामली अपने आज्ञा पालन का प्रण और इन स्थानों में खड़े होकर और चलकर खुदा के सम्मुख अपने पापों से तौबा करना और अपने पालन कर्ता अल्लाह प्रभु का मानना है ताकि वह हमारी ओर उन्मुख होने के लिए हर समय तैयार रहे यह करुणा दया रहमत का सागर है यही कारण है कि पैगंबर ए इस्लाम मोहम्मद सल्ल0 ने फरमाया कि हज और उमरा गुनाहों से इस तरह साफ कर देता है जिस तरह भट्टी लोहे सोने चांदी के मैलखोर को साफ कर देती है जो मोमिन इस दिन को (यानी अरफे के दिन) अहराम की हालत में गुजरता है।उसका सूरज डूबता है तो उसके गुनाहों को लेकर डूबता है हजरत आयशा रजी0 से रिवायत है कि मोहम्मद स0 ने यह सूचना दी है कि अरफे के दिन अल्लाह अपने बंदों से करीब होकर जंबगार होता है और अपने बंदों पर फरिश्तों के सामने आकर फख्र करता है और कहता है कि उन्होंने मांगा हमने कुबूल किया बहुत सी ऐसी हदीस है जिनमे निष्ठा पूर्ण हज अदा करने वालों को रहमत व मगफिरत (मोक्ष मुक्ति) की शुभ सूचना सुनाई गई है। तमाम शुभ सूचनाओं से साबित होता है कि हज दरहकीकत तौबा और इनाबत( पश्चाताप प्रायश्चित )है तवाफ में सईद में सफा पहाड़ पर मुजदलफा में अरफात में मीना में हर जगह जो दुआए मांगी जाती है उनका बड़ा हिस्सा तौबा और इस्तगफार का होता है यद्यपि तौबा से हर जगह गुनाह माफ हो जाते है इसलिए मरवा और अरफात की कोई शर्त नहीं लेकिन हज के प्रत्येक स्थल और अनुष्ठान अपने विभिन्न प्रभावों के कारण जो यहां के सिवाय अन्य जगह उपलब्ध नहीं है सच्ची तोबा के लिए बेहतर अवसर प्रदान करते हैं। जहां हजरत आदम अलैहिस्सलाम और हजरत अम्मा हव्वा अले0 ने अपने गुनाहों की माफी की दुआ की थी। हजरत इब्राहिम अले0 ने अपनी और अपनी औलाद के लिए दुआएं मांगी, जहां हजरत हुद अले0 हजरत सवालेह अले0 ने अपनी कौम की तबाही के बाद अपनी पनाह ढूंढी जहां हजरत मोहम्मद स0 ने खड़े होकर अपनी और अपनी उम्मत के लिए दुआएं मांगी कही स्थल कही प्रतीक और दुआओं के लिए वही अरकान हम गुनाहगारों की दुआएं ओर मगफिरत के कितने अनुकूल हैं जहां नबियो पर बरकते और रहमते नाजिल हुई वह माहौल वह फिजा व तमाम गुनाहगारो का एक जगह जमा होकर दुआ समर्पण कदम बा कदम आध्यात्मिक अवलोकन दुआऔर उसके असरात प्रभाव और इसके कुबूल होने का बेहतरीन अवसर है पत्थर से पत्थर दिल भी इन हालात और इन अवलोकनो के बीच मोम बनने के लिए तैयार हो जाते हैं और इंसान जब इस अब्रे करम करुणा वर्षा की छींटो से स्येराब हो जाता है जो अल्लाह के नेक बंदो पर अर्शे इलाही से बरसता है मानव मनोविज्ञान यह है और दैनिक अनुभव इसका साक्षी है कि इंसान अपनी जिंदगी में किसी व्यापक एवं महत्वपूर्ण परिवर्तन के लिए हमेशा जिंदगी के किसी मोड़ पर और सीमा रेखा की तलाश करता है जहां पहुंचकर उसकी पिछली और आइंदा जिंदगी के दो विशिष्ट हिस्से पैदा हो जाए इसलिए लोग अपने परिवर्तन के लिए जाड़ा सर्दी गर्मी या बरसात का इंतजार करते हैं बहुत से लोग शादी के बाद या संतान प्राप्ति के बाद या शिक्षा ग्रहण के बाद किसी सर्विस या किसी बड़ी कामयाबी या किसी खास मकसद किसी यात्रा के बाद या किसी के मुरीद शिष्य हो जाने के बाद बदल परिवर्तित हो जाते हैं या अपने को बदल लेने पर समर्थ हो जाते हैं।क्योंकि यह उनकी जिंदगी की महत्वपूर्ण घटनाएं उनकी अगली और पिछली जिंदगी में विभेद रेखा डाल देती है जहां से इधर या उधर मुड़ जाना संभव हो जाता है हज दरहकीकत इसी तरह इंसानी जिंदगी की पिछली और आगामी जिंदगी के बीच एक सीमा रेखा का काम करती है सुधार एवं परिवर्तन की ओर अपनी जिंदगी के बदल देने का अवसर प्रदान करती है जीवन का बीता अध्याय खत्म होकर उसका नवीन अध्याय खुल जाता है बल्कि यूं कहना चाहिए इसके बाद अपने नए आमाल कर्मों के लिए नए सिरे से पैदा होता है। इसलिए पैगंबर मोहम्मद साहब ने फरमाया जिसने खुदा के लिए हज किया और उसमें वासना पूर्ति नहीं की और ना कोई गुनाह किया तो वह ऐसा होकर लौटता है जैसे उस दिन था जिस दिन उसकी मां ने उसे जन्म दिया अर्थात एक नया जीवन शुरु करता है।जिसमें दीन व दुनिया दोनों जहां की भलाइयां और दोनों की कामयाबिया शामिल होगी इब्राहिमी मिल्लत की असल बुनियाद कुर्बानी थी और यही कुर्बानी हजरत इब्राहिम अलेहि0 की पैगंबराना और रूहानी जिंदगी की विशिष्टता थी और इसी परीक्षा में उतरने के कारण वे औरउनकी औलाद हर किस्म की



नेमतो से मालामाल की गई लेकिन यह कुर्बानी क्या थी यह महज खूनऔर गोश्त की कुर्बानी न थी बल्कि रूह और दिल की कुर्बानी यह अपने प्रियतम को अल्लाह को समर्पित कर देना था यह अल्लाह की इताअत आज्ञा पालन भक्ति समर्पण कामिल बंदगी का बेमिसाल मंजर था यह समर्पण शुक्र और सब्र की वह परीक्षा थी जिसे पूरा किए बगैर दुनिया की पेशवाई और आखिरत की नेकी नहीं मिल सकती यह बाप का अपने इकलौते बेटे के खून से जमीन को रंगीन कर देना न था बल्कि खुदा के सामने अपनी तमाम भावनाओं इच्छाओं अभिलाषाओं को कुर्बान बलिदान करना था और खुदा के सामने अपने हर किस्म के इरादे और मर्जी को खत्म कर देना था वास्तव में यही है कि हज एवम ईद उल अजहा तथा खुदा की इताअत आज्ञा पालन समर्पण कामिल बंदगी का बेमिसाल मंजर आलम ए इंसान के लिए ता कयामत तक एक अहम सबक जिशान काजमी जलालाबाद शामली उत्तर प्रदेश।

## त्योहारों पर कोई भी नई परंपरा न बनाएं सीओ बिजेंद्र सिंह भड़ाना

(रिपोर्ट अहसान अली सैफी) ब्यूरो चीफ दैनिक अयोध्या टाइम्स जनपद शामली कैराना। कस्बा व क्षेत्र में त्योहारों को शांतिपूर्ण मनाने को लेकर पुलिस क्षेत्रीयधिकारी बिजेंद्र सिंह भड़ाना ने कहा आने वाले त्योहारों पर कोई भी नई परंपरा न बनाएं। कोई भी समस्या होने पर तुरंत प्रशासन को अवगत कराएं। पुलिस क्षेत्रीयधिकारी बिजेंद्र सिंह भड़ाना ने कहा कि ईद का त्योहार शांति एवं सौहार्द के साथ मनाएं। पुलिस क्षेत्रीयधिकारी बिजेंद्र सिंह भड़ाना ने एक दूसरे की भावनाओं का सम्मान कर त्योहार मनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि ऐसा कोई कार्य न करें, जिससे आपसी प्रेम व भाईचारे पर आंच आए और प्रशासन को कार्यवाही करनी पड़े। जरासी लापरवाही कभी कभी परेशानी का कारण बन जाती है। पुलिस क्षेत्रीयधिकारी बिजेंद्र सिंह भड़ाना ने कहा कि कस्बा व क्षेत्र में सभी धर्मो के लोग एक दूसरे की भावनाओं का ख्याल रखकर मिल जुलकर हर त्योहार को मनाते हैं। ईद प्रेम व भाईचारे का त्योहार है। इस पर आपस में प्रेम व सौहार्द बनाए रखें।

– बंद जगह पर करें कुर्बानी, अवशेषों को भी दफनायें: कोतवाल अनिल कपरवान

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश के बाद कोतवाली प्रभारी निरीक्षक अनिल कपरवान ने कहा कि शांति बनाये रखने के लिये बकरीद पर्व पर बकरे की कुर्बानी बंद स्थानों पर करें। उनके अवशेषों को खुले में न फैलायें, बल्कि उन्हें मिट्टी में दफना दें। ऐसा करने से शांति–व्यवस्था कायम रहेगी। ईद–उल–अजहा (बकरीद) है। सावन महीना होने के चलते प्रदेश में कांवड़िये कांवड़ यात्रा भी निकाल



रहे हैं। साथ ही बकरीद पर्व को लेकर कुछ कड़े दिशा–निर्देश भी दिये हैं।

– गोवंश की न हो कुर्बानी एसएसआई राधेश्याम

ईद–उल–अजहा (बकरीद) और कांवड़ यात्रा के दौरान कानून–व्यवस्था न गड़बड़ हो। बकरीद पर प्रतिबंधित पशुओं के साथ ही गोवंशी पशुओं की कुर्बानी पर पूरी तरह से पाबंदी रहेगी। साथ ही परम्परा के विपरीत किसी भी कार्य को किये जाने की मंजूरी नहीं है। एसएसआई राधेश्याम ने कहा कि किसी भी प्रकार की अप्रिय



घटना न घटित हो, इसके लिए संवेदनशील स्थानों पर सुरक्षा–व्यवस्था चाक–चौबन्द रखी गयी है। पुलिस की गस्त बढ़ाई जा रही है। असामाजिक तत्वों पर कड़ी नजर रखी जा रही है एसएसआई राधेश्याम ने कहा कि कुर्बानी मुसलमानों का मजहबी फरीजा है, जिस पर बिना किसी खौफ व डर के अमल करें लेकिन कुछ बातें हैं, जिनका भी ध्यान रखें। उन्होंने मुसलमानों से अपील करते हुए कहा कि जिन जानवरों की कुर्बानी पर प्रतिबंध है, उनकी कुर्बानी न दें। साथ गली–सड़क या रास्तों पर कुर्बानी के बजाए नियत स्थानों पर हीजानवरों की कुर्बानी करें। कुर्बानी के जानवरों का खून नाली में न बहायें, उसको कच्ची जमीन में ही दफन कर दें। कुर्बानी करते वक्त न फोटो खीचें, न वीडियो बनायें और न ही सोशल मीडिया पर डालें।

सरकार की गाईड लाइन का पालन करे एस आई राहूल कादियान



कोतवाली कैराना के इमामगेट चोकी के ईचार्ज एस आई राहूल कादियान ने कहा कि सरकार की



गाईड लाईन का पालन करे कुरबानी करते वक्त सावधानी बरते तथा सडको के किनारे मीट के टुकडे हडडी आदि अवशेश न डाले पुलिस प्रसासन का सहयोग करे जनता को चाहिऐ सरकार के आदेशो का पालन करते हुऐ ही कुर्बानी करे किसी भी तरह की अफवाहो पर ध्यान न दे आपसी भाईचारा कायंम रखे ।

## जमीयत यूथ क्लब ने छात्राओं को बाटे सर्टीफिकेट

(रिपोर्ट अहसान अली सैफी) ब्यूरो चीफ दैनिक अयोध्या टाइम्स जनपद शामली कैराना। जमियत यूथ क्लब द्वारा एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया,जिसमें स्काउट एन्ड गाइड का प्रशिक्षण लेने वाली 30 छात्राओं को सर्टीफिकेट वितरित किए गए।मौलाना मुनव्वर ने कहा की उच्च शिक्षा के बिना इंसान अधूरा है।

समाज को आगे आकर। शिक्षा की अलख जगानी चाहिए,जिससे हमारे बच्चे शिक्षा के बारे में जान सकें गुरुवार को गाँव मोहम्मदपुर राई में स्थित मदरसा फातिमा जहरा लिलबनात में जमियत यूथ क्लब के तत्वाधान में एक कार्यक्रम आयोजित किया गया,जिसके अंतर्गत छत्राओं ने स्काउट एन्ड गाइड का प्रशिक्षण लिया। ततपश्चात 30 छात्राओं को ट्रेनिंग उपरांत सर्टीफिकेट वितरित किए गए। मौलाना आसिफ ने जमियत यूथ क्लब की विशेषताओं पर विस्तारपूर्वक प्रकाश डाला और और छत्राओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए यूथ क्लब को अच्छा कदम बताया। अकर्यक्रम का सफल संचालन मौलाना वासिल ने किया। इस दौरान मौलान तहसीन,हाफिज हुसैन, हाफिज जुबेर, मोहम्मद अली,डॉक्टर आरिफ, डॉक्टर मारूफ, डॉक्टर सादिक सहित अन्य संभ्रांत लोग मौजूद रहे।

# संक्षिप्त समाचार

### भूतपूर्व सैनिक आदर्श इंटर कालेज कादराबाद में वृक्षारोपण कार्यक्रम

दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्योरो बिजनौर अफजलगढ़ भूतपूर्व सैनिक आदर्श इंटर कॉलेज कादराबाद में वृक्षारोपण कार्यक्रम के तहत आज जिला सैनिक कल्याण अधिकारी व इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य द्वारा संयुक्त रुप से इंटर कॉलेज प्रांगण में पौधारोपण कार्यक्रम किया गया जिसमें करीब 20 पौधे फल एवं छायादार पौधे लगाये गए। बुधवार को भूतपूर्व सैनिक आदर्श इंटर कॉलेज में बिजनौर से आए सैनिक कल्याण अधिकारी कैप्टन अनिल कुमार व प्रधानाचार्य ऋषि राम द्वारा स्कूल प्रांगण में संयुक्त रुप से पौधारोपण का कार्यक्रम किया गया। पौधारोपण कार्यक्रम के दौरान सैनिक कल्याण अधिकारी कैप्टन अनिल कुमार ने बताया कि पर्यावरण संतुलन की दृष्टि से पौधारोपण बहुत जरूरी है। उन्होंने लोगो से अधिक से अधिक संख्या में पौधे लगाने तथा उनकी देखभाल करने को कहा



ओर बताया कि पेड़ों से हमे जीवन दायिनी वायु,छाया व फल की प्राप्ति होती है। ओर पेड़ पौधों के विभिन्न महत्व पर प्रकाश डाला। इस मौके पर भूतपूर्व सैनिक संगठन के सचिव पूरन सिंह अस्वाल,दिलबर सिंह गुसाईं, भूपेंद्र सिंह,ललित कुमार,राम अवतार, हर्ष कुमार, लखबीर सिंह तथा रईस बाबू आदि स्टाफ मौजूद रहा।

### नगर पालिका परिषद की ओर से पौधा रोपण कर जनमानस को दिया संदेश

दैनिक अयोध्या टाइम्स सवाददाता सलाऊदीन सिददीकी । नगीना।नगर पालिका परिषद की ओर से वन महोत्सव पर सरकार के निर्देशन में आयोजित पौधारोपण कार्यक्रम तहत नगर व आसपास के इलाकों मे बड़ी संख्या में पेड़ों की पौध लगाई जा रही है।नगीना नगर पालिका परिषद के अधिशासी अधिकारी इन्द्रपाल ने नेतृत्व में स्थानीय एम एम इंटर कालेज के खेल के मैदान की बाउंड्रीवाल के चारों ओर विभिन्न प्रजातियों के पेड़ों का पौधारोपण किया। इस मौके नगर पालिका के वरिष्ठ लिपिक मदनपाल सिंह,तलत अहमद,सैय्यद मुनीर अहमद जैदी,इक्तेदार आलम जैदी,आदि ने अपने कर कमलों से पौधारोपण किया। उन्होंने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा वन महोत्सव पर पौधारोपण के आदेश का पालन करते हुये ज्यादा से ज्यादा पौधों का रोपण करना है।जिससे चारो ओर हरियाली हो साथ ही हमें भरपूर मात्रा में ऑक्सीजन उपलब्ध होगी।पौधे हमें जीवन प्रदान करने के साथ साथ वातावरण को शुद्ध रखते हैं।इस मौके पर नगर पालिका के स्टाफ के अलावा सभासदों की भी मौजूदगी रही।



### वांछित शातिर अपराधी धर्मवीर सैनी उर्फ आतंक को अवैध तमंचे के साथ गिरफ्तार

दैनिक अयोध्या टाइम्स सवाददाता सलाऊदीन सिददीकी । नगीना।पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट में वांछित शातिर अपराधी धर्मवीर सैनी उर्फ आतंक को अवैध तमंचे के साथ गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।गिरफ्तार बदमाश आतंक के विरुद्ध कुल 9 मुकदमे दर्ज हैं।



थाना प्रभारी निरीक्षक प्रिंस शर्मा ने बताया कि एसआई कुलदीप राणा तथा सिपाही अभिषेक व भोले ने बुधवार की दोपहर एक बजे नगीना–बुंदकी मार्ग पर एक पेट्रोल पंप के पास से नगीना के मोहल्ला कस्बा निवासी धर्मवीर सैनी उर्फ आतंक पुत्र राजेश सैनी को एक 315 बोर के अवैध तमंचे व एक जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया।कोतवाल ने बताया कि धर्मवीर सैनी उर्फ आतंक नगीना थाना कोतवाली में दर्ज गैंगस्टर एक्ट के मुकदमे में वांछित चल रहा था।धर्मवीर उर्फ आतंक के खिलाफ जीआरपी थाना मुरादाबाद में दो तथा नगीना थाना कोतवाली में विभिन्न अपराधों के कुल 9 मुकदमे दर्ज हैं।

### नगीना पुलिस ने एक युवक को किया गिरफ्तार

दैनिक अयोध्या टाइम्स सवाददाता सलाऊदीन सिददीकी ।नगीना।पुलिस अधीक्षक डॉ दिनेश कुमार बिजनौर के आदेश पर अपराध व अपराधियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई के अनुक्रम में अपर अधीक्षक ग्रामीण राम अर्ज के कुशल निर्देशन में क्षेत्राधिकारी सुमित शुक्ला व थाना प्रभारी निरीक्षक प्रिंस शर्मा के नेतृत्व में आज दिनांक 7 जुलाई 2022 को उप निरीक्षक नरेंद्र पाल अग्निहोत्री द्वारा 1 नफर अभियुक्त अमजद पुत्र मोहम्मद अयूब निवासी रहमुल्ला कॉलोनी थाना कोतवाली देहात जनपद बिजनौर को संबंधित मुकदमा अपराध संख्या 215/2022 धारा 3/25 आयुध अधिनियम में गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय पेश किया जा रहा है।




### सोशल मीडिया में कुर्बानी को वायरल ना करें मुसलमान आदिल (चीकू)

बिजनौर दैनिक अयोध्या टाइम्स संवादाता मोहम्मद अकरम ।आदिल चीकू ने कहा कि आने वाली है ईद उल अजहा नमाज के बाद लगभग सभी मुसलमान कुर्बानी करेंगे लेकिन कुछ जरूरी बातों का ध्यान रखें कुर्बानी किसी रास्ते में या खुली जगह बिल्कुल ना करें कुर्बानी पर्दे के पीछे करें हमें इस बात का पूरा ख्याल रखना है कि किसी की भावना को ठेस न पहुंचे किसी को कोई तकलीफ ना हो जहां तक हो सके कुर्बानी पर्दे मैं करें पिछले साल फेसबुक पर देखने को मिला था बहुत सारे मुसलमानों ने कुर्बानी की वीडियो तथा फोटो अपलोड कर दिए यह बहुत गलत है जितना हो सके इससे बचें फोटो सोशल साइट पर शेयर करने से बचें कुर्बानी के बाद जो गंदगी होती है उसे शहर गांव कस्बे से दूर उसे दफना दे ताकि किसी को उससे कोई परेशानी न हो।



### बाइक सवारों ने एसआई को टक्कर मारकर किया घायल

(रिपोर्ट अहसान अली सैफी) ब्यूरो चीफ दैनिक अयोध्या टाइम्स जनपद शामली कैराना। मेरठ एडीजी कार्यालय से कैराना कोर्ट में एविडेन्स के लिए आ रहे एसआई अनिल की बाइक में टक्कर मारकर घायल कर दिया गया। गुरुवार की दोपहर एसआई अनिल कुमार मेरठ से कैराना कोर्ट में एविडेन्स के लिए अपनी स्प्लेंडर बाइक से आ रहे थे, जैसे ही वह ऊँचागांव के निकट पहुंचे तो सड़क किनारे बाइक खड़ी कर मोबाइल फोन पर जरूरी कॉल सुनने लगे। इसी दौरान बाइक सवार दो युवकों ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी, जिससे वह घायल हो गए। राहगिरी की मदद से उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर भर्ती कराया गया है। पुलिस ने बाइक सवार दोनों युवकों को हिरासत में ले लिया है।पूछताछ में उन्होंने अपने नाम सागर व कमल निवासीगण गोस अली कालोनी पानीपत बताया है।

### स्थानांतरण के विरोध में दूसरे दिन भी धरना जारी

(रिपोर्ट अहसान अली सैफी) ब्यूरो चीफ दैनिक अयोध्या टाइम्स जनपद शामली कैराना। मातृ शिशु कल्याण महिला कर्मचारी संघ उत्तर प्रदेश के आह्वान पर एएनएम स्थानांतरण के विरोध में कार्य बहिष्कार कर दूसरे दिन भी धरना जारी रहा गुरुवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर एलएचबी सत्यभामा शर्मा के नेतृत्व में मातृ शिशु कल्याण महिला कर्मचारी संघ उत्तर प्रदेश के आह्वान पर स्थानांतरण के विरोध में एएनएम दूसरे दिन भी धरने पर बैठी रहीं। इस दौरान टीकाकरण अभियान प्रभावित हो गया और रोगी इधर–उधर भटकते रहे सत्यभामा शर्मा ने कहा कि मुख्य चिकित्सा अधिकारी शामली द्वारा अनैतिक व अनोपचारिक तरीके से मनमानी करते हुए एएनएम के कार्य क्षेत्र में परिवर्तन करने के साथ ही अन्य स्थानों पर स्थानांतरण का आदेश जबतक निरस्त नहीं किया जाता कार्य बहिष्कार करते हुए धरना जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि सीएचसी से हैल्थ सुरवाइजरों व पीएचसी के अंतर्गत एएनएम का कार्यक्षेत्र बदलना था, लेकिन मनमानी करके हमारा अलग–अलग स्थान पर स्थानांतरण कर दिया गया है,जिसके विरोध में आज दूसरे दिन भी धरना निरन्तर जारी है और आगामी आदेश तक जारी रहेगा,इस,दौरान,उर्मिला,सैनी,सुनीता,शर्मा,कुसुम, शर्मा,मितलेश,शर्मा,सोहनवीर,इंदुकान्त व लीलावती मौजूद रही।

## राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के प्रधानाचार्य ने बताया है कि प्रधानमंत्री राष्ट्रीय अप्रेन्टिस/रोजगार मेला 11 जुलाई को

दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो चीफ मथुरा । राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के प्रधानाचार्य ने अवगत कराया है कि प्रधानमंत्री राष्ट्रीय अप्रेन्टिसध्रोजगार मेला का आयोजन राजकीय आईटीआई कैम्पस वृन्दावन रोड़ मथुरा में दिनांक 11 जुलाई को होगा। वर्ष 2018, 2019, 2022 व 2021 में आईटीआई उत्तीर्ण अभ्यर्थी एवं अन्य इच्छुक बेरोजगार अभ्यर्थी अप्रेन्टिस/नौकरी करना चाहते हैं, वह अपना पंजीकरण www.apprenticshipindia.org पर करते हुए दिनांक 11 जुलाई को अपने समस्त मूल प्रमाण पत्र एवं स्वप्रमाणित फोटोप्रति तथा अन्य अभिलेखों जैसे शैक्षिक योग्यता, तकनीकी योग्यता, आधार कार्ड, बैंक डिटेल्स, फोटो के साथ प्रातः 10 बजे संस्थान में उपस्थित होकर भाग ले सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए किसी भी कार्य दिवस में संस्थान में सम्पर्क कर सकते हैं।

## दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी कानपुर नगर को दिनांक 15 जुलाई 2022 की सायं 05:00 बजे तक उपलब्ध करायें

'कानपुर नगर, दिनांक 07 जुलाई। जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी श्रीमती कोमिल द्विवेदी ने बताया है कि दिव्यांगता के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले व्यक्तियों/दिव्यांगता के क्षेत्र में कार्यरत स्वैच्छिक संगठनों/सेवायोजकों को प्रत्येक वर्ष विश्व दिव्यांग दिवस 03 दिसम्बर के अवसर पर विभाग द्वारा निम्नलिखित क्षेत्रों में पुरस्कार दिये जाते है। जिसमें दक्ष दिव्यांग कर्मचारी/स्वनियोजित दिव्यांगजन के लिये राज्य स्तरीय पुरस्कार, दिव्यांगजन हेतु सर्वश्रेष्ठ नियोक्ता तथा सर्वश्रेष्ठ प्लेसमेन्ट अधिकारी या एजेंसी के लिये सेवायोजकों को राज्य स्तरीय पुरस्कार, दिव्यांगजन के निमित्त कार्यरत सर्वश्रेष्ठ व्यक्ति तथा सर्वश्रेष्ठ संस्था के लिये राज्य स्तरीय पुरस्कार, प्रेरणाश्रोत हेतु राज्य स्तरीय पुरस्कार, दिव्यांगजन के जीवन सुधारने के निमित्त सर्वश्रेष्ठ नवीन अनुसंधान या उत्पाद विकास के लिये राज्य स्तरीय पुरस्कार, दिव्यांगजन हेतु बाधामुक्त वातावरण के सृजन हेतु सर्वश्रेष्ठ कार्य के लिये राज्य स्तरीय पुरस्कार, दिव्यांगजन को पुनर्वास सेवाएं प्रदान करने वाले सर्वश्रेष्ठ जिला के लिये राज्य स्तरीय पुरस्कार, सर्वश्रेष्ठ सृजनशील दिव्यांग वयस्क व्यक्तियों एवं सर्वश्रेष्ठ बालकध्बालिका हेतु राज्य स्तरीय पुरस्कार, सर्वश्रेष्ठ ब्रेलप्रेस के लिये राज्य स्तरीय पुरस्कार, दिव्यांगजन के लिये सर्वोत्तम अनुकूल वेबसाइट हेतु राज्य स्तरीय पुरस्कार, सर्वश्रेष्ठ दिव्यांग खिलाडियों के लिये राज्य स्तरीय पुरस्कार, दिव्यांगजन के सशक्तीकरण हेतु कार्यरत अधिकारी/कर्मचारी के लिये राज्य स्तरीय पुरस्कार ।

उन्होंने बताया है कि राज्य पुरस्कार से सम्बन्धित विस्तृत जानकारी तथा आवेदन पत्रों के निर्धारित प्रारूप विभाग की वेबसाईट http://uphwd.gov.in. पर उपलका है।

अपने अधीनस्थ विभिन्न कार्यालय/चिकित्सालय/ विद्यालयों/बैंको आदि में कार्यरत कार्मिकोध्संस्था को उपरोक्त श्रेणियों में प्रस्ताव नियमानुसार कार्यालय जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी कानपुर नगर को दिनांक 15 जुलाई 2022 की सायं 05:00 बजे तक उपलब्ध करायें ।

## त्योहारों के मद्देनजर जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने की पीस कमेटी बैठक, त्योहारों को शांतिपूर्वक मनाये जाने की अपील

कानपुर देहात 7 जुलाई 2022

हमारे देश में त्योहार न केवल खुशियों के पर्याय है, अपितु हमारी संस्कृति एकता के प्रतीक भी है, प्लास्टिक फ्री हो, पर्यावरण हितैषी हो, इस त्योहार में सार्वजनिक स्थानों पर आप कुर्वानी न करे, त्योहारों के उपरान्त कचरे का उचित



इन्ही त्योहारों को जनपद में सद्भावपूर्वकमनाने हेतु पीस कमेटी की बैठक का आयोजन कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में किया गया, इस बैठक में हर धर्म के धर्मगुरूओ और प्रतिष्ठितजनों ने अपनी शिरकत की, इस महत्वपूर्ण बैठक में बोलते हुए पुलिस अधीक्षक सुनीति ने कहा कि इन त्योहारों को सद्भावपूर्वक मनाने के लिए आपका सहयोग आपेक्षित है, प्रशासन आपका सहयोगी है, इसलिए आपका भी दायित्व है कि आप युवा वर्ग को भ्रमित न होने दे और अपने स्तर से उत्पन्न छोटी समस्याओं को दूर करने का प्रयास करें। इस अवसर पर बोलते हुए जिलाधिकारी नेहा जैन ने कहा कि हमारा जनपद शान्तिपूर्ण जनपद है, मेरी इच्छा है कि आप सब अच्छे से सौहार्दपूर्वक त्योहार मनाये, साथ ही इस बात का ध्यान रखे कि त्योहार निस्तारण करें, इस बैठक के दौरान थानाबार स्थितियों का जायजा लिया गया, साथ ही उपस्थित धर्मगुरूओं से भी वार्ता की गयी। शहरकाजी ने इस अवसर पर कहा कि हम इस बात का ध्यान रखेंगे कि ऐसा कोई भी जानवर जो प्रतिबन्धित है उसकी कुर्वानी न होने पाये, साथ ही उन्होंने कहा कि हमारी अपील है कि लोग अफवाहों पर ध्यान न दे, जिलाधिकारी ने कहा कि त्योहारों के दौरान साफ सफाई, पानी, विद्युत इत्यादि व्यवस्थाओं को अधिकारी भली प्रकार सुनिश्चित कर ले। इस मौके पर मुख्य विकास अधिकारी सौम्या पाण्डेय, अपर जिलाधिकारी प्रशासन गरिमा सिंह, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व जेपी गुप्ता, सभी एसडीएम, क्षेत्राधिकारी, सभी थाना प्रभारी, ईओ आदि उपस्थित रहे।

## पुलिस ने दो वारंटियों सहित दो अदद नाजायज तमंचे के दो लोगों व एक अदद नाजायज चाकू के साथ एक व्यक्तिको गिरफ्तार कर जेल भेजा

दैनिक अयोध्या टाइम्स

रामपुर। थाना गंज पुलिस ने दो वारंटियों सहित दो अदद नाजायज तमंचे के दो लोगों व एक अदद नाजायज चाकू के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर जेल भेजा हैं।

गंज थाना प्रभारी रविन्द्र प्रताप सिंह ने बताया कि थाना गंज पुलिस ने जुहेब उर्फ अजीम पुत्र शकील निवासी मौहल्ला चौपाल सोना बिन्ना की दुकान व फैजान पुत्र रहमत निवासी गूजर टोला को गिरफ्तार किया हैं दोनो अभियुक्तों के खिलाफ वारंट जारी हुए थे जिनको पकड़ कर पुलिस ने कोर्ट में पेश किया हैं वहीं गंज पुलिस ने मौहम्मद उमर पुत्र मेहंदी हसन को एक अदद नाजायज तमंचा मय दो कारतूस तथा जमीर अहमद पुत्र मोहब्बे को एक अदद नाजायज तमंचा मय दो जिन्दा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया हैं। इसके अलावा थाना गंज पुलिस ने यामीन पुत्र मोहम्मद अहमद निवासी धनुपुरा थाना भोट को एक अदद नाजायज चाकू के साथ गिरफ्तार किया हैं। पुलिस ने सभी का चालान काट कर जेल रवाना कर दिया हैं।

## गुरूवार की सुबह तड़के हुई चौकिंग में किला व गंज बिजली घर क्षेत्र में सात लोगों के खिलाफ बिजली चोरी की रिपोर्ट दर्ज कर कार्यवाही

दैनिक अयोध्या टाइम्स परवेज अहमद

रामपुर। विद्युत विभाग द्वारा शहर में लगातारी चौकिंग अभियान चलाकर बिजली चोरों के खिलाफ कार्यवाही की जा रहीं हैं। गुरूवार की सुबह तड़के हुई चौकिंग में किला व गंज बिजली घर क्षेत्र में सात लोगों के खिलाफ बिजली चोरी की रिपोर्ट दर्ज कर कार्यवाही की गई।

किला बिजली घर के अवर अभियंता जयदीप मौर्य ने बताया कि आज सुबह कटकुईया व फर्राश खाना मौहल्ले में चौकिंग अभियान चलाया गया जहां चार लोग बिजली चोरी करते हुए पकड़े गये सभी के खिलाफ बिजली चोरी की धारा में रिपोर्ट दर्ज कर कार्यवाही की गई हैं इसके अलावा गंज बिजली घर के अवर अभियंता नागेन्द्र ने बताया कि सुबह अंगूरी बाग व ताला निहालुद्दीन मौहल्ले में चौकिंग की गई जिसमें तीन लोग बिजली चोरी करते पाये गये। सभी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर कार्यवाही की गई हैं। एसडीओ राजेश कुमार ने बताया कि उमसभरी गर्मी में जहां एक ओर बिजली डिमांड लगातार बढ़ती जा रहीं हैं वहीं बिजली चोरी के कारण विभाग को लाखों रूपये का नुकसान झेलना पड़ रहा हैं।

लाइन लास होने के कारण उपभोक्ताओं भी इस उमसभरी गर्मी में निर्बाध बिजली आपूर्ति नहीं हो पा रहीं हैं जिसको देखते हुए विभाग द्वारा लगातार शहरभर में चौकिंग अभियान चलाकर बिजली चोरों के खिलाफ कार्यवाही की जा रहीं हैं।

# श्रावण मास और ईदुज्जुहा बकरीद की तैयारियों में जुटा नगर निगम आगामी पर्वो के दृष्टिगत नगर आयुक्तने की व्यवस्थाओं की समीक्षा

दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो चीफ मथुरा

☒ श्रावण मास में मंदिर एवं ईदुज्जुहा पर मस्जिद–ईदगाह पर होगी विशेष सफाई

☒ श्रावण मास व बकरीद पर 24 घण्टे एक्टिव रहेगा नगर निगम कंट्रोल रूम 05652503632, टोल फ्री नं0 14420

☒ विशेष पर्वों पर नगर निगम करेगा अतिरिक्त 100 सफाई कर्मी तैनात

मथुरा। नगर आयुक्त श्री अनुनय झा जी द्वारा आगामी श्रावण मास में आयोजित होने वाली कांवड़ यात्रा, सावन मेला एवं ईदुज्जुहा (बकरीद) के पर नगर निगम द्वारा की जाने वाली समस्त व्यवस्थाओं को क्रियान्वित किये जाने हेतु नगर निगम के सभी विभागाध्यक्षों के साथ कलैक्ट्रेट सभागार में बैठक की गयी।बैठक में नगर आयुक्त महोदय द्वारा नगर निगम के स्वास्थ्य विभाग के क्षेत्रीय स्वास्थ्य अधिकारी एवं मुख्य सफाई निरीक्षक को निर्देशित किया गया कि ईदुज्जुहा (बकरीद) के दृष्टिगत सभी मुस्लिम क्षेत्रों में एवं मस्जिद के आस–पास विशेष सफाई एवं चूना छिडकाव कराया जाये। इसी प्रकार श्रावण मास के दृष्टिगत सभी शिव मंदिरों के पास विशेष सफाई सुनिश्चित की जाये। सफाई में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाये। नगर आयुक्त श्री अनुनय झा जी द्वारा निर्देशित किया



गया कि आगामी त्यौहारों के दृष्टिगत विशेष सफाई सुनिश्चित कराने के लिये एक माह हेतु 100 अतिरिक्त सफाई कर्मियों की तैनाती करायी जाये।

जलकल विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि ईदुज्जुहा (बकरीद) पर पेयजलापूर्ति का विशेष ध्यान रखा जाये, विद्युत आपूर्ति वाधित होने की स्थिति में डी0जी0 सैट को स्टैण्डबाई पर रखा जाये, इसके साथ ही 13 टैंकरों को आपातकाल स्थिति के लिये तैयार रखा जाये। यदि कन्ही पानी की समस्या आती है तो टैंकरों के माध्यम से पेयजल आपूर्ति की जाये। इसी प्रकार श्रावण मास पर सभी शिव मंदिरों पर पेयजलापूर्ति का विशेष ध्यान रखा जाये। आवश्यकतानुसार मंदिरों के आस–पास पानी के टैंकर एवं मोबाइल टॉयलेट खड़े कराये जाये। साथ ही निर्देशित किया गया कि उक्त पर्वों के दौरान किसी भी प्रकार की लीकेज एवं भराव की समस्या उत्पन्न न होने पाये प्रकाश विभाग सहायक अभियंता को निर्देशित किया गया कि आगामी पर्वों के दृष्टिगत सभी स्ट्रीट लाइटों को दुरूस्त करा लें, किसी भी दशा में मार्ग पर अंधकार की समस्या उत्पन्न न होने पाये। मंदिरों के आस–पास लाइटिंग का ध्यान रखा जाये। मार्ग पर लगी तिरंगा लाइटों को तत्काल सही कराया जाये।निर्माण विभाग के मुख्य अभियंता एवं अधिशासी अभियंता सिविल को निर्देशित किया गया कि मस्जिद एवं शिव मंदिरों के पहुंच मार्ग का निरीक्षण कर आवश्यकतानुसार पैच मरम्मत कराया जाये।नगर आयुक्त श्री अनुनय झा जी द्वारा नगर निगम कन्ट्रोल कक्ष को एक्टिव किये जाने हेतु सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया गया। कन्ट्रोल कक्ष पर प्राप्त होने वाली शिकायतों को त्वरित निस्तारण कराया जाये साथ ही निस्तारण कराने के उपरान्त शिकायत कर्ता को अवगत भी कराया जाये।

बैठक के अन्त में नगर आयुक्त श्री अनुनय झा जी द्वारा निर्देशित किया गया कि पूर्व की भांति की जाने वाली समस्त व्यवस्थाओं को सूचारू किया जाये। साथ ही दिये गये निर्देशानुसार सम्पूर्ण कार्यवाही सुनिश्चित की जाये।

समीक्षा बैठक में वार्ड सं0 18 के पार्षद प्रतिनिधि श्री अब्दुल मलिक, श्री राजवीर सिंह मुख्य अभियंता सिविल, श्री विजय नारायण मौर्य महाप्रबंधक जल, श्रीएस0पी0 मिश्र अधिशासी अभियंता सिविल, श्रीराधेश्याम अधिशासीअभियंता जल, श्री अनिल रंजन सहायक अभियंता प्रकाश, श्री नन्दकिशोर सहायक अभियंता जल, श्री सुरेन्द्र सिंह क्षेत्रीय स्वास्थ्य अधिकारी, श्री रामानन्द त्यागी क्षेत्रीय स्वास्थ्य अधिकारी, श्री योगेश कुमार मुख्य सफाई निरीक्षक, श्री कुंवर पाल अवर अभियंता जल, श्रीछत्रपाल अवर. अभियंता जल, श्री आशीष कुमार अवर अभियंता जल उपस्थित रहे।

# आगामी ईद-उल-जुहा बकरीद के त्यौहार को सकुशल मनायें

दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो चीफ मथुरा

मथुरा। जिलाधिकारी नवनीत सिंह चहल व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अभिषेक ने संयुक्त रूप से कलेक्ट्रेट सभागार में आगामी ईद–उल–जुहा (बकरीद) के त्यौहार को जनपद में सकुशल सम्पन्न कराने, सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था सुदृढ रखने तथा शांति एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण बनाये रखने हेतु पीस कमेटी की बैठक की।

बैठक में जिलाधिकारी ने निर्देश दिये कि सभी मार्गों पर साफ–सफाई का कार्य पूर्ण करा लिया जाये और मस्जिदों के आस–पास नालियों की सफाई करा ली जाये तथा कूड़े को तत्काल उठवा लिया जाये। उन्होंने विद्युत विभाग के अधिकारियों से कहा कि विद्युत आपूर्ति बाधित नहीं होनी चाहिए, यदि कोई परेशानी आती है, तो उसका निस्तारण समय रहते करा दिया जाये। सभी पोल्स पर प्लास्टिक रैपिंग करवा ली जाये तथा ट्रान्सफार्मरों की बैरीकेटिंग कर दी जाये एवं खराब पड़ी स्ट्रीट लाइटों को शीघ्र ही चालू कराया जाये। श्री चहल ने कहा कि पेयजल की आपूर्ति पर्याप्त रहे, टूटी फूटी सड़क व गलियों को दुरूस्त करा लिये जायें, आवारा पशुओं को पकडवा



लिया जाये और विशेष स्थानों पर कूड़ादान की व्यवस्था की जाये। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों से कहा कि डॉक्टर, एम्बुलेंस व मैडिसिन आदि की व्यवस्था सभी अस्पतालों में होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि जिन थानों में पीस कमेटी बैठक न हुई हो, वहां उप जिलाधिकारी एवं क्षेत्राधिकारी पुलिस समन्वय बनाकर गणमान्य एवं धर्मगुरूओं के साथ बैठक कर लें।

जिलाधिकारी एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने उपस्थित गणमान्य व्यक्तियों, धर्मगुरुओं, जन प्रतिनिधियों व समाजसेवियों से अपील की कि सभी लोग एक दूसरे की भावनाओं का सम्मान करें, जनपद में शांति व्यवस्था बनाये रखें, सामप्रदायिक सौहार्द बनाये रखें, असामाजिक तत्वों व किसी भी प्रकार की आपराधिक अवांछित गतिविधियां दिखाई देने पर इसकी सूचना तत्काल जिला प्रशासन एवं पुलिस को दे।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अभिषेक ने कहा कि किसी प्रकार की अफवाह पर ध्यान न दें बल्कि, अफवाहों की पुष्टि उच्चाधिकारियों से करें तथा जिले में सौहार्दपूर्ण वातावरण का माहौल बनाये रखने में पुलिस व प्रशासन का सहयोग करें। साथ ही सोशल मीडिया पर ऐसे कमेंट न करें, जिससे किसी धार्मिक भावनाएं आहत हों।

श्री अभिषेक ने कहा कि किसी भी प्रकार की भडकाऊ, गलत, अशोभनीय पोस्ट शेयर न करें, पुलिस लगातार सोशल मीडिया पर नजर बनाये रखेगी। उन्होंने कहा कि उक्त पर्व को सुख चौन एवं शांति व कुशलता पूर्वक मनायें। ईद के दौरान कोई भी नई परम्परा लागू नहीं की जायेगी, यदि शासन द्वारा कोई परिवर्तन किया जाता है, तो इसकी जानकारी सभी धर्मों के लोगों को पूर्व में ही दे दी जायेगी। आवश्यकतानुसार मेटल डिटेक्टर मशीन बढ़ा ली जायें।

बैठक में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व योगानन्द पाण्डेय, अपर जिलाधिकारी प्रशासन विजय शंकर दूबे, ज्वांइट मजिस्ट्रेट प्रशांत नागर, पुलिस अधीक्षक नगर एमपी सिंह, ग्रामीण श्रीश चन्द, सुरक्षा आनन्द कुमार, यातायात हरेन्द्र कुमार, नगर मजिस्ट्रेट सौरभ दुबे, सभी उप जिलाधिकारी, क्षेत्राधिकारी पुलिस, गोपेश्वर नाथ चतुर्वेदी, अशोक खण्डेवाल, रमेश बिन्दल, डॉ0 जेड हसन, तनवीर अहमद, यूनुस गाजी, अवरार वारसी, जहीर अब्बास जैदी, चीना कुरैशी आदि उपस्थित थे।

# कोसी स्थित मंगला हास्पिटल व संचालक नरेश मंगला के खिलाफ संगीन धाराओ 302.420 और अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज

दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो चीफ मथुरा।

मथुरा/कोसी। मामला प्रकाशित में आया है के दिनांक 2.11 .2021 को समय करीब 10.20 बजे प्रातः को अपनी गर्भवती पत्नी श्रीमती जमुना देवी को डेंगू से बीमार होने पर मंगला हॉस्पिटल स्थित आर्य नगर कोसी स्थित के हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया प्रार्थी की पत्नी को मंगला हॉस्पिटल ने करीब 9 दिन रखने के बाद दिनांक9.11.2021 को समय 1रू21 दोपहर को डिस्चार्ज कर दिया प्रार्थी ने मंगला हॉस्पिटल से इलाज के बिल प्राप्त किए तथा उन्हें बीमा भुगतान के लिए बिल कोरियर से आईवसीवआईवसी० आई० लॉमबार्ड बीमा कंपनी के ऑफिस हैदराबाद भेज दिए बीमा कार्यालय ने जांच कर प्रार्थी को बताया कि आपके बिल में जिस डॉक्टर दीप्ति मंगला के हस्ताक्षर वह मोहर सहित वो रजिस्ट्रेशन नंबर 2011ध020262 है उसकी मृत्यु सन 2020 में हो चुकी है यह बिल आपको मंगला हॉस्पिटल के संचालक ने डॉक्टर दीप्ति मंगला के फर्जी हस्ताक्षर व रजिस्ट्रेशन नंबर व मोहर लगाकर फर्जी बिल दे दिए हैं प्रार्थी ने उक्त घटना मंगला हॉस्पिटल के संचालक नरेश कुमार मंगला को बतायी व कहां कि आपने मेरे साथ धोखाधड़ी की है



एवं कूट रचना करके आपने डॉ दीप्ति मंगला के हस्ताक्षर करके मुझे फर्जी बिल दे दिये हैं इस पर मंगला हॉस्पिटल के संचालक नरेश कुमार मंगला ने गाली गलौज कर कहा के तुम पर जो करा जाए कर लेना मेरी ऊपर तक पहुंच है कोई मेरा कुछ नहीं बिगाड़ सकता हम अब तक ऐसे ही कार्य करते आए हैं और अगर तुमने कोई कानूनी कार्रवाई की यह पुलिस में शिकायत की तो हम तुझे छोड़ेंगे नहीं प्रार्थी ने मंगला हॉस्पिटल में से जो बिल प्राप्त किए थे 45610 रुपए का इलाज वह प्लेट लेटस जाँच बिल 22000 टोटल अमाउंट 67610 रुपए ठग लिए गए व फर्जी डॉक्टर के कारण वह गलत इलाज करने की वजह से प्रार्थी के शिशु की मृत्युध हत्या हो गई प्रार्थी की पत्नी जमुना देवी की जान भी बड़ी मुश्किल से बची थी जिस के इलाज में प्रार्थी का सर्वोदय हॉस्पिटल फरीदाबाद में सवा लाख रुपए खर्च हो गया और काफी मानसिक व आर्थिक क्षति हुई और न्यायालय के आदेश के बाद थाना कोसी में मंगला हॉस्पिटल व संचालक के नाम जिन धाराओं में मुकदमा दर्ज हुआ है वह इस प्रकार है 302.420.467.468.471.504.506 विभिन्न धाराओं में मंगला हॉस्पिटल व संचालक नरेश कुमार मंगला के खिलाफ पंजीकृत कर लिया गया है देखना अब यह है कि मंगला हॉस्पिटल के संचालक नरेश मंगला के ऊपर कोसी पुलिस प्रशासन गिरफ्तार करते हैं या नहीं और पीड़ित परिवार को न्याय मिल पाएगा या नहीं पीड़ित परिवार का कहना है मंगला हॉस्पिटल व संचालक नरेश मंगला के खिलाफ जिन धाराओं में मुकदमा दर्ज हुआ हैं उसे गिरफ्तार करके जेल भेजा जाए और उसको सजा मिले व मंगला हॉस्पिटल को बंद कराया जाए असली न्याय तभी मिलेगा हमें।

# अभाविप ने 75वें स्थापना दिवस के अवसर पर किया शरबत वितरण

दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो चीफ मथुरा। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा 9 जुलाई 2022 को स्थापना दिवस के 75 वर्ष पूर्ण करने पर पूरे देश भर में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन कर जनजागरण का कार्य किया जा रहा है। गुरुवार को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद मथुरा महानगर के कार्यकर्ताओं द्वारा जवाहर इंटर कॉलेज, गोविंद नगर पर छात्र–छात्राओं और श्रद्धालुओं के लिए इस भीषण उमस भरी गर्मी में शरबत वितरण किया गया ।राष्ट्रीय छात्र दिवस के उपलक्ष्य में अभाविप मथुरा द्वारा साप्ताहिक कार्यक्रम के अंतर्गत स्टॉल लगा कर शरबत वितरण किया गया। विद्यालय के छात्र, देशदृविदेश से आए श्रद्धालुओं एवं राहगीरों को शरबत वितरित किया गया ।इस अवसर पर विभाग संगठन मंत्री दिव्य भारद्वाज ने लोगों को विद्यार्थी परिषद से परिचित कराते हुए बताया की 9 जुलाई 1949 को राष्ट्र के पुनर्निर्माण के लिए विद्यार्थी परिषद की स्थापना की गई थी। 75 वर्ष पूर्ण करने पर विद्यार्थी परिषद पूरे देश में एक करोड़ वृक्ष लगाने का महाभियान भी चलाया रहा हैविद्यार्थी परिषद महानगर मीडिया प्रभारी नयन शर्मा ने बताया कि अखिल भारतीय विद्यार्थि परिषद द्वारा 9 जुलाई को श्रीजी बाबा विद्या मंदिर गोवर्धन रोड में वृहद स्तर पर परिषद का स्थापना दिवस मनाएगा ।कार्यक्रम में नगर विस्तारक निर्दोष यादव, बीएसए



इकाई अध्यक्ष निशांत ठाकुर, हर्ष, गरिमा शर्मा, भावना शर्मा, तनु आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# जिलाधिकारी श्री विशाख जी की अध्यक्षता में विकास भवन के सभागार में जनपद के विकास कार्यों की समीक्षा बैठक संपन्न

कानपुर नगर।जिलाधिकारी श्री विशाख जी की अध्यक्षता में विकास भवन के सभागार में जनपद के विकास कार्यों की समीक्षा बैठक संपन्न हुई।

बैठक में जिलाधिकारी ने निराश्रित गोवंश संरक्षण की समीक्षा करते हुए निर्देशित किया कि समस्त खंड विकास अधिकारी सप्ताह में एक बार पशु चिकित्सा अधिकारियों, ग्राम सचिव व संबंधित ग्राम प्रधान के साथ बैठक कर उसकी सूचना अवश्य उपलब्ध कराएं, प्रत्येक गौ आश्रय स्थल में समुचित व्यवस्थाएं सुनिश्चित कराई जाये। गौशालाओं में अव्यवस्था होने पर संबंधित अधिकारी , सचिव तथा प्रधान के विरुद्ध दंडात्मक कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी।

राष्ट्रीय ग्रामीण पेयजल योजना की समीक्षा करते हुए निर्देशित किया कि जनपद में पेयजल की तीन योजनाएं पूर्ण हुई है, जिनकी जनपद स्तरीय अधिकारियों द्वारा जांच कराई गई थी जांच में कुछ कमियां मिली हैं उन कमियों को जब तक कार्यदायी संस्था द्वारा पूर्ण कर परियोजनाओं को हैंड ओवर नहीं किया जाता है तब तक कार्यदायी संस्था को भुगतान नहीं किया जाये।

उन्होंने समस्त खण्ड विकास अधिकारियों एवं जिला स्तरीय अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि जनपद में किए जा रहे विकास कार्यो की उनके द्वारा प्रत्येक सप्ताह कम से कम 3 स्थानों का स्थलीय निरीक्षण करने के निर्देश दिए और कार्य की प्रगति की



फोटोग्राफ सहित डिजिटल रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए । उन्होंने सभी खण्ड विकास अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा की सभी 590 ग्राम पंचायतो में प्रत्येक स्थिति में अमृत वाटिका बनाने के निर्देश दिए । बैठक में बिना अनुमति से अनुपस्थित रहने पर उनके विरुद्ध कार्यवाही करने के निर्देश दिए ।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी डा0 महेन्द्र कुमार, डी0एफ0ओ0 श्री अरविन्द कुमार यादव, जिला विकास अधिकारी जी0पी0 गौतम सहित सभी संबंधित विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# संक्षिप्त समाचार

## संचारी रोग रोकथाम के लिए मीटिंग आयोजित

(रिपोर्ट अहसान अली सैफी) ब्यूरो चीफ दैनिक अयोध्या टाइम्स जनपद शामली कैराना। संचारी रोगों के रोकथाम हेतु चलाए जा रहे विशेष अभियान की समीक्षा बैठक की गई गुरुवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के सभागार कक्ष में संचारी रोग विशेष अभियान के लिए समीक्षा बैठक की गई,जिसमें आशा व आंगनबाड़ियों ने भाग लिया। इस दौरान 1एक जुलाई से 31 जुलाई तक चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत संचारी रोग रोकथाम के लिए दिशा–निर्देश दिए गए। साथ ही 16 से 31 जुलाई तक दस्तक अभियान के दौरान आशाओं व आंगनबाड़ियों को घर–घर जाकर टीबी व दिमागी बुखार से पीड़ित लोगों की सूची तैयार करने के निर्देश निर्गत किए गए,जिससे समय रहते उन्हें उचित उपचार दिया जा सके।

## चाकू के आरोपी को छह माह का कारावास

(रिपोर्ट अहसान अली सैफी) ब्यूरो चीफ दैनिक अयोध्या टाइम्स जनपद शामली कैराना। मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट के न्यायालय ने चाकू रखने के आरोपी को छह माह के कारावास व दो सौ के अर्थदण्ड की सजा सुनाई। सहायक अभियोजन अधिकारी आनंद भास्कर व कोर्ट मोहर्रिर विनय फोगाट ने बताया कि वर्ष 2021में कैराना पुलिस ने महताब पुत्र इलियास को कैराना पुलिस ने अवैध चाकू के साथ गिरफ्तार कर जेल भेजा था और आरोप पत्र न्यायालय में दाखिल कर दिया था। आज विद्वान न्यायाधीश अलका यादव ने आरोप सिद्ध होने पर आरोपी को छह माह के कारावास व दो सौ रूपये का अर्थदण्ड लगाया है। जुर्माना अदा न करने पर 5 दिन का अतिरिक्त कारावास भी काटना होगा।

## गल्ले से नकदी चोरी की घटना कैमरे में हुई कैद

(रिपोर्ट अहसान अली सैफी) ब्यूरो चीफ दैनिक अयोध्या टाइम्स जनपद शामली कैराना। दिन दहाड़े व्यापारी की दुकान के गल्ले से नकदी चोरी की घटना सीसीटीवी में कैद हो गीय है गुरुवार को नगर में स्थित कटहरे धर्मशाला के निकट सन्त कुमार ने पतांजलि की दुकान खोल रखी है। व्यापारी अन्य ग्राहकों को सामान देने के लिए जैसे ही गल्ले से कुछ देर के लिए अलग हटा तो शातिर चोर ने इतनी ही देर में गल्ले पर हाथ साफ कर दिया। चोर यह भूल गया कि यहां सुरक्षा के मद्देनजर पहले ही सीसीटीवी कैमरा लगा हुआ है। गल्ले से नकदी निकालने की यह पूरी घटना कैमरे में कैद हुई है। पीड़ित व्यापारी ने घटना से कैराना पुलिस को अवगत करा दिया है।

## सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाएंगे नाहिद हसन -2019 में झिंझाना क्षेत्र के खेड़ी खुशनाम निवासी महिला ने सपा विधायक नाहिद हसन और भूरा निवासी के विरुद्ध अमानत में खयानत का मुकदमा कराया था दर्ज

(रिपोर्ट अहसान अली सैफी) ब्यूरो चीफ दैनिक अयोध्या टाइम्स जनपद शामली कैराना ।कैराना सपा विधायक नाहिद हसन गैंगस्टर के मामले में जिला जेल में बंद है। वही हाईकोर्ट से विधायक व अन्य के विरुद्ध अमानत में खयानत के एक मुकदमे में जमानत याचिका खारिज होने के बाद नाहिद हसन अब सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाएंगे। जानकारी के अनुसार 2019 में झिंझाना थाना क्षेत्र के गांव खेड़ी खुशनाम निवासी महिला ने कैराना विधायक नाहिद हसन व गांव भूरा निवासी नवाब के विरुद्ध अमानत में खयानत का मुकदमा दर्ज कराया था। वही फरवरी 2021 में तत्कालीन कैराना कोतवाली प्रभारी प्रेमवीर राणा ने नाहिद हसन और उनकी माता तबस्सुम हसन सहित 40 आरोपितों के विरुद्ध गैंगस्टर का मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही शुरू कर दी थी। 15 जनवरी 2022 को पुलिस ने कैराना शामली बाइपास से नाहिद हसन को गिरफ्तार कर कैराना स्थित न्यायालय में पेश किया था। विधायक को मुजफ्फरनगर जेल भेज दिया गया था। कैराना स्थित न्यायालय से नाहिद हसन की जमानत याचिका खारिज होने के बाद उनके अधिवक्ता ने गैंगस्टर और अमानत में खयानत के मुकदमे में हाई कोर्ट में जमानत याचिका दायर की थी। गत बुधवार को हाईकोर्ट ने 2019 के मामला अमानत में खयानत के मुकदमे में नाहिद हसन की जमानत याचिका खारिज कर दी। हाईकोर्ट के बाद विधायक नाहिद हसन को राहत दिलाने के लिए सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाना होगा।

## पत्रकार संगठन कैराना के महासचिव पद के उप चुनाव की हुई घोषणा- सन्नी गर्ग होगे महासचिव पद के प्रत्याशी

(रिपोर्ट जिला संवाददाता) दैनिक अयोध्या टाइम्स जनपद शामली कैराना। पत्रकार संगठन कैराना का प्रथम चुनाव जनवरी माह २०२२ में २०२२ का अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, महासचिव, सचिव, कोषाध्यक्ष पद पर हुआ था। लेकिन महासचिव पद से महताब उर्फ शानू ने त्यागपत्र दे दिया था। एल्टर कमेटी के मेम्बर इकबाल हसन ने बताया की आगामी १३ जुलाई को महासचिव पद पर उप चुनाव की वोटिंग होने की घोषणा एलटर कमेटी ने की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार



पत्रकार संगठन कैराना के सदस्य सन्नी गर्ग महासचिव पद का उप चुनाव लडने की तैयारी में जुट गए है। बताया जाता है कि सन्नी गर्ग के पत्रकार संगठन कैराना के महासचिव पद के उपचुनाव में प्रत्याशी होने की घोषणा होने से अन्य प्रत्याशियों में खलबली मची हुई है। वहीं उनके चुनाव में प्रत्याशी होने की घोषणा पर कस्बा व क्षेत्र के गणमान्य लोग व पत्रकार साथी उनको बधाई दे रहे हैं।

## पेंशनर्स को कैशलेस चिकित्सा सुविधा स्टेट हैल्थ कार्ड के माध्यम से उपलब्ध कराये जाने की व्यवस्था लागू

दैनिक अयोध्या टाइम्स।

रामपुर। पेंशनर्स को कैशलेस चिकित्सा सुविधा स्टेट हैल्थ कार्ड के माध्यम से उपलब्ध कराये जाने की व्यवस्था लागू की गई हैं। स्टेट हैल्थ कार्ड के लिए वेबसाइट पद पर स्वयं ऑनलाइन आवेदन करें। आवेदन सफल होने पर आवेदन स्वतः ही कोषागार कार्यालय में ऑनलाइन प्राप्त होगा। इसके लिए पेंशनर्स को कोषागार में किसी भी प्रकार का दस्तावेज जमा नहीं करना हैं और न ही उपस्थित होना हैं। प्राप्त आवेदन को कोषागार द्वारा कुछ समय बाद सत्यापित किया जायेगा।

वरिष्ठ कोषाधिकारी लक्ष्मी कांत ने बताया कि कोषागार द्वारा आवेदन सत्यापित किए जाने पर एक टेक्स्ट मैसेज प्राप्त हो जायेगा। इसके कुछ दिन बाद एक अन्य टेक्स्ट मैसेज प्राप्त होगा जिससे ईकेवाईसी कर वेबसाइट से अपना हैल्थ कार्ड ऑनलाइन डाउनलोड कर सकते हैं। कोषागार कार्यालय से किसी भी प्रकार का हैल्थकार्ड प्रदान नहीं किया जायेगा। यदि स्टेट हैल्थ कार्ड के लिए आवेदन करने में कोई समस्या आ रही हैं तो उसके समाधान के लिए 20 जुलाई को सुबह दस बजे से शाम पांच बजे तक जिला कोषागार कार्यालय कलैक्ट्रेट कैम्पस रामपुर में एक कैम्प का आयोजन किया जायेगा। यदि किसी पेंशनर की हैल्थ कार्ड से जुड़ी कोई समस्या हैं तो वह इस कैम्प में उपस्थित होकर निस्तारण करा सकते हैं।

## पीएम मोदी की जो निर्णय होते हैं वह सराहनीय होते हैं: अखिल भारतीय मुस्लिम महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष फरहत अली खान

दैनिक अयोध्या टाइम्स रामपुर। अखिल भारतीय मुस्लिम महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष फरहत अली खान ने कहा पीएम मोदी की जो निर्णय होते हैं वह सराहनीय होते हैं।

उन्होंने जो पसमांदा मुस्लिम को ऊपर उठाने की बात की हैं वह सराहनीय हैं और उसका संपूर्ण देश का अल्पसंख्यक समाज विशेष तौर से मुस्लिम आभार व्यक्त करते हैं। फरहत अली खान ने कहा कि उपराष्ट्रपति किसी भी मुस्लिम समाज के व्यक्ति को न बना करके बहुसंख्यक वर्ग से ही बनाया जाए क्योंकि अभी तक पूर्व राष्ट्रपति और भारत रत्न स्वर्गीय भारत ए.पी.जे कलाम के अलावा किसी भी मुसलमान का ऐसा कोई भी कार्य नहीं हैं जिससे इस सम्मानित पदवी के सर्वोच्च पद से गरीमाई किया जाए।

# बेरोजगारी की समस्या के समाधान हेतु चलायेंगे जनजागण अभियान

अयोध्या। स्वावलंबी भारत अभियान के अंतर्गत पूर्ण बीपीएल उन्मूलन व 100 प्रतिशत रोजगार के अवसर के उद्देश्य से स्वदेशी जागरण मंच, भारतीय जनता पार्टी, अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद, विश्व हिंदू परिषद, लघु उद्योग भारती, भारतीय मजदूर संघ, भारतीय किसान संघ, सहकार भारती, ग्राहक पंचायत, राष्ट्रीय सेवा भारती, वनवासी कल्याण आश्रम आदि भारत के अनेक आर्थिक शैक्षिक एवं सामाजिक संगठनों के संयुक्त प्रयासों से संपूर्ण देश के अंदर एक व्यापक अभियान चलाया जा रहा है। भारतीय जनता पार्टी अयोध्या के जिला अध्यक्ष संजीव सिंह ने कहा कि बेरोजगारी की समस्या के समाधान हेतु व्यापक प्रयत्नों जैसे, जनजागरण समाज प्रबोधन व व्यापक योजना रचना की आवश्यकता है।

उसके लिए आर्थिक संगठनों के साथ–साथ शैक्षिक व सामाजिक संगठनों की एक व्यापक पहल है स्वावलंबी भारत अभियान इस अभियान के निमित्त विभिन्न सामाजिक संगठनों के समन्वित प्रयासों से शत प्रतिशत रोजगार का लक्ष्य प्राप्त करने हेतु जिला स्तर पर गठित समन्वय समिति के लिए भारतीय जनता पार्टी ने राधेश्याम त्यागी, प्रवीण कुमार सिंह, सुशील मिश्रा, निर्मल शर्मा, बृजेंद्र दुबे तथा ब्लॉक समितियों हेतु श्याम नारायण पाठक, सियाराम रावत, मानस मणि त्रिपाठी, राम नवल लोधी, कुलदीप मौर्य, वीरेंद्र कुमार, मनीष तिवारी बंटी, अनिल उपाध्याय, सुभाष चंद्र कोरी, तथा अशोक वर्मा का नाम प्रस्तावित किया है।

भाजपा जिला अध्यक्ष संजीव सिंह ने इन कार्यकर्ताओं से अपेक्षा की है कि विभिन्न शैक्षिक, सामाजिक एवं आर्थिक संगठनों के साथ–साथ सरकार, समाज एवं संगठन के समन्वित् प्रयासों से एक विशाल जनजागरण अभियान चलाकर स्वावलंबी भारत के संकल्प को सिद्धि तक पहुंचाने में सहयोग करेंगे तथा सरकार की रोजगारपरक योजनाओं को जन–जन तक पहुंचाकर अन्त्योदय के स्वप्न को साकार करेंगे। साथ ही युवा वर्ग से आग्रह किया है कि अपने कौशल विकास के साथ साथ उद्यमिता एवं स्वरोजगार को अपनाकर भारत को आर्थिक क्षेत्र में समृद्ध बनाने हेतु पूर्ण मनोयोग से हम लगेंगे तो निश्चित रूप से हमारा देश विश्व में एक आर्थिक महाशक्ति के रूप में स्थापित हो सकेगा।

# जिला अध्यक्ष परदेशी रविदास की अध्यक्षता में बीजेपी जिला कार्यसमिति की हुई बैठक



⊠ केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी सरकार की गिनाई उपलब्धियां

मुन्ना अंसारी दैनिक अयोध्या टाइम्स महराजगंज। जनपद में आज भारतीय जनता पार्टी महाराजगंज की जिला कार्यसमिति की बैठक जिलाध्यक्ष परदेसी रविदास की अध्यक्षता में संपन्न हुई। जिला महामंत्री प्रदीप सिंह ने मंच का संचालन किया। कार्य समिति की शुरुआत पंडित दीन दयाल उपाध्याय व डॉ० श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर वंदे मातरम गीत के साथ हुई। मुख्य अतिथि भारत सरकार के केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने जिला कार्य समिति को संबोधित करते हुए कहा कि, गरीबों एवं पिछड़ों की भाजपा ही सच्ची हितैषी है। भाजपा ने हमेशा गरीबों के बारे में सोचा है। लोगों की पहली आधारभूत आवश्यकता होती है रोटी और मकान, भाजपा सरकार ने गरीबों को निशुल्क अनाज एवं आवास देकर उनकी मूलभूत जरूरतों को पूरा करने का काम किया है। उन्होंने कहा कि कहा कि प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी ने डॉ० श्यामा प्रसाद मुखर्जी के अभिन्न भारत के सपने को साकार करते हुए कश्मीर से कन्या कुमारी तक के भारत की भौगोलिक स्थिति को साकार रूप देते हुए धारा 370 और 35 ए को समाप्त करने का जो ऐतिहासिक फैसला किया वह भाजपा सरकार और देश के लिए बहुत बड़ी उपलब्धि है। उन्होंने कहा कि अयोध्या में भगवान राम की जन्म स्थली पर भव्य मंदिर निर्माण के मार्ग को प्रशस्त करने में जिस प्रकार प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में चल रही भाजपा सरकार ने महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन किया। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि मुस्लिम समाज की महिलाओं के लिए अभिशाप बन चुके तीन तलाक के कानून को समाप्त करने का साहस और कठिन निर्णय का भी श्रेय भाजपा की केंद्र सरकार को ही जाता है।

जिलाध्यक्ष परदेसी रविदास ने अध्यक्षीय संबोधन में कहा कि भाजपा सरकार ने गरीबों व किसानो के हित में समर्पित हो कर कार्य किया है। प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में चल रही भाजपा की प्रदेश सरकार ने गरीबों, वचितों और असहायों के अनेक योजनाएं बनाई हैं। आगामी लोकसभा चुनावों में भाजपा को पुनः सत्ता में लाने के लिए भारतीय जनता पार्टी ने बूथ को सशक्त करने के लिए कार्य योजना बनाई गयी है। 31 जुलाई तक उन बूथों पर कार्य करना है जहा भारतीय जनता पार्टी हारती है और बूथ को एक बार फिर मजबूत बनाना है। इस अवसर पर पनियरा विधायक ज्ञानेंद्र सिंह, सदर विधायक जय मंगल कन्नौजिया, नौतनवा विधायक ऋषि त्रिपाठी, विधायक प्रेम सागर पटेल, पूर्व विधायक चौधरी शिवेंद्र सिंह, पूर्व विधायक अवनींद्र नाथ द्विवेदी, पूर्व जिलाध्यक्ष जनार्दन प्रसाद गुप्ता, अरुण शुक्ला, समीर त्रिपाठी, नगर पालिका अध्यक्ष कृष्ण गोपाल जायसवाल, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि राम हरख गुप्ता, ओम प्रकाश जायसवाल, इंजि विवेक गुप्ता, प्रमुख हरिशंकर वर्मा, प्रमुख संघ अध्यक्ष पनियरा ब्लॉक प्रमुख वेद प्रकाश शुक्ला, जिला उपाध्यक्ष अमरनाथ पटेल, मधुर सिंह, रामाज्ञा निषाद, जितेंद्र, संजय वर्मा, बबलू यादव, जिला मंत्री बैजनाथ पटेल, सरोज पांडेय, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष सुमित्रा भारती ने भी आपने विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर नगर अध्यक्ष राघवेंद्र मिश्रा, मंडल अध्यक्ष दिलीप शर्मा, अरविंद मौर्य, बाबू नंदन शर्मा, गुलाब चौरसिया, भोला मल्ल, पूर्व जिला मंत्री भगवंत शास्त्री, पूर्व जिला उपाध्यक्ष अरुणेश शुक्ला, पूर्व जिला मंत्री प्रदीप उपाध्याय, तारा पाल, वंदना त्रिपाठी, किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष वीरेंद्र चौहान सहित तमाम भाजपा पदाधिकारी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# संक्षिप्त समाचार

## सांसद अयोध्या ने वृक्षारोपण करते हुए जनता से सीधा किया संवाद

पवन कुमार रूदौली,अयोध्या। ग्राम पंचायत जखौली के ड.रै. कालेज में सांसद अयोध्या का आगमन हुआ। वृक्षारोपण कार्यक्रम के तहत सांसद ने



पौधारोपण के साथ एक ग्राम वासियों से सीधा संवाद भी किया। तत्पश्चात ग्राम प्रधान प्रतिनिधि श्री माताफेर चौरासिया एवं जनता द्वारा सांसद का भव्य स्वागत किया गया। सांसद अयोध्या ने सीधे जनता से संवाद करते हुए, गांव की अहम समस्या को लेकर ग्राम प्रतिनिधि माताफेर ने नहर सफाई का मुद्दा उठाया। जिसको संज्ञान में लेते हुए। सांसद ने दूरभाष के माध्यम से तुरंत सिंचाई विभाग से वार्ता कर जल्द से जल्द नहर सफाई कराने का आदेश दिया। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष श्री शिवगोविंद पाठक,ड.रै.. कालेज प्रबंधक चंद्रिका प्रसाद,जिला संयोजक शिवानंद मिश्रा,सुधीर गुप्ता,भाजपा नेता अखिलेश रावत,उमाशंकर तिवारी,कपिल पांडे,पप्पू चौहान,विनय तिवारी,शैलेंद्र दुबे,सिठौली प्रधान पप्पू यादव,प्रधान गेरौंढा दिनेश गुप्ता,वाजिदपुर प्रधान उस्मान,रौजागांव प्रधान अखिलेश लोधी, खुर्दह प्रधान अमरेश वर्मा, रामचंद्र साहू,शिवराम साहू, सुरेश पांडे,ओमप्रकाश,चंद्रभूषण तिवारी,श्रीराम मौर्य, मंशाराम चौहान सहित सैंकड़ों लोग मौजूद रहे।

## पेड़ से टकराई बाइक,एक की मौत

दैनिक अयोध्या टाइम्स सुधीर बंसल रुदौली अयोध्या। पटरंगा थाना क्षेत्र अंतर्गत राष्ट्रीय राजमार्ग पर मियां का पुरवा ओवरब्रिज के समीप गुरुवार की सुबह एक बाइक सवार पेड़ से टकरा गया जिससे बाइक सवार राम प्रकाश पुत्र मोतीलाल(46)निवासी ग्राम तिलपुरा थाना मसौली जिला बाराबंकी की मौके पर ही मौत हो गई।वहीँ 12 वर्षीय अमन पुत्र ओमकार गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुचे हाइवे चौकी प्रभारी जितेंद्र यादव ने



घायल बालक को इलाज हेतु सीएचसी मवई भेजवाया जहाँ बालक की स्थिति सामान्य बताई जा रही है। जानकारी के मुताबिक मृतक का लड़का आनंद कुमार जो फैजाबाद में रहकर पढ़ाई करता था उसके पिता राशन व अन्य सामान देने अपने गांव से फैजाबाद आ रहे थे तभी रास्ते मे हादसे का शिकार हो गए।परिजनों का रो–रोकर बुरा हाल है।हाइवे चौकी प्रभारी जितेंद्र यादव ने बताया कि शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया गया है।अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

## रसोई गैस की कीमतों में वृद्धि का अनूठा विरोध

अयोध्या। दिव्यांग सपा नेता पंडित समरजीत ने घरेलू गैस सिलेंडर का



दाम 11 सौ रुपए पार होने पर गुलाब बाड़ी तिराहे पर गैस सिलेंडर वितरण केंद्र पर गैस सिलेंडर ले रहे लोगों को महंगाई के विरोध में लड्डू खिला कर भारत के प्रधानमंत्री को बधाई व शुभकामनाएं दी।भाजपा सरकार आज गरीबों को ही मिटाने पर तुल गई है। पूंजीपतियों को लाभ पहुंचाने के लिए सरकार बेतहाशा मूल्य वृद्धि पर नियंत्रण नहीं कर पा रही है। जिससे आज देश की गरीब जनता भुखमरी के साथ–साथ दो पाटों के बीच में पिसती चली जा रही है। देश की गरीब जनता 2024 के लोकसभा चुनाव में भाजपा सरकार को सबक सिखाने का काम करेगी।

## वन विभाग द्वारा आयोजित बृक्षारोपण कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित हो कर विधायक ने किया वृक्षारोपण

मुन्ना अंसारी दैनिक अयोध्या टाइम्स नवतनवा,महराजगंज। उत्तर प्रदेश के जनपद महराजगंज के नवतनवा विधायक ऋषि त्रिपाठी ने बरगदवा बाजार मे लोगों से मुलाकात कर उनकी जनसमस्याओं को सुना और तत्काल उसके निस्तारण हेतु सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया। उसके बाद ग्राम सभा हरपुर पहुँचकर वन विभाग द्वारा आयोजित वृक्षारोपण कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित होकर वृक्षारोपण किया। विधायक ऋषि त्रिपाठी ने हरपुर ग्रामसभा में बने मनरेगा पार्क का लोकार्पण भी किया और वहां उपस्थित लोगों से उनका हाल चाल जाना व उसके





बाद पेंडारी चौराहे पहुँचकर वहां के लोगों से भी मुलाकात कर जनसमस्याओं के बारे में जाना। इस मौके पर नौतनवां ब्लॉक प्रमुख राकेश मद्धेशिया, प्रदीप पाण्डेय, सूरज राय, अभिषेक मिश्रा, धीरज तिवारी, प्रधान ऋषिकेश यादव, सत्यम् चौबे, अनिल शुक्ला, ग्राम प्रधान जितेंद्र वर्मा, ग्राम प्रधान उमेश, ग्राम प्रधान जितेंद्र चौहान, सतीश पाण्डेय, मार्कण्डेय, अतुल पाण्डेय, ग्राम प्रधान अजय व अन्य लोग मौजूद रहे।

## भिनगा श्रावस्ती के परिसर में रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है

ब्यूरो चीफ श्रावस्ती ओंकार नाथ चौधरी

जनपद श्रावस्ती जिलाधिकारी नेहा प्रकाश के निर्देश पर प्रधानाचार्य, राष्ट्रीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान भिनगा ने बताया है कि 11 जुलाई, 2022 को नोडल राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, भिनगा श्रावस्ती के परिसर में रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें आई०टी०आई० उत्तीर्ण, कौशल विकास योजना से उत्तीण एवं अन्य शैक्षिक अर्हताधारी इच्छुक अभ्यार्थी मेले में प्रातरू 09 बजे से सायं 04 बजे तक प्रतिभाग कर सकते रोजगार मेले में प्रतिभाग करने वाले इच्छुक अभ्यार्थी अपने साथ 02 पासपोर्ट साइज रंगीन फोटो, 01 आधार कार्ड की छायाप्रति एवं सम्बन्धित शैक्षिक, तकनीकी योग्यता से सम्बन्धित अभिलेखों की स्व प्रमाणित छायाप्रति दो सेट में लाना अनिवार्य है।

# किसान आसमान की और टक टकी लगाए देख रहा,जाने क्यों रुठे मानसूनी बादल



दैनिक अयोध्या टाइम्स सुधीर बंसल रुदौली अयोध्या। जून का महीना सूखा गुजर गया,जुलाई के प्रथम सप्ताह में भी बारिश नहीं। इस वर्ष मानसूनी बारिश के बादल रूठे हुए हैं।इसे लेकर किसान काफी चिंतित हैं।जून का महीना सुखा गुजर गया जबकि जुलाई के प्रथम सप्ताह में भी अभीतक बारिश नहीं हुई है।बारिश रिकॉर्ड के मुताबिक उत्तर प्रदेश में 18 से 22 जून के मध्य मानसून की दस्तक शुरू हो जाती है लेकिन इस बार 6 जुलाई बीत जाने के बाद भी अभी दूर–दूर तक मानसून सक्रिय होने के आसार नजर नहीं आ रहे हैं।बीते दो–तीन दिनों से पुरवाई हवा के साथ ही तेज उमस पड़ रही है जिससे लोग पसीने पसीने हो रहे हैं।बुधवार की शाम रुदौली क्षेत्र में आसमान पर बादल दिखाई दिए लेकिन थोड़ी देर बाद ही हवा बादलों को उड़ाकर ले गई।मौसम विज्ञानियों की मानें तो इस वर्ष अभी तक प्री मानसून भी सक्रिय नहीं हुआ है।28 जून के आसपास कुछ जगहों पर बारिश हुई थी जिससे अनुमान था कि मानसून जल्द ही सक्रिय हो जाएगा। लेकिन ऐसा न होना चिंता का विषय है।किसानों ने ग्रामीण कहावत सुनाई तेरह कार्तिक,तीन आषाढ़।अर्थात रबी की बुवाई के लिए एक पखवाड़े का समय जबकि, खरीफ की फसल के लिए मात्र 3 से 5 दिन का समय उपयुक्त माना गया है।वह भी आषाढ़ के महीने में।किसानों ने बताया कि आषाढ़ का महीना खत्म होने में मात्र 5 दिन का समय शेष है।

लेकिन बारिश न होने से खरीफ की फसलें नहीं बोयी जा सकी हैं।खेतों में धान की बेड़ सूख रही है जबकि मक्का और ज्वार की बुवाई भी लेट हो रही है।वही बारिश न होने से पेयजल की भी गंभीर समस्या है।पशु–पक्षी प्यास से बेहाल होकर इधर–उधर भटक रहे हैं।

# खरीददारों से गुलजार हुई बकरा मंडी



⊠ आठ हजार से 90 हजार रुपये तक की कीमत में बिके बकरे

अयोध्या। बकरीद पर्व को लेकर बकरा मंडियां खरीददारों से पूरी तरह गुलजार हो गयी है। एक ओर जहां 8 से 90 हजार तक के बकरे बिक रहे हैं वहीं अफगानी नस्ल का शमशेर नाम से पुकारा जाने वाला बकरा मंडी की शान बना है। करीब दो साल के शमशेर का वजन एक कुंतल से ऊपर बताया गया है। आगामी 10 जुलाई को बकरीद मनाई जाएगी। इसे लेकर जिले में बकरों की मंडी लगनी शुरू हो चुकी है। जिले में ग्रामीण क्षेत्रों के अलावा सबसे बड़ी मंडी नियावां में लगती है। गुरुवार को इसी मंडी की शान बना हुआ शमशेर दिखाई दिया। हालांकि उसे आज कोई खरीदार तो नहीं मिला लेकिन जो देखता ठिठक कर रह जाता। माशूक अली ने बताया इसका वजन करीब एक कुंतल है। यहां अच्छे वजन और बिना किसी चोट वाले बकरों के रेट ज्यादा हैं। मुस्लिम समुदाय के लोगों की यहां पर भीड़ लगी रही। कई लोग 2 बकरे भी एक साथ खरीद रहे हैं। बकरीद से पहले तक इन्हें अच्छे से खिला–पिला कर इनका ख्याल रखा जाएगा। जिसके बाद इनकी कुबार्नी होगी। बकरों की खरीदारी करने आए लोगों ने बताया कि कुबार्नी के लिए खरीदे जाने वाले बकरे पर काफी ध्यान देना होता है। उसका सींग टूटा न हो, दो दांत हों, कम से कम एक साल का हो, शरीर पर कोई जख्म न हो और तंदुरुस्त हो। इसके बाद ही उसकी कुबार्नी कबूल होती है। इरफान ने बताया कि उन्होंने साढ़े 16 हजार का एक बकरा खरीदा है। वहीं एक अन्य खरीददार ने 60 हजार रुपए में दो बकरे खरीदे। एक खरीददार ने 16,500 रुपए में बकरा खरीदा। उसने बताया कि बकरे की कुबार्नी से अल्लाह खुश होता है।

# खबर का असर : गरीब बच्चे के इलाज को पहुचे डाक्टर

⊠ देर शाम पहुचे विधायक

दैनिक अयोध्या टाइम्स पवन कुमार संवाददाता रूदौली,अयोध्या।

सोशल मीडिया ग्रुप दैनिक अयोध्या टाइम्स समाचार पत्र के सार्थक प्रयास से बीमारी से पीड़ित हर्षित साहू के इलाज के लिए डाक्टर च.च. यादव कटघरा पहुचे और अपने उच्चाधिकारियो को वस्तुस्थित से अवगत कराया। इसके बाद देर रात रुदौली विधायक राम चंद्र यादव भी कटघरा गांव पहुंच कर पीड़ित कि माँ और दादी से मिलकर मुख्य चिकित्सा अधिकारी अयोध्या से बच्चे के उपचार की समुचित व्यवस्था करने का निर्देश दिया और रूदौली सीएचसी अधीक्षक डा0 मदन बरनवाल से कुपोषण का शिकार तीसरे बच्चे का इलाज करने का निर्देश दिया। ज्ञात हों कि आशा बहू, ।छड से लेकर लाखों का वेतन पाने वाले डाक्टरों को सरकार ने फील्ड में तैनात किये है और अरबो – खरबों का बजट दवाइयों पर खर्च कर रही है। फिर भी समय पर जटिल बीमारियों का इलाज जागरूकता के अभाव में नहीं हो पा रहा है। ऐसा ही दुर्भाग्य कटघरा मजरे जखौली निवासी चेतराम साहू के साथ हो रहा है। गरीब चेतराम के मॅझले बेटे हर्षित 12 वर्ष के घुटनो से नीचे दोनों पैरो ने काम करना बंद कर दिया है इसके पूर्व चेतराम साहू के बड़े पुत्र मोहित को इसी बीमारी ने असमय लील लिया है। और 5 वर्षीय तीसरे बच्चे हिमांशु साहू में भी बीमारी के संकेत दिखने शुरू हों गये है।



विधायक के स्वयं रूचि लेने के कारण गुरुवार को मेडिकल स्टॉफ के पहुंचने की उम्मीद है। अभी तक की स्थिति के अनुसार प्रथम दृष्टया यह मस्कुलर डिस्ट्राफी का मामला प्रतीत होता है। जो बड़ी बीमारी है। आज आने वाली जांच टीम द्वारा नमूना लेकर विश्लेषण हेतु लोहिया संस्थान या PGI भेजा जायेगा रिपोर्ट के बाद स्थिति साफ होंगी।

# पुरानी रंजिश को लेकर दो पक्षों में हुई मारपीट, एक व्यक्ति की हालत गंभीर

पवन कुमार अयोध्या। रूदौली सर्किल के पटरंगा थाना अंतर्गत ग्राम सरैठा में पुरानी रंजिश के चलते बुधवार की शाम दो पक्षों में विवाद हो गया जिसमें एक पक्ष द्वारा दूसरे पक्ष के एक व्यक्ति पर लोहे की रॉड से जानलेवा हमला कर दिया गया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को आनन फानन में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। जहाँ उसकी हालत गंभीर देख डॉक्टरों ने प्राथमिक चिकित्सा के उपरांत उसे ट्रामा सेंटर लखनऊ रेफर कर दिया।

घायल जय सिंह की पत्नी कुसुम की मानें तो जयसिंह को बुधवार शाम लगभग साढ़े छह बजे शिवनगर चौराहा स्थित बाजार से वापस घर आते समय गाँव के समीप पहले से अपनी एक्सयूवी गाड़ी यूपी 42AY0557 लेकर अपने ड्राइवर व एक अन्य व्यक्ति के साथ खड़े गाँव के पूर्व प्रधान धीर सिंह पुत्र भैरव बख्श सिंह ने रोककर उन पर रॉड से हमला कर दिया जिससे उनका सिर फट गया। और वें घटनास्थल पर बेहोश होकर गिर गए। पत्नी के अनुसार जयसिंह को मृत समझकर धीरसिंह अपने ड्राइवर व अन्य साथी के साथ मौके से फरार हो गया। जय सिंह की पत्नी कुसुम की तहरीर पर पटरंगा पुलिस ने पूर्व प्रधान धीर सिंह, उनके ड्राइवर व एक अन्य व्यक्ति पर भा.द.स. 1860 धारा 323, 308 के तहत मुकदमा पंजीकृत कर जाँच में जुट गई है।

# ग्राम बाल संरक्षण समिति की बैठक नियमित किया जाए : श्रवण कुमार नायक वर्ल्ड विजन इंडिया




ओंकार नाथ चौधरी

जनपद बलरामपुर। वर्ल्ड विजन इंडिया बलरामपुर क्षेत्रीय कार्यक्रम द्वारा तुलसीपुर के मुंबई जायका रेस्टोरेन्ट के हाल में बाल संरक्षण समिति पर केन्द्रित सी.वी.ए. इंटरफेस मीटिंग का आयोजन किया गया. इस मीटिंग को वर्ल्ड विजन इंडिया बलरामपुर क्षेत्रीय कार्यक्रम के प्रबंधक श्रवण कुमार नायक ने संचालित किया. इस कार्यक्रम में चाइल्ड लाइन के प्रिंस कुमार यादव, जिला प्रोबेशन अधिकारी कार्यालय से बद्रीनाथ जी एवं आई.सी.डी.एस. विभाग से सुपरवाइजर उषा मिश्र उपस्थित थीं. इस कार्यक्रम में चार गाँव मुड़ीला, लालनगर, पिपरहवा एवं गढ़वा कला के बाल संरक्षण समिति के सदस्यों को आमंत्रित किया गया था. इस कार्यक्रम में आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, आशा, एवं गाँव के अन्य सदस्यों ने भाग लिया. इस मीटिंग में श्रवण कुमार नायक ने चाइल्ड प्रोटेक्शन समिति के कार्यों के बारे में विस्तार से लोगो को बताया और साथ ही आंगन वाड़ी कार्यकर्ताओं से इस समिति के अस्तित्व एवं गतिविधियों की जानकारी ली. उन्होंने समिति के मोनिटरिंग स्टैंडर्ड्स पर चर्चा की. समिति के गठन की प्रिकिर्य एवं सदस्यों के चयन की विस्तृत जानकारी दी. चाइल्ड लाइन के प्रिंस कुमार यादव ने समाज में होने वाले विभिन्न प्रकार के बाल अपराधों के विषय में लोगो को बताया. साथ ही लोगो को इसके विषय में जागरूक करने पर बल दिया. जिला प्रोबेशन अधिकारी कार्यालय की ओर से उपस्थित बद्रीबिशाल जी सरकार द्वारा चलायी जा रही विभिन्न योजनाओं के बारे में लोगो को बताया एवं लोगो द्वारा पूछे गए सवालों का जवाब भी दिया. इस बैठक में ग्राम स्तरीय बाल संरक्षण समिति की नियमित बैठक करने के लिए वर्ल्ड विजन इंडिया की ओर से पूर्ण सहयोग देने का वादा किया गया एवं मिलकर इस समिति को सक्रिय रूप से संचालित करने का निर्णय लिया गया।

# पेंशन के लिए अब नहीं लगाने पड़ेंगे दफ्तरों का चक्कर

मुन्ना अंसारी दैनिक अयोध्या टाइम्स महराजगंज। जनपद महराजगंज में अब नहीं लगाने पड़ेंगे बुजुर्गों को पेशन प्राप्त करने हेतु दफ्तरों के चक्कर आपको बताते चलें कि महराजगंज के मुख्य विकास अधिकारी की पहल पर अब बुजुर्गों की समस्याओ के निराकरण के लिए की गई नई व्यवस्था। विभाग की भागदौड़ के बजाय वृद्ध अब फोन काल घुमाएंगे और उनकी समस्याओ का हल सम्बंधित द्वारा किया जाएगा। जिले के वृद्धजनों को अब पेंशन से जुड़ी शिकायतों और अन्य समस्याओं के लिए विभाग का चक्कर नहीं काटना पड़ेगा। उनकी सुरक्षा, स्वास्थ्य, पेंशन व कानूनी सहायता समेत विभिन्न शिकायतों का समाधान महज एक फोन काल पर ही हो सकेगा। इस संबंध में मुख्य विकास अधिकारी गौरव सिंह सोगरवाल ने बताया कि जिला समाज कल्याण विभाग की ओर से इसके लिए जारी नेशनल एक्शन प्लान फार सीनियर सिटीजन के टोल फ्री नंबर 14567 को लेकर लोगों को जागरूक किया जा रहा है। प्राप्त आंकड़ों के अनुसार जिले में 1.4 लाख बुजुर्ग वृद्धावस्था पेंशन के लिए पंजीकृत हैं। पेंशन संबंधी विभिन्न समस्याओं के लिए उन्हें आए दिन मुख्यालय आना पड़ता है। अब बुजुर्गों को आसानी हो इसके लिए समाज कल्याण विभाग की और विशेष टोल फ्री नंबर जारी किया गया है।



# आंगनबाड़ी कार्यकत्री के नियमित देखभाल से मां बनी महिला को सीडीपीओ ने किया सम्मानित

अम्बरीष शर्मा दैनिक अयोध्या टाइम्स भटहट,महराजगंज। उत्तर प्रदेश के जनपद महराजगंज के आंगनवाड़ी कार्यकत्री अथक परिश्रम व नियमित देखभाल व ग्राम स्वास्थ्य स्वच्छता एवं पोषण दिवस ( वीएचएसएनडी ) में नियमित उपचार के बाद मां बनी महिला को बुधवार को सीडीपीओ महेंद्र कुमार चौधरी द्वारा सम्मानित किया गया। सीडीपीओ ने बताया कि आंगनवाड़ी केन्द्र रतनपुर की एक महिला 17 माह पहले ग्राम स्वास्थ्य स्वच्छता एवं पोषण दिवस पर कार्यकत्री अर्चना देवी के पास पहुंची। महिला को कोई संतान नहीं थी। एएनएम की जांच में पाया गया कि महिला स्वास्थ्य सम्बन्धी कारणों से गर्भवती नहीं हो पा रही थी। उसका बीएचएसएनडी सत्र के साथ नियमित जांच व इलाज शुरू हुआ। सात माह बाद महिला गर्भवती हुई। इस दौरान उसका हीमोग्लोबिन 8 ग्राम था। आंगनबाड़ी कार्यकत्री द्वारा प्रत्येक बीएचएसएनडी दिवस उसके स्वास्थ्य परीक्षण के साथ ही आवश्यक सुझाव दिए गए। परिणाम स्वरूप एक माह पूर्व महिला ने मेडिकल कालेज में स्वस्थ्य बच्चे को जन्म दिया। कार्यकत्री द्वारा मां के साथ शिशु का भी नियमित टीकाकरण कराया जा रहा है।

बीएचएसएनडी में गर्भवती महिलाओं का टीकाकरण, पेट की जांच (बच्चे की बढ़त जानने के लिए), खून की जांच, यूरिन जांच, सर्करा व ब्लड प्रेशर की जांच की जाती है। इस दौरान शून्य से पांच वर्ष के बच्चों का टीकाकरण,



विटामीन A एवं B, मल्टीविटामिन, जिंक, ओआरएस देने के साथ ही किशोरियों में एनिमिया की जांच की जाती है।

# कावड़ यात्रा को लेकर एसडीएम ने किया इलाके का दौरा





अयोध्या टाइम्स संवाददाता
फरीदपुर। सावन के सोमवार को लेकर उप जिलाधिकारी ने काफिले के साथ इलाके का दौरा किया पालिका प्रशासन को दिए मंदिरों के इर्द–गिर्द साफ सफाई के सख्त निर्देश! सावन के पहले सोमवार को लेकर शासन की गाइडलाइन के तहत कावड़ यात्रा को सुचारू संचालित करने के लिए पुलिस व प्रशासन ने कमर कस ली है इसी के तहत उप जिलाधिकारी अजय कुमार उपाध्याय ने इलाके से गुजरने बाले शिव भक्तों के मार्ग का बारीकी से निरीक्षण किया और मंदिरों के निकट खड़े होकर लोगों को दिशा निर्देश भी दिए उन्होंने सर्वप्रथम बरेली बुखारा रोड पर स्थित फरीदपुर की सीमा सिमरा बोरीपुर में आस्था का प्रतीक सिद्ध बाबा मंदिर का दौरा किया मंदिर कमेटी के पदाधिकारियों से वार्तालाप के बादसाफ–सफाई को परखा उसके बाद पांडवों द्वारा स्थापित फरीदपुर भुता रोड पर पहलऊं पट्टी गांव मैं सड़क किनारे स्थित पहलेस्वर नाथ शिव मंदिर नगर से 5 किलोमीटर दूर पचौमी गांव का पंचेश्वर नाथ शिव मंदिर लाइनपार मठिया नौ देवी मंदिर के जहां शिव भक्तों का रेला जलाभिषेक करने जाता हैं उप जिलाधिकारी ने गहनता से निरीक्षण किया इसके अलावा नगर के मोहल्ला मिर्धान परा भुता रोड से गुजरने वाले कांवरियों के मार्ग को देखा और स्थानीय लोगों से वार्ता की कांवड़ यात्रा से संबंधित दिशा–निर्देश भी दिए साफ सफाई के संदर्भ में पालिका प्रशासन को भी कसा! इस दौरान प्रभारी निरीक्षक धर्मेंद्र सिंह, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका नितिन गंगवार ,उपखंड अधिकारी विद्युत सतीश जायसवाल, जेई पी डब्लू डी और एडीओ पंचायत मौजूद रहे!

# प्रशासन ने ग्रामीणों के साथ कैंप लगाकर किया बाढ़ आपदा माक ड्रिल सुरक्षा के गुर सिखाए



अयोध्या टाइम्स संवाददाता
फरीदपुर। मानसूनी बारिश को लेकर तहसील प्रशासन ने कमर कस ली है क्योंकि रामगंगा कटरी का इलाका हमेशा बाढ़ की चपेट में रहता है बाढ़ के दौरान समूचे गांव रामगंगा में समा जाते हैं प्रशासन की मदद से लोगों की जीविका का संचालन होता है इससे पूर्व जल शक्ति कैबिनेट मंत्री ने भी भाजपा विधायक के साथ रामगंगा के तटबंध का निरीक्षण किया था अब बाढ़ ग्रस्त इलाके में प्रशासन ने ग्रामीणों के साथ माक ड्रिल करके आपदा रूपी बाढ़ से सुरक्षा के गुर सिखाए!
शासन की पहल पर यूपी में मानसून की दस्तक से पहले तहसील प्रशासन ने बाढ़ ग्रस्त इलाके के गांव खल्लपुर मैं उप जिलाधिकारी अजय कुमार उपाध्याय के निर्देशन में कैंप लगाकर बाढ़ आपदा से निपटने के लिए ग्रामीणों के साथ माक ड्रिल किया जिससे मानसून के पूरे सवाब पर आने से रामगंगा कटरी के गांव और ग्रामीणों को सुरक्षित बचाया जा सके क्योंकि इससे पूर्व में कई गांव सैलाब की भेंट चढ़ गए विगत सप्ताह बाढ़ ग्रस्त इलाके का दौरा करने लखनऊ से जल शक्ति कैबिनेट मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने भाजपा विधायक प्रोफेसर डॉ श्याम बिहारी लाल के साथ कपूरपुर गांव के तटबंध का जायजा लिया जिसमें शासन से लाखों की रकम नदी के कटान को रोकने में खर्च हुई अब तहसील प्रशासन ने मोर्चा संभाला है!
इस दौरान उप जिलाधिकारी अजय कुमार उपाध्याय ,प्रभारी निरीक्षक धर्मेंद्र सिंह, उपखंड अधिकारी विद्युत सतीश जायसवाल, जेई सिंचाई, एडीओ पंचायत, पशु चिकित्सा अधिकारी ,स्वास्थ्य विभाग की टीम, स्थानीय ग्राम प्रधान एवं ग्राम वासियों का सहयोग रहा!

# पुलिस ने बिना अनुमति बेसमेंट खोद रही जेसीबी व ट्रैक्टर ट्राली पकड़ी ,सीज की

अयोध्या टाइम्स संवाददाता
फतेहगंज पूवी। सब्जी मंडी की निर्माणाधीन दुकान में अवैध रूप से बेसमेंट खोद रही जेसीबी को पुलिस ने उप जिलाधिकारी के निर्देश पर पकड़ कर थाने लाकर सीज कर दिया है!





नगर के सब्जी मंडी रोड पर अजय गुप्ता द्वारा एक दुकान के बेसमेंट की खुदाई बुधवार रात जेसीबी की सहायता से कराई जा रही थी। तभी आसपास रहने वाले लोगों ने शिकायत की कि बेसमेंट खोदने की कोई अनुमति नहीं ली गई है।बही नगर पंचायत द्वारा नक्शा भी पास नहीं कराया गया। जिसकी वीडियो बनाकर लोगों ने एसडीएम को शिकायत की। जिस पर एसडीएम फरीदपुर ने मामले का संज्ञान लेते हुए मौके पर पुलिस को भेजा। जहां बेसमेंट खोद रही जेसीबी ब मलवा ढोने में लगी दो ट्रैक्टर ट्रालीओं को पुलिस ने कब्जे में लेकर सीज कर दिया है। लोगों का कहना है कि आसपास पुराने मकान बने हुए हैं,अगर बेसमेंट बनाया जाता है तो उन मकानों के गिरने की आशंका बनी रहती है। जिस कारण यह शिकायत की गई। वही बेसमेंट बनाए जाने की भी अनुमति नगर पंचायत द्वारा लेनी चाहिए थी। इन लोगों के द्वारा नहीं ली गई। जिस कारण जेसीबी ट्रैक्टर ट्राली को सीज कर दिया गया है। एसडीएम की शिकायत पर ट्रैक्टर ट्राली व जेसीबी को पकड़कर सीज कर दिया गया है।

# दबंगों से जमीन कब्जा मुक्त ना होने पर डीएम आवास के सामने आत्मदाह की धमकी एसडीएम को मिला जांच का जिम्मा

अयोध्या टाइम्स संवाददाता
फतेहगंज पूर्वी। ठेके पर दी गई जमीन पर दबंगों ने कब्जा कर लिया रकम भी नहीं दी जमीन कब्जा मुक्त ना होते देख आहत होकर युवक ने जिलाधिकारी आवास के सामने आत्मदाह की धमकी दी है मुख्यमंत्री पोर्टल पर भी शिकायत की है जिसकी जांच उप जिलाधिकारी को मिली है! थाना क्षेत्र के ग्राम मंजा सैदपुर निवासी महेश पुत्र एवज द्वारा मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत की गई कि ग्राम के ही कुछ लोगों को उसके द्वारा जमीन ठेके पर दी गई थी। कुछ समय तक तो उन लोगों के द्वारा उसको रुपया दिया गया, लेकिन उसके बाद कोई भी रुपया उसे नहीं देते थे और तो और जमीन पर भी कब्जा जमा लिया है। जमीन वापस करने को कहते हैं तो मारने पर आतुर हो जाते हैं। कई बार शिकायतों के बाद भी समस्या का निस्तारण नहीं किया गया है। अगर आगामी 11 तारीख तक उसकी जमीन से कब्जा नहीं हटा और उसकी जमीन वापस नहीं मिलती है तो जिलाधिकारी बरेली ऑफिस के सामने आत्मदाह कर लेगा। संबंधित पत्र मंडलआयुक्त बरेली, आईजी बरेली, डीएम बरेली एसएसपी बरेली को भेजा गया है।जिसमें एसडीएम फरीदपुर को जांच सौंपी गई है।
ष्मामले की जांच की जा रही है, अगर जमीन पर कब्जा पाया जाता है तो जमीन कब्जा मुक्त कराकर उसे सौंप दी जाएगी।

# पौधा रोपण महाअभियान के तहत किया गया पौधा रोपण था डी गई जानकारी

डॉ 0 बृजा नन्द तिवारी संवाददाता दैनिक अयोध्या टाइम्स गाजीपुर। उत्तर प्रदेश सरकार के पौध रोपण महा अभियान के अंतर्गत आज दिनांक 7 जून को आचार्य नरेन्द्र देव कृषि एवं प्रोद्योगिक विश्वविद्यालय कुमारगंज अयोध्या द्वारा संचालित कृषि विज्ञान केंद्र, आंकुशपुर, गाजीपुर द्वारा वन महोत्सव के अवसर पर वृहद वृक्षारोपण अभियान के अंतर्गत नव निर्माणाधीन केंद्र पर फलदार वृक्ष के साथ छायादार वृक्ष के पौध का रोपण किया गया साथ ही उपस्थित कृषकों को पौध लगाने की विधि के बारे में बतलाया गया द्य इस अवसर पर केंद्र के प्रभारी अधिकारी डॉ जे. पी. सिंह ने कहा कि पर्यावरण संतुलन को बनाये रखने के किये प्रति वर्ष कम से कम एक वृक्ष का रोपण करे और उनकी देख भाल करने की आवश्यकता होती हैय इन वृक्षों से हमें प्राण वायु, फल, फूल, इमारती लकड़ियाँ के साथ कृषक के आय का अतिरिक्त स्रोत बनते हैद्य आवला , अमरूद , आम, निम्बू , बेल, बेर, जामुन, नीम इत्यादी के फलों के सेवन से हमें विटामिन्स, सूक्ष्म पोषक तत्व प्राप्त होते है जो हमारे स्वाथ्य के लिए लाभकारी होते है और विभिन्न रोगों के प्रति शरीर के प्रतिरोधक क्षमता में वृद्धि करता हैद्य इस अवसर पर केंद्र के वैज्ञानिक डॉ अमरेश कुमार सिंह, डॉ नरेंद्र प्रताप, डॉ शशांक सिंह, डॉ अविनाश कुमार राय, डॉ शशांक शेखर, किरन एवं अन्य कर्मचारियों द्वारा केंद्र पर 45 फलदार एवं छायादार पौधों का रोपण किया गया।



इस अवसर पर रेवतीपुर, जमनिया , करंडा विकास खंड के 5 ग्राम से कुल 105 कृषकों के मध्य 1275 पौधो का वितरण किया गया।

# ड्रग माफिया तस्कर प्रधान का साडू भी स्मैक के साथ गिरफ्तार, जेल भेजा



अयोध्या टाइम्स संवाददाता
फतेहगंज पूर्वी। ड्रग माफिया प्रधान का साडू आखिरकार पुलिस के हत्थे चढ़ गया पुलिस ने तलाशी के दौरान इसमें की पुड़िया बरामद की है जो इलाके में गैंगस्टर का आरोपी भी था पूछताछ के बाद एनडीपीएस एक्ट और गैंगस्टर के तहत जेल भेज दिया गया!
बता दे 18 अगस्त 2021 की रात रामगंगा कटरी के गांव पढ़ेरा प्रधान सईद खा उर्फ छोटे भतीजे राजू को फरीदपुर वा फतेहगंज पूर्वी पुलिस की संयुक्त कार्यवाही ने 20 किलो स्मैक के साथ गिरफ्तार कर एनडीपीएस एक्ट के तहत जेल भेजा था जो अभी तक सलाखों में कैद है लेकिन जिस का साम्राज्य लंबा चौड़ा है जो झारखंड दिल्ली राजस्थान हरियाणा के अलावा अन्य राज्यों में भी फैला हुआ है आका जेल में है लेकिन गुर्गे काम को अंजाम देने में जुटे हैं! आज फतेहगंज पूर्वी पुलिस ने पढेरा के तस्कर प्रधान छोटे खा के साढू निवासी ग्राम मोहनपुर फरीदपुर को बीस ग्राम स्मैक के साथ ग्राम निकसुआ से गलथुआ जाने वाले रास्ते पर गिरफ्तार किया जो लंबे समय से गैंगस्टर का आरोपी भी था आज पुलिस के हत्थे चढ़ गया।पुलिस के मुताबिक मुखबिर के द्वारा सूचना मिली कि एक व्यक्ति स्मैक की तस्करी के लिए आया है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जब युवक घेराबंदी कर दबोच लिया और तलाशी ली तो उसके पास से बीस ग्राम स्मैक की पुड़िया बरामद हुई। पूछताछ में युवक ने अपना नाम मोहम्मद शेर खान निवासी ग्राम मोहनपुर फरीदपुर बताया।जो कि पढेरा के स्मैक तस्कर पूर्व प्रधान छोटे खा का साढू बताया जा रहा है। पकड़े गए थे तस्कर ने अपने अन्य साथियों के नाम भी पुलिस को बताए हैं जिन्हें पुलिस सरगर्मी से तलाश करने में जुटी है पुलिस ने एनडीपीएस और गैंगस्टर के अंतर्गत मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया किया।
थाना प्रभारी मनोज कुमार ने बताया कि बीस ग्राम स्मैक के साथ युवक को गिरफ्तार किया था एनडीपीएस एक्ट औरगैंगेस्टर की कार्यवाही भी की गई है।

# योगी सरकार 2-0 के सौ दिन पूरा होने पर राज्य मंत्री कोरी ने गिनाई सरकार की उपलब्धिया

डा 0 बृजा नन्द तिवारी संवाददाता दैनिक अयोध्या टाइम्स गाजीपुर। योगी सरकार 2.0 के 100 दिन पूरे होने पर जनपद के विभिन्न विभागों द्वारा संचालित योजनाओंध्कार्यक्रमों के अन्तर्गत सरकार की उपब्धियों की विस्तापूर्वक जानकारी जिला पंचायत सभागार मे मा0 राज्य मंत्री श्रम एवं सेवा योजन विभाग, उ0प्र0 सरकार श्री मनोहर लाल जी (मन्नू कोरी) ने प्रेस वार्ता कर दी। प्रेस वार्ता का शुभारम्भ मा0 राज्य मंत्री जी ने जिलाधिकारी एम पी सिंह के कहे शब्द ''सहने पड़े कष्ट असंख्य भले ही, जन जन की सेवा अविराम करूंगा' ''है लोक कल्याण की भीष्म प्रतिज्ञा' पूर्ण करने को सदैव गतिमान रहूंगा''। राज्य मंत्री ने उत्तर प्रदेश सरकार के 100 दिन की उपब्धियों को गिनाते हुए बताया कि जनपद मे कौशल विकास मिशन के अन्तर्गत मोबेलाईजेशन कैम्प कर 642 प्रशिक्षणार्थियों का पंजीयन कराते हुए प्रशिक्षण कराया गया है। उ0प्र0 जलनिगम (नगरीय) विभाग द्वारा गाजीपुर सीवरेज योजना फेज–1 अन्तर्गत 850 मीटर गहरी सीवर लाईन का कार्य एवं 1250 मीटर सड़क रेस्टोरेशन का कार्य कराया गया है एवं गाजीपुर सीवरेज योजना फेज –2 अन्तर्गत 1100 मीटर सीवर नेटवर्क बिछाने का कार्य एवं 1350 मीटर सड़क रेस्टोरेशन का कार्य किया गया है। गृह विभाग जनपद में गैंगेस्टर एक्ट अन्तर्गत 16 अभियोगो में 58 व्यक्तियों के विरूद्ध कार्यवाही करते हुए 23,22,17,846 रू0 की जब्तीकरण की कार्यवाही एवं एच०एस० के अन्तर्गत 38, गुण्डा एक्ट के अन्तर्गत 77, एन०डी०पी०एस० एक्ट के अन्तर्गत 32, आबकारी अधिनियम अन्तर्गत 128 एवं शस्त्र अधिनियम अन्तर्गत 106 अभियुक्तों के विरूद्ध कार्यवाही की गयी। मुख्यमंत्री लघु सिंचाई योजनान्तर्गत 961 किसानों को उथले नलकूप से लाभान्वित किया गया। विद्युत विभाग द्वारा अनमीटर घरेलू बत्ती पंखा संयोजन पर 35,819 मीटर लगाने का कार्य किया गया। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजनान्तर्गत 2,75,250 कृषकों को रू० 55.05 करोड़ की धनराशि कृषकों के खातों में उपलब्ध करायी गयी है । इसी प्रकार 18,208 कृषकों को किसान क्रेडिट कार्ड उपलब्ध करा दिया गया है तथा 908.4 कुन्तल धान के बीज एवं 543.90 कुन्तल ढैचा के बीज अनुदान के आधार पर उपलब्ध कराया गया है। जनपद में रोजगार मेलों के माध्यम से 703 अभ्यर्थियों का चयन करते हुए रोजगार उपलब्ध कराया गया तथा 1618 प्रतिभागियों की कैरियर काउन्सलिंग की गयी एवं सेवामित्र पोर्टल पर कुल 89 कुशल कामगारों का पंजीकरण कराया गया । इसी प्रकार सेवामित्र पोर्टल के माध्यम से सेवामित्रों को 15 सेवायें उपलब्ध करायी जा रही है। जनपद में 66,777 गर्भवतीध्धात्री महिलाओं, 1,15,707 06 माह से 03 वर्ष के बच्चों, 52,159, 03 वर्ष से 06 वर्ष के बच्चों, 1314 किशोरी बालिकाओं तथा 894 अतिकुपोषित बच्चों को ड्राईफूड राशन का वितरण नियमित रूप से कराकर लाभान्वित कराया गया। पोषण वाटिका योजनान्तर्गत 825 पोषण वाटिका ६ किचेन गार्डेन की स्थापना की गयी । उद्योग विभाग उद्योग विभाग द्वारा विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजनान्तर्गत 400 लाभार्थियों को लाभान्वित किया गया। एक जनपद एक उत्पाद प्रशिक्षण एवं टुलकिट योजनार्न्तत 150 लाभार्थियों को प्रशिक्षित एवं 02 लाभार्थियों को वित्त पोषित किया गया। प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्य अन्तर्गत 10 लाभार्थियों को लाभान्वित किया गया। मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजनान्तर्गत 16 लाभार्थियों को स्वरोजगार उपलब्ध कराया गया तथा वृहद ऋण मेला अन्तर्गत 1661 लाभार्थियों को मु० 4133.41 लाख रूपये की धनराशि वितरित कर लाभान्वित कराया गया। उ0प्र0 जलनिगम (ग्रामीण) द्वारा कुल 06 ग्रामीण पेयजल परियोजनाओं को पूर्ण कराकर जलापूर्ति कराया जा रहा है। शेष 09 ग्रामीण पेयजल परियोजनाओं का कार्य प्रगति पर है। जनपद में अन्त्योदय अन्न योजना के अन्तर्गत 59,537 राशन कार्डधारकों को 35 कि०ग्रा० खाद्यान्न निःशुल्क वितरण कराया जा रहा है। इसी प्रकार पात्र गृहस्थी योजनान्तर्गत 5,68,535 परिवारों को प्रति यूनिट 5 कि०ग्रा० खाद्यान्न निःशुल्क वितरण कराया गया एवं उज्जवला योजनान्तर्गत 2,82,879 निःशुल्क घरेलू गैस कनेक्शन उपलब्ध कराया गया।महिला कल्याण विभाग द्वारा जनपद में पति की मृत्योपरान्त 1436 निराश्रित महिलाओं को निराश्रित महिला पेंशन की स्वीकृति प्रदान करते हुए वर्तमान में कुल 61,014 निराश्रित महिलाओं को निराश्रित महिला पेंशन उपलब्ध करायी जा रही है। मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजनान्तर्गत कुल 4,743 लाभार्थियों को लाभान्वित किया गया। इसी प्रकार मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना अन्तर्गत 76 एवं मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना (सामान्य) अन्तर्गत 90 लाभार्थियों को लाभान्वित किया गया। लोक निर्माण विभाग द्वारा 09 मार्गों के 25.45 कि०मी० मार्ग का निर्माणध्चौड़ीकरणध्सुदृढीकरण का कार्य कराया गया। प्रधानमंत्री जनआरोग्य योजना के अन्तर्गत 100 दिन में 39,503 परिवारों को 1,09,313 आयुष्मान कार्ड वितरित किया गया। मातृ स्वास्थ्य कार्यक्रम अन्तर्गत 9,187 लाभार्थियों को एवं मातृत्व वंदना योजना अन्तर्गत 4,575 लाभार्थियों को लाभान्वित किया गया। बेसिक शिक्षा विभाग अन्तर्गत 19 विद्यालयों में पंचायतध्जनसहयोग से फर्नीचर उपलब्ध कराया गया।
इसी प्रकार स्मार्ट क्लास योजना के अन्तर्गत 12 स्मार्ट टी०वी० जनसहयोग के माध्यम से क्रय कर



क्लास संचालित किया जा रहा है । इसी प्रकार 81 विद्यालयों में दिव्यांग सुलभ शौचालयों का निर्माण पूर्ण कराया गया। स्कूल चलो अभियान अन्तर्गत कुल 76,309 छात्रध्छात्राओं का नामांकन किया गया । खाद्य एवं रसद विभाग(खाद्य एवं विपणन) न्यूनतम मूल्य समर्थन योजना के अन्तर्गत 2866 किसानों से 11,889.55 मीट्रिक टन गेंहू खरीद कराया गया ।प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) अन्तर्गत वर्ष 2020–21 व 2021–22 के 3746 निर्माणाधीन आवासों को पूर्ण कराया गया। मुख्यमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) अन्तर्गत वर्ष 2020–21 व 2021–22 के 174 निर्माणाधीन आवासों को पूर्ण कराया गया। नगर विकास विभाग द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के अन्तर्गत 8032 आवासों के रूफ लेबल जियोटैग का कार्य पूर्ण कराया गया। प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के अन्तर्गत 527 लाभार्थियों को प्रथम ऋण एवं 277 को द्वितीय ऋण उपलब्ध कराया गया। सीवरेज सीवेज ट्रीटमेंट एण्ड डिस्पोजल योजनान्तर्गत नगर पालिका परिषद, गाजीपुर में सीवरेज ट्रीटमेंट प्लाण्ट का निर्माण कार्य प्रारम्भ करा दिया गया है, जिसकी स्वीकृत लागत 152.83 करोड़ रूपयें है। मनरेगा योजनान्तर्गत 100 तालाब एवं 100 खेल के मैदान के निर्माण का कार्य प्रगति पर है। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अन्तर्गत 582 महिला स्वयं सहायता समूहों का गठन कराया गया तथा 492 को स्टार्टअप फण्ड उपलब्ध कराया गया। इसी प्रकार 1058 समूहों को रिवाल्विंग फण्ड व 493 को सामुदायिक निवेश निधि तथा 46 समूहों को कैश क्रेडिट लिमिट उपलब्ध कराया गया। वृद्धा पेंशन योजना के अन्तर्गत 8486 वृद्धों को वृद्धापेंशन की स्वीकृति प्रदान करते हुए कुल 1,13,368 लाभार्थियों को वृद्धापेंशन उपलब्ध कराया जा रहा है।
मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजनान्तर्गत 418 जोड़ों का सामूहिक विवाह कराकर उन्हें योजना से लाभान्वित किया गया। मुख्यमंत्री अभ्युदय योजनान्तर्गत 104 छात्रध्छात्राओं को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी हेतु निःशुल्क कक्षायें संचालित की जा रही है। राष्ट्रीय पारिवारिक लाभ योजनान्तर्गत 399 लाभार्थियों को लाभान्वित किया गया। दिव्यांग पेंशन योजनान्तर्गत 459 दिव्यांगों के दिव्यांग पेंशन की स्वीकृति प्रदान करते हुए कुल 20,204 लाभार्थियों को पेंशन उपलब्ध कराया जा रहा है। सहकारिता विभाग द्वारा जनपद में 1360 मीट्रिक टन उर्वरक कृकृषकों को उपलब्ध कराया गया एवं 425.70 लाख रूपयें अल्पकालीन फसली ऋण का वितरण कराया गया। पशुपालन विभाग द्वारा 12,765 पशुओं को पशुचिकित्सा, 7618 पशुओं का बधियाकरण, 1,51,180 पशुओं का टीकाकरण, 40,946 पशुओं का कृत्रिम गर्भाधान किया गया तथा 114 गोवंशों का संरक्षण तथा 97 गोवंशों को मा० मुख्यमंत्री जनसहभागिता योजना के अन्तर्गत पशुपालकों को सुपुर्दगी में दिया गया। वाणिज्यकर विभाग द्वारा अधिकतम राजस्व प्राप्ति हेतु जी0एस0टी0 अन्तर्गत 796 व्यापारियों/करदाताओं का पंजीकरण कराया गया। इसी प्रकार अधिकतम राजस्व संग्रह हेतु पंजीकृत व्यापारियों के शत–प्रतिशत रिटर्न समय से दाखिल कराने के सम्बन्ध में 43.38 करोड़ रूपया राजस्व की प्राप्ति की गयी। मत्स्य विभाग द्वारा 38.86 हे0 नवीन जलक्षेत्र का विकास कराया गया एवं मत्स्य बीज वितरण के अन्तर्गत 28.83 लाख फ्राई, 0.92 लाख फिंगरलिंग मत्स्य बीजों का वितरण कराया गया। इसी प्रकार रीवर रैचिंग के अन्तर्गत सैदपुर के रंगमहल घाट पर 0.40 लाख अंगुलिकाओं का रीवर रैचिंग किया गया। लघुडाल नहर प्रखण्ड द्वारा अमौरा पम्प नहर के आधुनिकीकरण के अन्तर्गत 1000 मीटर ब्रिक लाईनिंग, 01 अदद बार्ज का निर्माण, 02 अदद पम्पसेट के निर्माण का कार्य पूर्ण कराया गया। जनपद में प्रत्येक माह आयोजित होने वाले रोजगार मेलों के माध्यम से 133 लाभार्थियों को तथा अप्रेन्टिस मेले के अन्तर्गत 85 अभ्यर्थियों को विभिन्न अधिष्ठानध्कम्पनियों में नियोजित कराया गया। वैकल्पिक उर्जा विभाग द्वारा सोलर स्ट्रीट योजनान्तर्गत 99 सोलर स्ट्रीट लाईटों की स्थापना की गयी एवं सोलर पावर जनरेटर अन्तर्गत एक 11 के०वी० की परियोजना निर्माणाधीन है।
इस अवसर पर विधान परिषद सदस्य विशाल सिंह 'चंचल', पुलिस अधीक्षक रोहन पी0 बोत्रे, मुख्य विकास अधिकारी श्री प्रकाश गुप्ता, जिलाध्यक्ष भाजपा भानू प्रताप सिंह, समस्त जनपद स्तरीय अधिकारी , एम एल सी प्रतिनिधि प्रदीप पाठक, जनपद के सम्मानित प्रिन्ट एवं इलेक्ट्रानिक मीडियां बन्धु उपस्थित थे।.

# ट्रक व टेंपो के टक्कर में दो की मौत, 11 घायल

डा0 बृजा नन्द तिवारी संवाददाता दैनिक अयोध्या टाइम्स गाजीपुर। जिले के खानपुर थाना अंतर्गत सिधौन गांव के पास गुरुवार की भोर में लगभग 5 बजे वाराणसी गाजीपुर फोरलेन राष्ट्रीय राजमार्ग पर ट्रक और टेंपू की आमने सामने की जोरदार टक्कर हो गई। जिसमें 11 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी घायलों को 108 और 1033 एंबुलेंस की मदद से तत्काल सैदपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां इलाज के दौरान दो व्यक्ति की मौत हो गई। सभी घायलों का प्राथमिक उपचार कर, उन्हें जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया। गाजीपुर जनपद के बिरनो थाना अंतर्गत तियरां गांव निवासी नंदू बांसफोर की लड़की काजल के लिए लड़का देखने को बीते बुधवार की सुबह टेंपो से नंदू और उसके नात रिश्तेदार वाराणसी जनपद के पड़ाव पर गए हुए थे। यहां से सभी गुरुवार की भोर में टेंपो से लौट रहे थे।
तभी क्षेत्र के सिधौना गांव के पास उनकी टेंपो को सामने से आ रही एक ट्रक ने जोरदार टक्कर मार दी। जिसमें तीन छोटे बच्चों समेत 11 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी घायलों को हाईवे एंबुलेंस 1033 के पायलट धर्मेंद्र कुमार और ईएमटी रोहित कुमार तथा 108 के पायलट विशाल यादव की मदद से तत्काल सैदपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया। जहां इलाज के दौरान बड़ेसर थाना क्षेत्र के बाकी गांव निवासी रामजी (40) पुत्र सागर व पन्ना देवी (35) पत्नी नंदू निवासी तियरां थाना बिरनो जनपद गाजीपुर की मौत हो गई।
जिसके बाद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंची खानपुर थाने की पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया। सीएचसी से घायलों का प्राथमिक उपचार कर, सभी को जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया। मंजू (3) पुत्री मृतक रामजी, तारा (38) पत्नी मृतक रामजी निवासी बांकी थाना बड़ेसर गाजीपुर, नंदू (40) पुत्र तूफानी, बिल्लू (5) पुत्र नंदू, मां मृतक पन्ना देवी निवासी तियारां थाना बिरनो गाजीपुर, धर्मेंद्र (22) पुत्र स्व हीरालाल, विशाल (9) पुत्र स्व हीरालाल, उर्मिला (35) पत्नी स्वर्गीय हीरालाल निवासी बरही थाना बिरनो गाजीपुर, चंपा (35) पत्नी बिरजू निवासी प्यारेपुर थाना बहरियाबाद गाजीपुर तथा टेंपो ड्राइवर हरिश्चंद्र उर्फ गांधी (40) पुत्र शेखू निवासी बरही थाना मरदह गाजीपुर घायल हो गए।

# संक्षिप्त समाचार

## नूपुर शर्मा की गर्दन काटने की धमकी देने वाला गिरफ्तार, पीएम के लिए भी किया था अभद्र भाषा का प्रयोग

अयोध्या टाइम्स संवाददाता फरीदपुर। भाजपा की पूर्व प्रवक्ता नूपुर शर्मा का सिर कलम करने की धमकी देने वाले आरोपी दर्जी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया इस मामले में एक वीडियो बुधवार को वायरल हो रहा था लोगों ने सुबह ही मुख्यमंत्री सहित बरेली पुलिस को ट्वीट किया था जिसमें युवक की करतूत की जानकारी दी गई थी जिसके बाद फरीदपुर पुलिस ने तुरंत मामले को संज्ञान लेकर आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ के बाद मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया!
उदयपुर में कन्हैयालाल ट्रेलर की हत्या की चिंगारी अभी ठंडी नहीं पड़ी तब तक फरीदपुर में वायरल वीडियो ने तहलका मचा दिया जिसमें शरेबाजार ठेले पर बैठा आरोपी भाजपा की प्रवक्ता नूपुर शर्मा की गला काटने की बात कह रहा है लोगों ने इसकी वीडियो बनाकर वायरल कर दी कुछ ही देर में वीडियो सोशल मीडिया पर तैरने लगी जिसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को ही अपशब्दों का प्रयोग किया गया है लोगों ने मामले की शिकायत ट्विटर से पुलिस अधिकारियों को दी आनन–फानन में स्थानीय पुलिस ने मोर्चा संभाला और आरोपी को गिरफ्तार कर लिया! नगर केमोहल्ला कस्सा वान का रहने वाला नासिर पुत्र जाकिर हुसैन पेसे से दर्जी है मोहल्ला फरखपुर में स्मार्ट टेलर नाम से उसकी दुकान है वीडियो में आरोपी नासिर नूपुर शर्मा का खुले आम सिर कलम करने की बात कह रहा है वीडियो के मुताबिक कुछ लोग आपस में बात कर रहे है इस दौरान वह गालियों के साथ अपनी बात शुरू करता है बीच में प्रधानमंत्री मोदी जी के लिए भी अभद्र भाषा बोलता है खड़े लोगों से यह भी कहता है कि तुम नूपुर शर्मा हो तो तुम्हारा भी सर कलम कर दूंगा यह भी कह रहा अगर पैगंबर साहब की शान में जो गुस्ताखी करेगा उसका में गला काट दूंगा! शान में गुस्ताखी पर तुम्हारा भी गला काट दूंगाइ वायरल वीडियो में आरोपी युवक दूसरे युवक को यह धमकी दे रहा तुम नूपुर हो तो मैं तुम्हारा भी गला काट दूंगा पैगंबर साहब की शान में गुस्ताखी करने वाले की गर्दन काट दूंगा जिसके बाद ठेले पर बैठे युवक से उसकी गाली गलौज शुरू हो गई! फेसबुक पर कमेंट करने वाला गिरफ्तार
इससे पूर्व भी नगर में फेसबुक पर एक कमेंट वायरल हुआ था पुलिस ने जांच की तो कमेंट निपुर शर्मा को लेकर किया गया था फेसबुक आईडी फैजान खान पुत्र शफीक नाम से बनी हुई थी जो मोहल्ला बक्सरिया का रहने वाला था इस संबंध में कोतवाल धर्मेंद्र सिंह ने बताया कि दोनों के खिलाफ कार्यवाही की गई।



## बाढ़ से बचाव एवं राहत कार्य हेतु मॉक ड्रिल सम्पन्न



गाजीपुर। बाढ़ से बचाव एवं राहत कार्य को लेकर, गंगा तट के कलक्टर घाट पर आयोजित मॉक ड्रिल कार्यक्रम जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। इसके अन्तर्गत नदी में डूब रहे व्यक्ति को बचाने व टापू में फंसे लोगों को रेस्क्यू करने का पूर्वाभ्यास किया गया। जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के तत्वाधान में गुरूवार को तहसील सदर अन्तर्गत गंगा नदी के कलक्टर घाट पर बाढ़ से बचाव एवं राहत कार्य की मॉक एक्सरसाइज की गई। माकड्रील मे बताया गया कि आपदा प्रबन्धन के अन्तर्गत इंसीडेंट रिस्पॉन्श सिस्टम–आईआरएस एक महत्वपूर्ण अवधारणा है जिसे प्रदेश सरकार द्वारा वर्ष 2019 में अधिसूचित किया गया है। आईआरएस के अन्तर्गत प्रभावी आपदा प्रबन्धन हेतु सम्बंधित अधिकारियोंध्कार्मिकों को प्रशिक्षण प्रदान कर उन्हें उनके कार्यों के प्रति उत्तरदायी बनाया गया है। इंसीडेंट रिस्पॉन्श सिस्टम एक ऐसा लोचशील तंत्र है जिसके द्वारा आपदा प्रबन्धन में सम्मिलित सभी विभागोंध्संस्थाओंध्एजेंसियों को प्रशिक्षित किया जाता है जिससे आपदा के दौरान जहां भी उनकी आवश्यकता हो उन्हें सक्रिय कर त्वरित प्रतिक्रिया दी जा सके। इसमें राजस्व, पुलिस, चिकित्सा, पशु चिकित्सा, आपूर्ति विभाग, पशुपालन, पंचायती राज विभाग,एवं आपदा विशेषज्ञ सहित अन्य सम्बन्धित विभागों के अधिकारियों ने भाग लिया। मॉक एक्सरसाइज के अन्तर्गत आगामी संभावित बाढ़ आपदा की तैयारियों हेतु जनपद स्तर पर निम्न महत्वपूर्ण गतिविधियों का पूर्वाभ्यास किया गया, जिसमें आपदा पूर्व चेतावनी के आधार पर आबादी को बाढ़ग्रस्त क्षेत्रों से निकालकर सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाना, बाढ़ से घिरे गांवों व लोगों को निकालकर सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाना, बाढ़ग्रस्त क्षेत्रों में आपातकालीन राहत सामग्री पहुंचाना, घायलों व मृतकों को निकालना, गोताखोरों व अन्य बलों की सहायता से लोगों को बाढ़ग्रस्त क्षेत्रों से निकालकर राहत केन्द्रो पर पहुचाने आदि के सम्बन्ध मे बताया गया। बाढ़ के प्रतिकूल प्रभावों से निपटने के लिए प्रदेश व जनपद स्तर पर पूर्वाभ्यास एवं क्षमता का निर्माण करने के उद्देश्य से यह कार्यक्रम आयोजित किया गया था। मॉक ड्रिल में, आकस्मिक बाढ के आ जाने की स्थिति या नौका डूबने पर किसी डूबते हुए व्यक्ति को गंगा नदी से बचा कर निकालने व तत्काल प्राथमिक चिकित्सा हेतु भिजवाने की प्रक्रिया संयुक्त रूप से बचाव दल व चिकित्सकों की टीम द्वारा प्रदर्शित की गयी। मॉक ड्रिल के समय इंसिडेंट कमांड व कम्यूनिकेशन पोस्ट भी स्थापित कर प्रदर्शित किया गया जहां बाढ़ से प्रभावित व्यक्तियों को आवश्यक जानकारी प्राप्त करते देखे गये। मॉक ड्रिल के अन्तर्गत आपदा से प्रभावित जनसंख्या को उनके घरों से सुरक्षित निकाल कर बाढ़ राहत शिविर पर पहुचाया गया जहां प्रभावित व्यक्तियों हेतु मेडिकल कैम्प, खाद्य एवं रसद विभाग के अन्तर्गत भोजन व्यवस्था हेतु शिविर लगाया गया था। मॉक ड्रिल में प्रभावित पशुओं की देखभाल हेतु पशुपालन विभाग कैम्प भी स्थापित किया गया। आपदा से बचाव हेतु एस0डी0आर0एफ0 फोर्स मुस्तैद रही है। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक रोहन पी. बौत्रे, अपर मुख्य चिकित्साधिकारी, अपर जिलाधिकारी वि0.ध्रा., वरिष्ठ कोषाधिकारी, अधिशासीअधिकारी नगर पालिका परिषद, चिकित्सकों की टीम, पशुपालन विभाग की टीम, एस.डी. आर.एफ. के जवान एवं अन्य सम्बंधित अधिकारियों सहित स्थानीय लोग उपस्थित रहे।



## 13 सूतीय मांगों को लेकर डीआईओएस से मिला शिक्षकों का प्रतिनिधिमंडल कहा समस्याओं का निराकरण नहीं हुआ तो होगा आंदोलन

गाजीपुर। उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ का एक प्रतिनिधिमंडल तेरह सूत्रीय मांगों को लेकर गुरुवार को जिला विद्यालय निरीक्षक से मिला। शिक्षक संघ ने शिक्षकों की लंबित समस्याओं को रखा और दुश्वारियां भी बताई। इसके अलावा कई मामलों में शिक्षकों के प्रति कर्मचारियों की लापरवाही को भी उजागर किया। सेवानिवृत्त हो चुके शिक्षकों की पेंशन, जीपीएफ भुगतान समेत अन्य समस्याएं भी रखी। प्रदेश कार्यकारिणी के वरिष्ठ सदस्य चौधरी दिनेश चन्द्र राय और जिलाध्यक्ष शिवकुमार सिंह के नेतृत्व में शिक्षकों प्रतिनिधिमंडल डीआईओएस से मिला। उन्हें शिक्षकों की समस्याओं से अवगत कराते हुए निस्तारण कराने की मांग रखी। चौधरी दिनेश चन्द्र राय ने कहा कि शिक्षक समस्याओं का निस्तारण कराने को लेकर संगठन गंभीर है। इस मौके पर पूर्व जिलाध्यक्ष नारायण उपाध्याय, विवेकानन्द गिरी, अमित कुमार राय, डा रियाज अहमद, अहद खा, रत्नेश राय, जयशंकर राय, मनोज सिंह, उमेश चन्द्र राय, रविन्द्र नाथ तिवारी, कुवर अविनाश गौतम, प्रदीप कुमार वैश्य, सत्येद्र सिंह, सूर्यप्रकाश राय, विजय मिश्रा, अभिषेक राय, यशवन्त सिंह, पकंज राय, पुष्कल तिवारी, राघवेन्द्र सिंह, हृषिकेश, लोकेश कुमार आदि उपस्थित रहे।

दैनिक अयोध्या टाइम्स
RNI NO.: UPHIN/2015/67284


# आपदा प्रबंधन मेगा मॉक ड्रिल के माध्यम से बाढ़ से बचाव के लिए बताएं तरीके

दैनिक अयोध्या टाइम्स मनोज अवस्थी महसी (बहराइच)। बाढ़ की प्राकृतिक आपदा से बचने के लिए बृहस्पतिवार को बौंडी स्थित सिलौटा राम घाट पर बाढ़ की प्राकृतिक आपदा की स्थिति में राहत एवं बचाव के प्रभावी क्रियान्वयन और विभिन्न विभागों के मध्य बेहतर मेगा मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। जिसमें एसएसबी 42वीं वाहिनी का राहत एवं बचाव दल , फ्लड पीएसी के जवान , आपदा मित्रों व पुलिसकर्मियों ने भाग लिया ।आपदा प्रबंधन पर मेगा मॉक ड्रिल के माध्यम से ग्रामीणों को बाढ़ आपदा से बचने के आसान और सुरक्षित तरीके बताए गए। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एडीएम मनोज कुमार ने बाढ़ के दौरान राहत एवं बचाव कार्य के पूर्वाभ्यास की तैयारियों का बारीकी से जायजा लिया। बौंडी के सिलौटा राम घाट पर मेगा मॉक ड्रिल के दौरान घाघरा नदी में कृत्रिम बाढ़ आने की सूचना सायरन बजते ही आपदा प्रबंधन से जुड़े सभी विभाग सक्रिय हो गए। बाढ़ के पानी में डूबते हुए लोगों को एसएसबी 42वीं वाहिनी का राहत बचाव दल सहायक कमांडेंट सौरभ रंजन के नेतृत्व में राफ्टिंग वोट के साथ नदी में कूदकर कर चंद मिनटों में सुरक्षित बाहर निकाला गया। उसके बाद मेडिकल टीम ने स्वाथ्य जांच के बाद प्राथमिक चिकित्सा उपल्ब्ध कराई। वहीं फ्लड पीएसी के जवानों ने राहत एवं बचाव कार्य के दौरान राफ्टिंग वोट पलट जाने पर बचाव दल को सुरक्षित निकालने के अभ्यास का प्रदर्शन किया। और बाढ़ की विभीषिका के दौरान ग्रामीणों को गांव में उपल्ब्ध संसाधनों जैसे खाली प्लास्टिक की बोतलों व प्लास्टिक गैलनों को जोड़कर डूबते व्यक्ति को बचाने व पेट से पानी निकालने जैसे राहत एवं बचाव करने के कई गुर सिखाए। जिले के आपदा मित्रों और लखीमपुर खीरी की आपदा टीम ने संयुक्त पूर्वाभ्यास कर बाढ़ में राहत एवं बचाव कार्य के करतब दिखाए। कार्यक्रम के दौरान फ्लड पीएसी के हेड कांस्टेबल शमशाद अहमद ने ग्रामीणों को बाढ़ के दौरान पानी में डूबते व फंसे हुए लोगों को निकालने, जहरीले जंतुओं से बचने या सर्प दंश के बाद रोगी को प्राथमिक चिकित्सा देने जैसे तमाम राहत एवं बचाव करने के तरीके सिखाए।



इस मौके पर एसपी ग्रामीण अशोक कुमार, सीएमओ डॉ एसके सिंह, सीवीओ एमके सचान, डिप्टी आरओ उमाकांत पाण्डे, डीएसओ अनंत प्रताप सिंह, पीडी पीएन यादव, एसडीएम रामदास, सीओ जेपी त्रिपाठी, हरदी थाना प्रभारी अनूप मणि त्रिपाठी, व बौंडी थाना प्रभारी गणनाथ प्रसाद, तहसीलदार विपुल कुमार सिंह, एसएसबी रेस्क्यू टीम प्रभारी लखपत सिंह, चिकित्साधिकारी डॉ प्रवीण कुमार पाण्डे सहित तमाम विभागीय कर्मचारी व सैकड़ों बाढ़ प्रभावित ग्रामीण मौजूद रहे। एडीएम मनोज कुमार ने कहा कि बाढ़ प्रभावित तटवर्ती इलाकों में इस तरह के मेगा मॉक ड्रिल कार्यक्रम बेहद महत्वपूर्ण हैं इससे विभिन्न विभागों द्वारा बाढ़ जैसी आपदा में किस तरह डूबते लोगों को बचाया जाय और उन्हें राहत शिविरों या एंबुलेंस से अस्पताल पहुंचाया जाय। इन सभी गंभीर विषयों पर राहत एवं बचाव कायों के लिए किए गए पूर्वाभ्यास के सफल प्रदर्शन से ग्रामीणों को बहुत कुछ सीखने का मौका मिलता है जिससे आपदा के समय ग्रामीण भी राहत एवं बचाव कार्य में पीछे नहीं रहते। बाढ़ पूर्व तैयारियां चाक चौबंद हैं। बाढ़ के दौरान किसी प्राभावित को कोई कठिनाई नहीं होने दी जाएगी इसके लिए हरसंभव प्रयास किए जा रहे हैं।

# बहराइच सदर विधायिका ने पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

दैनिक अयोध्या टाइम्स मनोज अवस्थी

बहराइच। सदर विधायिका अनूपमा जयसवाल ने बृहस्पतिवार को गुल्लावीर मंदिर में पौधा रोपण करते हुए कहा कि दिन पर दिन बिगड़ते पर्यावरण से धरती का तापमान लगातार बढ़ रहा है जिससे मानव जीवन जीव जंतु व पेड़ पौधों पर बुरा असर पड़ रहा है। हम



सभी को अधिक से अधिक पेड़ लगाने चाहिए ताकि पर्यावरण की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके। क्षेत्रीय वन अधिकारी बहराइच दीपक सिंह द्वारा सदर विधायिका को शमी के 2 पौधे भेंट किए। इस मौके पर वन विभाग के अधिकारी, कर्मचारी गणों के साथ मंदिर के पुजारी व अन्य लोग भी मौजूद रहे।

# आबादीक्षेत्र में जंगली हाथियों का फैला आतंक संकट में किसानो की फसले

दैनिक अयोध्या टाइम्स संवादाता मोतीपुर रोशनी तिवारी सुजौली, बहराइच। तहसील मोतीपुर अंतर्गत ग्रामसभा कारीकोट के ग्राम आजमगढ़पुरवा में लगातार हो रहा जंगली जानवरो का आतंक। सभी क्षेत्रवासियो को रहने में हो रही समस्या, ग्रामवासियों का हो रहा लाखो का नुकसान। आजमगढ़ पुरवा निवासी रामनाथ का एक बिगहा से ज्यादा गन्ने की फसल को हाथियों के झुंड ने किया तहस – नहस , वही वीरेंद्र का एक बिगहा गन्ना व लालजी का भी लगभग 10 बिसुआ गन्ना नुकसान हो गया। और एक जंगली हाथियों से परेशान एक महिला ने बताया कि रंभा देवी, रमेश , हेमू आदि लोगो का लगभग 5 बिगहा धान का ब्याड भी नुकसान हो गया। वहाँ के लोगो ने बताया कि वन विभाग द्वारा ना तो किसी तरह की कोई मदद की जाती हैं और ना ही कोई वनकर्मी क्षेत्र में देखभाल के लिए आता है। और जब क्षेत्रवासियों ने वन विभाग से मुवावजे की मांग की तो वनकर्मी ने कहा कि हमे आगे से नही मिलता तो हम कहा से दे।



पवन,गुलशन, वीरेंद्र क्षेत्र पंचायत सदस्य कारीकोट,रामनाथ,ओमप्रकाश, लल्लन,रामप्रसाद,रमेश,उर्मिला देवी आदि लोग मौजूद रहे।

# स्लग-जिला पंचायत अध्यक्ष ने किया अमृत सरोवर योजना का शुभारंभ

दैनिक अयोध्या टाइम्स चिलवरिया बहराइच। चिलवरिया में जिला पंचायत अध्यक्ष ने अमृत सरोवर योजना के अन्तर्गत बाबा ध्यान दास पोखरा को अमृत सरोवर योजना के तहत मंत्रोच्चार के बीच भूमि पूजन किया। वीओ बहराइच के चिलवरिया स्थिति बाबा ध्यान दास पोखरा पर अमृत सरोवर का योजना का जिला पंचायत अध्यक्ष मंजू सिंह , बिधान परिषद सदस्य डॉ प्रज्ञा त्रिपाठी ,सदर विधायक अनुपमा जयसवाल ने विधि विधान से बैदिक मन्त्रोचार के बीच पूजा अर्चना कर कियाइस अवसर पर मन्नू सिंह मनोज सिंह प्रधान रंजीत दास मंगल दास धनंजय सिंह जगदम्बा यादव एवम क्षेत्र के तमाम लोग मौजूद रहे।



# बकरीद के कुर्बानी के लिए नगर में चिन्हित की गयी जगह





चन्द्रप्रताप सिंह जिला संवाददाता दैनिक अयोध्या टाइम्स इटावा। आगामी त्यौहार बकरीद के मद्देनजर नगर पालिका अधिशासी अधिकारी राम आसरे कमल एवं कस्वा चौकी प्रभारी सत्यपाल सिंह के द्वारा कुर्बानी के लिए चिन्हित की गई जगह का निरीक्षण किया। आपको बता दे कि आने वाले मुस्लिम पर्व बकरीद को लेकर नगर पालिका अधिशासी अधिकारी राम आसरे कमल एवं कस्वा चौकी प्रभारी सतपाल सिंह के द्वारा अपने अन्य पुलिस कर्मियों के साथ जवाहर रोड़ स्थित बड़ी जामा मस्जिद व मोहल्ला अनवरगंज में कुर्बानी हेतु चिन्हित स्थानों साथ बकरीद की नमाज के लिए ईदगाह का भी निरीक्षण कर ईदगाह की 15 सफाई कर्मी लगाकर सफाई कराई गई। निरीक्षण के दौरान पालिका ईओ श्री कमल ने मस्जिद के मौलाना फहीम रजा सहित उपस्थित अन्य मुस्लिम समुदाय को लोगो को अवगत कराया बकरीद के त्योहार को पुरानी परंपराओं के अनुसार ही मनाए कोई भी नई परंपरा नहीं डाली जाएगी।साथ ही उन्होने बताया कि बकरीद पर्व पर पालिका द्वारा साफ सफाई, पेयजल की आपूर्ति सुनिश्चित कराई जाएगी एवं कुर्बानी के उपरांत विशेष सफाई कराई जाएगी। निरीक्षण के दौरान सफाई प्रभारी राजेंद्र कुमार, पालिका कर्मी आदित्य प्रताप सिंह भदौरिया, अरविंद सिंह रावत,रामकृष्ण वर्मा, सहित वार्ड सभासद निहालउद्दीन, हाजी अब्दुल रहमान, राजू मुतवल्ली,सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# भाजपा मंडल अध्यक्ष व प्रभारी वन क्षेत्राधिकारी ने चलाया पौधरोपण अभियान

- अधिक से अधिक पौध रोपण करने की अपील

दैनिक अयोध्या टाइम्स नानपारा देवेश पांडेय बाबागंज, बहराइच। भाजपा मंडल नवाबगंज के मंडल अध्यक्ष बलवंत सिंह एवं प्रधान संघ जिला अध्यक्ष बेचेलाल जयसवाल ने प्रभारी वन क्षेत्राधिकारी हेमंत मणि तिवारी के साथ मिलकर पौधरोपण अभियान शुरू किया है। गांव जाकर लोगों को जागरूक करने और पौधरोपण करने की अपील की गई। जिससे कि विकासखंड क्षेत्र में अधिक संख्या में पौधरोपण किया जा सके।

सरकार की ओर से इस बार भी अधिक से अधिक पौध रोपण का लक्ष्य वन विभाग के साथ अन्य विभागों को भी सौंपा गया है इस क्रम में अभियान को आगे बढ़ाते नवाबगंज भाजपा मंडल अध्यक्ष के साथ भाजपा कार्यकर्ताओं प्रधान संघ और ग्राम प्रधानों ने भी अभियान को आगे बढ़ाने का संकल्प लेते हुए गांव गांव लोगों से जनसंपर्क करने का अभियान चलाया है। ग्राम प्रधान भक्तापुर गुलरिया आशीष पांडे अब्दुल्लागंज वन क्षेत्र प्रभारी हेमंत मणि त्रिपाठी के साथ समस्त स्टॉप ने आज फिर पुनः पौध रोपण किया। इस मौके पर प्रधान संघ अध्यक्ष ने कहा कि एक पौध सौ पुत्र समान होता है। प्रत्येक मनुष्य की जिम्मेदारी है। अधिक से अधिक संख्या में पौध






रोपित करें इसलिए कि पौध कि हमें अधिक मात्रा में ऑक्सीजन देते हैं। ऑक्सीजन हमारे जीवन के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण है। वहीं पर नवाबगंज मंडल अध्यक्ष ने कहा कि जंगलों से हमें नाना प्रकार की जड़ी बूटिया मिलती है। उन्हीं जड़ी बूटियों से आयुर्वेदिक औषधि का निर्माण होता है। यह सब हमारे जीवन के लिए काफी महत्वपूर्ण हैं। प्रभारी वन क्षेत्राधिकारी अब्दुल्लागंज ने लोगों से अपने आंगन में नीम का पेड़ लगाने की सलाह देते हुए कहा कि यह एक औषधीय वृक्ष है इस मौके पर भाजपा पिछड़ा मोर्चा के रामचंद्र चौधरी भी मौजूद रहे।

# भारत से नेपाल को हो रही है धड़ल्ले से खाद व अन्य प्रतिबंधित सामानो की तस्करी पुलिस,कस्टम, एसएसबी तथा अन्य सुरक्षा एजेंसियों की भूमिका संदिग्ध

देवेश पांडेय दैनिक अयोध्या टाइम्स रुपईडीहा,बहराइच। भारत नेपाल सीमावर्ती क्षेत्रों से बड़े पैमाने पर यूरिया एवं डीएपी खाद की तस्करी भारतीय क्षेत्रों से नेपाल को की जा रही है।इस सीमावर्ती क्षेत्र के बड़े बड़े तस्कर नानपारा बाबागंज भवनियापुर आदि विभिन्न स्थानों से खाद को बैट्री रिक्शा, तांगा, डीसीएम, ट्रैक्टर ट्राली, अन्य चार पहिया वाहनों से लाकर सीमावर्ती इलाकों के गांवों एवं कस्बों में डम्प करते और फिर यहां से साईकिलों एवं मोटरसाइकिलों से बार्डर पार कर नेपाली क्षेत्रों में पहुंचा दिया जाता है। क्षेत्र नहीं मिल पाती। मजबूरन किसानों को

ब्लैक में खाद खरीदनी पड़ती है। भारत नेपाल सीमा से सटे बॉर्डर वाले क्षेत्र पचपकरी, रंजीतबोझा, बक्सीगांव, शिवपुर मोहनिया, निधिनगर पोखरा, गोकुलपुर, रुपईडीहा कस्बे, निबिया,मनवरिया, लक्ष्मणपुर नरैनापुर आदि क्षेत्रों से अवैध धंधे में लिप्त लोगों द्वारा खाद के दुकानदार व लाइसेंस धारकों से सांठगांठ करके अधिक मूल्य देकर खाद खरीद लेते हैं। फिर इसे नेपाल पहुंचा कर अच्छे मूल्य पर नेपाल में बेच कर तस्कर मालामाल हो रहे हैं। बताया जाता है कि इन खाद के अवैध धंधे में रुपईडीहा पुलिस,कस्टम व एसएसबी के कुछ कर्मी भी मिले हुए हैं। जिससे तस्कर पचपकरी, रंजीतबोझा, बक्सीगांव, शिवपुर मोहनिया, निबिया, मनवरिया, लक्ष्मणपुर, नरैनापुर, रुपईडीहा कस्बे के रेलवे स्टेशन रोड, बरथनवा,आदि बार्डर क्षेत्रों से खाद तस्करों द्वारा एक साथ 8 से 10 साईकिलों एवं 4 से 5 मोटरसाइकिलों पर खाद की बोरी लादकर खुलेआम दिन, रात खाद की तस्करी कर नेपाली क्षेत्रों में पहुंचा रहे हैं। विभिन्न प्रकार की तस्करी रोकने के लिए बॉर्डर पर सभी प्रकार की सुरक्षा एजेंसियां तैनात है। फिर भी नेपाल सीमा क्षेत्र में इधर कुछ दिनों से खाद व अन्य प्रकार की तस्वीर का धंधा बड़े स्तर पर फल–फूल रहा है। बताया जाता है कि रुपईडीहा क्षेत्र में एक बोरी यूरिया खाद कीमत 440 रुपये है जबकि नेपाल में इसकी कीमत 875 बतायी जा रही है। संबंधित अधिकारियों को सीमावर्ती क्षेत्र में स्थित खाद के लाइसेंस धारियों के स्टाक को चेक करना चाहिए कि यह खाद कौन ले जा रहा है। नेपाल को बड़े पैमाने पर होने वाली खाद की तस्करी को देखकर सीमावर्ती क्षेत्र के खाद के लाइसेंस निरस्त कर देना चाहिए। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार रुपईडीहा थाना क्षेत्र के पचपकरी गांव से साईकिलों द्वारा नेपाल जा रही लगभग 10 बोरी यूरिया खाद पुलिस ने पकड़ा था। पचपकरी गांव के सूत्र बताते हैं कि पुलिस खाद को लदवाकर थाने ले गई थी। यह खाद बैट्री रिक्शा पर लादकर लायी गयी थी। इस संबंध में जब थाना प्रभारी निरीक्षक श्रीधर पाठक से पूछा गया तो उन्होंने बताया कि मेरे संज्ञान में नहीं है।



# 20 लीटर कच्ची मिश्रित शराब लहन यूरिया व शराब बनाने के उपकरण सहित 01 नफर अभियुक्तगिरफ्तार

दैनिक अयोध्या टाइम्स

बहराइच उत्तर प्रदेश। पुलिस अधीक्षक, केशव कुमार चौधरी द्वारा दिये गये निर्देश अपराध एंव अपराधियो तथा मादक पदार्थ विक्री अवैध शराब निष्कर्षण व शराब विक्री पर प्रभावी अंकुश लागने हेतु प्राप्त हुये थे आदेश के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक महोदय नगर श्री कुवर ज्ञानन्जय सिंह व क्षेत्राधिकारी कमलेश कुमार सिंह के कुशल नेतृत्व में मुझ प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार सिंह द्वारा गठित टीम ने आज दिनांक 07.07.2022 को मुखविर खास की सूचना पर ग्राम गुलरिहा मोड के पास स्थित घर चहरदीवारी के अन्दर मिट्टी के चूल्हे पर लहन रखकर अवैध शराब का निष्कर्षण कर रहे दुखीराम पुत्र रामफेर निवासी गुलरिहा मोड धनराजपुर थाना जरवल रोड जनपद बहराइच के पास से 20 लीटर नाजायज कच्ची शराब तथा शराब बनाने के उपकरण मय मिश्रण हेतु रखी 01 किलो यूरिया तथा शराब बनान हेतु लहन को मौके पर नष्ट करते हुए ।




समय करीब 11.20 बजे हिरासत पुलिस में लिया गया कृत आपराध के सम्बन्ध में थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 149/2022 धारा 60(2) आवकारी अधिनियम व 272 भादवि0 बनाम दुखीराम उपरोक्त के पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही पूर्ण करते हुए माननीय न्यायालय बहराइच रवाना किया गया ।

# खनन माफिया के खिलाफ कार्यवाई के लिए मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन सिटी मजिस्ट्रेट को सौंपा

दैनिक अयोध्या टाइम्स बहराइच

बहराइच ।कैसरगंज क्षेत्र में हो रहे अवैध खनन को रोकने तथा दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्यवाई करने के लिए क्षेत्रीय पत्रकार सुनील कुमार ने मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन सिटी मजिस्ट्रेट ज्योति राय को सौंपा है। इस ज्ञापन में पत्रकार ने कहा है कि वे क्षेत्र में हो रहे अवैध खनन के विरुद्ध अपने समाचार पत्र में आवाज उठाते रहे हैं इसलिए वे लंबे समय से खनन माफियाओं के निशाने पर हैं। गत 30 जून को जेसीबी संचालक एक खनन माफिया ने उन्हें अगवा करके मारा पीटा और लूटपाट की। इस संबंध में थाना प्रभारी कैसरगंज को लिखित सूचना दिए जाने के बाद भी अभी तक उक्त खनन माफिया के विरुद्ध कोई कार्यवाही नहीं की गई है अपने ज्ञापन में पत्रकार ने मांग की है कि उक्त खनन माफिया के विरुद्ध तत्काल प्रभावी कार्यवाही की जाए और उन्हें न्याय दिलाया जाए।



# संक्षिप्त समाचार

## कृषि गोष्ठी का हुआ आयोजन माँ राजेश्वरी देवी चौरिटिबल ट्रस्ट के तत्वावधान में

दैनिक अयोध्या टाइम्स देवेश पांडेय। नानपारा कृषि विज्ञान केंद्र द्वारा एक दिवसीय गोष्ठी व निशुल्क बीज वितरण का आयोजन आज ग्राम सभा कलवारी मैं आयोजित हुआ जिसमें कृषि वैज्ञानिक श्री विष्णु प्रताप सिंह जी एवं अन्य विभागों के विभागाध्यक्ष मौजूद रहे कृषि वैज्ञानिक ने कहा की बहुत सारी ऐसी चीजें होती हैं जिनकी जानकारी हम किसानों



को नहीं हो पाती है हम उन जानकारियों को आप तक पहुंचाने के लिए आए हैं जहां कहीं भी दिक्कत हो तो आप सभी कृषि विज्ञान केंद्र नानपारा से संपर्क कर सकते हैं किसानों को अच्छी कृषि के गुर भी बताए साथ ही गन्ने में लगने वाले रोगों से बचाव की जानकारी भी दी कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ब्लाक प्रमुख श्री जयप्रकाश सिंह जी रहे एवं कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित भानु प्रताप सिंह दुर्गेश वर्मा पंकज कश्यप राकेश वर्मा रामनिवास वर्मा व ग्राम के सैकड़ों किसान उपस्थित रहे।

## पुलिस ने मासूम बच्ची से दुष्कर्म करने वाले आरोपी को किया गिरफ्तार

दैनिक अयोध्या टाइम्स रिपोर्ट देवेश पांडेय रुपईडीहा,बहराइच। स्थानीय थाना क्षेत्र के अंतर्गत सुजौली गांव में मंगलवार को दिन में ही मासूम बच्ची के साथ दुष्कर्म करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। इस संबंध में जानकारी देते हुए थाना प्रभारी निरीक्षक रुपईडीहा श्रीधर पाठक ने बताया कि आरोपी के गिरफ्तारी हेतु मुखबिर को लगा दिया गया था। गुरुवार की सुबह मुखबिर की सूचना पर थाने के वरिष्ठ उप निरीक्षक रूदल बहादुर सिंह, हेड कांस्टेबल विजय शंकर सिंह, कांस्टेबल आशीष कुमार को साथ लेकर वे स्वंय बाबाकुट्टी तिराहे पहुंचकर आरोपी लुकई उर्फ अजमत अली पुत्र मोहब्बत अली को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने दुष्कर्म करने वाले आरोपी के विरुद्ध मु0अ0स0 232/2022 धारा 376 एबी आईपीसी व 5 (एम)6 पोक्सो एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया। जबकि सुजौली गांव में जन चर्चा है कि दुष्कर्म करने वाले आरोपी लुकई को उसी दिन पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया गया था।



# सास, बहू व बेटा सम्मेलन में पुरस्कृत हुए लाभार्थी

- विविध प्रतियोगिता के प्रतिभागियों को पुरस्कृत भी किया गया।
- एएनएम ने परिवार नियोजन के साधनों का उपयोग करने के लिए लोगों को किया जागरूक

दैनिक अयोध्या टाइम्स बहराइच पयागपुर। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. सतीश कुमार सिंह के दिशा–निर्देशन में स्वास्थ्य उपकेन्द्रों पर सास बहू बेटा सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है जिस क्रम में आज उपकेंद्र वभनियावा, रायडीह, वीरपुर पर कार्यक्रम का आयोजन हुआ इस दौरान आये हुए लाभार्थियों को सीमित परिवार की अहमियत बतायी गयी तथा नव दंपति को शगुन किट प्रदान की गई द्य इसके साथ ही इस मौके पर आयोजित विविध प्रतियोगिता के प्रतिभागियों को पुरस्कृत भी किया गया।

सीएचसी पयागपुर अधीक्षक डॉ विकास वर्मा के निर्देशन में क्षेत्र स्थित स्वास्थ्य उपकेन्द्र पर इस सम्मेलन का आयोजन किया गया। उन्होंने बताया इस कार्यक्रम में वर्ष भर में चिन्हित नवविवाहित दम्पति को परिवार नियोजन के बारे में जानकारी दी गयी। कार्यक्रम में मेहंदी रचाई, संगीत गायन महिलाओं द्वारा आयोजित किये गए इस दौरान 30 प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। इसमें दर्जनों बहू, बेटा व सास शामिल रहीं। जिन्हें कार्यक्रम प्रबंधक सीएचसी पयागपुर अनुपम शुक्ल के द्वारा नियोजित परिवार केउपलब्ध साधन, फायदों, सुरक्षित मातृत्व, संस्थागत प्रसव, मातृ वन्दनयोजना, नियमित टीका करण, संचारी रोगों से बचाव व उपचार के बारे में भी बताया गया । इनमें आशा कार्यकर्ताओं और एएनएम ने परिवार नियोजन के साधनों का उपयोग करने के लिए लोगों को जागरूक किया। स्वास्थ्य



उपकेंद्रों पर एक वर्ष के दौरान चिह्नित नवविवाहित दंपति को परिवार नियोजन साधन के बारे में परामर्श देकर शगुन किट का वितरण किया। इस दौरान बीसीपीएम धर्मेन्द्र मिश्रा ने बताया कार्ययोजना अनुसार यह गतिविधियों का आयोजन स्वास्थ्य क्षेत्र के सभी उपकेंद्रों पर कार्य योजना अनुसार आयोजित किए जा रहे है। इस दौरान चिकित्साधिकारी पीएचसी वभनियावा डॉ राजीव वर्मा , शिक्षक राजेश मिश्रा, रमेश चन्द्र,मनीष द्विवेदी स्वास्थ्य पर्यवेक्षक अनिल राठौर ग्राम प्रधान वभनियावा व वीरपुर एएनएम शिवकुमारी मिश्रा, रंजना मिश्रा,शैल कुमारी आराधना द्विवेदी,रीता देवी , मेहबुननिशा स्टाफ नर्स,आशा संगिनी सुमन पाण्डेय आशा आंगनबाड़ी आदि लोग उपस्थित रहे।

# मुख्य अभियंता ने परखी एक मुश्त समाधान योजना की हकीकत



- फखरपुर उपकेंद्र में सबसे ज्यादा ओटीएस पर जताई खुशी
- मुख्य अभियंता ने फखरपुर में योजना के बेहतर

दैनिक अयोध्या टाइम्स फखरपुर बहराइच। गुरुवार को फखरपुर में मुख्य अभियंता वाणिज्य ने एकमुश्त समाधान योजना के अंतर्गत चल रहे ओटीएस कैंप का चौक निरीक्षण किया। उन्होंने राजस्व वसूली हेतु आयोजित कैंपों की स्थिति प्रचार प्रसार एवं नोटिस वितरण कराए जाने की स्थिति आदि कार्यों का सफल क्रियान्वयन एवं प्रभावी अनुसरण हेतु क्षेत्र का निरीक्षण किया। मुख्य अभियंता इंजीनियर दयाराम बिंद ने बताया कि कि प्रदेश सरकार ने उपभोक्ताओं की सुविधा के लिए एकमुश्त समाधान योजना लेकर आई है जिसका अभी कुछ दिन शेष हैं उपभोक्ता इन बचे हुए दिनों में अपने बकाया विद्युत बिलों का भुगतान कर सकते हैं एक मुफ्त समाधान योजना 15 जुलाई तक के लिए है इन दिनों में उपभोक्ता अपने बकाया विद्युत बिल को बिल्कुल अपने निकटतम पावर हाउस, उपखंड कार्यालय सीएससी सेंटर से विद्युत बिल का भुगतान कर सकते हैं। फखरपुर में आयोजित ओटीएस कैम्प में बेहतर ओटीएस पर अधिकारियों की सराहना की। उन्होंने अवर अभियंता फखरपुर को निर्देशित किया कि एक लाख से ऊपर के बकाया दारो को नोटिस जारी कर कनेक्शन विच्छेदन की कार्रवाई अमल में लाई जाये। इस दौरान अधिशासी अभियंता सुनील कुमार गुप्ता, उपखंड अधिकारी फखारपुर सुनील कुमार दुबे,उपखंड अधिकारी कैसरगंज योगेंद्र यादव, अवर अभियंता पखरपुर विजय तिवारी,बिलिंग पर्यवेक्षक शैलेन्द्र विक्रम सिंह,पंकज कुमार मौर्य,विशाल शर्मा,सत्यम गुप्ता आदि मौजूद रहे।

# देशी शराब के ठेके के पीछे संदिग्ध परिस्थितियों में मिला सफाई कर्मी का शव

चन्द्रप्रताप सिंह जिला संवाददाता दैनिक अयोध्या टाइम्स उदी,इटावा। जनपद के बढ़पुरा थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम रमीकावर में देशी शराब के ठेके के पीछे सफाई कर्मी के शव मिलने से मंचा हड़कंप। बढ़पुरा थाना पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। मृतक की पहचान मनोज यादव पुत्र हरीराम यादव (46) निवासी नुमाइश चौराहा पक्का तालाब थाना कोतवाली के रूप में शिनाख्त की । पुलिस ने परिजनों को सूचना दी उसके बाद परिजनों ने शव को पहचान कर हत्या का आरोप लगाया है ।पुलिस ने परिजनों को आश्वासन दिया कि जांच कर उचित कार्यवाही की जाएगी।

# बहराइच के विभिन्न थानों में चोरों का हौसला हो रहा बुलंद बौंडी थाना


दैनिक अयोध्या टाइम्स मनोज अवस्थी महसी (बहराइच)। थाना बौंडी के अंतर्गत ग्राम सभा टिकुरी में चोरों ने लाखों का सामान चुरा ले गए। राजेश कुमार पुत्र राम सागर उर्फ भभूति ग्राम सभा टिकुरी के घर बीती रात चोरों ने दीवार फांद कर एक अदद सोने की चौन, एक अदद सोने की माला, 35000 रुपए नगद और साड़ियां सहित अन्य सामान भी निकाल ले गए। राजेश कुमार ने बताया कि गर्मी के कारण हम लोग छत पर सोए हुए थे एक दीवार को फांद कर घर में प्रवेश हुए है। और सहन दरवाजा खोल कर निकाल ले गए। सुबह आंख खुली तो घर का सारा सामान तितर बितर पड़ा हुआ था जब घर के अंदर गए तो पता लगा सारा सामान गायब था इसकी सूचना लिखित में बौंडी थाना को दी गई है। जिस पर 112 नंबर पुलिस मौके पर पहुंचकर जानकारी ली। हर चौक चौराहों पर पुलिस की लगातार रात्रि ड्यूटी के बाद भी चोरियां थमने का नाम नहीं ले रहीं हैं। बहराइच के विभिन्न थानों के अंतर्गत कई गांवों में लगातार चोरियों से लोगों में दहशत बना हुआ है।






# आगामी त्योहारों को सकुशल सम्पन्न कराने हेतु अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण द्वारा की गयी पीस कमेटी मीटिंग

दैनिक अयोध्या टाइम्स बौंडी बहराइच। आगामी बकरीद त्योहार को जनपद में सकुशल सम्पन्न कराने, सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था सुदृढ रखने तथा शांति एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण बनाये रखने हेतु अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण द्वारा थाना बौंडी में आगामी त्योहार कावड़ यात्रा, बकरीद के संबंध में पीस कमेटी बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में उपस्थित गणमान्य व्यक्तियों, धर्मगुरुओं, जनप्रतिनिधियों व समाजसेवियों से अपील की गयी कि सभी लोग एक दूसरे की भावनाओं का सम्मान करें, जनपद में शांति व्यवस्था बनाये रखें, सामप्रदायिक सौहार्द बिगाडने की कोशिश करने वालों असामाजिक तत्वोंधकिसी भी प्रकार की आपराधिक अवांछित गतिविधियों दिखाई देने पर इसकी सूचना तत्काल पुलिस को दे, किसी प्रकार की अफवाह पर ध्यान न दें बल्कि अफवाह की पुष्टि उच्चाधिकारियों से करें तथा जिले में सौहार्दपूर्ण वातावरण का माहौल बनाये रखने में पुलिस व प्रशासन का सहयोग करें साथ ही सोशल मीडिया पर ऐसे कमेंट न करें जिससे किसी की धार्मिक भावनाएं आहत हों तथा किसी भी प्रकार की भडकाऊ/ गलत/ अशोभनीय पोस्ट शेयर न करें।



## संक्षिप्त समाचार

### जमीनी विवाद में ताऊने भतीजे पर बोला हमला कान काटकर किया घायल

संवाददाता रूबी शर्मा पिनाहट। थाना मंसुखपुरा क्षेत्र के अंतर्गत गांव अमरुपुरा में जमीनी विवाद खेत बंटवारे को लेकर ताऊ में अपने भतीजे पर हमला बोलकर मारपीट की और कान काट कर घायल कर दिया। झगड़े की सूचना पर पहुंची पुलिस ने एक घायल युवक का मेडिकल करा कर जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार सत्यनारायण पुत्र ग्यासी राम उम्र 31 वर्ष निवासी गांव अमरूपुरा थाना मंसुखपुरा का आरोप है कि बुधवार को खेत बटबारे की बातचीत चल रही थी। खेत बटवारे को लेकर ताऊ जगदीश से जमीन के विवाद को लेकर कहासुनी हो गई। जिस पर ताऊ गाली गलौज करने लगा विरोध करने पर उसने भतीजे युवक सत्यनारायण पर हमला बोलकर जमकर मारपीट कर दी। अपने को बचाते समय आरोपी ताऊ ने मुंह से युवक के कान को काट लिया। जिस कारण पीड़ित युवक गंभीर घायल हो गया। झगड़े विवाद की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल युवक सत्यनारायण को सीएचसी केंद्र पिनाहट में इलाज के लिए भर्ती कराया। जहां चिकित्सकों द्वारा घायल का मेडिकल उपचार किया गया। वही पीड़ित ने आरोपी ताऊ के खिलाफ थाने में प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### रामपुर के गांव धरियाई मे जलभराव से ग्रामीणों मे रोष व्याप्त

संवाददाता सभा जीत बर्मा फतेहाबाद आगरा। थाना निबोहरा क्षेत्र के गांव धरियाई मे जलभराव होने के कारण लोगों को चक्कर लगाकर मुख्य रास्ते पर जाना पड रहा है।जिससे ग्रामीणों मे रोष व्याप्त है।



धरियाई गांव की आबादी लगभग 980और लगभग125मकान है लेकिन गांव मे नाली और खरंजे से यह गांव अभी दूर है ।गांव के मुख्य रास्ते में जलभराव है। यह मार्ग विद्यालय से सत्यवीर के मकान तक जलभराव है जिससे स्कूल आने जाने वाले बच्चों को खेत की पगडंडियों से होकर विद्यालय पहुंच रहे हैं।जिससे बच्चों को काफी परेशानी उठानी पड रही हैं।गांव के रधुवीर सिंह, रामभरोसी,रामनिवास, भागीरथ, दलीपसिंह, बी.पी.सिंह, गनपत सिंह, सत्यवीर, सुनहरी लाल,श्रीनिवास, प्रमोद कुमार, राजवीर सिंह, डालचंद आदि ने बताया कि जलभराव के चलते ग्रामीणों को परेशानी उठानी पड़ रही हैं।जलभराव होने के कारण मच्छरों का प्रकोप बड गया है।जिससे संक्रमित होने का खतरा बढ़ गया है।उन्होंने बताया कि इस संदर्भ में ब्लाक पर शिकायत की गई लेकिन आज तक समस्या का निस्तारण नहीं हो सका है।

### प्रधान के देवर को दी दबंगो ने दी जान से मारने की धमकी

संवाददाता सभा जीत बर्मा फतेहाबाद आगरा

- पिडित ने सीओ से लगाई गुहार

फतेहाबाद। ब्लॉक फतेहाबाद के गांव मोहम्मदपुर मे विगत दिवस ग्राम प्रधान को एक मकान के निर्माण के मामले मे जानकारी करना मंहगा पड गया।उसके देवर के ऊपर सीमेंट फैक दिया गया तथा जान से मारने की धमकी भी दी गई।पिडित ने गुरुवार को सीओ फतेहाबाद से दबंगों से सुरक्षा की गुहार लगायी गयी है। ग्राम पंचायत मोहम्मदपुर के प्रधान पिंकी देवी विगत दो जुलाई को गांव की आबादी की जमीन पर हो रहे निर्माण कार्य की जानकारी करने के लिए अपने देवर अमित कुमार को भेजा गया था।जानकारी प्राप्त करने के बाद अमित ने गांव के ही सत्यवीर और हीरालाल ने कन्नी से सीमेंट अमित के ऊपर फेक दिया।तथा जान से मारने की धमकी दी गई।पिडित ने गुरुवार को सीओ फतेहाबाद सौरभ सिंह से दबंगों से सुरक्षा की मांग की गई हैं। सीओ ने मामले की जांच कराने के लिए निर्देश दिए गए हैं।

### 20 जुलाई तक गरीबी रेखा से नीचे रहने वाले लोगों के लिए बनाए जाएंगे आयुष्मान कार्ड,अधीक्षक ने दी जानकारी

संवादाता सभा जीत बर्मा फतेहाबाद आगरा

फतेहाबाद। प्रधानमंत्री जन आरोग्य बीमा योजना के तहत गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन करने वाले लोगों के लिए आयुष्मान कार्ड बनाए जा रहे हैं। पात्र लोग अपने आयुष्मान कार्ड फतेहाबाद के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर आगामी 20 जुलाई तक बनवा सकते हैं। यह जानकारी अधीक्षक डॉ बीके सोनी ने दी । उन्होंने बताया कि गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन करने वाले लोग सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर कार्य दिवस में अपना आधार कार्ड एवं राशन कार्ड लेकर पहुंचे। इनके आयुष्मान कार्ड जारी कर दिए जाएंगे।

### 20 जुलाई तक गरीबी रेखा से नीचे रहने वाले लोगों के लिए बनाए जाएंगे आयुष्मान कार्ड, अधीक्षक ने दी जानकारी

संवादाता सभा जीत बर्मा फतेहाबाद आगरा

फतेहाबाद। प्रधानमंत्री जन आरोग्य बीमा योजना के तहत गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन करने वाले लोगों के लिए आयुष्मान कार्ड बनाए जा रहे हैं। पात्र लोग अपने आयुष्मान कार्ड फतेहाबाद के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर आगामी 20 जुलाई तक बनवा सकते हैं। यह जानकारी अधीक्षक डॉ बीके सोनी ने दी । उन्होंने बताया कि गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन करने वाले लोग सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर कार्य दिवस में अपना आधार कार्ड एवं राशन कार्ड लेकर पहुंचे। इनके आयुष्मान कार्ड जारी कर दिए जाएंगे।

### जैतपुर में 26 हजार पौधे रोपकर मनाया वन महोत्सव



जैतपुर ।ब्रहस्पतिवार को जैतपुर में 26 हजार पौधे रोपकर वन महोत्सव मनाया गया जैतपुर के बडा गांव में रेंजर ललित कुमार, प्रहलाद सिंह प्रधान सुरेन्द्र नाथ प्रधान महावीर सिंह अजय कुमार ललित आदि रहे चंबल में नदगवां के इंटरप्रिटेशन सेंटर पर रेंजर आरके सिंह राठौड नंदराम वर्मा प्रधानपति दिनेश वर्मा कौशल मिश्रा कृपाल वर्मा वहीं गढ़वार गांव के प्रधान रामबीर सिंह वर्मा सहित आदि वन कर्मीयों ने पौधे रोपे।

## सीडीओ ने अन्त्योदय कार्ड धारकों का आयुष्मान कार्ड बनाये जाने के संबंध में की समीक्षा

दैनिक अयोध्या टाइम्स देवरिया

देवरिया। मुख्य विकास अधिकारी रवींद्र कुमार द्वारा अन्त्योदय कार्ड धारकों का आयुष्मान कार्ड बनाये जाने के संबंध में समीक्षा की गयी। जनपद में समस्त अन्त्योदय कार्डधारकों का आयुष्मान कार्ड बनाया जाना है जिसके लिए आज से समस्त ग्राम पंचायतों में कोटे की दुकान के पास ही आयुष्मान का कैम्प लगाया जाना है।

मुख्य विकास अधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया कि एक दिन में 600 ग्राम पंचायतों में कैम्प का आयोजन किया जाए तथा उसके अगले दिन शेष बचे ग्राम पंचायतों में कैम्प का आयोजन किया जाए। तीसरे दिन पुनः प्रथम दिवस में आयोजित ग्राम पंचायतों में ही कैम्प का आयोजन किया जाए ताकि जो अन्त्योदय कार्डधारक बच गये हैं उनका अयुष्मान कार्ड बना दिया जाए। इसी तरह चौथे दिन उसी ग्राम पंचायत में कैम्प का आयोजन किया जाए जो दूसरे दिन ग्राम पंचायतों में किया गया है। इन कैम्पों में बी०एल०ई०, आशा, ए०एन०एम० की डयूटी आज ही रात्रि में लगा दिया जाए तथा कंट्रोल रूम से इन्हें दूरभाष पर भी अवगत करा दिया जाए। प्रत्येक सेंटर के लिए 100 आयुष्मान कार्ड बनाये जाने का लक्ष्य निर्धारित किया जाए जहाँ 100 से कम अन्त्योदय कार्डधारक हैं उनका शत–प्रतिशत आयुष्मान कार्ड बना दिया जाए। यह प्रतिदिन रोस्टर के अनुसार चलाया जाए ताकि सभी अन्त्योदय राशन कार्डधारकों का आयुष्मान कार्ड बन जाए। कंट्रोल रूम में संबंधित विभाग के एक कर्मचारी अवश्यक बैठेंगे ताकि कहीं कोई समस्या आती है तो उसका त्वरित समाधान कर सकें। समीक्षा बैठक में फणीश्वर त्रिपाठी, क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी देवरिया, डॉ० एस०के० चौधरी, डी०टी०ओ०६ आयुष्मान प्रभारी अमरदीप श्रीवास्तव डी०जी०एम०, आदित्य कुमार सिंह, कोआडिनेटर आई०सी०सी०सी०, जाहिदउल्लाह, डिस्टिक मैनेजर सी०एम०सी०, सुन्नी कुमार, डिस्टिक कोआडिनेटर उपस्थित थे।

## डिमांड आधारित कौशल का मिले प्रशिक्षण : डीएम

- कौशल विकास केंद्रों पर विदेशी भाषाओं का भी दिया जाए प्रशिक्षण : डीएम
- जिलाधिकारी ने की जिला कौशल समिति की बैठक, दिए आवश्यक निर्देश



दैनिक अयोध्या टाइम्स देवरिया

देवरिया। जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में आज कलेक्ट्रेट सभागार में जिला कौशल समिति एवं उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन की समीक्षा बैठक हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने बाजार की मांग आधारित कौशल प्रशिक्षण उपलब्ध कराने के निर्देश दिए, जिससे प्रशिक्षण प्राप्त करने के उपरांत व्यक्ति को रोजगार मिल सके। जिलाधिकारी ने कहा की कौशल प्रशिक्षण संस्थानों में विदेशी भाषाओं का प्रशिक्षण भी दिया जाए। भारत सरकार का कई देशों के साथ कुशल श्रमिक उपलब्ध कराने के लिए समझौता है। ऐसे में यदि लोगों को उन देशों की भाषाओं और वहां कि संस्कृति के विषय में प्राथमिक प्रशिक्षण दिया जाए तो उन्हें विदेशों में रोजगार प्राप्त करने में आसानी होगी। उन्होंने कहा कि जनपद के लोग बड़ी संख्या में गल्फ एवं दक्षिण–पूर्वी एशियाई देशों में रोजगार प्राप्त करते हैं। ऐसे में प्रशिक्षण केंद्रों पर अंग्रेजी, अरबी, जापानी सहित विभिन्न भाषाओं का प्रशिक्षण देने के लिए कार्ययोजना बनाई जाए।

उन्होंने कहा कि कौशल प्रशिक्षण संस्थान सिर्फ प्रमाणपत्र वितरित करके लक्ष्य प्राप्ति की खानापूर्ति न करें, बल्कि, ग्लोबल डिमांड के अनुरूप उच्च गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण प्रदान करें, जिससे प्रशिक्षण प्राप्त करने वाला व्यक्ति विभिन्न औद्योगिक संस्थानों और विदेशों में कार्य करने के साथ–साथ स्वरोजगार करने में भी सक्षम हो सके। डीएम ने कहा कि बाजार की मांग आधारित कौशल उपलब्ध कराया जाए। जनपद में ओडीओपी के तहत गारमेंट और सजावटी वस्तुओं को प्रोत्साहन दिया जा रहा है। इन उत्पादों की वैश्विक मांग भी अधिक है। यदि युवाओं को इससे जुड़ा कौशल उपलब्ध कराया जाए तो वे ओडीओपी योजना के तहत मिलने वाली वित्तीय सहायता का लाभ उठाकर अपना स्वरोजगार भी कर सकते हैं। उन्होंने दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजना, प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना सहित विभिन्न योजनाओं की समीक्षा की। उन्होंने प्रगति पर असंतोष जताते हुए कहा कि इसमें और सुधार लाए जाने की आवश्यकता है । बैठक में मुख्य विकास अधिकारी रवींद्र कुमार, डीपीआरओ अविनाश कुमार, जिला समाज कल्याण अधिकारी जैसवार लाल बहादुर, प्रधानाचार्य राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान शोभनाथ, श्रम प्रवर्तन अधिकारी शशि सिंह, सहित विभिन्न अधिकारी मौजूद थे।

## श्रावण महोत्सव मेले का पक्षालिका सिंह भदोरिया ने किया शुभारंभ

दै, अयोध्या टाइम्स ब्यूरो

आगरा। आवास विकास कॉलोनी स्थित सेक्टर 11 मैदान पर श्रावण महोत्सव मेले का शुभारंभ गुरुवार को मुख्य अतिथि बाह क्षेत्र विधायक पक्षालिका सिंह भदोरिया ने मुख्य द्वार का फीता काटकर किया। मेले में क्षेत्रवासियों के मनोरंजन के लिए हस्तकला की स्टोलों, चाट–पकौड़ी और विभिन्न प्रकार के झूलों को लगाया गया है।

मेला आयोजक बंटी भदोरिया ने कहा कि यह मेला शाम 5 बजे से रात्रि 10 बजे तक पूरे श्रवण मास में 30 दिन के लिए लगाया गया है जिसमें यहां आने वाले शिल्पीओ को रोजगार प्रदान करने के उद्देश्य से कुटीर उद्योगों के उत्पादों को



प्रदर्शित किया गया है। वही, बच्चों के लिए ज्वाइंट व्हील, ब्रेक डांस, कोलंबस, टोरा–टोरा, रेलगाड़ी, मोटर, जीप, भूत बंग्ला आदि झूलो को लगाया गया है। इस अवसर पर प्रमुख रूप से संजीव सिकरवार, मदन मोहन शर्मा, सुनील तोमर, रामू परमार, रंजन सिंह भदोरिया, रणधीर सिंह, जयराज सिंह, अनुज सिंह, कल्लू भदौरिया आदि मौजूद रहे।

## उ0प्र0 उद्योग व्यापार मंडल दरेसी नंबर एक की बैठक होटल लाल्स इन मे हुई संपन्न

दै, अयोध्या टाइम्स ब्यूरो

आगरा। उवप्रव उद्योग व्यापार मंडल दरेसी नंबर एक की एक बैठक होटल लाल्स इन हुई उसमें कुछ मुद्दे उठाए गए परेशानियों के जैसे की सड़क आठ 10 दिन से टूट गई है उसको कोई बनाने वाला नहीं आया है यह नगर निगम की तरफ हम ध्यान दिला रहे हैं कि उसको ठीक किया जाए अभी कुछ टाइम पहले ही यह सड़क बनी थी मनकामेश्वर मंदिर की तरफ जाते हुए बच्चे बूढ़े चोटिल हो रहे हैं मुंह के बल गिरते हैं और एक वाणिज्य कर बंधु की मीटिंग में राज कुमार गुरनानी ने दिन 13 जून 2022 को एसडीएम अंजनी कुमार को शिकायत की थी मनकामेश्वर मंदिर की तरफ जाते हुए एक टॉयलेट



बना हुआ है उसकी सीट और टाइल्स सब बेकार हो गई हैं और औरतें लेडीस टॉयलेट में जाती हैं तो मुंह के बल गिरती हैं मेरा निवेदन है जेंट्स और लेडीज टॉयलेट को जीर्णोद्वार किया जाए व्यापार मंडल की मीटिंग में गोपाल पुरुष नानी ईश्वरलाल करमचंदानी रवि लालवानी मीडिया प्रभारी मेघराज दयाल अनी कई व्यापारी उपस्थित हुए।

### फतेहाबाद में माथुर वैश्य महिला मंडल ने स्कूलों में जाकर जरूरतमंदों को बांटी स्टेशनरी

संवादाता सभाजीत फतेहाबाद आगरा

फतेहाबाद। माथुर वैश्य महिला मंडल, दक्षिण क्षेत्र, फतेहाबाद के द्वारा सेवा कार्य किया गया।जिसमें दक्षिण महिला मंडल की पूरी टीम ने बढ़–चढ़कर सह भागिता निभाई। फतेहाबाद क्षेत्र के 7 अलग–अलग स्कूल में सभी 7 पदाधिकारी अपने सदस्यों के साथ गए (एक साथ, एक ही समय पर 7 अलग–अलग स्कूलों में ) और स्कूल प्रबंधक की मदद से हर स्कूल में 5–5 अति जरूरतमंद बच्चों को स्टेशनरी दी गयी। स्टेशनरी पाकर सभी बच्चों खुशी देखने लायक थी। इस दौरान महिला मंडल अध्यक्षा श्रीमती आकांक्षा कपिल सर्राफ व उनकी पूरी टीम के द्वारा बच्चों का आवाहन किया कि पढ़ाई करें और अपने जीवन के लक्ष्य को प्राप्त करे।



यह दौरान महिला मंडल द्वारा फतेहाबाद के विभिन्न स्कूल जिनमें उषा देवी कान्वेंट स्कूल, रतन देवी कान्वेंट स्कूल,भामाशाह शिशु मंदिर, कन्या इंटर कॉलेज, बाग कॉलोनी, सरस्वती ज्ञान मंदिर इंटर कॉलेज,एस. एस. एल. कान्वेंट पब्लिक स्कूल,एम. डी. पब्लिक स्कूल में 55 अति जरुरतमंद बच्चों को निशुल्क स्टेशनरी का वितरण किया गया है । महिला मंडल की अध्यक्ष आकांक्षा कपिल सर्राफ ने बताया कि के बच्चों को पॉलिथीन से दूर रखने के लिए स्टेशनरी को पॉलिथीन के बजाय जूट की रस्सी से बांधकर दिया गया जिससे पॉलिथीन जागरूकता का संदेश भी महिला मंडल द्वारा दिया गया ।इस दौरान महिला मंडल के सभी सदस्य भी मौके पर मौजूद रहे।

### चालक को लगी झपकी पोल को तोडकर पलटा ट्रक बाल बाल बचा चालक

जैतपुर ।बुधवार की रात बाह इटावा हाईवे पर जैतपुर में जनता इंटर कॉलेज के पास चालक को झपकी लगने से अनियंत्रित हुआ ट्रक सडक किनारे पर पलट गया ट्रक ईंटो की खेप लेकर इटावा से आगरा जा रहा था पिनाहट के रहने वाले चालक महेश को झपकी लग गई प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक ट्रक की टक्कर से बिजली का एक पोल टूट गया सोलर लाइट का पोल टूटकर झुक गया ट्रक पलटने से हुई तेज आवाज पर पहुंचे आस पास के लोगों ने चालक महेश को बाहर निकाला गनीमत रही किसी को ज्यादा चोट नहीं लगी बडा हादसा होने से बाल बाल बचा इस से लोगों ने राहत की बडी सांस ली, हालांकि बस्ती के लोगों को बिजली संकट झेलना पड़ सकता है।



संवाददाता सभा जीत बर्मा फतेहाबाद आगरा। जनपद आगरा के तहसील फतेहाबाद के ग्राम वरना में आज दिनांक 7,7, 2022 को अधीक्षक अधिवक्ता ई विनोद कुमार एवं अधिशासी अभियंता ई प्रभाकर के निर्देशानुसार 33 ६ 11 के उपरोक्त वरना पर 05 लाख से ऊपर के बकायेदारों के ट्रांसफार्मर उतारने का चला अभियान जिसमें गोपी चंद्र पुत्र खुशी लाल निवासी वरना बकाया राशि 1175463 है रामबाबू पुत्र मौजी राम निवासी वरना बकाया राशि 514832 रुपए है रामप्रकाश पुत्र ज्ञादीन निवासी वरना बकाया राशि 534383 रुपए है कुशपाल पुत्र नरसी निवासी तारोली गुर्जर बकाया राशि 544681 देवदत्त पुत्र मुरारी निवासी वरना बकाया राशि 805602 रुपए है के ट्रांसफार्म उतारे गए टीम में आकाश अपर अभियंता जितेंद्र यादव गब्बर अभियंता भानु प्रताप श्याम सिंह जितेंद्र सिंह मानसिंह व्यापारी सत्यवान अवधेश आधारबाबू व पुलिस टीम फतेहाबाद के साथ ट्रांसफार्मर को उतारा गया।



## अभाविप ने 75वें स्थापना दिवस के अवसर पर किया शरबत वितरण

दै, अयोध्या टाइम्स ब्यूरो

आगरा। मथुरा/अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा 9 जुलाई 2022 को स्थापना दिवस के 75 वर्ष पूर्ण करने पर पूरे देश भर में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन कर जनजागरण का कार्य किया जा रहा है। गुरुवार को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद मथुरा महानगर के कार्यकर्ताओं द्वारा जवाहर इंटर कॉलेज, गोविंद नगर पर छात्र–छत्राओं और श्रद्धालुओं के लिए इस भीषण उमस भरी गर्मी में शरबत वितरण किया गया। राष्ट्रीय छात्र दिवस के उपलक्ष्य में अभाविप मथुरा द्वारा साप्ताहिक कार्यक्रम के अंतर्गत स्टॉल लगा कर शरबत वितरण किया गया। विद्यालय के छात्र, देशदृविदेश से आए श्रद्धालुओं एवं राहगीरों को शरबत वितरित किया गया। इस अवसर पर विभाग संगठन मंत्री दिव्य भारद्वाज ने लोगों को विद्यार्थी परिषद से परिचित कराते हुए बताया की 9 जुलाई 1949 को राष्ट्र के पुनर्निर्माण के लिए विद्यार्थी परिषद की स्थापना की गई थी। 75 वर्ष पूर्ण करने पर विद्यार्थी परिषद पूरे देश में एक करोड़ वृक्ष लगाने का महाभियान भी चलाया रहा है। विद्यार्थी परिषद महानगर मीडिया प्रभारी नयन शर्मा ने बताया कि अखिल भारतीय विद्यार्थि परिषद द्वारा 9 जुलाई को श्रीजी बाबा विद्या मंदिर गोवर्धन रोड में वृहद स्तर पर परिषद का स्थापना दिवस मनाएगा कार्यक्रम में नगर विस्तारक निर्दोष यादव, बीएसए इकाई अध्यक्ष निशांत ठाकुर, हर्ष, गरिमा शर्मा, भावना शर्मा, तनु आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे ।




## ईद को लेकर शान्ति समिति की बैठक संपन्न

संवादाता सभा जीत बर्मा फतेहाबाद आगरा

संसू, फतेहाबाद। थाना फतेहाबाद मे ईद के त्यौहार को सदभाव के साथ मनायें।प्रतिबंधित पशुओं की कुर्वानी किसी भी कीमत पर नहीं होनी चाहिए।साथ ही कुर्वानी किये गए पशु का खून नालियों मे न बहे।इसका भी विशेष ध्यान रखा जाये।उन्होंने कहा कि नियत स्थान पर ही कुर्वानी होनी चाहिए।तथा खाल का निस्तारण भी एक नियत स्थान पर ही की जाये।उक्त निर्देश थाना फतेहाबाद मे सीओ सौरभ सिंह ने कहे।उन्होंने कहा ईद का त्यौहार भाईचारे और सदभाव के साथ मनायें।किसी भी अफवाह पर ध्यान न दे।।नायव तहसीलदार फतेहाबाद ने कहा कि साफ सफाई कराने के लिए नगरपंचायत को निर्देश दे दिये गए हैं।साथ ही ईदगाह पर पानी के टेंकर की व्यवस्था करने के लिए भी निर्देश दिए गए हैं। इस अवसर पर इंस्पेक्टर आलोक कुमार सिंह ने कहा कि अगर किसी भी व्यक्ति को किसी भी तरह की परेशानी होने पर तत्काल पुलिस को सूचना दे। आर.पी.सिंह, डा.हरीओम शर्मा, आविद खां,इरसाद खां,इकरार,जुवेरखां,मुविन खां,उस्मान खां,हाफिज अहमद हुसैन, मुकेश वर्मा,राजेश वर्मा,अजय कुमार।

### अपना दल एस ने आगरा महानगर की मीटिंग, मंडल कार्यालय सिंकदरा पर सम्पन्न हुई

दै, अयोध्या टाइम्स ब्यूरो



आगरा, 7 जुलाई को अपना दल एस आगरा महानगर की मीटिंग मंडल कार्यालय सिंकदरा पर सम्पन्न हुई जिसमें मुख्य अतिथि डा महेश चौधरी चिकित्सा मंच प्रदेश अध्यक्ष एवं पश्चिम उत्तर प्रदेश सह प्रभारी तथा व[illegible]तिथि चौधरी खेमराज एसटी–एससी मंच प्रदेश उपाध्यक्ष रहे मीटिंग की अध्यक्षता महानगर अध्यक्ष गोपाल सिंह चाहर ने मीटिंग में उपस्थि[illegible]र्ताओं को सम्बोधित करते हुए कहा अपना दल के संस्थापक यश काई डा सोने लाल पटेल जी की 73 वी जयंती के अवसर पर डॉ सोने लाल पटेल फाउंडेशन की ओर से आगरा में तीनों विधानसभा क्षेत्र में छः सौ व्रक्ष लगाकर व्रक्षारोपण कार्यक्रम चलाया जायेगा जिसकी भविष्य में देखभाल पार्टी के पदाधिकारी करेगें साथ ही अपना दल एस आगरा में शीघ्र ही व्यापक सदस्यता अभियान चलाकर दस हजार सदस्य बनाया जायेगा साथ ही महानगर इकाई में अध्यक्ष तथा पश्चिम उत्तर प्रदेश सह प्रभारी डा महेश चौधरी ने रामविनय राय महानगर महासचिव विजय कुमार शर्मा महानगर उपाध्यक्ष राजेश जैन अल्पसंख्यक मंच महानगर अध्यक्ष वेद

### कन्या पाठशाला की समरसेबिल का हुआ गहरा गढ्ढा

- हादसा होने का खतरा

संवाददाता रूबी शर्मा पिनाहट। ब्लाक पिनाहट की ग्राम पंचायत विप्रावली के उप गांव पडुआपुरा स्थित कन्या पाठशाला मे दो माह पूर्व लगी समरसेबिल की बोरिंग मे बरषात का पानी जाने से गहरा गढ्ढा बन गया।जिससे बडा हादसा होने का खतरा बना हुआ है।

दो माह पूर्व विद्यालय परिसर मे लगी समरसेबिल की बोरिंग का सही तरीके से काम न होने के कारण पहली बरषात मे ही बारिस का पानी इस बोरिंग के अंदर चला गया।जिससे बोरिंग ने एक गहरी खाई का रूप ले लिया है।जिससे स्कूली छात्राओ के साथ कभी भी बडा हादसा हो सकता है।

ग्रामीणो ने इसे बडी लापरवाही बताये हुऐ मांग की इसे जल्द बंद करवाया जाय।क्योकि विद्यालय मे पढने वाली बच्चियो के साथ कभी भी हादसा हो सकता है।

## पांच दिन बाद भी हत्यारोपियों को नहीं पकड़ सकी पुलिस,व्यापारियों में आक्रोश

संवाददाता रूबी शर्मा

- तीन दिन में घटना खुलासा न होने पर बाजार बंद का धरने पर बैठने की चेतावनी

पिनाहट। 2 जुलाई को पिनाहट कस्बा क्षेत्र के मोहल्ला मार में बुजुर्ग व्यापारी दंपत्ति 75 वर्षीय सुरेश चंद्र गुप्ता व 72 वर्षीय पत्नी कृष्णा गुप्ता की अज्ञात बदमाशों ने तीस लाख की लूटपाट के बाद हत्या कर दी थी।

घटना से पूर्व रैकी और घटना को अंजाम देकर वापस लौटते हुए बदमाशो के करीब एक दर्जन सीसीटीवी फुटेज पुलिस के हाथ लग चुके है। और घटना को अंजाम देने वाले संदिग्ध बदमाश सीसीटीवी फुटेज में कैद हो गये है।पिनाहट पुलिस को डबल मर्डर केस के तार राजस्थान के राजाखेड़ा व धौलपुर से जुड़े होने की आशंका हैं।सीसीटीवी फुटेज के आधार पुलिस बदमाशों की तलाश में राजस्थान में डेरा जमाए हुए है।पुलिस को हत्यारोपियों के तार राजाखेड़ा के गैंग से जुड़े होने की आशंका हैं।और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर हत्यारोपियों को पकड़कर जल्द घटना के खुलासे का आश्वासन दे रही है।लेकिन घटना के पांच दिन बीत जाने के बाद भी पुलिस सीसीटीवी फुटेज होने के बाद भी पांच कदम भी नहीं चल सकी है। मृतक के परिजनों व व्यापारियो का आरोप है कि पांच दिन में पुलिस किसी भी नतीजे पर नहीं पहुंची है। जिसके चलते व्यापारियों में आक्रोश व्यापत है।व्यापारियों ने घटना के जल्द खुलासे की मांग की है।तीन दिन में घटना का खुलासा न होने व्यापारियों ने विरोध में बाजार बंद कर धरने पर बैठने की चेतावनी दी है। वही पुलिस का दावा है कि शक के आधार पर उठाए गए लोगों ने राजाखेड़ा के कुछ बदमाशों के नाम उगले है।सीसीटीवी फुटेज से बदमाशों की पहचान की जा रही है। पुलिस का दावा है कि कुछ राजाखेड़ा गैंग के कुछ बदमाश हाथ लग चुके है। बहुत जल्द माल बरामदगी के साथ घटना का खुलासा किया जाएगा।

### रिबोर के नाम पर प्रधान पति का खुलेआम रिश्वत मांगते हुऐ ऑडियो बाइरल

संवाददाता रूबी शर्मा पिनाहट। ब्लाक पिनाहट के ग्राम पंचायत काकर खेड़ा के प्रधान पति द्वारा हैण्डपम्प के रीबोर कराने के नाम ग्रामीणो से रिश्वत मांगने का ऑडियो सोशल मीडिया पर दिनभर बाइरल होता रहा। पिनाहट की ग्राम पंचायत काकर खेड़ा के प्रधान पति द्वारा ग्रामीणो से विकास कार्य कराने के लिये खुलकर रिश्वत मांगी जा रही।प्रधान द्वारा ग्रामीणो से रिबोर हैण्डपम्प के नाम पर प्रधान सात हजार रुपये व नये हैण्डपम्प के नाम पर 15000 रुपये व गिट्टी की खुलकर रिश्वत मांगते हुऐ एक ऑडियो सोशल मीडिया पर बाइरल होता रहा। जिसको सुनकर लोग विकास कार्यो मे रिश्वत खोरी खुलकर चलने का आरोप लगाते रहै।वही इस मामले मे खंड विकास अधिकारी पिनाहट नवीन कुमार का कहना है मामले की जांच कराकर कार्रवाई की जाएगी।

## परिवार नियोजन से परिवार होंगे खुशहाल

दै, अयोध्या टाइम्स ब्यूरो

आगरा। क्षेत्र अछनेरा के गाँव साँधन में स्वास्थ्य अधिकारियों द्वारा परिवार नियोजन के संबंध में मिस्टर स्मार्ट सम्मेलन का आयोजन किया गया। बढ़ती जनसंख्या एक चिंता का विषय है। बढ़ती जनसंख्या पर प्रभावी नियंत्रण व मातृ व शिशु मृत्यु दर में कमी लाने के लिए जिला अस्पताल, सभी सीएचसी, पीएचसी, मातृ शिशु कल्याण केन्द्र तथा हेल्थ एंड वेलनेस सेन्टरों पर परिवार नियोजन सम्बन्धी कार्यक्रम संचालित किये जा रहे हैं, इसी क्रम में गाँव साँधन पीएचसी पर गुरुवार को मिस्टर स्मार्ट सम्मेलन का आयोजन किया गया। स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी अछनेरा विपिन बिहारी मिश्रा ने जन्म के बीच अंतराल रखने के लिए परिवार नियोजन के अस्थायी साधन जैसे कि गर्भ निरोधक गोलियां, निरोध, अंतरा इंजेक्शन, कापर टी संबंधी जागरूक करने के साथ–साथ नसबंदी के बारे में भी लोगों को जागरूक किया। मंडल लेखा प्रबंधक राजेश अग्रवाल ने कहा कि शादी और पहले बच्चे के जन्म का अन्तर दो साल होना चाहिए, दो बच्चों के बीच कम से कम तीन साल का अंतराल, परिवार नियोजन के स्थायी व अस्थायी साधनों का प्रयोग करना चाहिए। कार्यक्रम के दौरान एक स्वास्थ्य संबंधी प्रश्न–उत्तर प्रतियोगिता हुई, जिसमें अमित सिंह, रविन्द्र जादौन, सोनू सिंह को क्रमशः प्रथम द्वितीय तृतीय पुरस्कार मिले। मौके पर जिला स्वास्थ्य अधिकारी पंकज जयसवाल, सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी मानसिंह चाहर, ग्राम प्रधान जुगेन्द्र, एएनएम ज्योति शर्मा, रविन्द्र जादौन, दिनेश पारासर, असरार अहमद, रोहित मुखिया समेत समस्त आशा, आंगनवाडी कार्यकत्रियों के साथ साथ अनेक ग्रामीण मौजूद रहे।



## स्वास्थ्य केंद्रों पर होगी प्रत्येक गर्भवती की टीबी जांच

- प्रदेश में प्रति वर्ष आठ हजार गर्भवतियों में टीबी के लक्षण पाए जाते हैं। गर्भवती की सिंप्टोमेटिक स्क्रीनिंग शुरू कराई जाएगी

दै, अयोध्या टाइम्स ब्यूरो

आगरा। राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत वर्ष 2025 तक देश को टीबी मुक्त बनाने के लिए अब अन्य जांचों की तरह गर्भवती को टीबी की जांच भी जरूर करानी होगी स राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन की निदेशक अपर्णा यादव ने सीएमओ को गर्भवतियों की टीबी प्रबंधन के लिए निर्देश दिए हैं स

मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अरुण श्रीवास्तव ने बताया कि प्रदेश में प्रति वर्ष आठ हजार गर्भवतीयों में टीबी के लक्षण पाए जाते हैं स फरवरी 2022 में 15 से 49 वर्ष की युवती व महिलाओं के लिए सामूहिक टीबी प्रबंधन का फ्रेमवर्क तैयार किया गया था स उन्होंने बताया निर्देश दिया गया है कि आंगनबाड़ी केंद्र, हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर, सामुदायिक व प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर टीबी गर्भवतियों की सिंप्टोमेटिक स्क्रीनिंग कराई जाएगी डॉ. अरुण श्रीवास्तव ने बताया कि सिंप्टोमेटिक स्क्रीनिंग के तहत गर्भवतियों को देखा जाए कि उनको दो सप्ताह से खांसी तो नहीं स दो सप्ताह से बुखार, लगातार वजन कम होने व रात में पसीना आने जैसे लक्षण मिलने पर उन्हें टीबी जांच केंद्रों पर रेफर किया जाएगा। इसकी समीक्षा एचआईएमएस व निरूक्षय पोर्टल पर दर्ज होगी स इस तरह के लक्षण दिखाई दे तो अपनी जांच अवश्य करवाएं। समय से उपचार शुरू करके शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ हो सकते हैं। जिला समन्वयक कमल सिंह ने बताया कि निर्देश के अनुसार कार्य किया जा रहा है स गर्भवती की जांच के पश्चात टीबी की पुष्टि होती है तो तुरंत उपचार शुरू कर दिया जाएगा और निरूक्षय पोषण योजना से भी जोड़ दिया जाएगा ।



हेल्थ विजिटर की निगरानी में दवाओं के साथ निःशुल्क उपचार से पिछले पांच वर्षों में करीब 55682 से अधिक क्षय रोगी स्वस्थ्य हो चुके हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### 213 रिक्रूट आरक्षियों का एसपी ने लिया साक्षात्कार

- बीती 13 जनवरी से प्राप्त कर रहे थे प्रशिक्षण

चित्रकूट ब्यूरो। पुलिस लाइन में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे 213 रिक्रूट आरक्षियों की परीक्षा व प्रशिक्षण पूर्ण होने पर गुरुवार को पुलिस अधीक्षक ने उनका साक्षात्कार लिया। इस दौरान उन्होंने आरक्षियों ने परीक्षा सम्बंधी प्रश्न पूछे। पुलिस अधीक्षक अतुल शर्मा ने गुरुवार को पुलिस लाइन में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे पीएसी के 213 रिक्रूट आरक्षियों का उनके आधारभूत प्रशिक्षण समाप्त होने के बाद साक्षात्कार लिया। बीती



13 जनवरी से पीएसी के 213 रिक्रूट आरक्षियों को पुलिस लाइन में आधारभूत प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा था। जिसमें बीते बुधवार को आरक्षियों की अंतः एवं बाह्य विषयों की परीक्षा समाप्त हुयी है। साक्षात्कार के दौरान पुलिस अधीक्षक ने रिक्रूट आरक्षियों से बाह्य एवं अतः विषयों से सम्बन्धित प्रश्न पूछे। साक्षात्कार के दौरान क्षेत्राधिकारी प्रशिक्षणाधीन हर्ष पाण्डेय, क्षेत्राधिकारी प्रशिक्षणाधीन राजकमल, प्रतिसार निरीक्षक सुमेर सिंह, पीआरओ वीर प्रताप सिंह, आरटीसी प्रभारी आफाक खां सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

## विनियमित क्षेत्र सीमान्तर्गत प्लाटिंग पर होगी ध्वस्तीकरण की करवाई : उप जिलाधिकारी सदर कन्नौज

मो मुनब्बर ब्यूरो चीफ दैनिक अयोध्या टाइम्स कन्नौज। जनपद कन्नौज के विनियमित क्षेत्र सीमान्तर्गत राजस्व राजस्व ग्राम के अंतर्गत आने वाले मोहल्लों और क्षेत्रों को अवगत कराते उप जिलाधिकारी सदर कन्नौज ने बताया कि विनियमित क्षेत्र कन्नौत सीमान्तर्गत राजस्व ग्राम कन्नौज बागर के मोहल्ला शिवाजी नगर, ताजपुर नौकास्त, गदनपुर बड्डू, मानपुर नसरापुर, बलारपुर चौकी मुस्तफाबाद, गंगधरापुर, मौसमपुर भौरारा कुतलूपुर एवं करनपुर आदि स्थानों पर बिना तलपट मानचित्र स्वीकृत कराये अवैध कालोनियां काटकर प्लाटिंग की जा रही है। अतः उपरोक्त स्थानों पर कय किए गये प्लाट का भवन मानचित्र स्वीकृत नहीं किया जायेगा और अवैध मानते हुए ध्वस्तीकरण की कार्यवाही की जायेगी। साथ ही कालोनाइजर को भी सूचित किया जाता है कि उक्त स्थानों पर की जा रही प्लाटिंग से पूर्व तलपट मानचित्र स्वीकृत करा लें अन्यथा की दशा में विभाग द्वारा ध्वस्तीकरण की कार्यवाही की जायेगी, जिसके लिए केता–विक्रेता स्वयं जिम्मेदार होंगे।

## चोरी की चार घटनाओं का कोतवाली पुलिस ने किया सफल अनावरण

दैनिक अयोध्या टाइम्स संवाददाता दिगन्त श्रीवास्तव

- अंतरर्जनपदीय दो शातिर चोर गिरफ्तार, गए जेल
- एक इनोवा कार , एक लाख रुपए नकद और लाखों रुपए के आभूषण बरामद



संत कबीर नगर। चोरी की चार घटनाओं का कोतवाली खलीलाबाद की पुलिस एवं एसओजी की टीम ने सफल अनावरण किया । पुलिस ने दो अंतर्जनपदीय शातिर चोरों को गिरफ्तार किया । इन चोरों के पास से एक इनोवा कार , एक लाख रुपए नकद , अनेक आभूषण , फ्रिज , गैस चूल्हा समेत अनेक सामान बरामद हुआ । गिरफ्तार अंतर्जनपदीय चोरों को पुलिस ने न्यायालय रवाना किया । न्यायालय ने गिरफ्तार आरोपियों को जेल भेज दिया। अंतर्जनपदीय चोरों के गिरफ्तारी एवं बरामद सामानों के संबंध में पुलिस अधीक्षक सोनम कुमार ने प्रेस वार्ता के माध्यम से जानकारी दिया । उन्होंने बताया कि कोतवाली खलीलाबाद क्षेत्र के शिवापार चौराहे पर स्थित राजेश कुमार चौधारी पुत्र रामचेत चौधरी निवासी शिवापार में स्थित कपड़े की दुकान में चोरी किया था । दुकान से 40 हजार रुपए नकद एवं सामान चोरी हुआ था । इसी प्रकार 21 मई को कोतवाली क्षेत्र के पारस अस्पताल के सामने स्थित मनोज कुमार पुत्र सुरेश चन्द निवासी ग्राम पटखौली के मकान में चोरी हुआ था । इसमें एक लैपटाप , आभूषण और 10 हजार रुपए नकद चोरी हुआ था । इसके अलावा अजय कुमार सिंह पुत्र फूलचन्द सिंह निवासी मटिहना निकट अम्बेडकर पार्क थाना कोतवाली खलीलाबाद के घर से आभूषण , एक सैंमसंग टैबलेट , एक गैस चूल्हा और 69 हजार रुपए नकद चोरी कर लिया था । इसके अलावा सुनील कुमार वर्मा पुत्र भगवान दास निवासी अचवापुर थाना कोतवाली खलीलाबाद के घर से 7 जून की रात्रि में आभूषण , एक एलसीडी टीवी और 50 हजार रुपए नकद की चोरी हुई थी |पुलिस अधीक्षक ने बताया कि घटना के अनावरण के लिए प्रभारी निरीक्षक कोतवाली विजय नरायन प्रसाद एवं एसओजी की टीम गठित की गई थी । इस टीम ने भैसहियां गाँव के दक्षिण रेलवे क्रासिंग के पास से इनोवा कार मे सवार दो अंतर्जनपदीय चोरों को गिरफ्तार किया ।

इनमें कलाम उर्फ इमरान पुत्र रुस्तम अली निवासी नगर चिरैया ढाला थाना कोतवाली एवं जनपद देवरिया , वर्तमान पता भटपुरवा थाना कोतवाली खलीलाबाद और दूसरा शकील अमहद पुत्र गरीब ग्राम गड़सरपार थाना कोतवाली खलीलाबाद का रहने वाला है । इन आरोपियों के पास से एक इनोवा कार , एक लाख रुपए नकद , सोने चांदी के आभूषण , 1 प्रिंटर , 1 एलईडी एमआई कम्पनी , 1 फ्रिज सैमसंग एवं घरेलू सामान बरामद किया गया । एसपी ने बताया कि चोरी के सामानों को बेचकर ही बरामद इनोवा कार खरीदी गई थी । इन शातिर चोरों को निरीक्षक अपराध कोतवाली खलीला बाद दीपक दूबे , गोला चौकी प्रभारी हरिनरायन दीक्षित , एसआई प्रतिभा सिंह , प्रभारी निरीक्षक एसओजी धर्मेन्द्र कुमार सिंह एवं उप निरीक्षक जितेन्द्र यादव ने गिरफ्तार किया।

## पालिथीन, प्लास्टिक बंद करने के लिए करें छापामार कार्यवाही : डीएम

- समीक्षा बैठक में डीएम ने दिए निर्देश



चित्रकूट ब्यूरो। जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल की अध्यक्षता में गुरुवार को कलेक्ट्रेट सभागार में विभागीय अधिकारियों के साथ दैनिक समीक्षा बैठक आयोजित की गई। डीएम ने अधिकारियों को निर्देश दिए की प्लास्टिक, पालिथीन को बंद करने के लिए रोजाना किराना व सब्जी की दुकानों में छापामार कार्यवाही करें।

बैठक में डीएम ने पीएम स्वनिधि योजना, कोविड वैक्सिनेशन, पेयजल, अमृत सरोवर निर्माण, ई–केवाईसी/केसीसी, स्कूल चलो अभियान, रैपिड सर्वे की प्रगति, प्लास्टिक वेस्ट डिस्पोजल, वृक्षारोपण सहित अन्य कार्यों की समीक्षा की। जिलाधिकारी ने वैक्सिनेशन के अंतर्गत कहा कि 12 से 14 वर्ष के उम्र के लोगों का वैक्सिनेशन कराएं एवं इसके साथ ही सेकंड डोज भी लगाते चलें। रैपिड सर्वे के प्रगति रिपोर्ट पर उन्होंने कहा कि इसमें सभी ब्लॉक से जल्द से जल्द कराया जाए। जिससे कि शासन को रिपोर्ट भेजा जाए उन्होंने कहा की प्रोसेस के तहत इसका पालन होना चाहिए, सब की सूची भी बना लिया जाए। इसका अंतिम प्रकाशन 14 जुलाई को होगा। प्लास्टिक वेस्ट के अंतर्गत उन्होंने कहा कि सब्जी मंडी, किराना स्टोर पर डेली छापा मारे एवं इसका प्रचार–प्रसार भी कराएं। पीएम स्वनिधि योजना के अंतर्गत कैंप लगाकर इसमें अधिक से अधिक खाते खुलवाए। ई–केवाईसी/केसीसी के अंतर्गत उन्होंने कहा कि अभी 37 प्रतिशत ग्रामीण क्षेत्रों में बचे हुए हैं। उनको निकालें जहां ज्यादा बच्चे हैं, वहां आप लोग जाकर अधिक से अधिक कराएं। गांव में जनसेवा केंद्रों पर ऑपरेटर के माध्यम से कराएं ई–केवाईसी कराएं। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी कुंवर बहादुर सिंह, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ भूपेश द्विवेदी, अधिशासी अधिकारी रामअचल कुरील सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## मऊ सीओ ने पौध रोपण कर दिया पर्यावरण संरक्षण का सदेश



मऊ, चित्रकूट। वन महोत्सव कार्यक्रम के तहत गुरुवार को क्षेत्राधिकारी मऊ सुबोध गौतम ने मारकुंडी थाना परिसर में पौधरोपण किया। उन्होंने पुलिसकर्मियों को पौधों का महत्व बताया। थानाध्यक्ष अनिल कुमार एवं पुलिसकर्मियों ने भी पौधे रोपे।

मारकुंडी थाना परिसर में पौधरोपण कर सीओ ने पुलिसकर्मियों को बताया कि प्रकृति में पौधों का बहुत योगदान है। अनिश्चित वर्षा और सूखे से बचने के लिए ज्यादा से ज्यादा पौधरोपण आवश्यक है। हाल ही में आए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी लोगों को पौधे लगाने की प्रेरणा दी है। सीओ ने कहा कि वृक्षों की कटान से कई तरह की प्राकृतिक समस्याएं आती हैं।

इनसे निदान पाने के लिए पौधे रोपने आवश्यक हैं। उन्होंने बताया कि पर्यावरण की रक्षा करने के लिए सबको अपनी जिम्मेदारी निभानी होगी। इस मौके पर एसओ मारकुंडी अनिल कुमार व अन्य पुलिसकर्मियों ने भी थाना परिसर में पौधरोपण कर इनकी रक्षा का संकल्प लिया।

## गायत्री परिवार की बैठक में हुई आगामी कार्यक्रमों की चर्चा



चित्रकूट ब्यूरो। धर्मनगरी स्थित गायत्री शक्तिपीठ में गुरुवार को उप जोन चित्रकूट के जिला समन्वयक की बैठक आयोजित की गई। जिसमें गायत्री तीर्थ शांतिकुंज हरिद्वार के डॉ चिन्मय पंड्या के संभावित कार्यक्रम के संबंध में चर्चा की गई।

इस दौरान सभी जिला समन्वयकों की आयोजन समिति बनाई गई। साथ ही युवा एवं कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन करने का मांग पत्र शांतिकुंज भेजा गया। इस बैठक में अखिल विद्यार्थी परिषद के पूर्व प्रांत संगठन मंत्री कमलनयन, वाराणसी जोन समन्वयक प्रसेन सिंह, स्थानीय उपजोन समन्वयक डॉ रामनारायण त्रिपाठी, जोन समन्वयक राममिलन पाठक व रमाशंकर द्विवेदी, जिला समन्वयक प्रयाग अशोक कुमार, बांदा जिला समन्वयक रामू खरे, कौशांबी समन्वयक घनश्याम सिंह, चित्रकूट जिला समन्वयक भवानीदीन यादव, चुन्नीलाल विश्वकर्मा, प्रमोद पटेल, सुधा तिवारी, सविता, पुष्पा शर्मा, विमला गुप्ता, कमलेश कुमार त्रिपाठी, राम जानकी शुक्ला, रवि गुप्ता, रामशरण शास्त्री आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## अखिल भारतीय नौजवान सभा ने किया धरना-प्रदर्शन

- नायब तहसीलदार को सौंपा छह सूत्रीय ज्ञापन

चित्रकूट ब्यूरो। अखिल भारतीय नौजवान सभा के प्रादेशिक आवाहन पर नौजवान सभा के कार्यकारी अध्यक्ष कामरेड संदीप पांडेय के नेतृत्व में दर्जनों नौजवान भाकपा (मार्क्सवादी) कार्यालय से नारेबाजी करते हुए तहसील मुख्यालय पहुंचकर प्रदर्शन किया। साथ ही महामहिम राज्यपाल को सम्बोधित छह सूत्रीय ज्ञापन नायब तहसीलदार को सौंपा। इस दौरान नौजवान सभा के प्रदेश सचिव राजेन्द्र कुमार ने कहा कि भाजपा की उत्तर प्रदेश सरकार पूरी तरह तानाशाही पर उतारू है और सरकार के निर्देशों पर पुलिस लोकतांत्रिक गतिविधियों को कुचल रही है। बताया कि बीती 29 जून को अखिल भारतीय नौजवान सभा के राष्ट्रव्यापी कार्यक्रम के तहत अग्निपथ योजना के विरोध में शांतिपूर्ण विरोध जता रहे नौजवान सभा के प्रदेश सचिव का. अमजद शाह व उनके तीन अन्य साथियों को महाराजगंज के निचलौल थाने की पुलिस गिरफ्तार कर ले गयी और उन्हें मारपीट कर हवालात में बन्द कर दिया। इसी प्रकार बीती 20 जून को जनपद मऊ कोतवाली की पुलिस भाकपा के नेता का. प्रेमनाथ राय को स्टेशन से पकड़ लायी और कोतवाली में बन्द कर मारा–पीटा और कम्युनिस्टों को देशद्रोही बताया। बाद में भाकपा और माकपा के स्थानीय नेताओं के हस्तक्षेप पर उन्हें छोड़ा गया। का. संदीप पांडेय ने कहा कि उत्तर प्रदेश पुलिस का इस हद तक राजनीतीकरण और सांप्रदायीकरण हैरान करने वाला है। ये वही भाषा बोल रहे हैं, जो सत्ताधारी नेता और सरकार के मंत्रीगण आदि बोल रहे हैं। इन घटनाकों का विरोध करने व आरोपी पुलिसकर्मियों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही किए जाने की मांग को लेकर आज छह सूत्रीय ज्ञापन सौंपा गया है। का. विनोद पाल ने प्रदेश सचिव अमजद शाह और उनके तीन



साथियों तथा माकपा नेता प्रेमनाथ राय के साथ अत्याचार करने वाले पुलिस कर्मियों को दण्डित करने की मांग की। का. श्रीपाल प्रजापति ने कहा कि महामहिम अपनी सरकार को निर्देश जारी करें कि वे पुलिस का दुरुपयोग लोकतांत्रिक आंदोलनों को कुचलने और विपक्षी कार्यकर्ताओं का उत्पीड़न कराने में न करें। का. सुरेन्द्र सिंह ने कहा कि अग्निपथ योजना को नौजवानों के प्रति छलावा और देश की सुरक्षा के प्रति खिलबाड़ है। इस मौके पर का. सुशील सिंह, का. अभि लाष साहू, का. अवनीश वर्मा, का. दादू,का. रामचन्द्र, का.रामस्वरूप, का. सीएल पाल, का. रामबरन, का. दीप क,का. श्याम सिंह, का. सुन्दर लाल सहित दर्जनों नौजवान मौजूद रहे।

## वाहन चालकों को दिए यातायात नियमों का पालन करने की सलाह

- यातायात प्रभारी के नेतृत्व में चला चेकिंग अभियान



चित्रकूट ब्यूरो। पुलिस अधीक्षक अतुल शर्मा के निर्देशन में यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के लिए दिए गए निर्देशों के अनुपालन में गुरुवार को यातायात प्रभारी योगेश कुमार यादव एवं उनकी टीम द्वारा दो व चार पहिया एवं स्कूली वाहनों की चेकिंग की गयी। इस दौरान यातायात नियमों का पालन न करने वाले वाहनों का पेण्डिंग ई–चालान किया गया। साथ ही सभी को यातायात नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित किया गया। पुरानी कोतवाली चौराहे चेकिंग के दौरान यातायात प्रभारी ने वाहन में बिना हेलमेट/सीट बेल्ट, ओवरलोड सवारी, प्रेशर हॉर्न, ओवर स्पीड, हाई सिक्योरिटी नम्बर प्लेट एवं स्कूली वाहन में फर्स्ट एड बॉक्स, जाली, आग बुझाने वाला सिलेण्डर, फिटनेस की चेकिंग की गयी। साथ ही उन्होंने वाहन चालकों को वाहन चलाते समय मोबाइल/हेडफोन का प्रयोग न करने, धीमी गति से वाहन चलाने, वाहन चलाते समय हेलमेट/सीट बेल्ट का प्रयोग अवश्य करने के लिए प्रेरित किया। स्कूली वाहन चालकों को निर्धारित सीट अनुसार बच्चों को बैठाने एवं धीमी गति व सतर्कता पूर्वक वाहन चलाने के लिए निर्देशित किया। ई–रिक्शा चालकों को निर्देश दिए कि ओवरलोड सवारी न बैठाये तथा निर्धारित स्थान पर ही पार्किंग करें। सवारी बैठालते एवं उतारते समय सड़क के किनारे खड़ा करें। उन्होंने वाहन चालकों को यातायात नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित किया। चेकिंग के दौरान बिना हेलमेट/सीट बेल्ट, तीन सवारी, ओवरस्पीड, प्रेशर हॉर्न, बिना हाई सिक्योरिटी नम्बर प्लेट वाहनों का पेण्डिंग ई–चालान किया गया।

### विवाहिता महिला का झाड़ियों में मिला शव पुलिस जांच में जुटी

नन्द कुमार गुप्ता श्रावस्ती (दैनिक अयोध्या टाइम्स)। जनपद श्रावस्ती के थाना गिलौला क्षेत्र निवासी भगवान दीन की 20 वर्षीय पुत्री सरोज कुमारी की दो वर्ष पूर्व हुई थी शादी। जिसका शव लेंगड़ी गूलर गांव के दक्षिण नहर के किनारे झाड़ियों में मिलते ही क्षेत्र में सनसनी फैल गई। सूचना पर पहुंची थाना गिलौला की पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए मर्चरी हाउस भिनगा भेज दिया। मृतक सरोज प मां व पिता भगवानदीन के मुताबिक बेटी की शादी 2 वर्ष पूर्व नवीन मार्डन थाना श्रावस्ती के कटरा में दिनेश कुमार गुप्ता के साथ किया था और तभी से आए दिन ससुराली जन दहेज की मांग को लेकर उसे प्रताड़ित किया करते थे। मां ने बताया कि शादी के बाद ससुराल वाले दहेज की मांग करने लगे थे और आए दिन मारते पीटते थे। घटना की सूचना पाते ही क्षेत्राधिकारी महेंद्र पाल शर्मा ने मौके का मुआयना किया। इस संबंध में थाना प्रभारी गिलौला ने बताया कि मृतक सरोज की मां ने ससुराली जनों के खिलाफ दहेज की मांग को लेकर हत्या करने का आरोप लगाते हुए प्रार्थनापत्र दिया है पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद कार्यवाही की जाएगी।

## किसान सम्मान योजनान्तर्गत खरीफ फसल में प्रतियोगिता हेतु करें आवदेन

दैनिक अयोध्या टाइम्स देवरिया। उप कृषि निदेशक राकेश कुमार ने बताया है कि कृषि क्षेत्र में उत्पादन एवं उत्पादकता के उत्तरोत्तर वृद्धि में गति प्रदान करना समय की आवश्यकता है। जनपद के कृषकों में उत्पादन एवं उत्पादकता में अधिकतम वृद्धि करने हेतु स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना की अहम भूमिका होती है। पिछले वर्ष की भांति इस वर्ष 2022–23 में खरीफ फसल में कृषक निर्धारित तकनीकी बिन्दुओं का ध्यान रखते हुए खेती करके अधिक से अधिक उत्पादन प्राप्त करें। गुणवत्ता/प्रमाणित बीजों का प्रयोग करें। जैविक उर्वरक का प्रयोग करें । समय से खरीफ फसलों की बुवाई लाइन में करें। खरीफ बीजों में बीज शोधन एवं भूमि शोधन अवश्य करें। मृदा परीक्षण के आधार पर रासायनिक उर्वरकों का प्रयोग करें। खरपतवार/कीट एवं व्ययाधि रोगों का नियंत्रण समय से करें। फसल बीमा कराने वाले कृषकों को वरीयता प्रदान की जायेगी। किसान सम्मान दिवस हेतु 25 प्रतिशत अनुसूचित जाति/जनजाति का रजिस्ट्रेशन होना आवश्यक है। लघु एवं सीमान्त तथा महिला कृषकों का अधिक से अधिक रजिस्ट्रेशन करावे । उपरोक्त को ध्यान में रख कर खेती करने वाले कृषक किसान सम्मान योजनान्तर्गत खरीफ फसल में प्रतियोगिता हेतु आवेदन पत्र के साथ रजिस्ट्रेशन शुल्क 10/–रू0 जमा कर 22 सितंबर तक रजिस्ट्रेशन उप कृषि निदेशक, देवरिया के यहाँ अवश्य करा लें, तदुपरान्त अधिकारिक तौर पर सक्षम कर्मचारी/ अधिकारी के द्वारा क्राप कटिंग कराकर परिणाम बन्द लिफाफें (गोपनीय) में जिला स्तर पर उप कृषि निदेशक कार्यालय में ससमय जमा किया जायेगा। परिणाम में सर्वोच्च उत्पादन प्राप्त करने वाले दो कृषक को प्रथम एवं द्वितीय पुरस्कार प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी माननीय पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह के जन्म दिवस पर प्रदान किया जायेगा। उप कृषि निदेशक ने जनपद के समस्त कृषकों से अपील किया है कि ये उपरोक्त का ध्यान रखते हुए अधिक से अधिक रजिस्ट्रेशन कराये एवं उत्पादन प्राप्त करके पुरस्कार का लाभ उठायें।

### पुत्री को भगा ले जाने के आरोप में बुजुर्ग को बंधक बनाकर पीटा

मो मुनब्बर ब्यूरो चीफ दैनिक अयोध्या टाइम्स कन्नौज। शहर क्षेत्र के अंतर्गत काशीराम कॉलोनी में पुत्री को भगा जाने के आरोप में लड़की पक्ष के लोगों ने बुजुर्ग को बंधक बना लिया और कार में बिठाकर गुरसहायगंज लेकर गए। जहां उसके साथ मारपीट की गई। इसके बाद उसे वापस कांशीराम कालोनी लाकर छोड़ दिया। देर रात लोगों ने मामले की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने घायल बुजुर्ग को एंबुलेंस की मदद से जिला अस्पताल भर्ती कराया। इस संबंध में पीड़ित बुजुर्ग की पत्नि ने बुधवार को सदर कोतवाली में तहरीर देते हुए बताया कि वह मूल रूप से गुरसहायगंज क्षेत्र के एक मोहल्ले की रहने वाली है 5 जुलाई को उसके पति शहर क्षेत्र के अंतर्गत काशीराम कॉलोनी में रिश्तेदारी में आये थे।

लड़की पक्ष के लोगों का आरोप है कि उसका पुत्र उनकी पुत्री को अपने साथ भगा ले गया है। इसी आरोप को लेकर लड़की पक्ष के 08 से 10 लोग एक कार में सवार होकर आए और उसके पति को बंधक बना लिया और कार में डालकर गुरसहायगंज क्षेत्र में ले जाकर मारपीट की। इसके बाद उसे वापस कांशीराम कालोनी में घायल अवस्था में छोड़ कर चले गए। पीड़ित बुजुर्ग की पत्नि ने बुधवार की देर रात सदर कोतवाली में तहरीर देकर उक्त लोगों पर कानूनी कार्रवाई की मांग की।

## 25 जुलाई तक करें इम्प्रूवमेंट/कंपार्टमेंट परीक्षा का आवेदन

चित्रकूट ब्यूरो। जिला विद्यालय निरीक्षक बलिराज राम ने बताया कि माध्यमिक शिक्षा परिषद उत्तर प्रदेश द्वारा संचालित वर्ष 2022 की हाईस्कूल परीक्षा में इम्प्रूवमेन्ट/कम्पार्टमेन्ट तथा इण्टरमीडिएट में कम्पार्टमेन्ट परीक्षा के लिए अर्ह परीक्षार्थियों का ऑनलाइन आवेदन विद्यालय के प्रधानाचार्यों के माध्यम से परिषद की वेबसाइट पर 10 से 25 तक स्वीकार किया जायेगा। बताया कि हाईस्कूल के सम्बन्धित विद्यार्थी अपने पंजीकृत विद्यालय के प्रधानाचार्य से सम्पर्क स्थापित कर परीक्षा शुल्क 256.50 तथा एक प्रार्थना पत्र के साथ अंकपत्र की छायाप्रति संलग्न कर प्रस्तुत करेंगे। जिसमें इम्प्रूवमेन्ट के अंतर्गत परीक्षार्थी अपने अनुत्तीर्ण हुए एक विषय में तथा कंपार्टमेंट के अंतर्गत परीक्षार्थी अपने अनुत्तीर्ण हुए दो विषयों में से केवल किसी एक विषय में ही परीक्षा में सम्मिलित हो सकते हैं। इण्टरमीडिएट परीक्षा में मानविकी, वैज्ञानिक एवं वाणिज्य वर्ग से सम्मिलित परीक्षार्थी किसी एक विषय में, कृषि भाग एक एवं दो में निर्धारित विषयों में किसी एक प्रश्नपत्र में एवं व्यावसायिक वर्ग के लिए निर्धारित ट्रेड विषय के किसी एक प्रश्नपत्र में अनुत्तीर्ण परीक्षार्थी कम्पार्टमेन्ट परीक्षा में सम्मिलित होने के लिए अर्ह माने जायेंगे। इण्टरमीडिएट कम्पार्टमेन्ट परीक्षा में सम्मिलित के लिए परीक्षा शुल्क 306 रुपए तथा एक प्रार्थनापत्र के साथ अंकपत्र की छायाप्रति संलग्न कर प्रधानाचार्य को प्रस्तुत करेंगे। उन्होंने प्रधानाचार्यों को निर्देशित किया है कि हाईस्कूल में कम्पार्टमेन्ट/इम्प्रूवमेन्ट तथा इण्टरमीडिएट कम्पार्टमेन्ट के अर्ह विद्यार्थियों को आवेदन के लिए निर्धारित तिथि की सूचना अपने स्तर से भी प्रदान करते हुए छात्रों से निर्धारित शुल्क एवं आवेदन पत्र अंकपत्र की प्रति के साथ प्राप्त करें। साथ ही बताया कि हाईस्कूल में इम्प्रूवमेन्ट/कम्पार्टमेन्ट व इण्टरमीडिएट में कम्पार्टमेन्ट परीक्षा के लिए अर्ह परीक्षार्थी जो कम्पार्टमेन्ट विषय के प्रयोगात्मक भाग में अनुत्तीर्ण रहें हैं, उन सभी की प्रयोगात्मक परीक्षा की तिथियों की सूचना बाद में विज्ञापित की जायेगी।

### चार साल की मासूम के साथ दुष्कर्म

दैनिक अयोध्या टाइम्स फतेहपुर। चार साल की मासूम बच्ची दरिंदगी का शिकार हो गई , जामुन दिलाने के बहाने युवक मासूम को अपने घर ले गया और घिनौनी घटना को अंजाम दे डाला , घटना के समय बच्ची घर पर अकेली थी और उसकी माँ सामान लेने के लिए मार्केट गई हुई थी , माँ के घर पहुँचते ही बच्ची ने पूरी बात माँ से बताई, जिसके बाद पीड़ित परिवार ने इस घटना की शिकायत थाने में जाकर की और जिसके बाद पुलिस ने मुकदमा दर्ज करते हुए आरोपी युवक के तलाश में कर दी है । फतेहपुर जिले के खागा कोतवाली क्षेत्र में घर पर मासूम अकेली थी जिसका फायदा उठाते हुए युवक ने जामुन दिलाने के बहाने मासूम को अपने घर ले गया और रेप की घटना को अंजाम दे डाला और बच्ची को छोड़कर फरार हो गया ,घटना के समय पीड़ित बच्ची की माँ घरेलु सामान लेने के लिए बाजार गई हुई थी माँ के घर पहुँचने पर मासूम ने पूरी बात अपनी माँ से बताई घटना के बाद पीड़ित परिवार ने इस मामले की लिखित तहरीर पुलिस को दी थी , पुलिस ने मामले में गंभीरता दिखाते हुए युवक के खिलाफ सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज करते हुए मासूम को मेडिकोलीगल के लिए जिला महिला अस्पताल भेजा है और आरोपी शिवम् के तलाश में जुट गई है।



## आगामी त्यौहारों के दृष्टिगत हुई थानों में पीस कमेटी की गोष्ठी

- नागरिकों को दी गई शांति बनाएं रखने की सलाह



चित्रकूट ब्यूरो। पुलिस अधीक्षक चित्रकूट अतुल शर्मा के निर्देशन में गुरुवार को आगामी त्यौहार बकरीद, कांवड़ एवं श्रावण मास पर काननू एवं शांति व्यवस्था सुदृढ़ बनाने के दृष्टिगत कोतवाली कर्वी सहित अन्य थानों में पीस कमेटी की गोष्ठी आयोजित की गई।

जिसमें कोतवाली कर्वी में उपजिलाधिकारी सदर पूजा यादव व क्षेत्राधिकारी नगर शीतला प्रसाद पाण्डेय की अध्यक्षता में पीस कमेटी की गोष्ठी आयोजित की गई। जिसमें एसडीएम व सीओ ने लोगों को त्योहारों में शांति बनाएं रखने की अपील की। इसी प्रकार प्रभारी निरीक्षक थाना मानिकपुर गिरेन्द्र कुमार सिंह की अध्यक्षता में थाना मानिकपुर में, क्षेत्राधिकारी मऊ सुबोध गौतम की अध्यक्षता व थानाध्यक्ष मारकुण्डी अनिल कुमार की उपस्थिति में थाना मारकुण्डी में, प्रभारी निरीक्षक थाना पहाड़ी गुलाब त्रिपाठी की अध्यक्षता में थाना पहाड़ी में, प्रभारी निरीक्षक थाना भरतकूप दुर्गेश प्रसाद गुप्ता की अध्यक्षता में थाना क्षेत्रान्तर्गत ग्रामों के संभ्रांत व्यक्तियों, ग्राम प्रधानों व चौकीदारों व धर्मगुरुओं व सुरक्षा समिति के साथ मीटिंग की गयी।

मीटिंग में आगामी त्यौहारों के सम्बन्ध में आवश्यक दिशा–निर्देश दिये गये एवं आपसी भाई–चारे के साथ सौहार्दपूर्ण तरीके से शांतिपूर्ण ढ़ंग से मनाने की अपील की गयी ।

## सरकारी नौकरी एवं 25 लाख की मांग को लेकर सड़क किया जाम

दैनिक अयोध्या टाइम्स संवाददाता दिगन्त श्रीवास्तव

- बिजली संविदा कर्मी का शव पंहुचते मचा कोहराम, क्षेत्रवासियों ने किया जाम
- खलीलाबाद मेंहदावल मुख्य सड़क लेडुआ महुआ में रहा घंटों जाम , वाहनों की लगी रही लम्बी कतार
- तहसीलदार लौटे बैरंग , नगर पंचायत में नौकरी के एसडीएम के आश्वासन पर हुआ जाम खत्म

संत कबीर नगर। पोस्टमार्टम के बाद बिजली संविदा कर्मी लल्लन कसेरा का शव बखिरा पंहुचते ही कोहराम मच गया । परिजनों समेत आक्रोशित क्षेत्रवासियों ने लेडुआ महुआ में शव को रख करके सड़क जाम कर दिया । आक्रोशित क्षेत्रवासी जिला प्रशासन के विरुद्ध जमकर नारेबाजी कर रहे थे । खलीलाबाद मेंहदावल मुख्य सड़क के जाम से आवागमन बाधित हो गया । सूचना पर पंहुचे तहसीलदार खलीलाबाद शेख आलमगीर की कोई बात सुनने को जनता तैयार नहीं । अंततः देर शाम उप जिलाधिकारी खलीलाबाद अजय कुमार त्रिपाठी आए और उन्होंने काफी मान मनौवल किया तथा मृतक कर्मी के एक बेटे को नगर पंचायत बखिरा में नौकरी देने का आश्वासन दिया । इसके पश्चात ही जाम समाप्त हो सका । आपको बता दें कि लल्लन कसेरा बखिरा का निवासी था और बिजली विभाग में संविदा कर्मी लाइन मैन था ।

बुधवार को वह लाइन ठीक करने पोल पर चढ़ा था । पोल से अचानक गिर जाने से उसकी मौत हो गई ।



पोस्टमार्टम के बाद शव आया तो लोगों में आक्रोश व्याप्त हो गया । पत्नी रह – रह कर बेहोश हो जा रही थी। आक्रोशित लोगों ने शव का दाह संस्कार करने से इंकार कर दिया और मृतक के एक परिजन को सरकारी नौकरी तथा 25 लाख रुपए मुआवजे की मांग को लेकर सड़क जाम कर दिया सड़क जाम का नेतृत्व समाजसेवी विजय प्रताप सिंह ने किया ।

## लोक निमार्ण मंत्री जितिन प्रसाद, पयर्टन मंत्री ने संयुक्त रूप से सैनिक स्कूल मे रू. 525 लाख की लागत से निमार्णाधीन हॉस्टल का किया स्थलीय निरीक्षण, अधिकारियो को दिए निर्देश




मैनपुरी। लोक निमार्ण मंत्री जितिन प्रसाद, पयर्टन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने संयुक्त रूप से सैनिक स्कूल मे रू. 525 लाख की लागत से 120 क्षमता के निमार्णाधीन हॉस्टल का स्थलीय निरीक्षण के दौरान कायर्दायी संस्था निमार्ण निगम के परियोजना प्रबंध को निर्देशित करते हुये कहा कि काय´की गुणवत्ता, मानकों का विशेष ध्यान रखा जाए, निमार्ण काय´में प्रयोग की जा रही ईंट, सरिया दोयम दर्जे की है, दीवारों पर कई जगह सीलन भी है, इस ओर ध्यान दिया जाए, जहां–जहां कमियां हैं, उसे तत्काल दूर कराकर छात्रावास का काय´पूण´कराकर सैनिक स्कूल को हैंडओवर करें ताकि सैनिक स्कूल में शिक्षा ग्रहण कर रहे छात्रों को निवास संबंधी कोई कठिनाई न हो। उन्होने निरीक्षण के दौरान कहा कि सैनिक स्कूल 2015 में स्वीकृत हुआ था लेकिन अभी भी लगभग 04 प्रतिशत से अधिक काय´अपूण´है, जानकारी करने पर परियोजना प्रबन्धक द्वारा बताया गया कि रिवाइज स्टीमेट स्वीकृति में देरी होने के कारण काय´में विलम्ब हुआ है, अब धनराशि अवमुक्त हो चुकी है, आगामी 02 माह में शत–प्रतिशत काय´पूण´कर लिया जायेगा। उन्होंने अर्जन सिंह ब्लॉक में रह रहे छात्रों से संवाद कर फीडबैक लिया। पी.डब्ल्यू.डी. मंत्री ने सैनिक स्कूल का स्थलीय निरीक्षण करते हुए कहा कि सुनिश्चित किया जाय सैनिक स्कूल के लिये वह सभी सुविधायें प्रदान की जायें जो एक सैनिक स्कूल में होनी चाहिये, स्कूल में किसी भी प्रकार सुविधाओं की कमी न रहे। उन्होंने कायर्दायी संस्था के अभियन्ता को निदेर्शित किया कि वह काय´में तेजी लाये और पूण´गुणवत्ता के साथ सैनिक स्कूल का काय´समय से पूरा करायें, सितम्बर के अंत तक निमार्णाधीन हॉस्टल का काय´पूण´करायें, गुणवत्ता, फिनिशिंग, क्वालिटी पर विशेष ध्यान दिया जाये। इस दौरान जिलाध्यक्ष प्रदीप चौहान, ब्लॉक प्रमुख जागीर, घिरोर, मुनेष चौहान, सत्यपाल सिंह के अलावा पाटी´के अन्य पदाधिकारी, कायर्दायी संस्था के अभियंता, प्रधानाचाय´सैनिक स्कूल लेफ्टिनेन्ट कनर्ल अग्निवेश पाण्डेय, उप जिलाधिकारी सदर नवोदिता शर्मा, क्षेत्राधिकारी नगर विजय पाल सिंह आदि उपस्थित रहे।

## लोक निमार्ण मंत्री ने पयर्टन एवं संस्कृति मंत्री की मांग पर दिए निर्देश शिकोहाबाद-मैनपुरी-भोगांव राजमार्ग पर जरामई से ललूपुर तक जोड़ने हेतु बाईपास की कार्य योजना, तत्काल तैयार की जाए



मनोज शर्मा ब्यूरो चीफ मैनपुरी। लोक निमार्ण मंत्री जितिन प्रसाद ने पयर्टन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह की उपस्थिति में जनपद में निमार्णाधीन सड़कों, आवासीय, अनावासीय भवनों, ग्रामीण संपक´मार्गों, रू. 50 लाख से अधिक लागत की विशेष मरम्मत, नवीनीकरण, सौन्दयीर्करण के कार्यों की समीक्षा के दौरान कहा कि जनपद में जन–प्रतिनिधि से चचा´कर प्राथमिकता के काय´तय कर काय´योजना में शामिल कर मुख्यालय भेजा जाए, संबंधित विभाग के अभियंता निरंतर फॉलोअप कर प्राथमिकता वाले सेतुओं, सड़कों को स्वीकृत कराकर काय´कराएं ताकि आमजन को किसी प्रकार की असुविधा न हो, उपलब्ध बजट से जहां कहीं भी सड़कों पर गड्ढे हों उन्हें तत्काल भरवाया जाये, जनपद का प्रत्येक सम्पक´माग´गड्ढा रहित हो, सुनिश्चित किया जाये। उन्होंने बैठक में उपस्थित कायर्दायी संस्थाओं के अभियंताओं से कहा कि निमार्ण कार्यों में समयबव्द्धता, गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाए, धनराशि उपलब्ध होने के बाद यदि किसी काय´को समय से पूण´न किया गया तो संबंधित विभाग के अभियंता की जिम्मेदारी तय होगी।उन्होंने कहा कि गत वष´जनपद में सड़कों की मरम्मत, गड्ढा मुक्त आदि के लिए जो धनराशि शासन द्वारा अवमुक्त की गई थी, उससे कराए गए कार्यों की सूची जन–प्रतिनिधियों को उपलब्ध कराएं ताकि उनका सत्यापन कराया जा सके।

लोक निमार्ण मंत्री ने पयर्टन एवं संस्कृति मंत्री की मांग पर कहा कि शिकोहाबाद–मैनपुरी–भोगांव राजमाग´पर किलोमीटर 42 पर जरामई से ललूपुर तक, एन.एच.–01 को एन.एच.–02 से जोड़ने हेतु बाईपास की काय´योजना, डी.पी.आर. तत्काल तैयार की जाए और तत्काल मुख्यालय भेजी जाए, इसे प्राथमिकता पर स्वीकृत कराकर मैनपुरी में बाईपास का निमार्ण कराया जाए ताकि आमजन को जाम से निजात मिल सके। उन्होने कहा कि केन्द्र, प्रदेश की दोनो सरकारें मिलकर सेतु निगम से चचा´कर 02 रेलवे ओवर ब्रिज, 01 सेतु का निमार्ण होगा, भूमि अधिग्रहण होगा, 02 हाई–वे एन.एच.–1, एन.एच.–2 को जोड़ने वाला एक माग´बनेगा इसके लिए आगे की रूपरेखा तैयार कर केन्द्र सरकार से बात करके योजनाओं को धरातल पर लाने का काय´किया जाये। पयर्टन मंत्री, विधायक भोगांव द्वारा मैनपुरी–भोगांव रोड पर रेलवे क्रॉसिंग पर ओवर ब्रिज का निमार्ण कराये जाने की मांग पर कहा कि उक्त काय´को प्राथमिकता वाले कायो´में शामिल कर कायर्योजना बनायी जाये। जिलाधिकारी ने लोक निमार्ण मंत्री से कहा कि जन–सामान्य की सुविधा के दृष्टिगत सिंधिया तिराहे से करहल चौराहे तक के रोड, शीतला देवी मंदिर से घंटाघर चौराहे तक के माग´का जीर्णोद्धार कराया जाए, भैरव मंदिर पुलिया के निमार्ण के साथ ही ट्रांजिस्ट हॉस्टल को सकिर्ट हाउस घोषित कराया जाए, जिस पर उन्होंने उक्त सभी प्रस्तावों को काय´योजना में शामिल कराए जाने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। उन्होंने कहा कि पयर्टन मंत्री, विधायक भोगांव, अन्य जनप्रतिनिधियों द्वारा प्रस्तुत किए गए प्रस्तावों को भी काय´योजना में शामिल किया जाए।

लोक निमार्ण मंत्री ने जनपद में विभिन्न मार्गों के चौड़ीकरण, सुदृढ़ीकरण के कार्यों की समीक्षा के दौरान असंतोष व्यक्त करते हुए कहा कि कुसमरा–रामनगर–सौंरिक माग´जो 2020 में स्वीकृत हुआ था, उक्त 40 किलोमीटर लंबे माग´का निमार्ण 50 करोड़ की लागत से होना था और यह कार्य मई 22 में पूर्ण होना था लेकिन अभी तक काय´पूर्ण नहीं हुआ है, जानकारी करने पर पाया कि विद्युत विभाग द्वारा विद्युत पोल शिफ्ट करने में विलंब के कारण काय´पूर्ण नहीं हो सका है जबकि माच´21 में विद्युत विभाग को पोल शिफ्ट हेतु धनराशि भी अमुक्त की जा चुकी है, इस पर उन्होंने कायर्दायी संस्था के अभियंता को निर्देशित करते हुए कहा कि जिलाधिकारी के साथ विद्युत विभाग के अधिकारियों की बैठक कराना सुनिश्चित करें और तत्काल विद्युत पोल शिफ्ट कराकर माग´का काय´पूर्ण कराया जाए साथ ही विलंब के लिए उत्तरदायित्व निधारित किया जाए। उन्होंने भोगांव–शिकोहाबाद माग´पर घिरोर के पास कुछ स्थान पर अवरोध होने के कारण काय´अधूरा पाए जाने पर कायर्दायी संस्था के अभियंता से कहा कि जनप्रतिनिधियों के साथ बैठ उक्त समस्या का समाधान कराएं और तत्काल निमार्ण काय´पूण´करना सुनिश्चित करें। उन्होंने ब्लॉक मुख्यालय जागीर को दो लेन चौड़ीकरण, सुदृढ़ीकरण काय´में हो रहे विलंब पर भी असंतोष व्यक्त करते हुए कहा कि कोई भी काय´विद्युत पोल शिफ्ट, पेड़ कटान के कारण बाधित न हो, संबंधित अधिकारियों से समन्वय स्थापित कर पोल शिफ्ट, पेड़ कटान का काय´प्राथमिकता पर कराया जाए।

उन्होंन सैफई–पतारा कि.मी. 19 पर रतिभानपुर रजवाहे पर लघु सेतु एवं पहुंच मार्ग, मद्दापुर से मिजार्पुर माग´पर लघु सेतु एवं पहुंच माग´के कार्यों में अभी तक टेंडर, वाण्ड की कायर्वाही न किए जाने पर संबंधित अभियंता की जिम्मेदारी तय कर स्पष्टीकरण प्राप्त किया जाए साथ ही आगामी 02 दिन में टेंडर, वाण्ड का काय´पूण´कराकर काय´प्रारंभ कराया जाए। उन्होंने शीतला देवी मंदिर के समीप ईसन नदी पर बने सेतु के संपक´माग´का काय´भी तत्काल पूण´कराए जाने के निर्देश देते हुए कहा कि मार्ग निमार्ण में जो भी बाधाएं हैं, उन्हें तत्काल दूर कराकर संपर्क मार्ग का कार्य पूरा कराया जाए। उन्होंने समीक्षा के दौरान पाया कि वष´2007 मे किशनी, करहल, बेवर में अग्निशमन केंद्र एवं आवासीय भवन स्वीकृत हुए थे, जिनका कार्य अभी तक पूण´नहीं हो पाया है, जानकारी करने पर परियोजना प्रबंधक निमार्ण निगम ने बताया कि पाया कि अग्निशमन केंद्रों के निमार्ण हेतु वष´2008 में भूमि का आवंटन हुआ और 2009 में 2007 की स्वीकृत दर पर काय´प्रारंभ हुआ, कॉस्ट रिवाइज होने के कारण फलस्वरुप काय´पूण´नहीं हो सका, इस हेतु शासन स्तर से लगातार बजट रिलीज हेतु पत्राचार किया जा रहा है, जल्द ही बजट अवमुक्त होने की संभावना है, बजट होने के पश्चात 06 माह में काय´पूण´कर दिया जाएगा।

समीक्षा के दौरान विधायक भोगांव, पूव´मंत्री रामनरेश अग्निहोत्री, जिलाधिकारी अविनाश कृष्ण सिंह, जिलाध्यक्ष प्रदीप चौहान, जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि गोविंद भदौरिया, उप जिलाधिकारी सदर नवोदिता शर्मा, मुख्य अभियंता लोक निमार्ण एस.के. अग्रवाल, अधीक्षण अभियंता लोक निमार्ण डी.एन.राम, अधिशासी अभियंता लोक निमार्ण, परियोजना प्रबंधक निमार्ण निगम, सेतु निगम के अभियंता आदि उपस्थित रहे।

## युवक ने फांसी लगाकर की खुदकुशी, परिजनों में मचा कोहराम

मनोज शर्मा ब्यूरो चीफ मैनपुरी। कुर्रा क्षेत्र के ग्राम देवपुरा निवासी एक युवक ने अज्ञात कारणों के चलते फांसी लगाकर जान दे दी। खेतों पर काम कर रहे ग्रामीणों ने शव को पेड़ पर लटका देख जानकारी पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने मौत का कारण जानने के लिए शव को पोस्टमार्टम हाउस भिजवाया। कुर्रा क्षेत्र के ग्राम देवपुरा निवासी 41 वर्षीय अजय पाल उर्फ कल्लू यादव पुत्र आसाराम गुरुवार की सुबह खेत पर जाने की कहकर घर से निकला था।

खेत पर जाने के बाद वहां खड़े जामुन के पेड़ पर अजय पाल ने फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली।

आसपास खेतों में काम कर रहे ग्रामीणों ने शव को पेड़ पर लटका देखा तो पुलिस को घटना की सूचना दी। सूचना पाकर कुर्रा थाना प्रभारी मौके पर पहुंचे। जहां उन्होंने मौत का कारण जानने के लिए शव को पोस्टमार्टम हाउस भिजवाया। युवक की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया है।

## दर्दनाक हादसा बाइक फिसलने से दो मासूम बच्चों की हुई मौत माता पिता हुए घायल




मनोज शर्मा ब्यूरो चीफ

मैनपुरी। घिरोर मार्ग पर मंगलवार की शाम बाइक फिसलने से हादसा हुआ था। इसमें दोनों बच्चे गंभीर रूप से घायल हो गए थे। सैफई मेडिकल कॉलेज में दोनों ने दम तोड़ दिया। जानकारी के मुताबिक दन्नाहार क्षेत्र के गांव तिलोकपुर निवासी 30 वर्षीय रोहित कुमार पुत्र जगदीश कुमार मंगलवार की सुबह पत्नी प्रीति (28 वर्ष) और दोनों बेटों अंशु (उम्र 9 वर्ष) व माहिर (उम्र 4 वर्ष) के साथ बाइक से किसी रिश्तेदारी में गया हुआ था। वहां से शाम करीब 6:30 घर पर वापस जा रहा था।

घिरोर–मैनपुरी मार्ग पर नीली कोठी के पास अचानक रोहित की बाइक फिसल गई थी, जिससे पति–पत्नी और दोनों बच्चे सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए थे। घायलों को स्थानीय लोगों की मदद से 108 एंबुलेंस के माध्यम से जिला अस्पताल मैनपुरी भेजा गया था। यहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार दिया। चारों की गंभीर हालत को देखते हुए मेडिकल यूनिवर्सिटी सैफई के लिए रेफर कर दिया गया था, जहां पर इलाज के दौरान बुधवार शाम 5:00 बजे अंशु की मौत हो गई। उसके बाद गुरुवार की सुबह 4:00 बजे माहिर ने भी दम तोड़ दिया। दोनों बच्चों की मौत से परिवार में कोहराम मच गया। हादसे में घायल माता–पिता की हालत गंभीर है। दोनों सैफई मेडिकल कॉलेज में भर्ती हैं। मां की स्थिति ज्यादा गंभीर बताई गई।

अस्पताल प्रशासन की सूचना पर सैफई थाना पुलिस ने दोनों ही भाइयों के शवों का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया।

## जनकल्याण किसान एसोसिएशन ने श्रीराम वन कुटीर से किया पौधरोपण अभियान का शुभारंभ



दैनिक अयोध्या टाइम्स

बाराबंकी।जनकल्याण किसान एसोसिएशन की मार्गदर्शक श्रीमती संतोष श्रीवास्तव के मार्गदर्शन व संगठन के चेयरमैन धर्म कुमार यादव के निर्देशन में चलाए जा रहे ष्जीवन रक्षार्थ एक पौधरोपण अभियान के तहत गुरुवार को विकास खंड देवा के श्री राम वन कुटीर हड़ियाकोल आश्रम में संगठन द्वारा अमरूद,कटहल ,जामुन, अनार,नींबू,सहजन आदि के फलदार कुल 200 पौधे रोपित किए गए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि देवा ब्लाक प्रमुख धर्मेन्द्र सिंह यादव ने संगठन के पदाधिकारियों को बधाई देते हुए कहा कि पौधरोपण एक बहुत ही पुनीत कार्य है और आज के दौर में पर्यावरण को बचाने के लिए पौधे रोपित करना अतिआवश्यक है। वहीं संगठन की मार्गदर्शक व कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रही श्रीमती संतोष श्रीवास्तव ने कहा कि हमारे संगठन द्वारा इस वर्ष दस हजार पौधे रोपित करने का बीड़ा उठाया गया है जो पूरा किया जाएगा और जीवन को बचाने के लिए पौधे रोपित करना अतिआवश्यक हो गया है। इससे पूर्व संगठन के सभी पदाधिकारियों ने हाथ में पौधे लेकर रोगहरण हनुमान मंदिर की परिक्रमा कर ष्जीवन रक्षार्थ ष्एक पौधरोपण अभियान का शुभारम्भ किया।पौधरोपण के उपरांत आश्रम में लगभग तीस वर्षों से निरंतर निशुल्क सेवा प्रदान कर रहे राम कृष्ण मिशन विवेकानंद पालीक्लीनिक लखनऊ के सेवाभावी चिकित्सकों व उनकी टीम तथा शिक्षकों एवं डाकघर की शाखा के कर्मचारियों सहित आश्रम के पुजारी महंत भगवान दास जी का भी सम्मान पत्र भेंटकर फूल मालाओं द्वारा जीवन रक्षार्थ एक पौधरोपण समाज सेवा सम्मान 2022 से सम्मानित किया गया।वहीं विगत दो वर्षों में संगठन द्वारा लगाएं गए आम के लहलहा रहे पौधों का देखकर सभी ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए आश्रम के आश्रम परिवार को पौधों कुशल देखभाल करने के लिए धन्यवाद दिया। इस अवसर पर प्रदेश प्रमुख महासचिव धर्मराज यादव,प्रदेश महासचिव राजबहादुर, मातृशक्ति प्रदेश प्रभारी प्रिया रावत, सीतापुर जिलाध्यक्ष आशीष कुमार, बाराबंकी जिला मीडिया प्रभारीअंजनी कुमार, शिवबरन दास बाबा, हरिकेश, अशोक कुमार वर्मा, रिंकू यादव ,भारत लाल,दिनेश कुमार आदि तमाम लोग मौजूद रहे।

## देवारा विकास सेवा समिति के अध्यक्ष राम केदार यादव ने नवनिर्वाचित सांसद दिनेश लाल यादव को सौंपा मांग पत्र



जिला संवाददाता बजरंगी विश्वकर्मा आजमगढ़। आजमगढ़ जनपद के सगड़ी तहसील क्षेत्र अंतर्गत देवारांचल की तमाम जन समस्याओं को उठाने वाला संगठन देवारा विकास सेवा समिति के अध्यक्ष राम केदार यादव संगठन के लोगों के साथ दिल्ली में जाकर गुलदस्ता देकर जीत की बधाई दिया तथा,देवारांचल की तमाम जन समस्याओं को लेकर नवनिर्वाचित सांसद दिनेश लाल यादव निरहुआ को विकास से संबंधित एक मांग पत्र सौंपा और उनसे कार्य कराने को लेकर अनुरोध किया । वही दिनेश लाल यादव निरहुआ उनसे मिलकर काफी खुश हुए और कार्यों को कराने का आश्वासन भी दिया। जानकारी के लिए आपको बता दें कि देवारा विकास सेवा समिति बीते कई वर्षों से देवारांचल की समस्याओं को उठाती आ रही है और प्रयास करके तमाम विकास कार्यो को करवाया भी है । देवारांचल की जनता इस संगठन की आए दिन जमकर प्रशंसा करती रहती है । वही दिनेश लाल यादव निरहुआ ने बताया कि महुला गढ़वल बांध को फोरलेन बनाने के लिए केंद्रीय सड़क परिवहन मन्त्री माननीय नितिन गडकरी जी से कल सकारात्मक बातचीत हुई है। फोरलेन के साथ–साथ बांध के किनारे कुछ ऐसे सरकारी मकान बनाए जाने का भी प्लान चल रहा है जो कि बाढ़ के सीजन में बाढ़ पीड़ितों का आशियाना बन सके। दूसरे केंद्रीय मंत्री से उन्होंने देवारा क्षेत्र में एक बड़ा शिक्षण संस्थान स्थापित करने के लिए भी बातचीत किया है। उनके दिलो–दिमाग पर सिर्फ एक ही बात चल रही है कि आजमगढ़ का जल्द से जल्द विकास हो।

## अवैध शराब के साथ दो आरोपी गिरफ्तार

चित्रकूट। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में अवैध शराब निर्माण एवं बिक्री की रोकथाम के लिए चलाए जा रहे अभियान के क्रम में चौकी प्रभारी सीतापुर प्रवीण सिंह तथा उनकी टीम मुख्य आरक्षी शौकत खां, आरक्षी सोनू व शिवम द्वारा आरोपी लवलेश कुमार पुत्र स्व भईयादीन सोनकर निवासी रामायण मेला के पास चौकी सीतापुर जनपद को 27 अदद क्वार्टर देशी शराब के साथ तथा आरोपी जितेन्द्र पुत्र विजय गुप्ता निवासी निवासी रत्नावली मार्ग चौकी सीतापुर जनपद चित्रकूट को 21 क्वार्टर देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। इस सम्बंध में इन दोनों आरोपियों के विरुद्ध चौकी सीतापुर में धारा 60 आबकारी अधिनियम के तहत अभियोग पंजीकृत किए गए।

# संक्षिप्त समाचार

## पत्रकार संरक्षण कानून की मांग सहित विभिन्न समस्याओं को लेकर पत्रकारों ने डीएम को सौंपा सात सूत्रीय ज्ञापन

दैनिक अयोध्या टाइम्स बाराबंकी। जनपद में प्रशासन व पुलिस चतुर्थ स्तंभ के सम्मान को लेकर पूरी तरीके से तटस्थ भूमिका में है। फिर चाहे किसी वरिष्ठ पत्रकार के उपर हमले की बात हो, अभद्रता का मामला हो या पत्रकार द्वारा इसी तरह के मामलों में की गई लिखित या मौखिक



शिकायत ही क्यूं न हो शासन पुलिस प्रशासन लोकतांत्रिक अतिमहत्वपूर्ण चतुर्थ स्तंभ को कत्तई गंभीरतापूर्वक न लेकर बीते दशक से बढ़ती प्रशासनिक तानाशाही में हल्के में लेकर अपमानजनक व्यवहार कर रहा है। जिसका सबसे बड़ा उदाहरण जनपद में पत्रकारों से बीते 3–4 वर्षों से जारी संवादहीनता है। जिसमें मीडिया से बने ग्रुप जबरन एकतरफा कर सूचना पटल मात्र होकर रह गए हैं। जिसके चरमोत्कर्ष पर पत्रकार प्रेस महासंघ को सरकार को पत्रकार संरक्षण कानून का संविधान में प्राविधान की मांग को लेकर आवाज बुलंद करने के लिए बाध्य होना पड़ा। गुरूवार को पत्रकार संरक्षण कानून की मांग सहित सात सूत्रीय मांगों को लेकर पत्रकार प्रेस महासंघ के जिलाध्यक्ष व हिन्दी दैनिक जनमोर्चा देवेन्द्र नाथ मिश्रा, महामंत्री व हिन्दी दैनिक स्वतंत्र चेतना सर्वजीत वर्मा, पत्रकार प्रेस महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष (मध्य) व जनसंदेश टाइम्स के ब्यूरो चीफ संजय वर्मा पंकज, प्रदेश उपाध्यक्ष व हिन्दी दैनिक तरूणमित्र जेके विश्वकर्मा उर्फ मनोज शर्मा, न्यूज वर्ल्ड इंडिया यूपी हेड दानिश वारसी, जिला संवाददाता ऋषभ सैनी, जिला प्रभारी व हिन्दी दैनिक भारत कनेक्कट जिला संवाददाता आलोक कात्यायन माधव, तरूणमित्र अभिषेक श्रीवास्तव, हिन्दी दैनिक जनता दर्पण सिटी रिपोर्टर शरद श्रीवास्तव, हिन्दी दैनिक देश का दर्पण जिला संवाददाता अबू तलहा, रविन्द्र कुमार, तौफीक अहमद, रमाशंकर शुक्ला, गंगा प्रसाद श्रीवास्तव, राजीव दीक्षित, डीएस न्यूज जिला संवाददाता दिनेश कुमार वर्मा, राहुल त्रिपाठी सहित तमाम सम्मानित पत्रकारो ने पत्रकार प्रेस महासंघ के प्रदेशध्यक्ष (मध्य) संजय वर्मा पंकज के परिवार के साथ अभद्रता के मामले सहित जनपद में विभिन्न क्षेत्रों में हाल में हुए पत्रकार उत्पीड़न के मामलों में जिला प्रशासन व पुलिस प्रशासन की तटस्थ भूमिका पर सवालिया निशान लगाते पत्रकार संरक्षण कानून की मांग सहित सात सूत्रीय महामहिम राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन जिला प्रशासन को सौंपा है। ज्ञापन देने के बाद पत्रकार प्रेस महासंघ के प्रदेशध्यक्ष (मध्य) ने पत्रकारों को संबोधित करते हुए एकता पर बल दिया और बताया कि तमाम उत्पीड़न व पत्रकार सुरक्षा कानून को लेकर प्रदेश व राष्ट्रीय स्तर पर महासंघ शीघ्र ही मजबूती से पहल करते हुए पत्रकारों की आवाज स्वतंत्र व दबाव रहित पत्रकारिता संभव करने के लिए बुलंद करेगा।

## पौधारोपण कर करो प्रकृति को परिपूर्ण तभी होगा हमारा जीवन पूर्ण



एटा। सामाजिक वानिकी प्रभाग द्वारा चलाए जा रहे वन महोत्सव एवं प्रकृति अभियान के अंतर्गत उच्च प्राथमिक विद्यालय भूपालपुर, विकासखण्ड निधौली कलाँ, जनपद एटा के समस्त स्टाफ एवं ग्राम प्रधान श्री उमेश वर्मा जी द्वारा दिनांक 1 जुलाई 2022 को 11 पौधे, 5 जुलाई 2022 को 21 पौधे एवं 7 जुलाई 2022 को 51 पौधे रोपित किए गए। विद्यालय परिवार द्वारा ग्राम के प्रबुद्ध जनों को पौधे भेंट के साथ प्रकृति मित्र बना कर गाँव के तालाब एवं सड़क के किनारे पौधे रोपित किए गए। उमेश वर्मा जी द्वारा ग्राम वासियों को अवगत कराया कि वृक्षारोपण और उनके रक्षण के सांस्कृतिक दायित्व का निर्वाह कर सृष्टि को अकाल भावी विनाश से बचाया जा सकता है। इसी क्रम में कविता सिंह (स.अ.) द्वारा संदेश दिया गया कि हमारे भारत देश की संस्कृति एवं सभ्यता वनों में ही पल्लवित तथा विकसित हुई है। यह एक तरह से मानव जीवन का सहचर है इसीलिए अधिक से अधिक संख्या में पेड़ लगाने चाहिए और अपनी मातृभूमि का मान बढ़ाना चाहिए। बंजर भूमि को फिर से संजोकर, शुद्ध हवा, उच्च जल स्तर को पुनः बढ़ाया जा सकता है।

छात्र–छात्राओं द्वारा पट्टिका पर लिखित संदेश के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण का जागरूकता अभियान चलाया गया। सर्वेश यादव (इं. प्र.अ.) द्वारा पौधों की महत्ता के विषय में बताने के पश्चात समस्त ग्राम वासियों एवं विद्यालय परिवार को वातावरण को स्वच्छ बनाने व संचारी रोगों को भगाने का संकल्प दिलाया गया। विद्यालय परिवार एवं ग्राम वासियों के सहयोग द्वारा वृक्षारोपण अभियान को सफल बनाया गया।

## घिरोर थाना प्रभारी ने लिया गांव गोद



मनोज शर्मा ब्यूरो चीफ मैनपुरी, घिरोर। दिनांक 7 जुलाई 2022 को श्री नरेंद्र पाल सिंह प्रभारी निरीक्षक थाना घिरोर द्वारा प्राथमिक विद्यालय ओय द्वितीय को गोद लिया गया था। इसी क्रम में आज प्रभारी निरीक्षक श्री नरेंद्र पाल सिंह एवं श्री सुमित कुमार सिंह नवागत खंड शिक्षा अधिकारी साथ में राम प्रकाश मौर्य जिला अध्यक्ष आरक्षित शिक्षक एसोसिएशन एवं मुकेश कुमार यादव ब्लॉक अध्यक्ष प्राथमिक शिक्षक संघ ने प्राथमिक विद्यालय द्वितीय पहुंचे । जहां श्री नरेंद्र पाल सिंह प्रभारी निरीक्षक ने विद्यालय के छात्र छात्राओं को हिंदी और अंग्रेजी की कॉपियां एक पेन, पेंसिल, रबर, कटर, वितरण किए। इसके साथ साथ प्रभारी निरीक्षक ने 5100 पांच हजार एक सौ रुपया विद्यालय में इनवर्टर लगवाने हेतु प्रधान को दिए ।और कहा प्रधान जी हम और आप मिलकर विद्यालय में 3 दिन के अंदर इनवर्टर लगवा दें,जिससे बच्चे इतनी गर्मी में तप रहे हैं, जिससे जिससे बिजली ना आने पर बच्चे पंखा की हवा में बैठकर शिक्षा ग्रहण कर सकेंगे । इसके साथ ही अपने गोद लिए हुए विद्यालय की हालत में सुधार करने के लिए ग्राम प्रधान शीलेश कुमार से कहा कि विद्यालय के बरामदे में टायली करण करा दें,तथा दिव्यांग शौचालय निर्धारित मानक के अनुरूप शीघ्र बनवाएं। साथ ही साथ विद्यालय के सामने जहां जल भराव होता है। सड़क से 100 मीटर सड़क को ग्राम पंचायत ने खाते से बनवाना सुनिश्चित करें। इस पर ग्राम प्रधान ने आश्वस्त किया । कि 3 दिन के अंदर आप द्वारा बताए हुए कार्य प्रारंभ करा दिए जाएंगे।

तथा इस अवसर पर श्री नरेंद्र पाल सिंह प्रभारी निरीक्षक घिरोर के साथ श्री सुमित कुमार सिंह नवागत खंड शिक्षा अधिकारी घिरोर, दोनों अधिकारियों का विद्यालय परिवार, ˆउज रूपाली प्रवअव,बिजेंद्र सिंह,बबिता,स्वाति, व संकुल शिक्षक अजय सिंह,हेमंत सोनी,राजेश कुमार आदि ने माल्यार्पण कर जोरदार स्वागत किया।

स्वागत सम्मान के बाद राम प्रकाश मौर्य ने कहा के श्री नरेंद्र पाल सिंह प्रभारी निरीक्षक जहां–जहां जिस थाने में तैनात रहे वहां उन्होंने एक दो स्कूलों में बहुत ही सराहनीय सहयोग किया। 2 माह पहले विद्यालय को गोद लेने की प्रक्रिया चल रही थी। उस समय आपने प्राथमिक विद्यालय ओय द्वितीय विकासखंड घिरोर को गोद लिया है। इसी क्रम में आज उन्होंने खंड शिक्षा अधिकारी के साथ विद्यालय में पधार कर बच्चों के सराहनीय सहयोग किया है। ऐसे बहुत कम पुलिस अधिकारी होते हैं, जो इतने सरल स्वभाव इनका शिक्षा से लगाव होता है। जिसका आज जीता जागता उदाहरण है। इसी क्रम में नरेंद्रपाल सिंह प्रभारी निरीक्षक ने कहा यह विद्यालय तो मैंने गोद लिया ही है इसके साथ साथ घिरोर थाना क्षेत्र के अंतर्गत और किसी विद्यालय में किसी अध्यापक को किसी विद्यालय को उनकी आवश्यकता हो और उनसे संपर्क करें। वो यथासंभव मदद करेंगे। कार्यक्रम के अंत में नवागत खंड शिक्षा अधिकारी सुमित कुमार सिंह ने कहा यह विद्यालय एकल होते हुए भी बहुत अच्छा है,और अच्छा करने का प्रयास करें। शैक्षिक गुणवत्ता मैं सुधार के लिए अधिक से अधिक प्रयास करें शैक्षिक गुणवत्ता में सुधार हेतु संकुल शिक्षक, ।त्ट, और उनके साथ मैं स्वयं सहयोग करूंगा ।और शीघ्र विभाग द्वारा समायोजन होता है । तो इस विद्यालय में एक और अध्यापक भेजने का मैं पूरा प्रयास करूंगा । इसी के साथ दोनों ही अधिकारियों ने इस विद्यालय की विद्यालय के वातावरण की शैक्षिक स्तर की प्रशंसा की। कार्यक्रम का संचालन मुकेश कुमार ब्लॉक अध्यक्ष प्राथमिक शिक्षक संघ एवं राम प्रकाश मौर्य जिला अध्यक्ष आरक्षित शिक्षक एसोसिएशन ने संयुक्त रूप से किया।

अंत में मुख्य अतिथि के रुप में पधारे दोनों अधिकारियों का एवं संकुल शिक्षक और एसोसिएशन के जो भी पदाधिकारी उपस्थित रहे। उनका श्रीमती रूपाली प्रधानाध्यापक ने आभार प्रकट किया। और कहां इसी तरह इस विद्यालय में आप लोग आकर के दिशा निर्देश देते रहे,। जिससे हम लोगों का मनोबल बढ़ेगा, और शैक्षिक गुणवत्ता में सुधार का अधिक से अधिक हम लोग प्रयास करेंगे। मुकेशकुमार ब्लाक अध्यक्ष प्राथमिक शिक्षक संघ मैनपुरी।

## वृक्षारोपण अभियान के तहत लगाएं गये पचास औषधि व छायादार वृक्ष



दैनिक अयोध्या टाइम्स बाराबंकी। वृक्ष जीवन के दुरगामी उपहार है जिन्हें संरक्षित करने में हम सभी को आगे आने की जरूरत है तभी स्वस्छ एव स्वस्थ भारत के सपने को साकार किया जा सकता है।

उक्त बातें वृहस्पतिवार को वन महोत्सव के मौके पर अवध ला कालेज बाराबंकी में उपाध्यक्ष रितु गोयल के दिशा निर्देशन में समस्त प्रवक्तागण व कर्मचारियों कालेज के छात्र छात्राओं के सहयोग से वृक्षारोपण कार्यक्रम कालेज में सम्पन्न हुआ वृक्षारोपण कार्यक्रम के अन्तर्गत पचास वृक्ष छायादार व औषधि वृक्ष लगाए गए वृक्षारोपण करते हुए उप प्रबंधक रितु गोयल ने कहा कि प्रत्येक वर्ष सघन वृक्षारोपण अभियान चलाया जाता है परन्तु जरूरत है कि रोपित किये गये पेड़ो की सुरक्षा की जाय क्योकि आज रोपित किया गया पेड़ आने वाले कल के लिए सुखदायी होगा। अवध ला कालेज के प्रबंधक रिषि गोयल ने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को कम से कम पाँच पेड़ अवश्य लगाने चाहिए जो भविष्य की यादगार बनेंगे। वृक्षारोपण के मौके पर प्राचार्य डॉ एस बी सिंह, मोहित सिंह, इंद्र देव मिश्रा,वेद प्रकाश शर्मा, आशीष कुमार तिवारी,मो शुऐब,जयराज, अंकित कुमार, अमितेश कुमार, जितेंद्र कुमार,विकास गुप्ता,अरविंद मिश्रा मौजूद रहे।

## पूर्व सदर विधायक राजकुमार यादव ने दर्ज किए गए मुकदमे के विरुद्ध हाईकोर्ट की ली शरण

मनोज शर्मा ब्यूरो चीफ मैनपुरी। मतदान के दिन पोलिंग बूथ पर हुए विवाद के मामले में दर्ज मुकदमे का मामला हाईकोर्ट पहुंच गया है। पूर्व सदर विधायक राजकुमार यादव ने दर्ज किए गए मुकदमे के विरुद्ध हाईकोर्ट में एक याचिका दाखिल की है। यह याचिका दाखिल होने के बाद मैनपुरी कोतवाली पुलिस ने मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट कोर्ट से 82 सीआरपीसी की कार्रवाई हासिल कर मुकदमे से जुड़े नौ आरोपियों की गिरफ्तारी के प्रयास तेज कर दिए हैं। विधानसभा चुनाव के दौरान 20 फरवरी को मतदान के दिन ताल फ्री स्कूल के सामने विवाद हुआ था। इस विवाद के बाद सुमित प्रताप सिंह पुत्र जयवीर सिंह निवासी कुंजपुरा रोड कस्बा सिरसागंज फिरोजाबाद ने मैनपुरी कोतवाली जाकर तहरीर दी थी। इस तहरीर राजकुमार उर्फ राजू यादव पुत्र चंद्रपाल सिंह निवासी देवपुरा, किशन दुबे पुत्र महेश चंद निवासी गोपालनगर, बंटी यादव पुत्र व्यास मुनि यादव निवासी अवधनगर, दीपू गोस्वामी पुत्र मानसिंह, अभिमन्यु उर्फ पप्पू पुत्र नारायण, दुष्यंत पुत्र अनिल, चंदन पुत्र गिरीश निवासी मोहल्ला भरतवाल, अंशुल पुत्र सर्वेश राहुल पुत्र गोरेलाल निवासीगण पुरोहिताना, सूबेदार पुत्र हवलदार निवासी नगरिया तथा बिल्लू उर्फ दिलीप कश्यप पुत्र राजवीर निवासी बड़ी नगरिया के खिलाफ जानलेवा हमला करने का मुकदमा दर्ज किया गया था।

# संक्षिप्त समाचार

## पचास वर्ष के कर्मचारियों की स्क्रीनिंग आदेश पर परिषद कर्मचारियों ने किया विरोध

दैनिक अयोध्या टाइम्स सवांद कानपुर। राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के जिला अध्यक्ष राजा भरत अवस्थी की अध्यक्षता में एक अहम बैठक राज्य कर भवन लखनपुर में आहूत की गई।जिसमें मुख्य सचिव उ.प्र शासन द्वारा जारी पत्र जिसमें 50 वर्ष से अधिक उम्र के कर्मचारियों की स्क्रीनिंग करने के आदेश को वापस लेने की पुरजोर माँग की गई। 50 वर्ष के बाद कर्मचारियों की स्क्रीनिंग आदेश अन्याय व उत्पीड़न का द्योतक एवं कर्मचारी विरोधी है।



वरसाद अध्यक्ष राजा भरत अवस्थी ने कहा कि कहा ऐसे फैसले सिर्फ सरकारी कर्मचारियों को परेशान करने के मकसद से लिए गए हैं। उन्होंने यह भी कहा कि इन चीजों को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और उन्होंने कहा कि अगर राज्य सरकार इस फैसले पर बरकरार रहती है तो उनका संगठन कर्मचारियों के लिए हड़ताल करेगा।बैठक में प्रमुख रूप से इं.एएन द्विवेदी,सुरेश चंद्र यादव,हरीश श्रीवास्तव,रणधीर सिंह,मंजूरानी कुशवाहा,साहब सरताज,अखिलेश द्विवेदी,एसएम जेड नकवी,सुखेन्द्र यादव,आलोक यादव,राम स्वरूप,आनंद बाजपेयी,अमित श्रीवास्तव,अविनाश दीक्षित, प्रमोद पटेल,धर्मेन्द्र अवस्थी,उमा शंकर यादव, विक्रम शर्मा, प्रेम शुक्ला,अजय द्विवेदी, प्रमोद शुक्ला, मनीष मिश्रा, आदित्य शुक्ला,अंकित गुप्ता,बृजेश,अटल बिहारी पाल,महेन्द्र सिंह,आशुतोष दीक्षित, मनीष शर्मा,अनुज शुक्ला,भानु प्रताप सिंह,मनोज झा,देवाशीष,अब्दुल लईक खाँ,परवेज आलम,संजय तिवारी दो आदि सम्मिलित हुये।

## जिला प्रशासन व पुलिस द्वारा बाढ़ प्रभावित क्षेत्र में बचाव एवं राहत कार्य हेतु मॉकड्रिल का किया गया आयोजन

दैनिक अयोध्या टाइम्स बाराबंकी। जिला प्रशासन व पुलिस द्वारा सात



जुलाई थाना मोहम्मदपुर खाला क्षेत्रान्तर्गत हेतमापुर बांध चौकी, लालपुर करौता पर सरयू नदी में आने वाली बाढ़ से बचाव एवं राहत कार्य का मॉकड्रिल किया गया। उक्त मॉकड्रिल में उप जिलाधिकारी रामनगर, क्षेत्राधिकारी फतेहपुर, तहसीलदार रामनगर, प्रभारी निरीक्षक मोहम्मदपुर खाला, थानाध्यक्ष रामनगर, थानाध्यक्ष बदोसराय, राजस्व टीम, मेडिकल टीम, पशु चिकित्साधिकारी आदि उपस्थित रहे।

# विकास कार्यो व जनसमस्याओं के निस्तारण में किसी भी प्रकार की लापरवाही क्षम्य नही होगी : माला श्रीवास्तव

रायबरेली ब्यूरो। जिलाधिकारी माला श्रीवास्तव की अध्यक्षता में मा0 मुख्यमंत्री जी के सर्वोच्च प्राथमिकता कार्यक्रम के अन्तर्गत माह जून के विकास एवं निर्माण कार्यो की ''प्रगति पुस्तिका खण्ड क'' की समीक्षा बैठक का आयोजन कलेक्ट्रेट के बचत भवन सभागार में किया गया। बैठक में उन्होंने सम्बन्धित विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि अपने–अपने विभाग की योजनाओं/कार्यक्रमों के लक्ष्य को निर्धारित समय सीमा में अवश्य पूर्ण करें। उन्होंने कहा कि अधिकारीगण शासन के विकास प्राथमिकता कार्यक्रमों पर विशेष ध्यान दें। इसमें किसी प्रकार की शिथिलता कदापि न बरती जाये। जिलाधिकारी ने शासन के विकास प्राथमिकता कार्यक्रमों की विभागवारध्योजनावार समीक्षा के दौरान पंचायती राज विभाग के अन्तर्गत कायाकल्प योजना अंतर्गत कराए जा रहे कार्यों, राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान, समाज कल्याण के अन्तर्गत छात्रवृत्ति वितरण, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, पेंशन योजना भौतिक/वित्तीय, दिव्यांगजन सशक्तीकरण पेंशन योजना, प्रोबेशन विभाग, ग्राम विकास के अन्तर्गत मुख्यमंत्री समग्र ग्राम विकास योजना अवस्थापना सुविधाएं, मुख्यमंत्री आवास योजना ग्रामीण, राष्ट्रीय ग्रामीण अजीविका मिशन, मनरेगा, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, राष्ट्रीय ग्रामीण पेयजल मिशन, खाद्य एवं रसद के अन्तर्गत राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना, आधार प्रमाणीकरण के माध्यम से खाद्यान्य वितरण की प्रगति के बारे में जानकारी ली, तथा संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि अपने–अपने विभाग की योजनाओं के लक्ष्यों को समय से पूर्ण करें।

जिलाधिकारी माला श्रीवास्तव ने समीक्षा बैठक के दौरान सभी अधिकारियों को निर्देश दिये कि विकास कार्यों में जो सबसे अच्छा कार्य किया गया है उसे उपलब्धि के तौर पर बताये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने लोक निर्माण विभाग के अन्तर्गत जनपद में विद्युत विभाग की समीक्षा में सरकार की मंशानुरूप रोस्टर के अनुसार विद्युत आपूर्ति, ग्रामों का ऊर्जीकरण, ट्रांसफार्मरों का



प्रतिस्थापन, कृषि विभाग के अन्तर्गत खाद व बीज की उपलब्धता एवं वितरण, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, ग्राम विकास के अन्तर्गत प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण एवं शहरी, बाल विकास एवं पुष्टाहार, लघु सिंचाई व वन विभाग आदि की योजनाओं की गहन समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश सम्बन्धित अधिकारियों को दिये। बैठक में जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि जन कल्याणकारी योजनाओं/कार्यक्रमों से लाभान्वित लाभार्थियों का सत्यापन भी कराया जाये। उन्होंने बैठक में उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित किया कि अपने–अपने विभाग की योजनाओं/कार्यक्रमों को पूर्ण करने के लिये विशेष ध्यान दें। सभी अधिकारी अपने–अपने कार्यालय समय से पहुंचे तथा जनता की समस्याओं का मौके पर निस्तारण करना सुनिश्चित करें। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी प्रभाष कुमार, जिला विकास अधिकारी अरूण कुमार, पीडी, श्रम विभाग, सहायक श्रमायुक्त, जिला समाज कल्याण अधिकारी, डीएसओ, अधिशाषी अभियन्ता विद्युत, जिला पिछड़ा वर्ग सहित अन्य विभागों के अधिकारीगण आदि उपस्थित रहे।

# बच्चों की शैक्षिक गुणवत्ता, पौष्टिक भोजन एवं स्वच्छता पर विशेष ध्यान दिया जाय : सन्त पाल

रायबरेली ब्यूरो। जिलाधिकारी माला श्रीवास्तव के निर्देशानुसार आवंटित प्राथमिक विद्यालय रायपुर टोड़ी विकास खण्ड डीह का औचक निरीक्षण सहायक श्रमायुक्त सन्त पाल द्वारा किया गया। निरीक्षण के दौरान कुल नामांकित छात्र 190 के सापेक्ष 90 बच्चे, कार्यरत 09 शिक्षकों के सापेक्ष 06 शिक्षक उपस्थित, शेष 03 शिक्षक अवकाश पर रहे। सहायक श्रमायुक्त द्वारा विद्यालय में कायाकल्प एवं कम्पोजट ग्रांट से कराये गये कार्यों की समीक्षा की, जिसमें ग्राम प्रधान द्वारा कुछ कमरों में टाइलीकरण का कार्य कराया गया है शेष किचन, मल्टीपल हैंडवाश कार्य,



बाउंड्रीवाल पूर्ण कराने हेतु ग्राम प्रधान को सुझाव दिया गया। विद्यालय में आज एक दर्जन पौध रोपित किए गए जिनकी सुरक्षा हेतु ट्री गाड की व्यवस्था ग्राम प्रधान द्वारा करायी गयी। सहायक श्रमायुक्त संत पाल ने सभी शिक्षकों एवं बच्चों की शैक्षिक गुणवत्ता, पौष्टिक मिड डे मील, बालिकाओं को स्वास्थ्य, शिक्षा एवं सुरक्षा तथा मुखर बनाने हेतु संचालित मीना मंच को गतिशील एवं क्रियाशील बनाने, नैतिक शिक्षा देने के लिए सजक एवं जागरूक किया गया। इसके अलावा डी0बी0टी0 के माध्यम से यूनिफार्म, जूता मोजा, बैग की व्यवस्था, बच्चों की उपस्थिति अभिभावकों से कराने हेतु शिक्षकों, ग्राम प्रधान तथा कोटेदार से सहयोग करने के लिए प्रेरित किया गया। सहायक श्रमायुक्त ने अभिभावकों के साथ प्रत्येक माह निर्धारित समयावधि एवं नियमानुसार बैठक कराए जाने हेतु निर्देशित किया गया। निरीक्षण के दौरान बच्चों को दिये जा रहे एम0डी0एम0 को भी बच्चों के साथ चखा गया जिसकी गुणवत्ता संतोष जनक पायी गयी। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक अभिषेक तिवारी, ग्राम प्रधान अनीता देवी, प्रधान प्रतिनिधि हनुमान, कोटेदार जमुना प्रसाद श्रम विभाग से के0डी0 पाण्डेय सहित उपस्थित रहे।

## 370 ग्राम अवैध मारफीन सहित एक अभियुक्तगिरफ्तार

दैनिक अयोध्या टाइम्स
बाराबंकी। जनपद में अपराध एवं अपराधियों पर अंकुश लगाने हेतु चलाये जा रहे अभियान के तहत 7 जुलाई को थाना रामसनेही घाट पुलिस द्वारा अभियुक्त सत्यम पाठक पुत्र जयप्रकाश पाठक उर्फ किन्नी पाठक निवासी कोटवा सड़क थाना रामसनेही घाट को गिरफ्तार किया गया। तलाशी में अभियुक्त के पास से 370 ग्राम अवैध मारफीन बरामद कर थाना रामसनेही घाट पर



एनडीपीएस एक्ट मुकदमा पंजीकृत किया गया।

## लठियां गांव का मार्ग बदहाल लोगों को आवागमन में हो रही है परेशानी : अशोक चौहान

संवाददाता अयोध्या टाइम्स
भदोही। चौरी थाना क्षेत्र के ग्रामसभा लठियां गांव के मार्ग जाने वाली रास्ता कई सालों से बनने का नाम नहीं ले रहा है। जिसे आवागमन पर लोगों की



परेशानी बढ़ती चली जा रही है। आज ग्रामसभा लठियां के समाज सेवक अशोक चौहान ने बताया कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार है इनके जिलाध्यक्ष विनय श्रीवास्तव व सांसद रमेश चंद बिंद व विधायक रविंद्र त्रिपाठी जो हाल में ही कहां था कि चुनाव खत्म होने के बाद लठिया गांव जाने वाली मार्ग दुरुस्त कर दिया जाएगा। लेकिन चुनाव खत्म हो गया लेकिन आज तक कोई दिखाई नहीं दिया। इसमें सांठगांठ व मिलीभगत लठिया ग्राम प्रधान का भी है आज तक ग्राम प्रधान ने इस रास्ते को बनवाने के लिए कभी भी दिखाई नहीं दिए इस समय नवनिर्वाचित वर्तमान विधायक समाजवादी पार्टी के जाहिद बेग भी लठिया ग्राम सभा के लोगों की हाल चाल कभी जानने की कोशिश नहीं की। अशोक चौहान ने बताया कि दो से तीन बार लाखों रुपए की सड़क बनवाने का पैसा पास हुआ था लेकिन आज तक कोई अता पता नहीं है। कहा कि योगी सरकार का दावा है कि सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास, लेकिन कहीं पर भी भारतीय जनता पार्टी के लोगों कीपरछाई तक ग्राम सभा लठिया में अभी तक नहीं हुआ और ना ही अभी तक सड़क बन पाई। मौके पर ग्रामीणों ने बताया कि बरसात के समय में रास्ते गड्ढे में तब्दील हो जाती है सड़क पानी में डूब जाता है। इससे आवागमन मुश्किल हो गया है। बताया कि इस इस रास्ते से कई दर्जन गांव के लोगों का जाने का मार्ग है। मौके पर मौजूद ग्रामवासी नंदलाल ने बताया कि इस रास्ते पर चलने वाली गाड़ियां कभी भी किसी समय फस जाती है जिसे टोचन लगाकर निकाला जाता है। जो कि मौके पर फंसी हुई गाड़ि मिली। अशोक चौहान ने कहा कि जल्द ही भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष सांसद या सपा के भदोही विधायक ग्रामसभा लठिया का रास्ता बनवाने में इसी तरह अभिलंब किए तो हम सभी ग्रामवासी मिलकर के इन सभी का ईट से ईट बजाने और हर स्तर पर उतरेगें।

# कलयुगी पुत्र ने ईंट मारकर की पिता की हत्या

संवाददाता विमल पाण्डेय दैनिक अयोध्या टाइम्स

- शराब के नशे में कलयुगी पुत्र ने पिता को उतारा मौत के घाट

औरैया। औरैया के पढीन गाँव मे एक कलयुगी पुत्र ने पिता की ईंट से मारकर हत्या कर दी।जिससें गांव में सनसनी फैल गयी।मामला सदर कोतवाली क्षेत्र के गांव पढ़ीन का है जहां पर गुरुवार दोपहर शराब के नशे में जगदंबा सिंह ने अपने पिता गिरजेश (75) की ईंट से कूंचकर हत्या कर दी। ग्रामीणों ने बताया कि घटना के समय घर में छोटे बच्चे थे। तभी शराब के नशे में घर पहुंचे जगदंबा ने पिता के सिर पर ईंट मार दी। जिससे वह बेहोश होकर वहीं कमरे में गिर गए। इसके बाद पुत्र ने ईंट से कई बार वार कर उनकी हत्या कर दी। इस घटना से परिजनों में कोहराम मच गया। जानकारी होने पर मौके पर पहुंच कर सीओ सिटी सुरेंद्र नाथ यादव व कोतवाली प्रभारी निरीक्षक रवि श्रीवास्तव ने जांच पड़ताल की और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया।



## अन्त्योदय लाभार्थियों का आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए विशेष अभियान

रायबरेली ब्यूरो। आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना एवं मुख्यमंत्री जन आरोग्य अभियान सितम्बर 2018 में प्रारम्भ किया गया। जिसमें मे वर्ष 2021 में प्रदेश के अंत्योदय कार्ड धारकों को भी इसमें सम्मिलित किया गया। योजनान्तर्गत जनपद के कुल लाभार्थी परिवारों की संख्या 397689 है जिसमें 1673751 लाभार्थी हैं। अभी तक कुल 143078 परिवारों को जिसमे 332847 लाभार्थियों को आयुष्मान कार्ड से आच्छादित किया जा चुका है। अवशेष परिवार की कुल संख्या 254611 है जिसमें अंत्योदय कार्ड धारक लाभार्थी परिवारों की संख्या 82811 है जिनका कार्ड बनाया जाना है। अन्त्योदय कार्ड धारक लाभार्थियों को शत प्रतिशत आयुष्मान कार्ड प्रदान किया जाना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है जिसकी पूर्ति हेतु शासन के निर्देशानुसार 05 से 20 जुलाई 2022 तक अंत्योदय आयुष्मान पखवाडा चलाया जा रहा है। उक्त पखवाड़े में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर तैनात आयुष्मान मित्रों द्वारा ग्राम स्तर पर सभी कोटेदारों के यहाँ निर्धारित दिवस पर कैम्प का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें आशा, एएनएम, आंगनवाड़ी कार्यकर्ती, ग्राम प्रधान तथा कोटेदारों के सहयोग के माध्यम से लाभार्थियों को सूचना प्रदानकर कैम्प में लाया जाएगा। इसके अतिरिक्त नजदीकी जन सेवा केन्द्र (सीएचसी), तथा सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर भी बनवाया जा सकता है। आयुष्मान कार्ड बनाये जाने हेतु किसी भी प्रकार का कोई शुल्क लाभार्थी द्वारा नहीं देय होगा यह पूर्णतया निःशुल्क है। आयुष्मान कार्ड बनवाने हेतु राशन कार्ड तथा आधार कार्ड अवश्य लेकर जाये। मुख्य चिकित्साधिकारी ने जनपद रायबरेली के समस्त जनता से यह अपील है कि सभी चिन्हित लाभार्थी अपने राशन कार्ड एवं आधार कार्ड के साथ कोटेदार के यहाँ लगने वाले आयुष्मान कैम्प में या नजदीकी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र एवं जन सेवा केन्द्रों पर जाकर निःशुल्क आयुष्मान कार्ड बनवाएं जिससे आवश्यकता पड़ने पर 5 लाख तक की चिकित्सकीय सुविधा सरकारी एवं प्राइवेट चिकित्सालयों में निःशुल्क प्राप्त कर सकते हैं।




## बकरीद व कावड़ यात्रा को लेकर डीएम-एसपी ने धर्मगुरुओ व पीस कमेटी के सदस्यों के साथ की बैठक



रायबरेली ब्यूरो। जिलाधिकारी माला श्रीवास्तव व पुलिस अधीक्षक आलोक प्रियदर्शी ने कलेक्ट्रेट के बचत भवन सभागर में संबंधित अधिकारियों, धर्मगुरुओं, संभ्रांत नागरिको के साथ ईद–उल– अजहां (बकरीद) व कावड़ यात्रा सहित आगामी पर्वो व त्योहारों को लेकर पीस कमेटी के सदस्यों के साथ बैठक की और धमगुरूओं व पीस कमेटी के सदस्यों से त्योहारों की व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी तथा संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि बकरीद पर कुर्बानी के लिए स्थान का चिन्हांकन पहले से ही होना चाहिए।

विवादित जगहों पर कुर्बानी नहीं होनी चाहिए। तय स्थान के अतिरिक्त कहीं और कुर्बानी नहीं होनी चाहिए। प्रत्येक दशा में यह सुनिश्चित करें कि कहीं भी प्रतिबंधित पशु की कुर्बानी न हो। कुर्बानी के उपरान्त अपशिष्ट के व्यवस्थित निस्तारण किया जाए। ऐसा न होने पर यह अपशिष्ट बीमारी का कारक बनते हैं। जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने कहा कि कावंड़ यात्रा आस्था के साथ उत्साह का आयोजन है। परम्परागत रूप से नृत्य, गीत, संगीत इसका हिस्सा रहे हैं। इसके लिए डीजे, गीत–संगीत आदि की आवाज निर्धारित मानकों के अनुरूप ही हो और इसमें केवल धार्मिक गीत व भजन ही बजाए जाएं। ऐसी कोई घटना न हो, जिससे दूसरे धर्म के लोगों की भावनाएं आहत हो। आयोजकों को अनुमति देने से पूर्व उनसे शांति और सौहार्द सुनिश्चित करने के सम्बन्ध में स्पष्ट शपथ–पत्र लिया जाए। हर पर्व शांति और सौहार्द के बीच सम्पन्न हों, इसके लिए स्थानीय जरूरतों को देखते हुए सभी जरूरी प्रयास किए जाए। माहौल खराब करने की कोशिश करने वाले अराजक तत्वों के साथ कठोर कार्यवाही की जायेगी। पर्व–त्यौहार में सभी जरूरी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं। धार्मिक परम्पराध्आस्था को सम्मान दें, पर्वो व त्योहारों में कोई नई परंपरा न शुरू हो। अमन चौन के साथ सभी पर्व व त्योहारों को मनाया जाए। जिलाधिकारी माला श्रीवास्तव विद्युत विभाग को निर्देश दिये कि शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में पर्व–त्योहारों के बीच बिजली आपूर्ति सुचारू रखी जाए। कहीं से भी अनावश्यक कटौती की शिकायत न आए। कांवड़ यात्रा के मार्ग पर जर्जर बिजली के खम्भे, झूलते–लटकते बिजली के तार आदि प्रबन्धन समय से कर लिया जाए, ताकि श्रद्धालुओं को समस्या न हो तथा किसी प्रकार की दुर्घटना की स्थिति न बने। श्रद्धालुओं की आस्था का सम्मान करते हुए कांवड़ यात्रा मार्ग पर स्वच्छता–सैनिटाइजेशन बनी रहे। स्ट्रीट लाइट की सुविधा हो। उन्होंने कहा कि ऐसे में मार्ग में पीने के पानी की व्यवस्था भी कराई जाए। उन्होंने मुख्य चिकित्साधिकारी को निर्देश दिये कि कांवड़ यात्रा मार्ग पर हेल्थ पोस्ट स्थापित किए जाएं। हेल्थ एण्ड वेलनेस सेण्टर भी उपयोगी हो सकते हैं। यहां प्राथमिक चिकित्सा के साथ–साथ कोविड टेस्टिंग की सुविधा होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि जनपद के घाटों पर सभी व्यवस्थाओं के साथ ही साफ–सफाई की व्यवस्था भी रखी जाए।

जिलाधिकारी ने कहा कि सभी अधिकारी सतर्क रहें और जनपद में भाईचारा कायम रखें, आगामी 10 जुलाई को बकरीद का त्योहार है जो हर वर्ष की भांति बहुत ही हर्ष उल्लास शांति व भाई चारे के साथ मनाया जाता है। इस बार बकरीद व कावड़ यात्रा को गंगा जमुनी तहजीब व हंसी खुशी के साथ मिलजुल कर मनाएं। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को यह भी निर्देश दिए कि सभी अपने–अपने क्षेत्र के थानों में पीस कमेटी की बैठक करें और जो समस्याएं हों उनका तत्काल समाधान कराएं। उन्होंने कहा पर्वो व त्योहारों पर साफ सफाई के साथ मनाया जाए किसी भी तरह कही पर कोई गंदगी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने निर्देश दिए कि शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में साफ सफाई की व्यवस्था दुरूस्त होनी चाहिए। उन्होंने कहा अमन चौन को कायम रखना, आमजन को सुरक्षा व्यवस्था प्रदान करने के लिए जिला प्रशासन है। सभी लोग त्यौहार को शांतिपूर्वक और सौहार्द के साथ मनाएं, यदि कोई भी अफवाह जनक संदेशों से माहौल को खराब करने की कोशिश करेगा उसके खिलाफ कार्यवाही की जाएगी। पुलिस अधीक्षक ने कहा जो भी दिशा निर्देश शासन के हैं उनका शत–प्रतिशत पालन करना हम सभी का कर्तव्य है। सार्वजनिक स्थानों पर कोई भी धार्मिक आयोजन न किए जाएं, यदि कोई आयोजन करना है तो अनुमति अवश्य ले ली जाए। कोई भी नई चीज, नई परंपरा न चलाई जाए अगर कहीं ऐसा होता पाया जाता है तो उसकी सूचना प्रशासन को अवश्य दें, उस पर विधिक कार्यवाही की जाएगी। कानून व्यवस्था प्रत्येक दशा में कायम रहे, सौहार्दपूर्ण तरीके से त्योहारों को मनाए। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) अमित कुमार, अपर पुलिस अधीक्षक विश्वजीत श्रीवास्तव, सीओ सीटी वंदना सिंह सहित विभिन्न सम्प्रदाय के धर्मगुरु व प्रतिष्ठित नागरिक उपस्थित रहे।

## जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक द्वारा आगामी त्योहार व श्रावण मास के दृष्टिगत जनपदीय शांति समिति के सदस्यों के साथ गोष्ठी की गयी

दैनिक अयोध्या टाइम्स बाराबंकी। जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक द्वारा 7 जुलाई को डीआरडीए सभागार में आगामी त्योहार व श्रावण मास के दृष्टिगत जनपद के सम्भ्रान्त व्यक्तियों के साथ गोष्ठी की गयी। जिसमें जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक द्वारा सम्भ्रान्त व्यक्तियों से आगामी त्योहार बकरीद से सम्बन्धित विवाद के सम्बन्ध में जानकारी ली गयी तथा निस्तारण



हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया गया। श्रावण मास के दृष्टिगत कावड़ यात्रा तथा त्योहार को सौहार्दपूर्ण एवं भाईचारे से मनाये जाने हेतु प्रेरित किया गया। सोशल मीडिया पर किसी भी प्रकार के भड़काऊ संदेश को फॉरवर्ड न करने की अपील की गई। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी, उपजिलाधिकारी नवाबगंज, क्षेत्राधकारी नगर व सम्भ्रांत व्यक्ति मौजूद रहे।

## विकास खण्ड राही में विधिक साक्षरता एवं जागरुकता शिविर का आयोजन सम्पन्न




रायबरेली ब्यूरो। उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार व जिला एवं सत्र न्यायाधीशध्अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, रायबरेली अब्दुल शाहिद के दिशा निर्देशन में तहसील–सदर अन्तर्गत विकास खण्ड–राही स्थित सभागार में विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता अभिनव जैन सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के द्वारा की गयी। सचिव द्वारा शिविर में उपस्थित लोगों को उनके विधिक अधिकार विषय पर जानकारी प्रदान दी गयी। सचिव द्वारा बताया गया कि निर्धनता के अभाव में कोई व्यक्ति अपने मुकदमे की पैरवी करने में असमर्थ हो तो वह कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण में प्रार्थनापत्र देकर निःशुल्क व सक्षम अधिवक्ता प्राप्त कर सकता है। वैवाहिक विवादों का बिना मुकदमा दर्ज कराये प्री–लिटिगेशन स्तर पर ही निस्तारण कराया जा सकता है।

इसके अतिरिक्त उपस्थित लोगों को राष्ट्रीय लोक अदालत, शिक्षा का अधिकार, अनुसूचित जाति/ अनुसूचित जनजाति के लोगों के अधिकार, स्थायी लोक अदालत के कार्य व मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना विषय पर भी जानकारी प्रदान की गयी। इस अवसर पर तहसीलदार सदर उमेश चन्द्र, महिला कल्याण अधिकारी शैफाली चौधरी व जिला समन्वयक महिला कल्याण विभाग पूजा शुक्ला के द्वारा भी उपस्थित लोगों को उनके विधिक अधिकार व मिशन शक्ति विषय पर जानकारी प्रदान की गयी। शिविर में जितेन्द्र कुमार, खण्ड विकास अधिकारी राही, सुषमा कश्यप जिला समन्वयक महिला कल्याण विभाग, वीरेन्द्र पाल बाल संरक्षण अधिकारी, पराविधिक स्वयं सेवक पूनम सिंह, पवन कुमार श्रीवास्तव, प्रमोद कुमार तिवारी व मनोज कुमार प्रजापति, उपस्थित रहे।

## पुलिस अधीक्षक अनुराग वत्स के निर्देशन में पुलिस कार्यालय में जनता के लिए आयोजित किया गया सच का सामना

दैनिक अयोध्या टाइम्स बाराबंकी। पुलिस अधीक्षक अनुराग वत्स द्वारा पुलिस कार्यालय में "सच का सामना" कार्यक्रम का आयोजन किया गया। "सच का सामना" पुलिस अधीक्षक द्वारा चलाया जा रहा एक विशेष अभियान है, जिसमें गम्भीरध्लम्बित प्रकरणों को सूचीबद्ध कर पुलिस कार्यालय में प्रत्येक गुरूवार को वादी–प्रतिवादी, जांचकर्ताधविवेचक को बुलाकर समीक्षा की जाती है। आज आयोजित "सच का सामना" में वादी–प्रतिवादी व जांचकर्ताधविवेचक गण उपस्थित रहे। पुलिस अधीक्षक द्वारा पूर्व से सूचीबद्ध 02 मामलों (विवेचना व शिकायती प्रार्थनापत्रों) में दोनों पक्षों को सुना गया एवं विवेचकध्जांचकर्ता द्वारा की गयी कार्यवाही की समीक्षा की गयी व सभी तथ्यों का अवलोकन कर 02 प्रकरणों का निस्तारण कराया गया।



## वृक्षारोपण का कार्यक्रम हुआ सम्पन्न

दैनिक अयोध्या टाइम्स
प्रतापगढ़। विश्वनाथगंज, प्रतापगढ़ में वृक्षारोपण का कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमे मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश अध्यक्ष, भाजपा किसान मोर्चा कामेश्वर सिंह उपस्थित रहे साथ ही साथ विशिष्ट अतिथि के रूप में क्षेत्रीय महामंत्री किसान मोर्चा शामिल रहे। अथितियों का स्वागत जिला अध्यक्ष किसान मोर्चा विजय मिश्रा ने किया। इस भव्य कार्यक्रम में पवन वर्मा को जिला कार्य समिति सदस्य के रूप में चुना गया और प्रदेश अध्यक्ष ने माला पहनाकर उनके इस दायित्व के लिए शुभकामना एवम् बधाई प्रदान किए। प्रदेश अध्यक्ष ने वृक्षों के महत्व के बारे में बृहत चर्चा की और साथ ही साथ बीजेपी द्वारा आम जनता के लिए चलाई जा रही योजनाओं की भी चर्चा किए। कार्यक्रम का संचालन रामहित वर्मा ने किया।इस कार्यक्रम में रिंकू शुक्ला, जिला मंत्री किसान मोर्चा दिलीप पाण्डेय, जिला मंत्री अनुसूचित मोर्चा धर्मेन्द्र सरोज, जिला अध्यक्ष अनुसूचित मोर्चा जगत पासी आदि लोग उपस्थित रहे।



# मॉन्टेरिया विलेज आपके परिवार को द कबीला एक्सपीरियंस देगा

–अनिल बेदाग–


मुंबई। पुणे से कुछ दूरी पर स्थित टिमटिमाते तारों से सजे आसमान के नीचे बेहतरीन मनोरंजक कार्यक्रमों और पारंपरिक भोजन का आनंद लीजिए। रायगढ़ जिले के खालापुर में स्थित मॉन्टेरिया विलेज वीकेंड की छुट्टियाँ बिताने के लिए एक बेहतरीन स्थान है जहाँ मुंबई और पुणे से सिर्फ दो घंटे में पहुँचा जा सकता है, और अब इस विलेज ने पर्यटकों के लिए श्द कबीलाश एक्सपीरियंस का शुभारंभ किया है। श्द कबीलाश के पीछे की सोच दरअसल बंजारों, यानी घुमक्कड़ लोगों से प्रेरित है, जिसके जरिए यहाँ आने वाले मेहमानों को शहर की भीड़–भाड़ से दूर अपनी मर्जी से इधर–उधर घूमने के अनुभव को बिल्कुल नए अंदाज में ेश करने की कोशिश की गई है। यह सादगी और आधुनिक जिंदगी की सुविधाओं के बीच सही संतुलन है, जो आपको अपने काम–काज से थोड़ा ब्रेक लेने और अपने तन–मन में नई ऊर्जा जगाने का बेहद शानदार अवसर देता है। श्द कबीलाश में अच्छी तरह से सुसज्जित 50 टेंट लगाए गए हैं, जिन्हें असल जिंदगी में गाँव का अनुभव प्रदान करने वाली चीजों के साथ सजाया गया है। मेहमान हमारे विशेषज्ञ कर्मचारियों की मदद से खेती कर और हल चलाने का अनुभव भी ले सकते हैं। श्री राही वघानी, मैनेजिंग डायरेक्टर, मॉन्टेरिया रिजॉर्ट प्रा. लि. ने कहा, द कबीला मेहमानों को गाँव का अनुभव प्रदान करने के स्तर को और ऊपर ले जाता है। यह आपको शहर में अपने रोजमर्रा के काम–काज से थोड़ा आराम लेने का बेहतरीन अवसर प्रदान करता है और बंजारा लिविंग सेटअप के जरिए आपको बीते दिनों की यादों में वापस ले जाता है। टेंट के इर्द–गिर्द चारों ओर घूमने से लेकर पेड़ों के झुंड के नीचे झूले पर आराम करने अनुभव प्रदान करने वाला श्द कबीलाश सचमुच कुदरत की खूबसूरती का भरपूर लुत्फ उठाने और जिंदगी के लम्हों का नए अंदाज में आनंद लेने के लिए सबसे उपयुक्त स्थान है। मॉन्टेरिया विलेज दिलो–दिमाग को तरोताजा कर वाली छुट्टियों का आनंद लेने के लिए बेहतरीन है, जो आपको अपनी जड़ों की ओर वापस ले जाता है।"



## संक्षिप्त समाचार

### उच्च न्यायालय के निर्देश अनुसार लाम्बित वादों का निस्तारण नियमानुसार समय से कराए

दैनिक अयोध्या टाइम्स फतेहपुर। महात्मा गाँधी सभागार कलक्ट्रेट में अपर जिलाधिकारी(वित्त/रा0) श्री विनय कुमार पाठक की अध्यक्षता में अभियोजन कार्यों की मासिक समीक्षा की बैठक सम्पन्न हुई। उन्होंने कहा मा0 उच्च न्यायालय के निर्देश अनुसार लाम्बित वादों का निस्तारण नियमानुसार समय से कराए। जिससे कि पीड़ितों को त्वरित न्याय मिल जाय और दोषियों को सजा हो सके। अभियोजन अधिकारीगण, शासकीय अधिवक्तागण, मुकदमों की पैरवी प्रभावी तरीके से करते हुए दोषियों को सजा दिलायें। परिवारिक न्यायालय, गुंडा एक्ट,रानी लक्ष्मी बाई,फौजदारी, पाक्सो एक्टआदि के लाम्बित वादों की समीक्षा किया। उन्होंने कहा कि गम्भीर प्राकृति के वादों में प्रभावी



पैरवी कर अधिक से अधिक दोषियों को सजा दिलायी जाय। जिससे अपराधी किस्म के लोगों को यह मैसेज जाये कि छोटा से छोटा अपराध करने पर भी वे सजा से बच नहीं सकते हैं। उन्होंने पिछली बैठक में उठाये गए बिन्दुओ के अनुपालन की आख्या की पुष्टि किया। न्यायालयों में विचाराधीन मामलों में सफल अभियोजन पैरवी कर सजा का प्रतिशत बढ़ाया जाना चाहिए। ताकि न्यायालयों में लंबित पुराने मामलों का निस्तारण शीघ्र हो सके। इस अवसर पर जेल अधीक्षक मो अकरम खान, जेष्ठ अभियोजन अधिकारी श्री विनोद कुमार मिश्र, जिला प्रोबेशन अधिकारी श्री नीरज कुमार, क्षेत्राधिकारी खागा श्री संजय कुमार सिंह, क्षेत्राधिकारी सदर श्री डीसी मिश्र, सहित अन्य सम्बन्धितगण उपस्थित रहे।

### वृक्ष वायुमंडल को शुद्ध कर सभी व्यक्तियों को ऑक्सीजन देता है : शिक्षा खण्ड अधिकारी राजेश यादव

दैनिक अयोध्या टाइम्स मनोज कुमार यादव संवाददाता
देवरिया,भटनी। विकास खण्ड के बभनौली कला में शिक्षा खंड अधिकारी राजेश यादव ने प्राथमिक विद्यालय में पौधारोपण किया वृक्षारोपण के मुख्य अतिथि शिक्षा खंड अधिकारी राजेश यादव एवं प्रधान अध्यापिका शशि किरण ने बृक्षरोपण किया राजेश यादव ने कहा कि पौधे जीवन के लिए आवश्यक है इनसे पुरा वायुमंडल का ऑक्सीजन मिलता है



वृक्ष पर्यावरण का एक अनिवार्य हिस्सा है पौधे लगाए पर्यावरन बचाये वही प्रधान अध्यापिका शशि किरण ने कहा कि धरती पर पौधों के अस्तित्व के विना मनुष्य और अन्य प्रजातियों का अस्तित्व संभव नही है वृक्षारोपण कार्यक्रम में मुख्य रूप से सविता यादव, शशि किरण, इंद्रेश,रीता देवी, राजकुमारी देवी, सुमित्रा देवी, राधिका देवी, लचिय देवी, उपस्थित थी वही प्राथमिक विद्यालय बेहरा डाबर मे प्रधान अध्यापक स्वतंत्र तिवारी द्वारा बच्चों के साथ मिलकर स्कूल में वृक्षारोपण किया गया जिसमे अर्जुन, श्रवंन आयुष, प्रियांशु, चंदन, वाहिद, हिमांशु सोनू राज ,लक्ष्मी, शनि,मुकेश इत्यादि छात्र छात्राओं ने प्रधान अध्यापक का सहयोग किया।

## जिलाधिकारी श्रीमती अपूर्वा दुबे की अध्यक्षता में धर्मगुरुओं के साथ पीस कमेटी की बैठक सम्पन्न हुई

दैनिक अयोध्या टाइम्स फतेहपुर। आगामी पर्वों ईदुज्जुहा(बकरीद) एवं श्रावण मास, कांवड़ यात्रा में शान्ति व्यवस्था एवं सौहार्दपूर्ण माहौल बनाये रखने हेतु कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी श्रीमती अपूर्वा दुबे की अध्यक्षता में धर्मगुरुओं के साथ पीस कमेटी की बैठक सम्पन्न हुई। उन्होंने कहा कि जिन अधिकारियों/कर्मचारियों की पर्वो में ड्यूटी लगायी गयी है आपस मे समन्वय बनाकर कार्य को संपादित करें। जिन थाना क्षेत्रों में पीस कमेटी की बैठक नही हुई है वह आज ही संभ्रांत नागरिको के साथ बैठक कर लें। उन्होंने संभ्रांत नागरिको से कहा कि युवाओं के साथ बैठक कर ले क्योंकि युवाओं को भविष्यध्दिशा देने का काम आपका है। उन्होंने आये हुए सभी धर्मगुरुओं को अपना बहुमूल्य समय व सुझाव देने के लिए धन्यवाद दिए और दोनों पर्वो की शुभकामनाएं दी पुलिस अधीक्षक श्री राजेश कुमार सिंह ने कहा कि आपस में मिलने पर बड़ा अच्छा लगता है आपके सहयोग से फतेहपुर में शांति व सदभाव का माहौल है। धर्म अंतर मन का विषय है, हमे शान्ति से ही पूजा अर्चना करनी चाहिए। सार्वजनिक स्थानों पर कुर्बानी नही होगी और न ही सड़क पर नमाज पढ़ी जाएगी। जनपद में 378 डीजे संचालक है सभी के साथ बैठकर शासनादेश के अनुसार दिशा निर्देश दिए जाएं। मा0 उच्चतम न्यायालय के अनुसार कँवर यात्रा में अस्त्र शस्त्र लेकर न जाये। उन्होंने आगामी त्योहारों की शुभकामनाएं दी। नगर पालिका, विद्युत, पीडब्ल्यूडी विभागों द्वारा उक्त त्योहारों हेतु बनायी गयी कार्ययोजना के बारे में बताया गया।
अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका परिषद फतेहपुर ने बताया कि कुर्बानी की जाने वाले स्थल चिन्हित है और मलबा के लिए मैजिक के माध्यम से अजगवां में खोदे गए गड्ढे में डलवाकर मिट्टी से ढक दिया जाएगा। बताया कि पानी की व्यवस्था सुदृढ़ रहेगी। अधिशाषी अभियंता विद्युत ने बताया कि विद्युत कटौती नही होगी निर्बाध रूप से विद्युत आपूर्ति की जाएगी और अधिकारियोंध्कर्मचारियों की विद्युत स्टेशनों पर तैनाती कर दी गयी है। उन्होंने बताया कि जहाँ कही भी विद्युत तार ढीले है वहां ठीक कराया जा रहा है। अधिशाषी अभियंता पीडब्ल्यूडी ने बताया कि त्योहारों तक सड़कों को गड्ढामुक्त कर दिया जायेगा और सड़कों के किनारे उगी झाड़ियों की कटाई करा दी जाएगी।
सुझाव : शहरकाजी श्री कारी फरीदउद्दीन कादरी ने उपस्थित सभी अधिकारियों/धर्मगुरुओं को बकरीद की मुबारकबाद देते हुए कहा कि मुस्लिम समुदाय के लोग 10, 11 एवं 12 जुलाई 2022 तक कुर्बानी करेंगे और बकरीद के त्योहार को आपसी भाईचारे, सदभाव व शांतिपूर्वक मनाएं और कुर्बानी का खून नालियों पर न आने पाये, आपके कार्य से किसी की तकलीफ नही होनी चाहिए, हमारे पैगम्बर साहब का यही संदेश है। उन्होंने कहा कि कांवरिया यात्रा और बकरीद पर्वो को सभी समुदाय के लोग आपस मे मिलजुल कर मनाये। उन्होंने बताया कि 10 जुलाई 2022 को प्रातः 08:00 बजे ईदगाह फतेहपुर में नमाज अदा की जाएगी। डॉ0 अंसारी जहानाबाद ने कहा कि जहानाबाद में पीस कमेटी की चार बैठक की जा चुकी है, मुस्लिम समुदाय के लोग इस बात का ध्यान रखे कि साफ सुथरे स्थान पर कुर्बानी करें और मलबा बनाये गए गड्ढे में ही डाले।



विश्व हिंदू परिषद प्रान्त मंत्री श्री बीरेन्द्र पाण्डेय ने कहा कि हम सभी लोगो की जिम्मेदारी है कि त्यौहार को आपसी सदभाव व शांतिपूर्ण वातावरण में मनाए जिससे किसी को दिक्कत न हो। उन्होंने कहा कि दूर्गा मन्दिर को जाने वाले 50 मीटर सड़क नही है, जिसे बनवाया जाए ताकि श्रद्धालुओं को आने जाने में दिक्कत न हो। फतेहपुर के लोग एक दूसरे के कंधे में हाथ रखकर बात करते है वह सदभाव कायम रखकर एक अच्छा वातावरण बनाये रखे। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी (वित्त/राजस्व) श्री विनय कुमार पाठक, अपर जिलाधिकारी(न्यायिक) धीरेन्द्र प्रताप, अपर पुलिस अधीक्षक राजेश सिंह, मुख्यचिकित्साधिकारी, उपजिलाध कारी सदर, बिन्दकी, खागा, समस्त पुलिस क्षेत्राधिकारी, अपर उपजिलाधिकारी, समाजसेवी श्री अशोक तपस्वी सभी धर्मों के धर्मगुरु सहित संबंधित उपस्थित रहे।

## दो सगे भाइयों ने हड़पे विद्यालय के चार वाहन, पुलिस के हत्थे चढ़ा एक वाहन किया जप्त

चन्द्रप्रताप सिंह जिला संवाददाता
दैनिक अयोध्या टाइम्स इटावा
इटावा। जनपद के कोतवाली थाना क्षेत्र में एक विद्यालय के प्रवन्धक ने अपने ही दो सगे भाइयों के विरुद्ध न्यायालय के आदेश पर कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया था। प्रेमादेवी पब्लिक स्कूल एवम जूनियर हाई स्कूल इटावा की एक बड़ी बस, दो मैजिक, एक बिंगर गायब की गई थी। जनपद के थाना कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत आने बाला प्रेमादेवी पब्लिक स्कूल एवं जूनियर हाई स्कूल पक्काबाग इटावा के चार बाहन प्रवन्धक के सगे भाइयों ने ही गायब कर दिए थे स्कूल में बच्चो को लाने ले जाने के लिए नामजद अभियुक्त ही ड्राइवरी करते थे मौका पाकर उन्होंने अपने भाई की संपत्ति पर ही हाथ साफ कर दिया। इटावा कोतवाली में प्रवन्धक राजीव यादव द्वारा न्यायालय के आदेश पर 17 जनवरी 2022 को मुकदमा दर्ज किया गया था। प्राप्त समाचार के अनुसार राजीव यादव प्रवन्धक श्रीमती प्रेमादेवी शिक्षा प्रसार एवं समाज कल्याण समिति इटावा निवास प्रीत विहार पक्काबाग के द्वारा इटावा न्यायालय में प्रार्थनापत्र प्रस्तुत किया गया था जिसमें शिकायत की गई थी कि अभियुक्तगण आदित्य कुमार उर्फ विपिन, व अम्बरीश चंद्र उर्फ बंटू निवासी प्रीत विहार पक्काबाग मेरे भाई है व दोनों मेरे विद्यालय की गाड़ी चलाते थे। गाड़ी विद्यालय के नाम थी जिसमे दो मैजिक कीमत 2.25 लाख, एक बिंगर कीमत 1.80 लाख, एक बस कीमत 17 लाख रुपये की प्रबंधक राजीव कुमार द्वारा खरीदी गई थी। सभी वाहन विद्यालय के नाम पर थे और विद्यालय में ही लगे हुए थे। और बच्चों को स्कूल लाने ले जाने का काम करते थे। वाहनों के नम्बर यूपी 75 एम 0290 मैजिक, यूपी 75 एम 1318 टाटा बिंगर, यूपी 75 एम 1913 टाटा मैजिक, यूपी 75 एटी 2575 बस आयसर कंपनी के थे। इन चारो वाहनों को उक्त दोनों भाई चलाते थे। विपक्षीगण की नियत खराब हो गई और विपक्षी मेरे वाहनों को ले गए और उनका गलत तरीके से संचालन करने लगे। वाहनों को बेईमानी की नियत से अपने पास रख लिया और वाहनों को बिना फिटनेस बीमा के अवैध रूप से संचालित करने लगे जब मेरे द्वारा पुलिस को शिकायत की गई तो अभियुक्तों ने बस, मैजिक व बिंगर चारो गाड़ी गायब कर दी। राजीव यादव ने आरोप लगाया कि उक्त बाहन बापस मांगने पर उक्त दोनों ने गला दबाकर जान से मारने का प्रयास भी किया। राजीव यादव के शिकायती पत्र की पैरवी अधिवक्ता विक्रम यादव द्वारा की गई बहस व साक्ष्यों के आधार पर उक्त न्यायालय ने दोनों अभियुक्तों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज करने का आदेश जारी कर दिया। थाना कोतवाली पुलिस ने दोनों नामजदों के विरुद्ध मुकदमा संख्या 16/22 धारा 406, 323, 504 के तहत मुकदमा दर्ज करके जांच शुरू कर दी है।
इस पूरे मामले में विवेचक तकिया चौकी प्रभारी थाना कोतवाली से बात की गई तो उन्होंने बताया कि न्यायालय के आदेश पर मुकदमा दर्ज है इसी क्रम में आज 7 जुलाई 2022 को एक टाटा मैजिक UP 75M0290 को जप्त कर पुलिस हिरासत में लिया गया है जल्द ही आगे की कार्यवाही को करते हुए अन्य वाहनों का पता लगाकर पुलिस हिरासत में लिया जाएगा।

## कलेक्ट्रेट महात्मा गांधी सभागार में स्वच्छ विद्यालय का प्रमाण पत्र, अंगवस्त्र एवं तुलसी का पौधा देकर सम्मानित/पुरस्कृत किया गया

दैनिक अयोध्या टाइम्स फतेहपुर। स्वच्छ विद्यालय पुरस्कार 2021–22 के अर्न्तगत जनपद स्तर पर ओवरऑल स्कूल एवं उपश्रेणी में कुल 18 चयनित विद्यालयों को सहयोगध्योगदान देने वाले 05 शिक्षकों में कंपोजिट विद्यालय सरकी(हसवां) श्री कौशल किशोर, कंपोजिट विद्यालय बिलन्दपुर (तेलियानी) श्री माता दीन गुप्ता, कॉम्पोजिट विद्यालय रूसिया डीघरूवा(अमौली) श्री कमल किशोर, कॉम्पोजिट विद्यालय दौलतियापुर बनियानी(खजुहा) श्री राजेश कुमार सिंह एवं उच्च प्राथमिक विद्यालय चौहट्टा चितीसापुर(भिटौरा) श्री भईयालाल मौर्य एवं 05 ग्राम प्रधानों यथा कॉम्पोजिट विद्यालय जहांगीर नगर(धाता) श्रीमती मोमना बानो, कॉम्पोजिट विद्यालय सलेमाबाद (तेलियानी) नीतू सिंह, प्राथमिक विद्यालय नवाबगंज निजामुद्दीनपुर (हथगाम) श्री रामू सिंह यादव, प्राथमिक विद्यालय उमरपुर(भिटौरा) श्रीमती सुनीता देवी एवं प्राथमिक विद्यालय जोगापुर(देवमयी) श्री अनुज कुमार तथा स्वच्छ विद्यालय पुरस्कार के अर्न्तगत उत्कृष्ट विकास खण्ड के 01 खण्ड शिक्षा अधिकारी(अमौली) तथा आपरेशन कायाकल्प के अर्न्तगत योगदान देने वाले अध्यापकों, प्रधानाध्यापकों के अलावा ओवरऑल स्कूल एवं उपश्रेणी में कुल 11 शिक्षकों को जिलाधिकारी श्रीमती अपूर्वा दुबे एवं मुख्य विकास अधिकारी से सत्य प्रकाश ने कलेक्ट्रेट महात्मा गांधी सभागार में स्वच्छ विद्यालय का प्रमाण पत्र, अंगवस्त्र एवं तुलसी का पौधा देकर सम्मानित/पुरस्कृत किया। जिलाधिकारी ने कहा कि जिन लोगो को पुरस्कृत किया गया है, जिम्मेदारी के साथ बच्चों को बेहरत शिक्षा दे जिससे अन्य विद्यालयों के अध्यापकों को भी सीख मिले। उन्होंने प्रार्थना का



पंचांग में सहयोग किया गया कि भूरी भूरी प्रसंसा की और कहा कि प्रार्थना का पंचाग का तीसरा चरण जल्द शुरू होने जा रहा है।
इस अवसर पर बेसिक शिक्षा अधिकारी, खंड शिक्षा अधिकारी, ग्राम प्रधान एवं शिक्षकधशिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

## जरूरतमंद मरीज के लिए किया बी पॉजिटिव रक्तदान

दैनिक अयोध्या टाइम्स फतेहपुर। मरीज नीतू तिवारी पत्नी संतोष तिवारी निवासी ग्राम पोस्ट दावतपुर जिला फतेहपुर है मरीज नीतू तिवारी जिला अस्पताल फतेहपुर में एडमिट है मरीज की डिलीवरी होनी है मरीज को रक्त की कमी होने के कारण डिलवरी रुकी है जिस कारण डॉक्टर ने मरीज को तुरंत दो यूनिट बी पॉजिटिव रक्त की अवश्यकता बताई। एक यूनिट रक्त मरीज के तीमारदार संतोष ने दिया दूसरे यूनिट के लिए परेशान थे तभी मरीज के तीमारदार को टीम सर्व फार ह्यूमैनिटी का नंबर मिला तुरंत टीम सर्व फार ह्यूमैनिटी टीम को फोन कर अपनी समस्या बताई टीम द्वारा केस की जांच कर सर्व फार ह्यूमैनिटी ग्रुप में डाला गया तुरंत सर्व फार ह्यूमैनिटी टीम के सदस्य अंकुश श्रीवास्तव जो कि रेडइया फतेहपुर के निवासी है तुरंत रक्तदान के लिए तैयार हो गए और जिला अस्पताल के रक्तकोष पहुच कर अपना बी पॉजिटिव रक्तदान किया जिससे मरीज के तीमारदार को एक यूनिट रक्त मिल सका।
टीम सर्व फार ह्यूमैनिटी द्वारा समय से जरूरतमंद को दी जा रही सेवाओ को देखते हुए मरीज के तीमारदार संतोष तिवारी ने टीम के कार्यो की सराहना की। टीम से गुरमीत सिंह,अभिलाष



मौर्य,नितिन पटेल,अमन सेठ , मरीज के तीमारदार संतोष तिवारी व रक्तकोष से सोशल सिंह व कमला उपस्थित रहे।

## रवि शेखर एवं जॉइंट कमिशनर संजय कुशवाह को दिया ज्ञापन

दैनिक अयोध्या टाइम्स टाइम्स ब्यूरो
आगरा,। 7 जुलाई को स्टेट जीएसटी कार्यालय में श्रीमती निर्मला सीतारमण वित्त मंत्री के नाम पर उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल जिला इकाई द्वारा स्टेट जीएसटी विभाग के अडिशनल कमिशनर ग्रेट दो कैलाश नारायन, जॉइंट कमिशनर के. एन. पाल, जॉइंट कमिशनर रवि शेखर एवं जॉइंट कमिशनर संजय कुशवाह को ज्ञापन दिया! जून 28 एवं 29 को हुयी जीएसटी कमेटी की बैठक में नॉन ब्रांडेड चावल आटा व खनन पर 5:



टैक्स लगाने का निर्णय लिया गया था हम समस्त गल्ला व्यापारी इस टैक्स को लगाने का घोर विरोध करते हैं गल्ला व्यापार करोना संकट के बाद वैसे ही मरणावस्था मैं है ऐसी अवस्था में टैक्स लगाने से व्यापारी पूरी तरह से चौपट हो जाएगा तथा व्यापारी भुखमरी की हालत मैं पहुँच जायेगा उ0 प्र0 उद्योग व्यापार मण्डल इस टैक्स को किसी भी रूप मे लागू नहीं होने देगा हम इस लड़ाई को आखरी सांस तक लड़ेंगे आम जनता की रोज की रोटी पर टैक्स लगाना न्याय संगत नहीं हैं। उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल की जिला इकाई जिलाध्यक्ष गिर्राज अग्रवाल, महामंत्री दीपक शर्मा, प्रदेश मंत्री राज कुमार गुरनानी मंडल अध्यक्ष निर्मल जैन,कोषाध्यक्ष डीसी मित्तल, युवा जिला अध्यक्ष सुनील जैन, युवा जिलामहामन्त्री योगेश रखबानी, जिला उपाध्यक्ष किशोर बुधरानी, मीडिया प्रभारी मेघराज दयलानी, जिलामंत्री सुलेमान भाई राजेंद्र सिंह आदि उपस्थित हुए।

## डॉ वरुण सिंह कटियार द्वारा 1 जुलाई (डॉक्टर्स डे) से 7 जुलाई तक चलाए गए निःशुल्क दंत चिकित्सा शिविर का आज हुआ समापन

मो मुनब्बर ब्यूरो चीफ
दैनिक अयोध्या टाइम्स कन्नौज
कन्नौज। विगत 10 वर्षो से लगातार डॉक्टर्स डे के उपलक्ष्य में डॉ वरुण सिंह कटियार द्वारा डेंट केयर डेंटल हॉस्पिटल, सरायमीरा कन्नौज में निःशुल्क दंत चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जा रहा है।जिसके अंतर्गत मरीजों के मुख व दांतो की निःशुल्क जांच व खराब दांत निकलवाने के इच्छुक मरीजों के दांत निःशुल्क निकाले जाते है। इसी क्रम में 2022 में भी 1 जुलाई से कैंप का शुभारंभ हुआ जिसमे आज 7 जुलाई को शाम 5 बजे समापन तक प्रथम दिन से आज तक कुल 221 मरीजों का निःशुल्क परीक्षण हुआ एवम उनमें से 16 मरीजों के निःशुल्क दांत निकाले गए। परीक्षण के दौरान एक मरीज को लक्षणों के आधार पर जीभ के कैंसर की संभावना भी बताई गई।
जिसकी पुष्टि जांच के उपरांत ही होगी व तीन ऐसे मरीज जिनका गुटखा व तंबाकू खाने की वजह से मुंह बंद हो चुका था। उनको इलाज की सलाह भी दी गई। डॉ वरुण सिंह कटियार द्वारा जनहित में यह कैंप इसलिए चलाया जा रहा जिससे दांतो का इलाज हर व्यक्ति तक पहुंचाया जा सके। कभी कभी डॉक्टर की फीस की वजह से मरीज दांतो की समस्या होने के बावजूद भी सलाह लेने नही जाता जिससे धीरे धीरे उनके दांत खराब हो जाते है और उपचार महंगा होता जाता है।दांतो की बीमारी का उपचार अगर समय पर करा लिया जाए तो खर्च न के बराबर होता है। इसलिए कृपया अपना और अपने परिवार के दांतो का परीक्षण वर्ष में दो बार अवश्य कराएं और दंत रोग जागरूकता अभियान के हमारे प्रयास में शामिल हो।

## विकास भवन परिसर में जनपद स्तरीय खरीफ गोष्ठी एवं तिलहन मेला का आयोजन किया गया





दैनिक अयोध्या टाइम्स फतेहपुर। मुख्य विकास अधिकारी श्री सत्य प्रकाश की अध्यक्षता में विकास भवन परिसर में जनपद स्तरीय खरीफ गोष्ठी एवं तिलहन मेला का आयोजन किया गया। मुख्य विकास अधिकारी ने दीप प्रज्जवलन कर गोष्ठीध्मेला का शुभारम्भ किया गया। गोष्ठीध्तिलहन मेला में कृषि,उद्यान,खादी ग्रामोद्योग,बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार, पशुपालन,इफको, मिश्रा बीज भण्डार,मत्स्य, रेशम,पी0जी0एस0 प्रमाणित जैविक उत्पाद,मृदा परीक्षण,प्रधानमंत्री फसल बीमा दित्यांगजन सशक्तीकरण आदि विभागों द्वारा स्टाल लगाये गये थे,जिनका निरीक्षण किया गया। उन्होंने ने खरीफ के लिये की गयी तैयारी की समीक्षा के साथ ही जनपद के किसानों से फीडबैक भी लिया गया।
मुख्य विकास अधिकारी ने गोष्ठी में आये हुए लोगों को सम्बोधित करते हुए कहा की जनपद स्तरीय खरीफ गोष्ठी के आयोजन का मुख्य उद्देश्य किसानों के सुझाव एवं उनकी समस्याओं को सुनकर उनका समाधान करना है। खरीफ हेतु आवश्यक निवेश, बीज, उर्वरक आदि की पर्याप्त उपलब्धता किसानों के पास समय से पहुँच जाए। उन्होने कहा कि वर्तमान में धान की रोपाई का कार्य चल रहा है, को दृष्टिगत रखते हुये निर्बाध रूप से विद्युत आपूर्ति की जाये। उन्होंने कहा कि दलहनी एवं तिलहनी फसलों की खेती को बढावा दिये जाने की आवश्यकता है। इनके द्वारा कहा गया कि बीज शोधन करके ही बोआई करें उससे रोग लगने की सम्भावना नहीं रहती है और उत्पादन में बढोत्तरी होती है। मुख्य विकास अधिकारी द्वारा किसानों की समस्याओं को सुना और प्राप्त शिकायतों का ससमय निरस्तारण करने हेतु सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया गया। गोष्ठी के प्रारम्भ में कृषि वैज्ञानिकों एवं प्रगतिशील किसानों के द्वारा वैज्ञानिक खेती किये जाने के सम्बन्ध में किसानों को जानकारी दी गयी। वैज्ञानिकों के द्वारा कम लागत में अधिक उत्पादन किये जाने के उपायों के बारे में विस्तार से कृषकों को जानकारी दी गयी तथा कृषकों को फसल चक्र अपनाने, बीज शोधन, प्राकृतिक खेती, मिट्टी की उर्वरा शक्ति बढाने सहित अन्य तकनीकी के बारे में विस्तार से जानकरी दी गयी। गौ आधारित प्राकृतिक खेती के अन्तर्गत एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य वक्ता डा0 विनोद कुमार सचान द्वारा विस्तृत रूप से जानकारी उपलब्ध करायी गयी। डा0 सचान द्वारा प्रदर्शन के माध्यम से बीजामृत, जीवामृत,घनामृत,दशपर्णी आदि का प्रदर्शन कराते हुये कृषकों को गौ आधारित प्राकृतिक खेती करने के सम्बन्ध में विस्तार पूर्वक जानकारी उपलब्ध करायी गयी। इस मौके पर आयोजित गोष्ठी में कृषकों को कृषि की उन्नत तकनीकी एवं विभिन्न योजनाओं के बारे में जानकारी प्रदान की गयी। उप कृषि निदेशक ने किसानों से फसल का बीमा अनिवार्य रूप से कराने की बात कही और फसल की बुआई लाइन में करने हेतु प्रेरित किया जिससे अधिक उत्पादन प्राप्त किया जा सके। उद्यान,पशुपालन,मत्स्य,लघु सिंचाई आदि विभागों द्वारा किसानों को अपने विभाग की जानकारी दी गयी। कृषि विज्ञान केन्द्र थरियॉव के वैज्ञानिक डा0 जगदीश किशोर द्वारा किसानों को नवीनतम फसल तकनीकी,फसल सुरक्षा, कम लागत में अधिक आय प्राप्त करने एवं फसल सुरक्षा के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी दी गयी।
खरीफ वर्ष 2021 में धान की फसल में हुयी क्षति हेतु जनपद के सर्वाधित क्षतिपूति राशि पाने वाले पॉच बीमित कृषक क्रमशः श्री रामप्रताप पुत्र श्री रामराज को रू0 61670–00, श्री शिवप्रताप पुत्र श्री अर्जुन को रू0 54534–00, श्री सुरेन्द्र पुत्र श्री रामविशाल को रू0 53256–00, श्री राजेन्द्र प्रसाद पुत्र श्री बाबू लाल को रू0 52841–00 एवं श्री रामसजीवन पुत्र श्री बाबू लाल को रू0 53405–00 का मुख्य विकास अधिकारी द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर खरीफ गोष्ठीधतिलहन मेला में कृषि विभाग एवं कृषि से सम्बद्व विभिन्न विभागों के अधिकारी,कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में प्रगतिशील किसानों ने भाग लिया।

## 75000 करने के लालच में युवक ने गंवाये 26000

दै, अयोध्या टाइम्स ब्यूरो फतेहपुर सीकरी। केनरा बैंक की शाखा में अपने खाते में 26000 जमां करने आये युवक को दो ठगो द्वारा अपनी बातों मे फंसाकर 26000 के 75000 करने का लालच देकर रूपयो के नाम पर रददी का बण्डल थमाकर रफूचक्कर हो गये। पीडित द्वारा थाना पुलिस को भी सूचना दी गयी। जिसपर सीसीटीवी कैमरो की फुटैज खंगाली जा रही हैं। बतादें ग्राम सोनोठी निवासी राजेन्द्र प्रसाद पुत्र बाबूलाल पांच जुलाई को केनरा बैंक की स्थानीय शाखा में 26000 हजार रूपये जमां करने आया था और रूपये जमां करने के लिये बैंक स्लिप भरने लगा। इसी दरम्यान दो युवक उसके पास आये और उससे अपनी जमां स्लिप भी करने को कहा इस पर राजेन्द्र तैयार हो गया। इसी दरम्यान दोनों युवको द्वारा उसे बातो में फंसाकर बैंक से बाहर ले जाया गया और धीरे–धीरे गैस एजेंसी से होते हुये मौहल्ला खिडकी आगा तक ले गये। वंहा उससे कहा के उनके पास डेढ लाख रूपये हैं इनको सेंन्ट्रल बैंक में जमां करना हैं। तुम इन्हे रख लो और 26000 रूपये हमें दे दो।
अभी डेढ लाख को जमां करके निकाल लेगें और तुम्हे 75000 दे देगें। राजेन्द्र उनकी बातो में फंस गया और अपने 26000 दे दिये दोनो युवक उसको रददी कागजो का बण्डल थमां कर सेन्ट्रल बैंक पर आने की कहकर रफूचक्कर हो गये। जब वह लौट कर आया उसने बण्डल खोलकर देखा तो उसमें रददी के कागज भरे देखकर उसका माथ ठिनक गया। ठग युवको की काफी तलाश की मगर कोई पता नही चल सका। ठगी का शिकार हुये युवक के पिता बाबूलाल ने बताया है कि उन्होने थाना पुलिस को भी सूचना दी हैं और सीसीटीवी कैमरो में राजेन्द्र को ले जाते हुये दोनो ठग दिख रहे हैं।

## पीड़ित प्रभात को आखिर कब मिलेगा इंसाफ, आलाधिकारियों ने आरोपियों को किया बरी

इटावा। जनपद के काशीराम कॉलोनी में रहने वाले पीड़ित प्रभात के साथ दबंगों के द्वारा जातिसूचक गालियां व मारपीट की गई थी जिसके बाद पीड़ित प्रभात के द्वारा संबंधित थाने में शिकायत पत्र देकर मुकदमा पंजीकृत कराया गया था पुलिस ने ब–ज सहित अन्य धाराओं में मुकदमा पंजीकृत किया था लेकिन प्रभात को इंसाफ नहीं मिल पाया है। वजह क्या है अधिकारियों ने जांच में अपराधियों को बरी कर दिया पीड़ित प्रभात की बात की जाए तो पीड़ित प्रभात एक गरीब परिवार का लड़का है जो मजदूरी कर कर अपने परिवार का पालन पोषण करता है वह रोज की तरह उस दिन भी काम पर जा रहा था तभी नामजद लोगों के द्वारा उसको रोका गया और उसे जातिसूचक गालियां दी गई जब उसने इसका विरोध किया तो उसके साथ दबंगो के द्वारा मारपीट की गई प्रभात रोता हुआ संबंधित थाने में पहुंचा और पुलिस से न्याय की गुहार लगाई थाना पुलिस के द्वारा मुकदमा पंजीकृत किया गया पुलिस के द्वारा जब विवेचना और जांच की गई तो आरोपियों को बरी कर दिया गया पीड़ित प्रभात बताता है कि उसे अपनी जान का खतरा सताता रहता है क्योंकि नामजद लोग उसे जान से मारने की धमकी देते हैं अब सवाल तो उठता है इटावा के आला अधिकारियों के ऊपर की गरीब प्रभात को आखिर कब इंसाफ मिलेगा, अब देखना यह भी होगा कि खबर चलने के बाद प्रशासनिक अधिकारी इस पर क्या कार्रवाई करते हैं क्या वाकई में दबंगों के खिलाफ कार्रवाई होगी या पुलिस खानापूर्ति कर फाइल को बंद कर देगी।


## जिलाधिकारी व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने क्षतिग्रस्त चम्बल पुल व चकरनगर का किया निरीक्षण

चन्द्रप्रताप सिंह जिला संवाददाता दैनिक अयोध्या टाइम्स इटावा। जनपद के नवनियुक्त जिलाधिकारी अवनीश कुमार राय एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जय प्रकाश सिंह ने थाना बढ़पुरा क्षेत्र के चंबल नदी पुल पर हो रहे मरम्मत कार्य का किया निरीक्षण। अधिकारियों को गुणवत्तापूर्ण कार्य के लिये किया निर्देशित। इसके बाद सहसों चकरनगर चंबल नदी पुल का किया निरीक्षण। साथ ही साथ थाना सहसों क्षेत्र अंतर्गत हनुमंतपुरा चौकी क्षेत्र में भारी वाहनों के आवागमन को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान अपर जिलाधिकारी जयप्रकाश, अपर पुलिस अधीक्षक नगर कपिल देव सिंह,क्षेत्राधिकारी चकरनगर राकेश वशिष्ठ,ए आर टी ओ इटावा व अन्य प्रशासनिक व पुलिस अधिकारी उपस्थित रहे।



## नगर पंचायत इकदिल में निगरानी समिति की बैठक हुयी सम्पन्न

अनिल कुमार ब्यूरो चीफ
दैनिक अयोध्या टाइम्स इटावा
इकदिल,इटावा। आदर्श नगर पंचायत इकदिल में निगरानी समिति की बैठक अध्यक्ष डा. सौरभ दीक्षित की अध्यक्षता में संपन्न हुयी। बैठक में अधिशाषी अधिकारी संजय कुमार ने उपस्थित सदस्यों से नगर की सफाई, रोशनी व गलियों की मरम्मत आदि समस्यायों के बारे में जानकारी ली। बैठक में सदस्यों ने नगर की साफ सफाई व्यवस्था को संतोषजनक बताया। अधिशाषी अधिकारी ने कहा कि जो भी समस्यायें हैं उनका



शीघ्र ही निस्तारण किया जाएगा।
उन्होंने जलभराव की समस्या के बारें में भी चर्चा की। उन्होंने कहा कि जल भराव से निपटने के लिए नगर के सभी वार्डों में नालियों की सफाई व नालों की सफाई करायी जा रही है। इसके अलावा नगर के अन्य विकास कार्यों पर भी विचार विमर्श किया गया। बैठक में सभासद डा. सुशील सम्राट, सभासद गुलाब देवी, आनंद स्वरूप, सभासद राम प्रबल, सभासद मु.निजाम, सभासद सभासद प्रतिनिधि शहजाद, सभासद प्रतिनिधि जीपू शाक्य आदि सहित नगर पंचायत के कर्मचारी उपस्थित थे।

## पूर्व चौयरमेन रंजना यादव व सपा नेता गुल्लू यादव के नेतृत्व में किया गया वृक्षारोपण

चन्द्रप्रताप सिंह जिला संवाददाता
दैनिक अयोध्या टाइम्स इटावा
भरथना,इटावा। प्रदेश भर में चल रहे तीन दिवसीय वृक्षारोपण अभियान के क्रम में भरथना क्षेत्र के उद्योगपति सपा नेता अजय कुमार गुल्लू यादव व भरथना नगर पालिका परिषद की लोकप्रिय पूर्व चेयरमैन रंजना यादव ने बतौर मुख्यातिथि नगर की सर्वोत्तम शिक्षण संस्था कैंब्रिज मोंटसरी प्री–स्कूल में विभिन्न प्रजातियों के वृक्ष रोपित कर अभियान को गति प्रदान की है। इस अवसर पर भरथना नगर क्षेत्र के उद्योगपति सपा नेता अजय कुमार गुल्लू यादव ने वृक्षारोपण करते हुए कहा है कि वृक्ष पृथ्वी के आभूषण होते है साथ ही वृक्ष हमें शुद्ध पर्यावरण उपलब्द कराकर हमें रोग मुक्त रखने में सहायक होते हैं। उन्होंने बताया इन पौधों से हमें विभिन्न प्रकार की जड़ी बूटियां भी उपलब्द होती है,जोकि विभिन्न घातक बीमारियों के इलाज में प्रमुखता से उपयोग में लाई जातीं हैं। श्री यादव ने कहा है कि प्रत्येक व्यक्ति को पर्यावरण शुद्ध रखने के लिए पौध रोपण जरूर करना चाहिए।
वहीं भरथना नगर पालिका परिषद की पूर्व चेयरमैन रंजना यादव ने कहा है जिस तरह लोग अपने आभूषण और धन सहित बच्चों की सुरक्षा और देख भाल करते हैं उसी तरह प्रत्येक व्यक्ति को पृथ्वी के इन आभूषणों की भी सुरक्षा और देख भाल करनी चाहिए,इनके सुरक्षित रहने पर हमें जीवन भर शुद्ध पर्यावरण मिलता रहेगा। वृक्षारोपण के इस क्रम में भरथना नगर पालिका परिषद के अधिशाषी अधिकारी राम आसरे कमल ने नगर के कई पार्कों और सार्वजनिक स्थानों पर विभिन्न प्रजातियों फल–फूल व छायादार पौधों का रोपण कर वृक्षारोपण अभियान को गति प्रदान की है। वृक्षारोपण के दौरान स्कूल प्रशासन के अंकित यादव, सार्थक यादव छोटू,राजेश यादव पण्डा,शिवांग तिमोरी,शिवम सिंह सर्वेश यादव आदि के अलावा पालिका के अधिशाषी अधिकारी श्री कमल के साथ लेखाकार अवधेश तिवारी, आदित्य प्रताप रामजी भदौरिया, अरविन्द रावत,शाहिद खाँ आदि की मौजूदगी उल्लेखनीय रही।



## मीट योर ऑफिसर कार्यक्रम के तहत सीपी ने कुल्टी में लोगों की समस्या सुना



कुल्टी। आसनसोल दुर्गापुर पुलिस कमिश्नरेट के पुलिस अयुक्त सुधीर कुमार नीलकंठम गुरुवार को कुल्टी थाना में मीट योर ऑफिसर कार्यक्रम के तहत कुल्टी थाना पहुच लोगो की समस्या सुनी। इस दौरान डीसीपी अभिषेख मोदी एसीपी सुकान्त बनर्जी, आईसी कुल्टी कृष्णेन्दू दत्तो मुख्य रूप से शामिल थे। मालूम हो कि पूरे आसनसोल दुर्गापुर पुलिस कमिश्नरेट क्षेत्र के सभी थाना में कमिश्नरेट के अधिकारी सीपी, डीसीपी, एसीपी, पहुच मीट योर ऑफिसर कार्यक्रम में लोगो से सीधे वार्ता कर उनकी समस्या का समाधान करने का प्रयाश करेंगे। जहा गुरुवार को आयोजित कुल्टी थाने में सीपी सुधीर कुमार नीलकंठम ने बराकर चेम्बर ऑफ कोमर्ष, नियामतपुर चेम्बर ऑफ कोमर्ष, नियामतपुर मर्चेंट चेम्बर ऑफ कोमर्ष, सहित स्थानीय लोगो से मिलकर उनकी समस्या सुनी। सभी ने अपनी ओर से मिलकर कमिश्नर का स्वागत किया। इस दौरान कमिश्नर सुधीर कुमार नीलकंठम ने सभी सदस्यों से उनकी समस्या जानने की कोशिश की। जहा ब्यवसाई की ओर से सभी ने अपनी ओर से जो भी समस्या थी उसको सामने रखा। वही कुल्टी क्षेत्र के आम नागरिक से भी समस्या को लेकर सीधी बातचीत अधिकारी ने की। इस दौरान कुल्टी के बराकर के ओर नियामतपुर , सलानपुर के पत्रकारों से भी अपनी समस्या को लेकर उन्होंने खुल कर बातचीत की।

जहा उन्होंने सभी के समस्या के हल की जानकारी भी दी। इस मीट योर ऑफिसर कार्यक्रम को सभी ने काफी सराहा। इस दौरान कुल्टी थाना क्षेत्र के सभी फाडी प्रभारी मुख्य रूप से शामिल थे।

## जिलाधिकारी,श्री शीर्षत कपिल अशोक की अध्यक्षता में डॉ राधाकृष्णन सभागार,पूर्वी चम्पारण में जिला अनुमंडल प्रखंड स्तर के प्रशासनिक पदाधिकारियों के साथ भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) के बारे में जागरूकता संवेदीकरण कार्य्रक्रम का आयोजन किया गया



(रवि कुमार भार्गव राज्य को आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार)
भारतीय मानक ब्यूरो,पटना शाखा कार्यालय के तत्वावधान में जिलाधिकारी,श्री शीर्षत कपिल अशोक की अध्यक्षता में डॉ राधाकृष्णन सभागार,पूर्वी चम्पारण में जिला/अनुमंडल /प्रखंड स्तर के प्रशासनिक पदाधिकारियों के साथ भारतीय मानक ब्यूरो ( बीआईएस) के बारे में जागरूकता/संवेदीकरण कार्य्रक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान जिला प्रशासन के सभी अधिकारियों को बीआईएस के कार्यकलापों, मानकीकरण, आईएसआई मार्क, हॉलमार्किंग, प्रयोगशाला एवं टेस्टींग, प्रशिक्षण सुविधा मैनेजमेन्ट सिस्टम सर्टिफिकेशसन के सन्दर्भ में जानकारियां प्रदान की गई । इसके साथ–साथ बीआईएस केयर एप, मोबाईल द्वारा निरीक्षण सुविधा दृ ई–बीआईएस, मानक ऑनलाई.इन (E-BIS] MANAKONLINE-IN) पोर्टल अपनी मानक शिकायत प्रबंधन प्रणाली को जानें (Know Your Standard,complaint management system) एवं अन्य ऑनलाईन सुविधाओं की जानकारी दी गई ।इसके साथ ही अधिकारियों के उपयोग में आने वाली एवं सरकारी खरीदों में प्रयुक्त होने वाले सामान्य उत्पादों के बारे में जानकारी दी गई। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त, श्री कमलेश कुमार सिंह,अपर समाहर्ता, श्री अनिल कुमार, भारतीय मानक ब्यूरो के श्री नीरज कुमार महतो, वैज्ञानिक बी एवं श्री जीतेश कुमार, वैज्ञानिक बी,प्रशांत कुमार तिवारी,स्टैण्डर्ड प्रमोशन अधिकारी, श्री एस के गुप्ता, वैज्ञानिक ई एवं प्रमुख (पटना शाखा कार्यालय) ,के अलावा अन्य प्रशासनिक पदाधिकारी उपस्थित थे।

## कुल्टी से चोरी एवं खोए 60 मोबाइल लोगों को लौटाया

कुल्टी। आसनसोल दुर्गापुर पुलिस के कुल्टी थाना पुलिस ने कुल्टी थाना के विभिन्न क्षेत्रों से चोरी हुए 60 मोबाइल फोन बरामद कर लोगो को सुपुर्द किया। गुरुवार को कुल्टी थाना में मीट योर ऑफिसर कार्यक्रम में उपस्थित आसनसोल दुर्गापुर पुलिस कमिश्नरेट सुधीर कुमार नीलकंठम ने स्वयं अपने हाथों से 60 लोगो को उनके चोरी हुए या रास्ते मे खोए हुए मोबाइल लौटाया। वही कमिश्नर ने माध्यमिक में अव्वल अंक प्राप्त करने वाले छेत्र के चार छात्र छात्राओ को पुरस्कृत भी किया। जिसमे रिमेल टुडु कुल्टी बॉयज स्कूल 488 अंक, नमिला माझी एन डी राष्ट्रीय विद्यालय 337 अंक अनिता मरांडी 337, जे हांसदा 402 अंक प्राप्त किये । इस कार्यक्रम में पुलिस ने अपने ही सीभीक पुलिस अनवर अली को भी उनका खोया हुआ मोबाइल लौटाया।वही वर्ष 2020 से 2022 तक कुल्टी के विभिन्न क्षेत्र से चोरी और खोए हुए मोबाइल के एफआईआर के आधार पर लोगो वापश किया। मोबाइल के पाए जाने पर लोगो के मन मे खुशी साफ दिखाई दे रही थी। जहा सभी ने पुलिस की जमकर तारीफ की। कई लोगो ने बताया कि हमलोगों ने



अपने मोबाइल को पाने की आशा छोड़ दी थी। परंतु पुलिस की अहम प्रयाश से हमलोगों का मोबाइल वापस आया। मालूम हो कि इससे पहले भी कुल्टी पुलिस की ओर से चोरी और खोए हुए मोबाइल लोगो को थाना से इसी प्रकार वापश किये गए।

## बराकर आरपीएफ द्वारा रन फॉर यूनिटी का आयोजन

बराकर। बराकर आरपीएफ द्वारा गुरुवार की सुबह अजादी के अमृत महोत्सव कार्यक्रम के तहत एकता रैली निकाला गया । एकता रैली मे बराकर चेम्बर ऑफ कार्मस के सदस्यों ने भी उपस्थित होकर अपना सहयोग दिया । रैली बराकर रेलवे स्टेशन परिसर स्थित हनुमान मंदिर से आरम्भ होकर बेगुनिया बाजार के रास्तों बेगुनिया पेट्रोल पंप तक गया ।इस अवसर पर बराकर आरपीएफ निरीक्षक प्रभारी पीके शाहा ने कहा कि यह रैली सभी स्टेशनों पर आयोजित किया जा रहा है ।आज के रैली मे बराकर , कुमारधुबी, थापारनगर, मुगमा, कालूबथान, कुल्टी के आरपीएफ जवानों ने अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई । इस अवसर



पर आरपीएफ के एसआई आजिम खान, एएसआई एसके तिवारी, एके सिंह, जवान टी दत्ता, ए महतो, एके तिवारी, अभिषेक कुमार समेत अन्य कई जवान उपस्थित थे। वही बराकर चेम्बर ऑफ कार्मस की ओर से चेम्बर अध्यक्ष शिव कुमार अग्रवाल,सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे ।

## पेड़ से लटकता शव मिलने पर गांव में पसरा सन्नाटा



दैनिक अयोध्या टाइम्स से नरकटियागंज संवाददाता दीपू साह नरकटियागंज पश्चिमी चंपारण के अनुमंडल के सुगौली पंचायत स्थित लौकरिया गांव के प्राथमिक विद्यालय के उत्तर साइड आम के बगीचे में पेड़ से लटकते शव को देखकर पूरे गांव में जहां चर्चा का विषय बना हुआ है वही मरने वाले के परिजनों में शोक की लहर है तो वही मृतक के परिजनों ने बताया कि राजेश पटेल की हत्या कर शव को पेड़ से लटका दिया गया है बता दें कि बृहस्पतिवार की सुबह जब गांव के लोग शौच करने बाहर जा रहे थे तो आम के बगीचे में राजेश पटेल उम्र लगभग 26 वर्ष का लटकते शव को देखा इस घटना की सूचना तत्काल शिकारपुर थाना को दिया गया जहां सूचना मिलते ही शिकारपुर थाना अध्यक्ष अजय कुमार और शिकारपुर थाना के एसआई भीम प्रसाद घटनास्थल पर पहुंचकर शव को अपने कब्जे में लेकर मामले की छानबीन करना शुरू कर दिया।

मिली जानकारी के अनुसार बताया जाता है कि राजेश पटेल के पिता चंद्रदेव पटेल की भी पूर्व में निर्मम हत्या हुई थी जिसको लेकर मरने वाले युवक राजेश पटेल की हत्या की आशंका जताई जा रही है फिलहाल डेड बड़ी को शिकारपुर थाना अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया है आगे जांच पड़ताल चल रही है जबकि घटनास्थल पर 1 जोड़ी चप्पल और जिस फंदे से लटका हुआ शव मिला वह फंदा पीला कलर का जो टेंट हाउस का पंडाल के बांधने वाले कपड़े के फंदे से लटका हुआ था जबकि घटनास्थल पर मृतक युवक से बरामद हुए सैमसंग का छोटा मोबाइल जिसमें सिम नहीं था हरी नगर से नरकटियागंज का ट्रेन टिकट मैन फोर्स 100 मेडिसिन टेबलेट 200 नगद आदि सामान बरामद हुआ।

इस मामले में शिकारपुर थाना शव को अपने कब्जे में लेकर अग्रेत्तर कार्यवाही की जा रही है इस घटना को लेकर पूरे पंचायत और गांव में चर्चा का विषय बना हुआ है हत्या है या आत्महत्या।

## अभाविप के कार्यकर्ताओं में सुपौल से 4 पूर्णकालिक बनने पर कार्यकर्ताओं में खुशी का माहौल

(सुवेश राज अनुमंडल ब्यूरो चीफ दैनिक अयोध्या टाइम्स सुपौल )
सुपौल। अभाविप प्रदेश कार्यालय पटना में अभाविप के 75 वर्ष पूरे होने पर अमृत महोत्सव के अवसर पर प्रदेश के विभिन्न जिलों से निकलने वाले अभाविप के विस्तार का बैठक आयोजित किया गया । जिसमें पूर्णकालिक अभाविप कार्यकर्ताओं को विस्तार क्षेत्र के दायित्व प्रदान किए गए । जिसमें अभिषेक यादव बिहार के प्रदेश मंत्री अभाविप को पूर्णिया के विस्तारक ,अभय कुमार नगर सह मंत्री अभाविप सुपौल , को फारबिसगंज के विस्तारक , शंकर कुमार जिला "है संयोजक अभाविप सुपौल को सहरसा के विस्तारक , मयंक वर्मा पूर्व राष्ट्रीय कला मंच जिला संयोजक अभाविप सुपौल को भागलपुर विस्तारक , आशीष झा पूर्व जिला संयोजक अभाविप सुपौल को कटिहार के विस्तारक बनाए जाने पर शिव जी अभाविप प्रदेश कार्य कार्यकारिणी सदस्य ने प्रदेश कार्यालय का आभार व्यक्त किया और उन्होंने कहा ष्वलोजलाएंदीपवहांजहांअभीभीअंधे राहे ८ संगठन के पूर्णकालिक संगठन समस्त कार्यकर्ताओं के लिए संत स्वरूप होते हैं सौभाग्य है हमारे सुपौल जिला का जहां से हमारे भाई ने अपना तन मन धन सारा अपने संगठन को प्रदान किया इसके लिए सभी भाइयों को बहुत–बहुत बधाई एवं शुभकामनाएं। रंजीत झा नगर मंत्री नगर इकाई सुपौल अभाविप ने काकी हम सभी कार्यकर्ता बहुत ही प्रसन्न हैं की हमारे कुछ भाई पूर्णकालिक दायित्व वान बने हैं इसके लिए उन्हें बहुत–बहुत बधाई। सुरेश कुमार सुमन जिला महामंत्री भाजपा सुपौल ने कहा कि दिल में राष्ट्रभक्ति हो और अंग्रेजों से मिले प्रेरणा तपस्वी सजीवन कटीली राहों से चलकर समाज सुधारक कार्य अपना जीवन संगठन को दान करना ऐसे निर्णय लेने वाले बिहार प्रांत अभाविप के 24 साधकों सहित सुपौल जिला से पहली बार चार अनुज निकले सभी को बहुत–बहुत शुभकामनाएं आप सभी ने जिस जिले में कभी हमने भी कार्य किया था उसे गौरवान्वित किया है आपके त्याग से समाज को नई दिशा में ले इस उत्कृष्ट कार्य के लिए बार–बार बधाई एवं शुभकामनाएं। वही सुमन कुमार जिला मंत्री भाजपा सुपौल ने कहा कि यह विश्व में सबसे बड़ी संगठन है यह संगठन हर क्षेत्र में काम करती है और अभाविप सिर्फ शिक्षा व्यवस्था ही नहीं बल्कि अमृत महोत्सव हो या फिर रक्तदान हर क्षेत्र के लिए काम करते हैं इनके कार्यकर्ता पूर्णकालिक अनुज को मैं ढेर सारी शुभकामनाएं देता हूं । जिन्हें छात्र शक्ति राष्ट्र शक्ति और नेशन फर्स्ट को सकारा है । वैसे ऊर्जावान कार्यकर्ता जिले से आ गया है इसके लिए उन्हें दिल से धन्यवाद। वही आलोक कुमार छात्र नेता अभाविप सुपौल ने अपने



सभी कार्यकर्ता सहित गर्मजोशी के साथ पूर्ण कालिक कार्यकर्त्ता का फूल माला के साथ स्वागत किया एवं आगे की राह पर सतत आगे बढ़ते रहने की शुभकामनाएं दी । मौके पर उपस्थित कार्यकर्ता सोहन कुमार , मयंक, मुकेश, रवि राज , राजेश , राजू , अनुपम , अंकित कुमार आदि दर्जनों कार्यकर्ता

## डॉ मोहम्मद जावेद,माननीय सांसद,लोकसभा क्षेत्र किशनगंज की अध्यक्षता में दिनांक 07.07.2022 को जिला विकास समन्वय एवं अनुश्रवण समिति (दिशा) की बैठक आयोजित की गई



(रवि कुमार भार्गव राज्य को आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार)
डॉ० मोहम्मद जावेद, माननीय सांसद, लोकसभा क्षेत्र किशनगंज की अध्यक्षता में दिनांक 07.07.2022 को जिला विकास समन्वय एवं अनुश्रवण समिति (दिशा) की बैठक आयोजित की गई। उप विकास आयुक्त, किशनगंज द्वारा माननीय सांसद को पौधा भेंट कर स्वागत किया गया। इसके पश्चात बैठक की कार्यवाही आरंभ की गई। सर्वप्रथम बैठक में दिनांक – 28.04. 2022 को आहूत बैठक में दिये गये निर्देश का अनुपालन पूर्ण कराने का निर्देश दिया गया। माननीय सांसद महोदय के समक्ष नये राशन कार्ड के निर्गमन एवं संशोधन से संबंधित आवेदन पत्र आर. टी.पी.एस. काउन्टर पर नहीं लिये जाने संबंधी शिकायत को गंभीरता से लिया गया। सभी प्रखण्ड विकास पदाधिकारियों को आर.टी.पी.एस. काउन्टर पर नये राशन कार्ड निर्गमन एवं संशोधन से संबंधित आवेदन पत्र ऑफलाईन जमा लेने का निर्देश दिया गया । शिक्षा विभाग से संबंधित मामलों में शिकायत प्राप्त हुआ कि अधिकांश विद्यालयों में शिक्षकों का आभाव है, जिससे बच्चों की पढ़ाई बाधित हो रही है। जिला शिक्षा पदाधिकारी, किशनगंज के द्वारा बैठक में बताया गया कि जिले में सातवें चरण के शिक्षण नियोजन की कार्रवाई प्रक्रियाधीन है। शीघ्र ही योग्य शिक्षकों का नियोजन होने की संभावना है इससे विद्यालय में शिक्षकों की कमी पूरी हो जायेगी।बैठक में जिला खनन विकास पदाधिकारी, किशनगंज को निर्देश दिया गया कि जिले में बालू घाटों पर विभाग द्वारा निर्धारित मानक के विपरित अवैध खनन पर सतत निगरानी रखने का निदेश दिया गया। माननीय सांसद महोदय द्वारा बाढ़ की संभावना को देखते हुए जिले के सभी तटबंधो को दुरूस्त करने का निदेश दिया गया ।बैठक में सहायक निदेशक, जिला सामाजिक सुरक्षा कोषांग, किशनगंज के द्वारा बताया गया कि दिव्यांगजनों को बैट्रिक संचालित ट्राय साईकिल हेतु ऑनलाईन आवेदन के माध्यम से पंजीकरण हो रहा है, जिसमें प्रथम आओ, प्रथम पाओ के तर्ज पर लाभ प्रदान किया जाना है। बैठक में अध्यक्ष जिला परिषद किशनगंज, माननीय विधायक बहादुरगंज, माननीय विधायक किशनगंज, निदेशक डी. आर.डी.ए. किशनगंज, जिला शिक्षा पदाधिकारी किशनगंज, जिला आपूर्ति पदाधिकारी किशनगंज, जिला खनन विकास पदाधिकारी किशनगंज, जिला योजना पदाधिकारी किशनगंज, जिला सहकारिता पदाधिकारी किशनगंज, सहायक निदेशक जिला सामाजिक सुरक्षा कोषांग किशनगंज एवं अन्य पदाधिकारी/कर्मी उपस्थित थे। अंत में सधन्यवाद बैठक की कार्यवाही समाप्त की गई।

## तबादले पर आइसीपी प्रबंधक ज्ञानेन्द्र कुमार सिंह को भाविप ने दी भावभीनी विदाई

(डा मनीष कुमार सिंह संवाददाता अयोध्या टाइम्स मोतिहारी पूर्वी चम्पारण) रक्सौल। भारत विकास परिषद शाखा रक्सौल के तत्वावधान में आइसीपी प्रबंधक ज्ञानेन्द्र कुमार सिंह के स्थानांतरण पर आइसीपी परिसर में विदाई समारोह आयोजित किया गया ।इस मौके पर परिषद के अध्यक्ष डॉ. राजेन्द्र प्रसाद सिंह , संरक्षक अवधेश सिंह , संरक्षक महेश अग्रवाल , प्रांतीय संगठन सचिव उमेश सिकारिया ,सचिव नीतेश कुमार सिंह , सेवा संयोजक योगेंद्र प्रसाद , पूर्व अनुमंडलीय अस्पताल अधीक्षक डॉ.एस.के.सिंह ,द्वारिका सर्राफ, संगठन सचिव विजय कुमार साह , दिनेश प्रसाद, मनोज सिंह, अजय कुमार तथा मीडिया प्रभारी रजनीश प्रियदर्शी द्वारा ज्ञानेन्द्र कुमार सिंह को माल्यार्पण कर , दुशाला ओढ़ाकर , स्मृति–चिन्ह प्रशस्ति –पत्र तथा अध्यात्म से जुड़ी पुस्तकें भेंट कर सम्मानित किया गया ।परिषद के अध्यक्ष डॉ. राजेन्द्र प्रसाद सिंह ने विदाई समारोह में निवर्तमान प्रबंधक महोदय के कार्य काल की प्रशंसा करते हुए उनकी मृदुभाषिता एवं मिलनसार व्यक्तित्व की चर्चा की ।वहीं परिषद के संरक्षक अवधेश सिंह ने कहा कि श्री ज्ञानेन्द्र जी के चुम्बकीय आकर्षण है जो एक बार उनसे मिल ले वह उनका मुरीद हो जाता है। महेश अग्रवाल ने कहा कि ज्ञानेन्द्र सर से जुड़ी स्मृतियां सदा हमारे जेहन में रहेंगी। डॉ.एस.के.सिंह ने नये सफर के लिए बधाई तथा उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी। वहीं मीडिया प्रभारी रजनीश प्रियदर्शी ने कहा कि श्री ज्ञानेन्द्र जी का संपूर्ण व्यक्तित्व परिषद के लिए प्रेरणास्रोत रहा। वे कुशल प्रशासक के साथ साहित्य ,कला , संस्कृति एवं समाज के प्रति उनका गहरा लगाव तथा कुछ करने की छटपटाहट ने उन्हें परिषद के बेहद करीब ला दिया ।आज जितनी आत्मीयता से उन्होंने परिषद को आमंत्रित कर आइसीपी परिसर में जितने कार्यक्रम आयोजित हुए वे परिषद के लिए मील का पत्थर साबित हुए तथा परिषद रक्सौल अनुमंडल में सिरमौर बनने की दिशा में अग्रसर होने में सफल हुआ है। श्री प्रियदर्शी ने उनके प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए इस बात को रेखांकित किया भले ही आपका तबादला हो गया है



लेकिन आपका सरल , सहज , व्यक्तित्व , प्रकृति के प्रति प्रेम , पर्यावरण के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए सतत् सचेष्ट होना तथा सामाजिक संस्थाओं से एक भावनात्मक संबंध जोड़ना तथा उनको सहयोग कर समाज को एक नयी दिशा देने में अहम भूमिका निभाने का यह भाव सदा–सर्वदा हमारे दिलों पर अमिट छाप के रूप में अंकित रहेगा ।वहीं निवर्तमान आइसीपी प्रबंधक ज्ञानेन्द्र कुमार सिंह ने अपनी विदाई पर भावुक होते हुए कहा कि भारत विकास परिषद के सभी सदस्यों ने जितना सम्मान दिया तथा उनके सहयोग से जितने भी कार्यक्रम आइसीपी परिसर में संपादित हुए वे सभी काफी सराहनीय व अनुकरणीय रहे।

विदाई कार्यक्रम की इस बेला में परिषद के सभी पदाधिकारियों एवं सदस्यों के प्रति आभार करते हुए कहा कि भारत विकास परिषद रक्सौल के सभी निष्ठावान सदस्य सपरिवार सकुशल रहते हुए समाज व राष्ट्र की निरूस्वार्थ भाव का अलख जगाये रखें साथ ही आने वाली पीढ़ी को भी समाज व राष्ट्र सेवा के लिए प्रेरित करते रहें। इसकी जानकारी परिषद के मीडिया प्रभारी रजनीश प्रियदर्शी ने दी है।

## सामाजिक अंकेक्षण प्रक्रिया अंतर्गत प्रखंड स्तरीय जनसुनवाई में भाग लेने के संबंध मे

(दैनिक अयोध्या टाइम्स–विजय बैठा पुरनहिया प्रखंड) पुरनहिया,शिवहर। सामाजिक अंकेक्षण प्रक्रिया अंतर्गत प्रखंड स्तरीय दिनांक 07ध07ध2022 को जनसुनवाई में भाग लेने वाले माननीय समिति प्रमुख पूर्णिया मुखिया गण ,सभी पंचायत समिति, सदस्य कार्यक्रम पदाधिकारी, मनरेगा प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी ,प्रखंड समन्वय एल एस बी ए अभियंता अभियंता पी एच इ डी सभी मीडिया कर्मी उपस्थित रहे। उपयुक्त विषय प्रासंगिक पत्र के आलोक में कहना है की पुरनहिया प्रखंड मनरेगा प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान राष्ट्रीय अधिनियम (जन वितरण प्रणाली दुकान) एवं लोक लो स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग द्वारा हर घर जल नल निश्चय योजना का सामाजिक अंकेक्षण कराया गया है अंकेक्षण प्रक्रिया अंतर्गत प्रखंड 07/07/2022को जनसुनवाई आयोजन किया गया।



# संक्षिप्त समाचार

## सीतारामपुर आरपीएफ द्वारा स्टेशन परिसर में पानी का बोतल वितरण एवं सफाई अभियान चलाया गया

नियामतपुर रू पूर्व रेलवे आसनसोल मंडल अंतर्गत विभिन्न स्टेशनो में आजादी के अमृत महोत्सव के तहत कई कार्यक्रमों आयोजन किया जा



रहा है. इसी के क्रम में सीतारामपुर रेलवे स्टेशन में आसनसोल के एक एनजीओ के सहयोग से गुरुवार को कई कार्यक्रम आयोजित किए गए. जिसमें पहले सीतारामपुर स्टेशन में सीताराम पुर आरपीएफ निरीक्षक प्रभारी लखन मीणा के नेतृत्व में जलसेवा कार्यक्रम का आयोजन किया गया. जहां भीषण गर्मी में स्टेशन में आने जाने वाले राहगीरों में पानि का बोतल वितरण किया. उसके बाद स्वच्छ अभियान के तहत स्टेशन के बाहर एवं भीतर सफाई अभियान चलाया गया. इस दौरान कार्यक्रमों में निरीक्षक प्रभारी लखन मीणा के साथ सीतारामपुर आरपीएफ के कई कर्मचारी एवं स्टाफ शामिल थे।

## बराकर में फुटपाथ निर्माण कार्य का हुआ शिलान्यास

बराकर रू आसनसोल नगर निगम के वार्ड नंबर 67 में गुरुवार को फुटपाथ निर्माण कार्य का शिलान्यास किया गया। वार्ड नंबर 67 के बराकर बेगुनिया मोड़ से लखिया बाद तक फुटपाथ निर्माण कार्य का गुरुवार को स्थानीय पार्षद टूमपा चौधरी ने गेयता चलाकर



कर कार्यक्रमों का आधारशिला रखा। जहां पार्षद प्रतिनिधि राजा चौधरी, बराकर फाँडी प्रभारी राजशेखर मुखर्जी अली हुसैन, बारीक अंसारी, मुन्ना सहित कई तृणमूल कार्यकर्ता उपस्थित थे। इस दौरान पार्षद टूमपा चौधरी ने कहा कि आसनसोल नगर निगम की ओर से निर्गत किए गए 15 लाख रुपये राशि से इस कार्य को पूर्ण किया जाएगा. जहां लोगों बराकर में बाजार करने में काफी सुविधा होगी।

## आवास योजना की जिले में साप्ताहिक समीक्षा की जा रही, जिला को 13,264 से आवास बनाने का लक्ष्य

हरिओम राय (ब्यूरो चीफ अयोध्या टाइम्स कैमूर)। मिशन 10 लाख के प्रथम चरण मिशन 7 लाख अंतर्गत जिला को 13,264 से आवास बनाने का लक्ष्य दिया गया है। आवास कर्मियों का प्रतिदिन लोकेशन के साथ फोटो जिला के व्हाट्सएप ग्रुप में भेजने हेतु निर्देशित किया गया है। जबकि नियमित रूप से सप्ताह में दो दिन आवास दिवस का आयोजन किया जा रहा है। जिला स्तर पर वीडियो कांफ्रेंसिंग और समीक्षात्मक बैठक द्वारा सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं संबंधित कर्मियों को आवश्यक निर्देश दिए जा रहे हैं। इसके अलावा उप विकास आयुक्त एवं डीआरडीए निदेशक द्वारा आवास योजना की साप्ताहिक समीक्षा की जा रही है। प्रतिदिन के जियो टैग एवं एफटीओ निर्माण का प्रतिवेदन प्रखंडों से प्राप्त किया जा रहा है। जिला एवं सभी प्रखंड में किस्तों के भुगतान एवं आवास पूर्णता के अनुश्रवण हेतु वार रूम का गठन किया गया है। आवास सहायक एवं पर्यवेक्षक द्वारा आवास प्लस में चयनित सभी लाभुकों के साथ संपर्क स्थापित किया जा रहा है।आवास निर्माण के लक्ष्य को पूरा करने के लिए संबंधित आवास सहायकों को नियमित रूप से निर्देशित किया जा रहा है।

## स्काउट गाइड का प्रशिक्षण शिविर संपन्न हुआ

दैनिक अयोध्या टाइम्स सुमित सिंह शिवहर अनुमण्डल ब्यूरो चीफ। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार ठाकुर रामानंदन राजेंद्र उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में दिनांक 27/06/2022 से 06/07/2022 तक स्काउट गाइड का प्रशिक्षण शिविर प्रथम सोपान एवं द्वितीय सोपान का प्रशिक्षण संपन्न हुआ ! समापन समारोह का प्रारंभ झंडा तोलन एवं दीक्षा संस्कार के द्वारा किया गया तत्पश्चात विद्यालय के छात्र–छात्राओं द्वारा स्वागत गीत का भव्य प्रदर्शन किया गया एवं स्वागत भाषण प्रभारी प्रधानाध्यापक अनिल कुमार सिंह के द्वारा प्रस्तुत किया गया,विभिन्न प्रकार के प्रस्तुति छात्र–छात्राओं के द्वारा तैयारी की गई थी ! स्काउट गाइड के छात्र–छात्राओं के द्वारा किए गए देशभक्ति नृत्य को शिक्षकों ने सराहना की श्री अजय कुमार सिंह जिला संगठन आयुक्त शिवहर ने भविष्य में उन्होंने बेहतर शिक्षा देने की बात ! विद्यालय प्रभारी श्री सिंह ने विद्यालय के शैक्षणिक के साथ गैर शैक्षणिक गतिविधियों को अवगत कराते रहने की बात कहीं इस अवसर पर ,मुकेश बैठा ,मुनचुन बैठा अनिला साहनी. प्रवीण कुमार, रमन ,प्रभात कुमार, अटल बिहारी सिंह, विभूति कुमारअंजन, राजेश कुमार सिंह, ' 'मोहम्मद जावेद ,नीना, प्रभात ,जागृति कुमारी, सहित सैकड़ों की संख्या में स्काउट गाइड के छात्र छात्रा मौजूद थे ! इसकी जानकारी संगठन आयुक्त शिवहर बिहार राज्य भारत स्काउट और गाइड के संचालन कर्ता अजय कुमार सिंह ने दी है।

## विधायक ने भभटा व हैसुआ गांव में किया सड़क का उद्घाटन


☒ क्षेत्र का विकास ही सर्वोपरि : वीरेन्द्र प्रसाद गुप्ता
दैनिक अयोध्या टाइम्स से नरकटियागंज संवाददाता दीपू साह
नरकटियागंज पश्चिमी चंपारण भाकपा माले सिकटा विधायक वीरेन्द्र



प्रसाद गुप्ता ने विधान सभा क्षेत्र के साठी थाना अंतर्गत भभटा पंचायत के हैसुआ गांव के वार्ड संख्या 04 में नजीर देवान के घर से रहमतुल्लाह मियां के घर तक व भभटा गांव के वार्ड संख्या 09 में राजेश सिंह के घर से सुखदेव डोम के घर तक सड़क का शिलान्यास किया ।जहां माले विधायक ने ग्रामीणो को अश्वस्त करते विकास के प्रति किसी को मायूस होने की जरूरत नहीं है क्षेत्र में विकास निरंतर जारी रहेगा केवल आपलोग का आशिर्वाद व सहयोग का दरकार है ।उद्घाटन स्थल पर क्षेत्रीय अभियंता व ग्रामीणो के साथ स्थानीय जनप्रतिनिधि व सरपंच सरफराज आलम,शेख दरोगा,माले कारयकरता ममताज आलम,महमद राशीद व माले मिडिया प्रभारी यासिर अरफात व आरवाईए के जिला अध्यक्ष फरहान रजा मौजूद थे।

## कोरोना ने एक बार फिर गंभीर रूप ले लिया है

दैनिक अयोध्या टाइम्स सुमित सिंह शिवहर अनुमण्डल ब्यूरो चीफ। आप सभी को इस संदर्भ में जानकारी दे दिया जाए कोरोना ने एक बार फिर गंभीर रूप ले लिया है ! देश में पिछले 24 घंटों में कोरोना के 18,930 नए मामले सामने आए हैं और 35 मरीजों की मौत हो गई है!



यह केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के आंकड़ों से पता चला है! 4.32: रोजाना पॉजिटिविटी रेट के साथ, कुल एक्टिव मामलों की संख्या बढ़कर 1,19,457 हो गई है !

## लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी के आदेशों को दरकिनार कर रहे थाना अध्यक्ष



दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो चीफ महाराजगंज अनुमंडल विनय कुमार पाण्डेय सीवान। (महाराजगंज) थाना क्षेत्र के आद्या उच्च विद्यालय पटेढ़ी में आज छात्रों ने सड़क पर उतरकर महाराजगंज बसंतपुर मुख्य मार्ग को घंटो जामकर प्रदर्शन किएद्य छात्रों ने कहा की हमारे स्कूल के जमीन को लोग पकड़कर घर का नवनिर्माण करा रहे हैद्य लेकिन लगातार घर का काम शुरू हैद्य हमारे प्रिंसिपल राघव कुमार भास्कर कई महीनो से अधिकारियो के दफ्तर का चक्कर लगा रहेद्य कई बार सर अखबार के माध्यम से न्यूज भी निकलवा चुके हैद्य फिर भी अधिकारियो का नींद नहीं खुल रहा हैद्य कई बार अधिकारियो ने रोक आ आदेश दिए उसके बाद भी अतिक्रमण कर घर का नवनिर्माण किया जा रहा हैद्य इसके पहले चाहते ने निर्माण हो रहे घर के औजार को छीनकर फेक दिए थेद्य वही छात्रों ने महाराजगंज के थाना प्रभारी मुर्दाबाद के नारे भी लगाएद्य प्रिंसिपल राघव कुमार भास्कर ने कहा की हम लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी महाराजगंज में परिवाद दायर किए थेद्य लोक निवारण पदाधिकारी महाराजगंज द्वारा थाना अध्यक्ष व अंचल अधिकारी को नोटिस किए,की काम जल्दी से रुकवाया जाए उसके वावजूद भी लगातार काम जारी हैद्य प्रिसिपल राघव भास्कर ने बताया की थाना अध्यक्ष व अंचल अधिकारी की मिली भगत से कार्य करवाया जा रहा हैद्य लगातार महाराजगंज में जमीनी मामला को लेकर मारपीट यहां तक की हत्या हो जाती हैद्य अगर इस दौरान कुछ होता जाता है तो इसकी जवाबदेही किसकी होगीद्य मौके पर प्रिंसिपल राघव कुमार भास्कर, राजेश्वर कुमार सिंह, सुरेश प्रसाद, सुरेश यादव,पंकज कुमार,ममता कुमारी,उमेश कुमार मांझी आदि शिक्षक शिक्षिका के साथ छात्र मौजूद रहे।

## बारिश नहीं होने से जिले में धान की रोपनी हो रही प्रभावित



हरिओम राय (ब्यूरो चीफ अयोध्या टाइम्स कैमूर)। कैमूर जिले में बारिश नहीं होने से किसान चितित हैं। जुलाई महीने का प्रथम सप्ताह समाप्त होने को है, लेकिन कैमूर जिले में पर्याप्त बारिश नहीं होने से धान की रोपनी प्रभावित हो रही है। बारिश नहीं होने से जहां एक और गर्मी से लोग परेशान हैं। गर्मी के कारण कई तरह की बीमारियां हो रही हैं तो वहीं दूसरी ओर धान की रोपनी भी प्रभावित हो रही है। रोहिणी नक्षत्र में डाला गया धान का बिचड़ा रोपनी करने योग्य हो गया है लेकिन अभी खेतों में पानी नहीं है।
ताकि खेतों की जोताई हो सके। बारिश की आस में किसान आसमान को निहार रहे हैं। बारिश नहीं होने से किसानों को अब अकाल का भी चिता सताने लगी है। क्योंकि कई दिनों से आसमान में बादल तो बन रहे हैं लेकिन तेज हवाओं के कारण जिले में बारिश नहीं हो रही। जबकि इसके पिछले साल जुलाई महीना के प्रथम सप्ताह तक लगभग 60 प्रतिशत तक रोपनी का कार्य पूरा हो चुका था। लेकिन इस साल बारिश नहीं होने से अभी तक एक–दो प्रतिशत मात्र खेतों की रोपनी में हुई है। जो भी धान की रोपनी हुई है वह भी मोटर तथा पंपसेट के माध्यम से खेतों में पानी भर के रोपनी की गई है। अभी भी कई जगहों पर खेतों में धूल रहे हैं। नहरों से भी नहीं मिल रहा पर्याप्त मात्रा में पानी।

## मशरक के समस्तपुरा में धार्मिक आयोजन में बवाल और बकरीद पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक

हरि किशोर सिंह ब्यूरो चीफ अयोध्या टाइम्स मशरक (सारण)। मशरक थाना पुलिस ने बकरीद पर्व और समस्त पुरा गांव में धार्मिक आयोजन में युवकों के बवाल को लेकर प्रखंड क्षेत्र के सेमरी पंचायत के समस्त पुरा गांव के उत्क्रमित मध्य विद्यालय सेमरी कन्या में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक प्रखंड प्रमुख रवि प्रकाश सिंह मंटू, बीडीओ मो आसिफ, राजस्व अधिकारी श्वेता श्री, थानाध्यक्ष वही बैठक में निर्णय लिया गया कि बकरीद पर्व को शांतिपूर्वक एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाया जाएगा। कहा गया कि किसी भी प्रकार की गड़बड़ी की सूचना लोग तुरंत थानाध्यक्ष को देंगे। बैठक में मौजूद सदस्यों ने त्योहार को शांतिपूर्वक मनाने के लिए आवश्यक सुझाव थानाध्यक्ष के सामने रखे। थानाध्यक्ष ने भी उनकी बातों को सुनकर उस पर अमल करने का आश्वासन दिया।



राजेश कुमार, स्थानीय मुखिया प्रतिनिधि दिलीप सिंह,बीडीसी संजय सिंह , विकास चौरसिया, शशी भूषण सिंह समेत दर्जनों गणमान्य मौजूद रहे।
सभी ने एक स्वर में बवाल की निंदा की और कहां कि गाव के शांतिमय माहौल को यदि कोई भी बिगाड़ने की कोशिश करेगा उस सामाजिक और प्रशासनिक कारवाई की जाएगी मौके पर बीडीओ मो आसिफ ने बताया कि बकरीद का पर्व शांति और सद्भाव के साथ मनाएं। जिस तरह से बकरीद का पर्व शांतिपूर्ण तरीके से मनाते आ रहे है । उसी प्रकार शांति के साथ मनाकर मिसाल कायम करना है । कही यदि पर्व के दिन कोई प्रकार से हुड़दंग कर कोई गलत पोस्ट फैलाने का काम करेगा उसे बक्सा ।

## आगामी बकरीद पर्व के मद्देनजर जिलाधिकारी मुजफ्फरपुर प्रणव कुमार की अध्यक्षता में जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक समाहरणालय सभा कक्ष में की गई

(रवि कुमार भार्गव राज्य को आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार)
मुजफ्फरपुर। आगामी बकरीद पर्व के मद्देनजर जिलाधिकारी मुजफ्फरपुर प्रणव कुमार की अध्यक्षता में जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक समाहरणालय सभा कक्ष में की गई।बैठक में उप विकास आयुक्त आशुतोष द्विवेदी, अपर समाहर्ता राजेश कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी पूर्वी ज्ञान प्रकाश, डीपीआरओ कमल सिंह, जिला परिवहन पदाधिकारी, टाउन डीएसपी सहित अन्य वरीय पुलिस पदाधिकारी एवं थानाध्यक्ष उपस्थित थे। बैठक में शांति समिति के सदस्यों द्वारा बकरीद पर्व को सद्भावनापूर्ण और आपसी भाईचारे के साथ मनाने को लेकर बारी–बारी सेअपने विचारों एवं सुझावों को रखा गया।इस क्रम में उनके द्वारा आपसी भाईचारे का पैगाम देते हुए अफवाहों से बचने की भी अपील की गई। वहीं जिलाधिकारी मुजफ्फरपुर के द्वारा शांति समिति के सदस्यों एवं जिले वासियों को बकरीद की शुभकामनाएं दी गई एवं गंगा–जमुनी तहजीब, शांति ,सौहार्द, भाईचारा एवं अमन को बनाए रखने का अपील भी किया गया।
जिलाधिकारी प्रणव कुमार ने उपस्थित सदस्यों को संबोधित करते हुए कहा कि मुजफ्फरपुर शहर की एक समृद्ध सांस्कृतिक परंपरा रही है। यहां की गंगा जमुना तहजीब औरों के लिए एक नजीर है। उन्होंने स्पष्ट कहा कि आपसी भाईचारा एवं सद्भावना में सेंधमारी करने वाले असामाजिक तत्व बख्शे नही जाएंगे। उन्होंने कहा कि बकरीद पर्व के मद्देनजर सभी आवश्यक तैयारियां मुकम्मल कर ली गई है। हर स्तर पर जिला प्रशासन अलर्ट है। जिलाधिकारी ने नगर निगम सहित विभिन्न विभागों को पर्व के मौके पर शहर में सफाई व्यवस्था पेयजल की व्यवस्था और विद्युत की निर्बाध आपूर्ति करने हेतु संबंधित विभागों के पदाधिकारियों को निर्देशित किया। कहा कि पर्व के मौके पर विधि व्यवस्था संधारण हेतु जिला प्रशासन के साथ पुलिस प्रशासन पूरी मुस्तैदी के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करेगा। उन्होंने कहा कि संप्रदायिक सौहार्द को बनाए रखने के लिए किसी भी तरह की अफवाहों और असमाजिक तत्वों के बारे में स्थानीय थाना को सूचना



दी जा सकती है ताकि उनके विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जा सके। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया पर भी पैनी निगाह रखी जा रही है। सोशल मीडिया का बेजा इस्तेमाल करने वाले असामाजिक तत्वों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने शांति समिति के सदस्यों से अपील की कि हर वर्ष की भांति आप सभी का सहयोग अपेक्षित है। उन्होंने गुजारिश किया कि सभी सदस्य अपने– अपने क्षेत्रों में भ्रमणशील रहेंगे। इसके पूर्व शांति समिति के सदस्यों के द्वारा बारी बारी से अपनी बात रखी गई ।उनके द्वारा मुख्य रूप से सोशल मीडिया पर विशेष नजर रखने, माहौल को खराब करने वाले तत्व को चिन्हित करते हुए करवाई करने, असामाजिक तत्वों पर नकेल कसने ,आदि से संबंधित बात कही गई ।सदस्यो ने पर्व के मौके पर शहर में साफ सफाई ,बिजली की उपलब्धता, पेयजल की उपलब्धता की ओर ध्यान आकृष्ट कराया। जिलाधिकारी ने कहा कि संबंधित विभागों को निर्देशित कर दिया गया है। पर्व के अवसर पर नगर निगम सहित सभी महत्वपूर्ण विभाग अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी गंभीरता से करेंगे। बैठक में रेयाज अंसारी,केपी पप्पू,बसीर उल हक रिजवी, शीतल गुप्ता, पाले खान, मुख्तार दानिश ,मोतीलाल छाबड़िया, आनंद कुमार सोनू ,श्री परवेज अख्तर उर्फ चांद ,श्री जजिम मुजफ्फर कारवां ,केदारनाथ प्रसाद, उदय शंकर सिंह ,श्री विनय पाठक इत्यादि उपस्थित थे ।

## बगहा के मेहुड़ा पंचायत में लोगों के बीच डस्टबिन बांटा गया



पंचानन सिंह अयोध्या टाइम्स।
बगहा अनुमंडल अंतर्गत बगहा एक प्रखंड के मेहुडा पंचायत में गुरुवार को लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान एवं स्वच्छ भारत मिशन फेज 2 के तहत ओडीएफ प्लस कार्यक्रम का शुभारंभ पंचायत के मुखिया विनोद कुमार व प्रखंड समन्वयक प्रभात रंजन ने संयुक्त रूप से फीता काट कर कार्यक्रम की शुभारंभ की। पंचायत के सभी वार्डों के लिए कचरा उठाव के लिए मिले ठेला एवं ई–रिक्शा को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। पंचायत के मुखिया विनोद कुमार ने सरकार की इस अति महत्वकांक्षी योजना को धरातल पर सही ढंग से प्रयोग कर पंचायत को स्वच्छ व सुंदर बनाने की बात कही। कहा कि पंचायत को स्वच्छ व सुंदर बनाने को लेकर लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान फेज 2 की सरकार ने शुरुआत की है। इसके लिए सरकार कृतसंकल्पित है।जिसके लिए पंचायत के 12 वार्डों में योजना को धरातल पर उतारने के लिए प्रत्येक वार्ड में एक–एक स्वच्छता कर्मी को नियुक्त किया गया है।
जो स्वच्छता कर्मी प्रतिदिन अपने अपने वार्ड में ठेला लेकर घूमेंगे और अपने वार्ड के सभी घरों से सूखा कचड़ा, गिला कचड़ा सहित अन्य सामग्री का उठाव करेंगे। प्रखंड समन्वयक ने बताया कि लोहिया स्वच्छ अभियान बिहार स्वच्छ भारत मिशन के तहत फेज एक में ओडीएफ का कार्य पूरा होने के बाद सरकार द्वारा स्वच्छता फेज 2 ओडीएफ प्लस कार्यक्रम चलाया जा रहा है। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए वार्डों में स्वच्छता कर्मी की बहाली की गई है। स्वच्छता पर्यवेक्षक की नियुक्त किया गया है। साथ ही तरल व अपशिष्ठ पदार्थो को एक जगह इकठ्ठा करने के लिए ई–रिक्शा भी लगाया गया है।जो वार्डो से तरल व वशिष्ठ पदार्थ को इकट्ठा कर पंचायत के चिन्हित जगह पर एकत्र करेंगे। ठोस एवं तरल अपशिष्ट पदार्थों रखने के लिए प्रत्येक घर में दो दो डस्टबिन भी दिए जा रहे हैं, जो हरा और पीला रंग का होगा। इस अवसर पर पंचायत के उप मुखिया प्रतिनिधि सलाउद्दीन अंसारी, वार्ड सदस्य रुपेश कुमार, दीपू सोनी,नागेन्द्र सिंह, मंजय कुमार निराला, वृजकिशोर सिंह, चंदन कुमार, उपेन्द्र साह,रमेंश राम, शिवनाथ चौधरी, उपेंद्र कुमार, प्रदीप कुमार, मोहन मुसहर,पलटन राय, समाजसेवी सुनील दत्त पांडेय, गौरीशंकर सिंह समेत दर्जनों की संख्या में लोग शामिल रहे।

## बाल श्रम और बाल विवाह मुक्तसमाज बनाने के लिए आज राजकीय मध्य विद्यालय शीतलपुर के बच्चों ने लिया संकल्प

धीरज कुमार राम अनुमंडलीय संवाददाता अयोध्या टाइम्स चकिया,पूर्वी चम्पारण।
चकिया। बाल श्रम और बाल विवाह मुक्त समाज बनाने के लिए आज राजकीय मध्य विद्यालय शीतलपुर के बच्चों ने लिया संकल्प। समाज कल्याण विभाग, महिला एवं बाल विकास निगम, यूनिसेफ के सहयोग से सेव द चिल्ड्रेन द्वारा संचालित उड़ान प्रोजेक्ट के तहत आज शीतलपुर मध्य विद्यालय में बाल संसद और मीना मंच की बैठक की गई। इस बैठक में प्रेम प्रसंग में हो रहे पलायन को रोकने के लिए विद्यालय के बच्चों को जिम्मेदारी दी गई कि समाज मे खासकर किशोर किशोरियों को इसके दुष्परिणाम के प्रति सचेत करे। इस अवसर पर उड़ान प्रोजेक्ट के जिला समन्वयक हामिद रजा ने कहा कि थोड़ी देर की खुशी के लिए बच्चे भटक जाते हैं, और प्रेम प्रसंग में पलायन कर जाते हैं, उसका बहुत बड़ा दुष्परिणाम समाज में देखने को मिलता है। इसका सबसे ज्यादा खामियाजा लड़के को झेलना पड़ता है , करीब 10 वर्षों तक जेल में रहने को विवश होना पड़ सकता है। इस को लेकर जागरूकता की बात की गई। उन्होंने ने विद्यालय से वंचित बच्चों और खासकर छिजित बच्चे को विद्यालय से जोड़ने के लिए बच्चों से आह्वान किया। इस अवसर पर उड़ान प्रोजेक्ट के प्रखंड समन्वयक कृष्णा कुमार ने बच्चों के अधिकार और उसका संरक्षण के बारे में बताया। साथ ही बाल कल्याण समिति, बाल गृह, बालिका गृह सहित किशोर न्याय परिषद के कामों के बारे में बताया। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक सतीश कुमार साथ ही ने बच्चों को बाल विवाह बाल श्रम से मुक्ति के लिए जो संकल्प दिलाया गए हैं उसको दोहराते हुए कहा कि सभी बच्चों को स्कूल में लाना हम लोगों की पहली प्राथमिकता होनी चाहिए। विद्यालय प्रबंधन की ओर से कल्याणपुर और चकिया प्रखंड में बाल संरक्षण पर काम कर रहे



उड़ान प्रोजेक्ट, यूनिसेफ सेव द चिल्ड्रेन के प्रखंड समन्वयक कृष्ण कुमार को प्रखंड लोकप्रिय शिक्षक सतीश कुमार साथी दवाई मेडल देकर सम्मानित किया गया।

## जिला पदाधिकारी मनेश कुमार मीणा एवं पुलिस अधीक्षक हर किशोर राय की संयुक्त अध्यक्षता में नगर थाना सीतामढ़ी में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई



(रवि कुमार भार्गव राज्य को आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार)
पूर्वीचम्पारण। आगामी पर्व बकरीद एवं श्रावणी मेला के अवसर पर विधि व्यवस्था संधारण हेतु जिला पदाधिकारी मनेश कुमार मीणा एवं पुलिस अधीक्षक हर किशोर राय की संयुक्त अध्यक्षता में नगर थाना सीतामढ़ी में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जनप्रतिनिधियों, दोनों संप्रदाय के गणमान्य एवं बुद्धिजीवी लोगों द्वारा सीतामढ़ी शहर के मुख्य सड़क के जाम की समस्या से अवगत कराया गया, सड़क की जर्जर स्थिति को म्यूटरेबल करने की बात की गई,आगामी दोनों पर्व को देखते हुए शराब माफियाओं पर नकेल कसने एवं उन्हें चिन्हित कर गिरफ्तारी करने की मांग की गई, शहर में बिजली की समस्या को लेकर चर्चा की गई। शहर में जल जमाव को लेकर सभी वार्डों में नालों की सफाई की जाए इसको लेकर मांग की गई। सीतामढ़ी शहर स्थित सभी सीसीटीवी कैमरे को दुरुस्त किया जाए साथ ही सभी स्ट्रीट लाइटों को ठीक किया जाए एवं मंदिरों के ऊपर से बिजली के अवैध तारों को हटाया जाए। आगामी पर्व को देखते हुए सभी मुख्य चौक चौराहों पर महिलाओं की सुरक्षा को देखते हुए महिला कांस्टेबल की प्रतिनियुक्ति के साथ उन सभी शिवालयों एवं भीड़–भाड़ वाले स्थानों पर भी महिला कांस्टेबल की प्रतिनियुक्ति की जाए। बरियारपुर एन एच 77 पर बकरीद के दिन ईदगाह के पास दोनों तरफ सड़क किनारे मेला को लेकर सड़क पर विशेष पुलिस बल के साथ ट्रैफिक की व्यवस्था की जाए।
साथ ही नगर निगम क्षेत्रों में कचरा निष्पादन की व्यवस्था की जाए। शहर के चारों तरफ बने रिंग बांध को मोट्रिब्यूल किया जाए ताकि जाम की समस्या से निजात पाया जा सके । जिस पर जिला पदाधिकारी द्वारा सभी समस्याओं को सबंधित पदाधिकारी को निदेश दिया गया कि त्वरित कार्रवाई कर निष्पादन करना सुनिश्चित करें। उन्होंने नगर आयुक्त को निर्देश दिया गया कि नगर में अभियान चलाकर साफ–सफाई करना सुनिश्चित करें। आगामी पर्व को देखते हुए शहर स्थित सभी सीसीटीवी कैमरे को जल्द से जल्द ठीक कराया जाए । शहर के चारो तरफ बने रिंग बांध को मोटरेबल किया जाए। शहर की मुख्य सड़क मे बने गड्ढों को भराया जाए जिससे जाम और दुर्घटना न हो सके। स्ट्रीट लाइट जो नहीं कार्य कर रहे है उनकी मरम्मती अवश्य हो। उन्होंने ने अपील किया की पर्व के दौरान किन्ही के द्वारा ऐसा कोई कार्य न किया जाए जिससे सामाजिक सौहार्द बिगड़े या किसी को समस्या हो। ऐसे करने वाले व्यक्ति चिन्हित किये जाएंगे तथा उन पर कार्यवाही भी की जाएगी। आम जनता प्रसाशन की आँख कान होती है। कहीं किसी प्रकार के किसी घटना की सुचना मिले तो तुरंत हमें सूचित करें। अफवाहो से दूर रहें तथा किसी प्रकार की सुचना मिले तो हमें बताए ताकि सम्बंधित व्यक्ति पर तुरंत कार्यवाई की जा सके। सीसीटीवी कैमरे व सोशल मीडिया पर प्रशासन नजर रखेगी। भ्रम फैलाने वाले बख्शे नहीं जाएंगे। समाज के लोगो का दाईत्व है की युवाओं को सही गाइड करें व भ्रम से दूर रहने की नसीहत दें। वहीं, पुलिस अधीक्षक हर किशोर राय ने कहा की जिले के सभी थानो मे शांति समिति की बैठक की जा चुकी है। इसको लेकर कल पुलिस पदाधिकारीयों के साथ बैठक भी की गई तथा कई निर्देश भी दिए गए है। आगामी त्यौहार को लेकर सभी थानो को आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए गए है। शहर एवं ग्रामीण क्षेत्रो मे मोटरसाईकिल गस्ती कर उपद्रवियों पर विशेष नजर रखी जाएगी। सभी संवेन्दशील स्थानों पर विशेष पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति की जाएगी। शहर के वीभिन्न स्थानों पर पुलिस की प्रतिनियुक्ति की जाएगी। सोशल मीडिया पर विशेष नजर रखी जाएगी। अफवाह फैलाने वाले तथा भ्रामक खबर फैलाने वालो पर नजर रखते हुए क्विक रिस्पॉन्स टीम के द्वारा त्वरित कार्यवाई की जाएगी। बैठक के अंत मे सभी जनप्रतिनिधि, समाजसेवी एवं बुद्धिजीवीयों के द्वारा आगामी पर्व त्योहार को शांति एवं सौहार्दपूर्ण मानाने को लेकर सर्व सम्मति से निर्णय लिया गया। उक्त बैठक मे अनुमंडल पदाधिकारी सदर राकेश कुमार, नगर आयुक्त मुमुक्षु चौधरी, ओएसडी प्रशांत कुमार, सर्किल इंस्पेक्टर देवेंद्र प्रसाद सिंह, नगर थानाध्यक्ष राकेश कुमार, डुमरा थानाध्यक्ष जन्मेजय राय, पुनौरा थाना प्रभारी मो. इम्तियाज खान। शफीक खान, किरण गुप्ता, दीपक मास्करा, मनोज कुमार, अंजरुल हक तौहीर, आफताब अंजुम बिहारी, सुजीत कुमार सिंह, विशाल कुमार, अभिशेक पिंटू, पप्पू कुमार, अमित सहाय सहित दर्जनों लोग मौजूद थे।

# संक्षिप्त समाचार

### फिनो बैंक के सीएसपी संचालक से बाइक सवार बदमाशों ने गुरुवार की देर रात पिस्तौल के बल पर लूटने का प्रयास

दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो चीफ समस्तीपुर– निरंजन जायसवाल
समस्तीपुर/सरायरंजन। समस्तीपुर जिले के सरायरंजन थाना क्षेत्र अंतर्गत सरायरंजन बाजार स्थित फिनो बैंक के सीएसपी संचालक से



बाइक सवार बदमाशों ने गुरुवार की देर शाम पिस्तौल के बल पर लूटने का प्रयास किया। लेकिन सीएसपी संचालक की सजगता से लूट का प्रयास विफल हो गया। घटना के विफल होने के बाद बाइक सवार बदमाश हवाई फायरिंग करते हुए भाग निकला। इसपर सीएसपी संचालक दीनदयाल साह ने बताया कि अन्य दिनों की भांति वह अपने सीएसपी के मुख्य द्वार को बंद कर पैसे का मिलान कर रहे थे। इस बीच बाइक सवार तीन बदमाशों ने पिस्तौल के बल पर उनके रुपए लूटने का प्रयास किया। मुख्य द्वार के बंद रहने के कारण लूट का प्रयास विफल हो गया। वहीं उनके द्वारा शोर मचाने पर ग्रामीणों को जुटता देख सभी बदमाश हवाई फायरिंग करते हुए उत्तर दिशा में सरैयापुल की ओर भाग निकले। बता दें कि लूट की घटना को अंजाम देने एक बाइक पर तीन बदमाश सवार होकर आए थे। भागने के क्रम में एक बदमाश का पिस्तौल समेत मैगजीन भी गिर गया। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने बदमाशों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी में जुट गई है।

## घर में शौचालय किस दिशा में बनवाना चाहिए

–डॉ. महेन्द्रकुमार जैन 'मनुज', इन्दौर

वास्तु शास्त्र का बहुत महत्व है। वास्तु अर्थात् जमीन पर कोई भी निर्मिति–निर्माण। आज कोई कोई व्यक्ति यह भी कहते पाये जाते हैं कि वास्तु पहले नहीं था, तो क्या लोग ठीक से रहते नहीं थे? वास्तु पुरातन समय से विद्यमान है और जो मंदिर, किला, मकान बनवाये जाते थे वे सब वास्तुशास्त्र के अनुसार ही बनवाये जाते थे, भले ही उसका नाम कुछ भी रहा हो। वास्तु पूर्ण वैज्ञानिक है व कई तरह से परखा जा चुका है। वास्तुशास्त्र हमें बताता है कि किस दिशा में क्या होना चाहिए, कैसी साज सज्जा होनी चाहिए। इस आलेख में हम वास्तु के अनुसार शौचालय ६ बाथरूम पर बात करेंगे।
गांवों आदि में तो शौचालय का स्थान घर से अलग होता था। महानगरों में ऐसी व्यवस्था संभव नहीं है। शौचालय गृहवास्तु का अनिवार्य अंग है। घर–मकान में शौचालय का सही स्थान दक्षिण–पश्चिम दिशा अर्थात् नैऋत्य कोण है। घर की इस दिशा में शौचालय होना सबसे अच्छा है। बशर्ते कि सीवर की सम्मत व्यवस्था हो।
किसी भी सूरत में दक्षिण–पश्चिम दिशा में गड्ढा नहीं खुदवाना चाहिए। अगर गड्ढा खुदवाना हो तो दक्षिण–पश्चिम और पश्चिम के बीच का हिस्सा इस्तेमाल करना चाहिए। अर्थात् पश्चिम में थोड़ा नैऋत्य की ओर या पश्चिम दिशा में गड्ढा हो। दक्षिण–पश्चिम दिशा में गड्ढा करने से घर की माता के जीवन का संकट उत्पन्न हो जाता है। घर के निवासियों के शरीर में पोषक तत्त्वों की कमी हो जाती है। पेट आगे को निकाल आता है। जाड़े की ऋतु शुरू होते ही अचानक बीमारियां घेर लेतीं हैं। रोज दोपहर 1 बजे से 3 बजे के बीच मन में पाप–पूर्ण विचार आते हैं और मनुष्य की चेष्ठाएं भी वैसे ही हो जाती हैं।
अगर किसी कारण से दक्षिण–पश्चिम दिशा में शौचालय के लिये गड्ढा बनाना ही पड़े तो उस दिशा में पीला रंग करवाना चाहिए। हाथी के पैर के नीचे की मिट्टी लाकर डालनी चाहिए और पृथ्वी के नीचे जितना गहरा गड्ढ़ा हो उससे ज्यादा ऊंची टंकी शौचालय की छत पर लगवानी चाहिए।
दक्षिण और पश्चिम दिशा में कहीं भी शौचालय का निर्माण करवाया जा सकता है। किन्तु इतना ध्यान रखना चाहिए कि जब दक्षिण में बनवायें तो पूर्व की ओर ज्यादा ने ले जायें और यदि पश्चिम में बनवायें तो उत्तर की ओर को अधिक न ले जायें। मजबूरी में घर के अन्य स्थानों में शौचालय का निर्माण हो सकता है किन्तु दो दिशाएं सर्वथा निसिद्ध हैं। एक है ईशान कोण और दूसरा ब्रह्मस्थान। ईशान कोण अर्थात् उत्तर–पूर्व दिशा का कौना। ईश अर्थात् भगवान्। ईशान दिशा पूजाघर की है। उसमें शौचालय सर्वथा निषिद्ध है। इस दिशा में शौचालय बनवाया जाता है तो घर में क्लेश रहता है। आपके कारखाने या फिर आपके कार्यक्षेत्र के लोग आपस में लड़ने लग जाते हैं। कारखाने के स्वामी के चरित्र पर भी प्रभाव पड़ता है। ऐसी स्थिति में व्यक्ति डिप्रेशन का शिकार होने लगता है। धनागम व समृद्धि रुकती है। ईशान कोण में स्नानगृह हो भी सकता है किन्तु शौचालय नहीं होना चाहिए।
यदि ईशान में शौचालय बन गया है तो क्या करें?
यदि ईशान कोण में शौचालय बन गया है तो उसे तुरंत हटाने का प्रयास करें। यदि इण्डियन सीट है तो उसमें बालूरेत आदि भरकर उसे फर्सी या टाइल्स से ढक कर बंद करवा दें और दूसरे स्थान पर शौचालय बनवायें। यदि तत्काल ऐसा संभव न हो तो उस कौने से सीट हटवाकर थोड़ी दूरी पर लगवा दें या कोने में बाथरूम और बाथरूम की जगह सीट लगवा दें। बाद में छः–आठ माह उपरान्त उसे अन्यत्र बनवाना चाहिए। नये मकान या फ्लैट में तो इस बात का अवश्य ध्यान रखना चाहिए कि भूल से भी शौचालय ईशान दिशा में न बन जाये।
ब्रह्म स्थान में शौचालय के दोष–
मकान के ठीक बीच का स्थान ब्रह्म स्थान कहलाता है। यानी चारों दिशाओं से नाप कर लाने से जो मध्य बिन्दु बने वह ब्रह्म स्थान है। ईशान दिशा की तरह ब्रह्म स्थान भी महत्वपूर्ण होता है। इस स्थान पर भी शौचालय बर्जित है। ब्रह्म स्थान में मकाल का पिलर भी नहीं आना चाहिए। नौ पिलर का मकान बनाने पर एक पिलर ब्रह्म स्थान में आता है। आर्किटेक्ट से कहकर वह पिलर ब्रह्म स्थान में नहीं आने देना चाहिए। किसी भी भवन के ब्रह्म स्थल में बना सेप्टिक टेंक या केन्द्र में बनी सीढ़ियों के नीचे शौचालय बनाना पारिवारिक उन्नति में बाधक होता है एवं घर की महिलाएं विशेषतः बहन, बुआ तथा बेटी के जीवन में समस्याएं उत्पन्न हो सकती हैं।
कुछ अन्य आवश्यक जानकारियाँ–

- सीढ़ी के नीचे शौचालय निषिद्ध है। सीढ़ी के नीचे सिर्फ स्टोर रूम बना सकते हैं। शौचालय या बाथरूम नहीं बना सकते हैं।
- शौचालय कभी भी घर के मुख्य द्वार के सामने नहीं बनवाएं। ऐसा करने से घर में नकारात्मक ऊर्जा आती है। यह हानिकारक होता है।
- जहां तक संभव हो तो शौचालय और स्नानगृह साथ में न बनवाएं। स्नानगृह का स्थान पूर्व दिशा है। पूर्व की ओर स्नानगृह होना चाहिए।
- रसोई के ठीक सामने शौचालय न हो।
- पश्चिम या दक्षिण दिशा में टायलेट सीट रखना चाहिए।
- टॉयलेट सीट का उपयोग करते समय मुख दक्षिण या पश्चिम की तरफ होना चाहिए।
- टॉयलेट सीट का उपयोग करते समय मुख पूर्व की तरफ रहने से कानूनी मुसीबतों का सामना करना पड़ सकता है।
- यदि अटैच्ड बाथरूम है तो ऐसे शौचालय की दीवारों का रंग सफेद, हल्का नीला, हल्का पीला, आसमानी, भूरा रंग, क्रीम रंग या मिट्टी के रंग से मिलता जुलता कोई रंग होना चाहिए।
- ऐसी व्यवस्था में वाशिंग मशीन बाथरूम एरिया के दक्षिण या आग्नेय कोण में रखने की व्यवस्था करना चाहिए।
- यदि वाथरूम की दीवार और आपके पलंग की दीवार एक है तो आपको डरावने सपने आ सकते हैं।
- प्रयास करना चाहिए कि बाथरूम का वाशबेसिन और नहाने की जगह बाथरूम के पूर्व, उत्तर या उत्तर पूर्व में हो।
- बाथरूम में अगर वायु का सीधा निकास या आगमन नहीं हो तो उसमें एक्जॉस्ट फैन लगवाना चाहिए।
- बाथरूम का इंटीरियर करवाते समय इस बात का ध्यान रखें कि बाथरूम की टाइल्स काली या गहरे नीले रंग की न हो।
- सीढ़ियों के नीचे बाथरूम न बनवाएं। विशेष रूप से शौचालय नहीं होना चाहिए।
- शौचालय के पानी का बहाव उत्तर पूर्व दिशा में होना चाहिए।
- यदि बाथरूम में गीजर लगवा रहे हैं तो वह बाथरूम एरिया के अग्निकोण में लगवाने का प्रयास करें।
- यह ध्यान रखें कि जब आप सोयें तो आपके मुख की तरफ शौचालय न हो।
- बाथरूम में शीशा उत्तर या पूर्व की दीवार में लगवना चाहिए।

## जैतपुर थाने में तैनात दरोगा की दबंगई पुलिसकर्मी पुत्र और पिता को जमकर पीटा दी धमकी

- पीड़ित ने एसएसपी आगरा सहित पुलिस के उच्चाधिकारियों को प्रार्थना पत्र भेजकर लगाई न्याय की गुहार

बाह। जैतपुर कस्बा में एक परिवार में जमीनी मामले की शिकायत पर थाने में तैनात दबंग दरोगा ने पुलिसकर्मी युवक और उसके वृद्ध पिता के साथ बेरहमी से मारपीट कर धमकी दी गई। पीड़ित पुलिसकर्मी ने एसएसपी आगरा सहित पुलिस के उच्चाधिकारियों को प्रार्थना पत्र भेजकर जांच कर कार्रवाई एवं न्याय की गुहार लगाई है।

जानकारी के अनुसार आत्म प्रकाश शर्मा पुत्र राम प्रकाश शर्मा निवासी कस्बा जैतपुर वर्तमान में मध्य प्रदेश सशस्त्र पुलिस 14 बीएन में कॉन्स्टेबल पद पर ग्वालियर में तैनात है। पुलिसकर्मी युवक ने एसएसपी आगरा सहित पुलिस के उच्चाधिकारियों को शिकायती प्रार्थना पत्र भेज कर आरोप लगाया है कि उसकी तबीयत खराब होने पर वह छुट्टी पर फिलहाल वर्तमान में अपने घर पर जैतपुर में था। उसके पिता के सौतेले भाई चाचा मुन्नालाल निवासी हाल निवासी दिल्ली जमीनी विवाद को लेकर घर पहुंचा और परिवार के साथ गाली गलौज की साथ ही थाने में तैनात दरोगा सौरभ सिंह मिलकर रुपए देकर सांठगांठ कर परिवार के खिलाफ झूठी शिकायत कर दी। जिस पर पुलिस उसके बुजुर्ग पिता राम प्रकाश शर्मा उम्र 79 वर्ष को पकड़कर थाने ले गई। जिसकी सूचना पर वह थाने पहुंचा। तो मैंने वहां जानकारी की जिस पर दबंग दरोगा सौरभ सिंह ने उसके साथ सवाल जवाब खड़े कर दिए। साथ ही अपराधियों की तरह बर्ताव करते किया। वहां मौजूद उसकी पत्नी को अभद्र व्यवहार कर भगा दिया गया। पीड़ित पुलिसकर्मी के सामने दबंग दरोगा ने बुजुर्ग पिता से गाली गलौज करते हुए मारपीट की जिसका पुलिसकर्मी युवक ने विरोध किया तो दरोगा ने जमकर लात धूसों से जमकर मारपीट की गई। जिससे बुजुर्ग पिता और युवक चोटिल हो गया। दरोगा से पुलिसकर्मी ने लाख गुहार लगाई कि वह बीमार है और उसके बुजुर्ग पिता को मत पीटिए मगर वह नहीं माना। अपराधियों की तरह गोली मारकर नौकरी से बर्खास्त कराने की डरा धमका कर धमकी देते रहे। पूरा परिवार दरोगा के सामने एक गिड़गिड़ाता रहा आता रहा। पुलिसकर्मी होने के बावजूद भी जानकारी होने पर उत्पीड़न किया गया और कोई बात को नहीं सुना गया। वही दरोगा की पिटाई से बुजुर्ग पिता का दांत टूट गया चेहरे और हाथों में भी चोट आ गई। थानाध्यक्ष ने शिकायत करने पर उन्होंने एक बुजुर्ग पिता और चाचा का शांति भंग में चालान कर दिया। वहीं थानाध्यक्ष द्वारा इस पूरे मामले को रफा–दफा करने के लिए पीड़ित पुलिसकर्मी से कहा गया। पीड़ित ने उच्च अधिकारियों को भेजे शिकायती पत्र में अपने आप को तनावग्रस्त और डर सा महसूस होने की बात कहते हुए इस पूरे मामले की जांच कर कार्यवाही की गुहार लगाई है।

## पच्चीस दिवसीय ग्रीष्म कालीन शिविर का समापन सरस्वती शिशु मंदिर पर किया

दै, अयोध्या टाइम्स ब्यूरो

आगरा। कल्याणम फॉउनडेशन द्वारा पच्चीस दिवसीय ग्रीष्म कालीन शिविर का समापन समारोह सरस्वती शिशु मंदिर तहसील रोड आगरा पर किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि श्री मति मोनिका सिंह अध्य्स्क बाल कल्याण सीमिति आगरा व संरक्षिका रजनी भार्गव जी ने माँ सरस्वती के समक्ष माल्या अर्पण कर किया।



अध्य्श्क प्रतिमा भार्गव ने सभी का स्वागत करते हुए कहा की बच्चों की छुट्टियों में समय का सदुपयोग होना बहुत जरूरी हे।

सचिव अलका जी ने बताया की शिविर में साठ बच्चों ने भाग लिया जिसमें मेहंदी , कला, डांस , फायर लेस कुकिंग का प्रशिक्षण दिया गया

मुख्य अतिथि मोनिका सिंह जी ने अपने उदबोधन में कहा की संस्था द्वारा बच्चों को अपनी प्रतिभा निखारने के लिए एक मंच मिल रहा हे ये अपने आप में एक महत्वपूर्ण कार्य हे सभी बच्चों ने अपनी नजातपेज कला का प्रदर्शन किया हे। कार्यक्रम में रीता बोस , अंशु , संगीता , सीमा , दुर्गेश ,सिम्मी .राधा , मनीषा , शिल्पी , गायत्री , करिश्मा वर्षा, साधना उपस्थित रही कार्यक्रम में सभी बच्चों को प्रमाण पत्र ओर उपहार दिए गए

## फूलों में सज रहे है श्री वृन्दावन बिहारी, माता मंदिर तिकोनिया पार्क शास्त्रीपुरम में

दै, अयोध्या टाइम्स ब्यूरो आगरा

आगरा। श्रीमद्भागवत कथा के दूसरे दिन गुरुवार को कथा पंडाल में बैठे भक्तजन भाव विभोर हो गए वृन्दावन से पधारी कथा वाचिक पं. गरिमा किशोरी जी ने भक्तो को सत्य की महिमा का वर्णन किया ।



सत्य न दूसर धर्म समाना आदि सुंदर चौपाई का वर्णन किया ।किशोरी जी ने सत्य के मार्ग पर चलने का संदेश दिया ।तदुपरांत प री क्षि त जन्म ,शुकदेव जन्म कथा , भगवान के 24 अवतारों की कथा का वर्णन, श्रष्टि वर्णन, कपिल ज्ञा नु प दे श , अनुसुइया चरित्र के सुंदर प्रसंगों का वर्णन किया गया।

व्यासपीठ से गरिमा किशोरी जी ने सुंदर सुंदर भजन इतना तो करना स्वामी , फूलों में सज रहे है वृन्दावन बिहारी , आदि। इस शुभ मौके पर परीक्षित आशा देवी , आशा खंडेलवाल, कमला यादव, बेबी रानी मिश्रा, अनिल अग्रवाल , आदित्य दीक्षित आदि लोग उपस्थित रहे।

## घाटमपुर चिकित्सालय में किया गया आशा बहू तथा आशा संगिनी की बैठक का आयोजन

कानपुर ।आज दिनांक 7 जुलाई 2022 ।घाटमपुर चिकित्सालय में किया गया आशा। बहू तथा आशा संगिनी की बैठक का आयोजन । बैठक का शुभारंभ सर्वप्रथम घाटमपुर अस्पताल के बी पी एम अनिल कुमार शर्मा जी ने सभी उपस्थित आशा बहू तथा आशा संगिनी का स्वागत करते हुए किया ।आयोजित कार्यक्रम में सुभाष चिल्ड्रन सोसाइटी के तत्वाधान में चल रहा कार्यक्रम साझा प्रयास नेटवर्क की परियोजना अधिकारी मंजू लता दुबे द्वारा सुरक्षित गर्भ समापन की जानकारी दी गई। उपस्थित आशा बहुओं को गर्भनिरोधक साधनों की जानकारी दी गई। एमटीपी एक्ट संशोधन 2021 की भी जानकारी दी गयी ।बीपीएम अनिल शर्मा जी द्वारा तथा बीसीपीएम सीमा सिंह जी द्वारा 1 जुलाई से 31 जुलाई से चलने वाले। संचारी तथा दस्तक की जानकारी दी यूनिसेफ की रुकसाना जी द्वारा भी चल रहे कार्यक्रम की जानकारी दी गई। कार्यक्रम के अंत में। साझा प्रयास की परियोजना अधिकारी मंजू लता दुबे जी द्वारा बताया गया। साझा प्रयास नेटवर्क विगत 4 वर्षों से सुरक्षित गर्भ समापन पर जानकारी दे रहा है। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य मातृ मृत्यु दर को कम करना है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से। स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी सुनील कुमार ,बीसीपीएम सीमा सिंह ,बीपीएम अनिल शर्मा , यूनिसेफ से बीएमसी रुकसाना, सफल शुरुआत से दीपक। तथा साझा प्रयास नेटवर्क से मंजू लता दुबे सहित आशा बहुएं मौजूद रही।



